संपादकीय

कर्करोग, मधुमेह आणि 'दिलासा'

वेगाने वाढणारी 'बाजारपेठ' म्हणून जगभराच्या व्यापाराच्या केंद्रस्थानी आलेला भारत सर्वाधिक तरुण लोकसंख्येकडून मध्यमवयाकडे झुकायला लागलेला असताना देशाच्या आरोग्यचित्राची परिस्थिती चिंताजनक होऊ लागली आहे. नागरिकांचे वाढते स्थूलत्व, आहारात वाढलेला निकस अन्नाचा वापर आणि सतत स्क्रीनला चिकटून बसण्याचे नवे व्यसन हे देशाच्या आर्थिक उत्पादनक्षमतेवर परिणाम करण्याच्या पातळीवर पोहोचले असल्याचा उल्लेख यावर्षीच्या आर्थिक सर्वेक्षण अहवालात करण्यात आला होता. एकुणातच नागरिकांचे आरोग्य हे केवळ आरोग्यसेवा उपलब्ध करण्यापुरते मर्यादित नसून देशाच्या धोरणात्मक नियोजनाशी आरोग्याचा निकटचा संबंध असतो, हे काही नव्याने गवसावे असे सत्य नव्हे; पण केंद्र सरकारच्या धोरणनिश्चितीत त्याचा उल्लेख वारंवार होऊ लागला आहे, हे चित्र दिलासादायक म्हणावे असेच! भारताच्या अवाढव्य लोकसंख्येला सध्या दोन महत्त्वाच्या व्याधींचा सामना करावा लागतो आहे : कर्करोग आणि मधुमेह. संपूर्ण जगभराचे आरोग्यचित्र या दोन व्याधींनी ग्रासलेले असले, तरी लोकसंख्येच्या आकारामुळे भारतावर या व्याधिग्रस्ततेचा होणारा परिणाम अधिक व्यापक असणार, हे उघड आहे. या चिंताक्रांत वर्तमानाशी मुकाबला करण्यासाठी सरकारी स्तरावर पावले उचलली जाताना दिसतात, हे सुचिन्ह म्हणायला हवे. अलीकडे वस्तू व सेवा कर (जीएसटी) दरामध्ये करण्यात आलेले बदल कर्करोगाच्या रुग्णांसाठी महत्त्वाचा दिलासा देणारे आहेत. संपूर्ण कुटुंबाच्या मानसिक आणि आर्थिक स्वास्थ्यावरच घाला घालणाऱ्या या आजाराचे उपचार परवडण्याजोगे होणे महत्त्वाचे होते. त्या दिशेने सरकारने एक महत्त्वाचे पाऊल टाकले आहे हे निःसंशय. हे पाऊल केवळ कर्करोगग्रस्त रुग्णांनाच नव्हे, तर त्यांच्या कुटुंबीयांनाही मोठा दिलासा देणारे ठरणार आहे. एम्सच्या संशोधकांनी व्यक्त केलेल्या शक्यतेनुसार जीएसटी दरातील सुधारणा झाल्यास कर्करोगावरील उपचार लक्षणीयरीत्या स्वस्त होऊ शकतात. उल्लेखनीय बाब म्हणजे, गेल्यावर्षी सप्टेंबरमध्ये जीएसटी कौन्सिलच्या ५६व्या बैठकीत ३३ जीवनरक्षक औषधांना पूर्णतः जीएसटीमुक्त करण्याची शिफारस करण्यात आली होती. या यादीत कर्करोगावरील अनेक महत्त्वाची औषधे समाविष्ट होती. याआधी या औषधांवर १२ टक्के जीएसटी आकारला जात होता, तो आता शून्य करण्यात आला आहे. याशिवाय दुर्मीळ आजारांवरील आणि कर्करोगाशी संबंधित तीन महत्त्वाच्या औषधांवरील जीएसटी पाच टक्क्यांवरून शून्य टक्क्यांपर्यंत कमी करण्यात आला आहे. एम्सच्या संशोधकांनी केलेल्या अभ्यासानुसार या निर्णयांमुळे रुग्णांवर आणि त्यांच्या कुटुंबीयांवर पडणारा आर्थिक भार कमी होण्याला फार मोठी मदत होईल. याच पार्श्वभूमीवर, या महिन्याच्या सुरुवातीला सादर करण्यात आलेल्या केंद्रीय अर्थसंकल्पात अर्थमंत्री निर्मला सीतारामन यांनी कर्करोगावरील उपचार अधिक परवडणारे करण्यासाठी १७ जीवनरक्षक औषधांवरील मूलभूत सीमा शुल्क (बेसिक कस्टम ड्यूटी) पूर्णतः रद्द करण्याची घोषणा केली. त्यामुळे या औषधांच्या किमती आणखी कमी होण्याची शक्यता आहे. या औषधांमध्ये कर्करोगासोबतच मधुमेहासारख्या इतर गंभीर आजारांच्या उपचारांसाठी वापरली जाणारी अत्यावश्यक औषधेही समाविष्ट आहेत. मधुमेहाच्या औषधांबाबत एक धक्कादायक वास्तव असे आहे की, लाँग-ॲक्टिंग इन्सुलिन तुलनेने स्वस्त असताना शॉर्ट-ॲक्टिंग इन्सुलिनच्या किमती मात्र गगनाला भिडलेल्या आहेत. या किमतीतील मोठ्या फरकाचे कारण उत्पादनखर्च नसून पेटंट हक्क, बाजारातील मोजक्या कंपन्यांचे वर्चस्व आणि महागड्या उपकरणांचा वापर हे आहे. वास्तविक कर्करोग आणि मधुमेहासारखे आजार आता दुर्मीळ राहिलेले नाहीत. हे आजार झपाट्याने सामान्य होत असून, त्यांचे दीर्घकाळ चालणारे महागडे उपचार सर्वसामान्य माणसाची आर्थिक घडी विस्कटून टाकतात. कर्करोगाच्या उपचारासाठी एका रुग्णाला साधारणपणे वर्षाला तीन ते साडेतीन लाख रुपये खर्च करावे लागतात, तर मधुमेहाच्या औषधांवर आणि तपासण्यांवर दरवर्षी किमान ५० हजार रुपये किंवा त्याहून अधिक खर्च येतो. १४० कोटी लोकसंख्या असलेल्या भारतात सुमारे १० कोटी लोक मधुमेहाने ग्रस्त आहेत, तर दरवर्षी कर्करोगाचे सुमारे १४ लाख नवे रुग्ण आढळून येतात. यावरून उपचाराच्या प्रचंड खर्चामुळे किती मोठ्या प्रमाणावर लोकांना आर्थिक अडचणींना सामोरे जावे लागते, याची कल्पना येते. अशा परिस्थितीत जीवनरक्षक औषधांवरील जीएसटी आणि सीमा शुल्क रद्द करण्यासारखे निर्णय केवळ स्वागतार्हच नव्हे, तर काळाची गरजही आहेत. या धोरणात्मक निर्णयांमुळे गंभीर आजारांशी झुंज देणाऱ्या लाखो रुग्णांना प्रत्यक्ष आणि टिकाऊ आर्थिक दिलासा मिळेल, अशी अपेक्षा बाळगायला हरकत नाही.

विद्वेषाचे विष आणि गढूळलेला शेजारधर्म

बांगलादेश आणि भारत इतिहास-भूगोलाने बांधले गेले आहेत. एकजुटीने राहिले तर प्रगती, दळणवळण आणि स्थैर्याचे ते ऊर्जा केंद्र होऊ शकते.

प्रभू चावला
ज्येष्ठ पत्रकार

दक्षिण आशियातील सत्तेच्या गणितात भूगोल ही नियती असते आणि स्मृती कधीच पुसता येत नाहीत. भारत बांगलादेशशी ४ हजार किलोमीटरच्या सीमेने बांधलेला आहे. बांगलादेश हा भारताचा केवळ शेजारी नव्हे तर देशाच्या सुरक्षिततेचा भोज्या. पन्नासेक कोटी लोकांच्या ताटात अन्न वाढणाऱ्या जलसंपदेचा तो रखवालदार आहे. भारताची कूटनीतीतील चपळता, नैतिक सातत्य आणि डावपेचात्मक संयम याची परीक्षा हा देश सतत घेत असतो.

गतसप्ताहात बांगलादेशात मोठी उलथापालथ झाली. तारिक रेहमान यांच्या बीएनपीने २९९ जाहीर जागांपैकी २१२ जागा जिंकून २/३ बहुमत मिळवले. जेन-झीच्या उठावात शेख हसीना यांची राजवट उलथवून जन्माला आलेले मोहम्मद युनूस यांच्या नेतृत्वाखालचे हंगामी सरकार इतिहासजमा झाले. ताज्या निकालाने कट्टरपंथीय पुरते गाडले गेले. पंतप्रधान नरेंद्र मोदी यांनी नवे वास्तव लगेच लक्षात घेऊन निकाल स्पष्ट होताच रेहमान यांचे अभिनंदन केले. लोकशाहीवादी, स्थिर आणि सर्वांना बरोबर घेऊन जाणाऱ्या बांगलादेशबरोबर काम करण्याची इच्छा मोदींनी व्यक्त केली. वावड्यांचे रूपांतर संशयाच्या भोवऱ्यात होण्याच्या आधी पाणी शांत करण्याची ही भारतीय पद्धत होय.

हसीना प्रकरणानंतर देशात उसळलेल्या रानटीपणाला बांगलादेशातील जनतेनेच थंडपणे शह दिला. शेख हसीना यांचे सरकार पडल्यानंतर बांगलादेश धार्मिक अल्पसंख्याकांचे शिरकाण करणाऱ्या दहशतवादी शक्तींच्या हातात गेला. पहिल्या १०० दिवसांतच हिंदू व इतर अल्पसंख्याकांवरील २००० पेक्षा जास्त हल्ल्यांची नोंद जागतिक संस्थांनी केली आहे. संयुक्त राष्ट्रांकडून झालेल्या चौकशीत युनूस राजवटीचा बुरखा फाटला. हिंदू, अहमदिया आणि इतर काही देशी समूहांविरुद्ध ठरवून हल्ले झाल्याचे उघड झाले. विस्थापित कुटुंबे, भग्न मंदिरे आणि पुजाऱ्यांचे शिरकाण.. अशी दृश्ये भारतीय टीव्हीच्या पडद्यावर झळकली. त्यातून उभयपक्षी संबंधांत कडवटपणा आला. पंतप्रधान हसीना यांना भारताने आश्रय दिल्याने दरी आणखी रुंदावली.

मात्र आई खालिदा झिया यांच्या मृत्यूनंतर १७ वर्षांनी लंडनहून बांगलादेशात परतलेल्या तारिक रेहमान यांनी आपण देशात शांतता, सार्वभौमत्वाची पुनर्स्थापना करण्यासाठी आलो आहोत असे चित्र उभे केले. एकीकडे त्यांचे हे सांगणे आणि जमातच्या राजवटीची भीती यामुळे चित्र बदलले. सुरक्षा हवी

असलेले अल्पसंख्याक, प्रतिष्ठा आणि नोकरी मागणारे तरुण, घराणेशाही आणि पाश्चात्त्य प्रभाव दोन्ही नको असलेले पुराणमतवादी मुस्लिम असे सगळे एकत्र येण्याचा परिपाक म्हणजे हा निकाल होय. अर्थात कट्टरपंथीयांचे आव्हान पूर्णपणे संपुष्टात आलेले नाही. सगळ्यात वाईट म्हणजे भारताच्या सीमेलगतच्या मतदारसंघात त्यांना सर्वाधिक पाठिंबा मिळाला. या भौगोलिक केंद्रीकरणामुळे भारताची डोकेदुखी वाढू शकते.

आपण कायदा सुव्यवस्था प्रस्थापित करू, सर्व धर्मीयांची पूजास्थाने सुरक्षित राहील, राहतील हे रहमान यांचे वचन आहे. भारतासाठी एवढे पुष्कळ झाले. हिंदूंच्या कत्तलीमुळे परस्पर सामंजस्यावर आघात झाला होता. हसीना यांना दिलेला आश्रय योग्य असला तरी भारताला शत्रुपक्ष म्हणून रंगवले गेल्याने उभयपक्षी संबंध बिघडले, पाणीप्रश्नावरील बोलणी अडली, सांस्कृतिक बहिष्कार सुरू झाले. बांगलादेश क्रिकेट नियामक मंडळाने तर टी-ट्वेंटी वर्ल्डकपसाठी भारतीय भूमीवर न खेळण्याचा निर्णय घेतला. एकेकाळी क्रिकेट हा पूल होता; त्याची आता रणभूमी झाली. असे असले तरी रेहमान यांना मिळालेला कौल उचलून धरून मोदी यांनी सगळे ठीकठाक करण्याच्या दिशेने पाऊल टाकले आहे.

नवीन नेतृत्व कसे वागते हा भारताच्या दृष्टीने निर्णायक मुद्दा आहे. रेहमान अल्पसंख्याकांना संरक्षण देतात का? अत्याचार पीडितांना न्याय मिळतो का? भारतविरोधी बंडखोरांच्या मुसक्या ते आवळतात का? हे महत्त्वाचे असेल.

येणारा काळ हा प्रागतिक नेतृत्वाचा, व्यापार, ऊर्जा आणि दळणवळण तसेच सीमा सुरक्षा वाढवणारा असण्याची गरज आहे. तडजोड करता येणार नाही अशा तीन विषयांवर संबंध अवलंबून राहतील. पहिले म्हणजे रेहमान यांनी जहाल घटकांशी संबंध तोडले पाहिजेत, भारतीय बंडखोरांना आश्रय देता कामा नये, याशिवाय परस्परांचा धोरणात्मक आणि आर्थिक लाभ होईल अशा रीतीने दोन्ही देशांत देवघेव व्हायला हवी. सीमेवरील संघर्षाने परस्पर संबंधात विष कालवले आहे. अंतिमत: बांगलादेशने आपली सर्व ओळख आत्मविश्वासाने मिळवली पाहिजे. त्याचप्रमाणे भारताची या प्रदेशातील मोलाची भूमिका मान्य केली पाहिजे.

दोन्ही देश इतिहास आणि भूगोलाने बांधलेले आहेत. कधीही न संपणाऱ्या संघर्षाचा पाकिस्तानी मार्ग बांगलादेशने फेटाळला पाहिजे. या रस्त्याने गेलेला दुराभिमानी देश असफल तर झालाच, पण भिकारी होऊन बसला. परदेशी मदतीसाठी त्याला सतत हात पसरावे लागतात. बांगलादेश आणि भारत हे दोन्ही देश एकजुटीने राहिले तर प्रगती, दळणवळण आणि स्थैर्याचे ते ऊर्जा केंद्र होऊ शकते.

अन्वयार्थ

सपकाळ यांना टिपू सुलतानवर बोलायची काय गरज होती?

काँग्रेसचे प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाळ गांधीवादी विचाराने पक्ष चालवायला निघाले आहेत. त्यामुळे अनेकदा ते स्वतःहून स्वतःची अडचण करून घेतात.

अतुल कुलकर्णी
संपादक
लोकमत, मुंबई

राजकारण्यांना विचारलेल्या प्रत्येक प्रश्नाचे उत्तर देण्याची एवढी घाई का झालेली असते कळत नाही. धूर्त राजकारणी अनेक प्रश्न लीलया टोलावतात. आपण ऐकलेच नाही असेही सांगतात. विचारलेल्या प्रश्नाचे भलतेच उत्तर देऊन स्वतःची सुटकाही करून घेतात. काँग्रेसचे प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाळ गांधीवादी विचाराने पक्ष चालवायला निघाले आहेत. त्यामुळे अनेकदा ते स्वतःहून स्वतःची अडचण करून घेतात. छत्रपती शिवाजी महाराज यांच्या समकक्ष टिपू सुलतान होते, असे विधान सपकाळ यांनी केले. अशी तुलना करणेच पूर्णपणे चुकीचे होते. त्यामुळे भाजपला राजकारण करण्याची आयती संधी त्यांनी दिली.

बऱ्याचदा सपकाळ यांच्या भाषणात अनेक असे शब्द असतात जे माध्यमांमध्ये छापताही येत नाहीत. मात्र असे बोललेले लोकांना आवडते, असे त्यांना वाटत असावे. ते अभ्यासू आहेत. त्यांच्या मागे कसल्या चौकशांचा ससेमिरा लावता येत नाही, हे जरी खरे असले तरी त्यांचे हे विधान 'आ बैल मुझे मार' पठडीतले आहे. २०१४च्या लोकसभा निवडणुकीत राहुल गांधी यांची एका वृत्तवाहिनीने मुलाखत घेतली होती. त्यांना जे प्रश्न विचारले त्याची भलतीच उत्तरे त्यांनी दिली असे म्हणून त्यांची पप्पू अशी प्रतिमा तयार केली गेली. मात्र, गेल्या काही वर्षांत भाजपचे अनेक नेते विचारलेल्या थेट प्रश्नांना बगल देऊन भलतीच उत्तरे देतात किंवा नवीन प्रश्न तयार करतात. सपकाळ यांनी यातून धडा घेतलेला दिसत नाही.

काँग्रेसचे मुख्य प्रवक्ते सचिन सावंत यांनी भाजपच्या काळात टिपू सुलतान यांची नावे कुठे व कशी दिली गेली? त्यात कोणी, कसा पुढाकार घेतला, हे सांगितले. २०१२ मध्ये अकोला महानगरपालिका स्थायी समिती सभागृहाचे नाव 'शहीद-ए-वतन शेर-ए-म्हैसूर टिपू सुलतान' ठेवण्याचा ठराव भाजपनेच मांडला. सूचक होते माजी महापौर व सध्याचे भाजपचे अकोला महानगर निवडणूक प्रमुख व माजी महानगर भाजप अध्यक्ष विजय अग्रवाल. २०१३ मध्ये मुंबईच्या एम/पूर्व वॉर्डातील रस्त्याला 'शहीद टिपू सुलतान मार्ग' नाव देण्याच्या भाजप नगरसेवकाच्या प्रस्तावासाठी भाजपचे नगरसेवक उपस्थित होते. त्यात मुंबईच्या सध्याच्या महापौर रितू तावडे यांचे नावही होते. २००१

साली अंधेरी (प) येथे 'शेर-ए-म्हैसूर टिपू सुलतान' मार्ग नामकरणाचा ठराव भाजपचे माजी खा. गोपाळ शेट्टी यांच्या उपस्थितीत आणि भाजप नगरसेवकांच्या उपस्थितीत एकमताने मंजूर झाला होता. भाजप नेते व कर्नाटकचे माजी मुख्यमंत्री बी. एस. येडीयुरप्पा यांनी टिपू सुलतान यांच्या कबरीवर जाऊन अभ्यागत वहीत गौरवोद्गार नोंदवले होते. २०१७ मध्ये कर्नाटक विधानसभेत राष्ट्रपती रामनाथ कोविंद यांनीही टिपू सुलतानाकरिता गौरवोद्गार काढले होते अशी काही उदाहरणे सावंत यांनी दिली. यासाठीची कागदपत्रेदेखील त्यांनी माध्यमांना दिली. हे खोटे असेल तर भाजपने पुराव्यानिशी सांगितले पाहिजे, म्हणजे दूध का दूध पानी का पानी होईल.

मात्र यात काँग्रेसला जेवढे डॅमेज करायचे होते तेवढे करून झाले आहे. राज्याचे अर्थसंकल्पीय अधिवेशन तोंडावर असताना काँग्रेस प्रदेशाध्यक्षांनी टिपू सुलतानचा विषय भाजपच्या हाती दिला. अधिवेशनात भाजप सातत्याने काँग्रेसला या विषयावरून टोमणे मारत राहील. उद्धवसेनाही यासाठी फारशी मदतीला येणार नाही. हा असा 'सेल्फ गोल' प्रदेशाध्यक्षांनी स्वतःच्या हाताने करून घेतला आहे.

गेल्या काही वर्षात काँग्रेसच्या नेत्यांनी कधीही सरकारला अडचणीत आणल्याचे एकही उदाहरण नाही. मुंबईचे नेते धारावीच्या बाहेर पडायला तयार नाहीत. राज्यातले नेते कुठे गेले हे प्रदेशाध्यक्षांनाही सापडत नाहीत. सरकारला जनतेच्या प्रश्नांवर येण्यासाठी मजबूर करणे, आक्रमक आंदोलनाच्या माध्यमातून लोकांचे प्रश्न मांडणे हे काम विरोधकांचे आहे. इथे विरोधक जर सत्ताधाऱ्यांना धर्म आणि जातीवरून भांडण्याचे आयते मुद्दे देत असतील तर सत्ताधाऱ्यांना दोष कसा देणार..?

'टिपू सुलतानची तुलना करणाऱ्या काँग्रेस प्रदेशाध्यक्षांची जीभ कापा', असे विधान भाजपच्या मुंबईतल्या नेत्याने केले तेव्हा कुठे सपकाळ यांनी, 'माझी जीभ कापल्यानंतर जर भारतीय शेतकऱ्यांचे अमेरिकेतून होणाऱ्या आयातीपासून संरक्षण होणार असेल, शेतमालाला भाव मिळणार असतील, शेतकरी कर्जमुक्त होणार असेल, भाजप, हिंदू-मुस्लीम द्वेषाला खतपाणी घालणार नसेल.. तर माझी जीभ नक्की कापा', असे प्रत्युत्तर दिले. आपण प्रदेशाध्यक्ष आहात, राज्याचे मुद्दे आपण मांडावेत, देशाचे राजकारण करायला शीर्षस्थ नेते दिल्लीत आहेत, अशी टिप्पणी काँग्रेसच्या एका नेत्याने यावरून केली आहे. सपकाळ यांच्या नजीकचे लोक टिपूच्या विधानावरून सपकाळ यांना खंत वाटत असल्याचे सांगतात. मात्र 'बुंद से गई वो हौद से नही आती' हेच खरे.

atul.kulkarni@lokmat.com

जगभर

दुबईत लखपती भिकारी; लक्झरी कार्सचे मालक

माणसं भीक का मागतात? सर्वसाधारण निष्कर्ष असा आहे, जेव्हा एखादी व्यक्ती काम करण्यासाठी सक्षम नसते, विकलांग असते, अपंगत्वामुळे किंवा काही कारणानं ज्यांना काम करणं शक्य नसतं किंवा पोट भरण्यासाठी भीक मागण्याशिवाय ज्यांच्याकडे कोणताही मार्ग शिल्लक उरत नाही, अशावेळी त्या व्यक्ती भीक मागतात..

अरब देशांतील, विशेषत: दुबईसारख्या शहरात मात्र वेगळंच चित्र आहे. इथे अनेक लोक भीक मागतात, तेच मुळात 'व्यवसाय' म्हणून, पैसे कमवण्यासाठी.. दुबईत असे अनेक भिकारी आहेत, जे खरोखरच लखपती आहेत, तरीही ते भीक मागतात किंवा भीक मागूनच ते लखपती झालेले आहेत!

अलीकडच्या काळात दुबईमध्ये भिकाऱ्यांची संख्या लक्षणीय प्रमाणात वाढली आहे. त्यामुळे दुबईत अनेक भिकाऱ्यांची चौकशी आणि त्यांची धरपकड सुरू आहे. आश्चर्याची गोष्ट म्हणजे यातील अनेक भिकारी खरोखरंच लखपती निघाले!

या मोहिमेदरम्यान पोलिसांनी नुकतंच एका अशा भिकाऱ्याला पकडलं, ज्याच्याकडे लाखो रुपयांची संपत्ती आहे! हा भिकारी इतका श्रीमंत आहे, की तो रस्त्यावर भीक मागतो, पण तरीही तो लोकांना व्याजानं पैसे देतो. त्याच्याकडे तीन अलिशान लक्झरी कार्सही मिळून आल्या. हे केवळ एकमेव किंवा अपवादात्मक उदाहरण नाही, दुबईत असे अनेक लखपती भिकारी आढळल्याचं दुबई पोलिस आणि अधिकाऱ्यांनी सांगितलं. छापेमारीदरम्यान रस्त्यावर भीक मागत असलेल्या एका भिकाऱ्याच्या चटईखालून अधिकाऱ्यांनी २५ हजार दिरहम (सुमारे सहा लाख रुपयांपेक्षा जास्त) जप्त केले. टुरिस्ट व्हिसावर आलेल्या, पण दुबईत भीक मागत असलेल्या एका आशियाई व्यक्तीकडून पोलिसांनी

पाच लाख रुपये जप्त केले. विशेषत: धार्मिक स्थळांजवळ या व्यक्ती भीक मागतात. त्यासाठी वेगवेगळ्या क्लृप्त्याही ते आखतात. काही जण खोटेखोटेच अपंग, अधू बनतात. आपण विकलांग असल्याचा देखावा करतात. सहानुभूती मिळवण्यासाठी काहीजण आपल्या किंवा इतरांच्या लहान मुलांना सोबत ठेवतात.

महत्त्वाची गोष्ट म्हणजे यातील बहुतांश भिकारी पाकिस्तानचे आहेत. या आठवड्यातच पोलिसांनी आणि अधिकाऱ्यांनी अशा अनेक पाकिस्तानी भिकाऱ्यांना अटक केली आहे, जे दुबईत तर आले, पण नंतर परत गेलेच नाहीत. दुबईत भीक मागून ते श्रीमंत झाले! हे भिकारी किती पैसे कमावतात याचा अंदाज घेण्यासाठी शारजाह पोलिसांनी एक चाचणी घेतली. यादरम्यान भीक मागून एका तासात तब्बल ३६७ दिरहम (सुमारे नऊ हजार रुपये) जमा झाले!

गुन्हेगारी घटना विभागाचे संचालक ब्रिगेडियर अली सालेम अल शम्सी म्हणतात, पाकिस्तानी भिकाऱ्यांच्या जाचाला आम्ही फार कंटाळलो आहोत. हे लोक इथे येतात आणि पुन्हा परतच जात नाहीत. इथे येऊन ते एक तर गुन्हेगारी कृत्यांत सामील होतात, नाहीतर भीक मागतात. पाकिस्तानमधील अनेक संघटित टोळ्या भिकाऱ्यांना विमानाचं तिकीट आणि व्हिसा मिळवून देऊन दुबईत भीक मागायला पाठवतात. यातील बहुतांश लोक सिंध प्रांतातले असतात. संयुक्त अरब अमिरात आणि सौदी अरेबियानं २०२५ मध्ये याच कारणामुळे सुमारे २५ हजार पाकिस्तान्यांना देशाबाहेर पाठवलं होतं..

जनमन

दरवाढीमुळे सामान्यांचे खिसे रिकामे!

आता होळी आणि लग्नसराईची धामधूम सुरू आहे. जीवनावश्यक वस्तूंचे दर वाढतच चालले आहेत. शेंगदाण्याचे दर पराकोटीला पोहोचले आहेत. यात भर म्हणून की काय खाद्यतेलाचे भावही वाढले आहेत.

जीवनातली आणखी एक महत्त्वाची वस्तू म्हणजे तूरडाळ. आज तीसुद्धा महागली आहे. त्यामुळे सर्वसामान्यांचे हाल होत आहेत. मसाल्याचे सर्वच पदार्थ महागले आहेत. मसाल्याच्या दरात गेल्या काही दिवसांत जवळपास ५० रुपयांची वाढ झाली आहे. दगडफूल, दालचिनी, खोबरे, खसखस, मिरी तसेच जिरे महागले आहेत. बाजारात मालाची आवक कमी झाल्याने ही परिस्थिती उद्भवली असल्याचे सांगण्यात येत आहे. या दरवाढीमागे जागतिक घडामोडीसुद्धा कारणीभूत आहेत. जाणकारांच्या मते ही दरवाढ आणखी काही दिवस अशीच राहण्याची शक्यता आहे.

या दरवाढीमुळे कष्टकरी आणि सामान्यांचे बजेट कोलमडले आहे. गृहिणींना दररोजचा खर्च भागवताना नाकीनऊ येत आहेत. सरकारने यात लक्ष घालून दिलासा देण्याची अत्यंत आवश्यकता आहे. कोणत्याही वस्तूंचे दर लगेच वाढतात, पण वाढलेले दर मात्र कमी होत नाहीत. मसाल्याचे पदार्थ तसेच शेंगदाणे या खरे तर नेहमीच्या व जीवनावश्यक वस्तू आहेत, पण त्यांची दरवाढ सर्वसामान्यांचे जगणे कठीण करीत आहे. सर्वसामान्यांना दिलासा मिळण्याऐवजी दरवाढीमुळे त्यांचे सगळे बजेट कोलमडून पडत आहे. दरवाढ होऊ नये यासाठी आणि सर्वसामान्यांना दिलासा देण्यासाठी तातडीने विविध उपाय योजण्याची गरज आहे.

- शांताराम वाघ, पुणे

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : **janman@lokmat.com**

शहर नोंदी

कोण म्हणतं गजबजलेल्या शहरातली गर्दी अमानुष असते?- प्च !

माणसं नसतील, तर शहरं शहरं कशी ठरतील? कुणाच्या बळावर चालतील? कुणाच्या जिवावर रंगीबेरंगी, आकर्षक, जिवंत, लोभस ठरतील?

मेघना भुस्कुटे
ब्लॉगर, भाषांतरकार

बेल्जियममधून दिल्लीत प्रथमच उतरलेल्या माणसाला 'सगळा बेल्जियमच अवतरलाय की काय?' असं वाटून भीती वाटू शकते, मग तो बेल्जियमच्या राजधानीत का राहणारा असेना. पण मुंबईतून पॅरिसला जाणाऱ्या माणसाला 'खिसापाकीट जपून बरं का, चोर फार!' हा इशारा अगदीच बाळबोध आणि बावळट वाटतो, कारण त्याला रोजच 'जिंकू किंवा मरू' म्हणत पाठपिशवी पोटावर बांधून लढायला निघायची सवय असते.

पण हेच दुसऱ्या महायुद्धापूर्वी मुंबईत राहिलेल्याला आज सकाळी डोंबिवली स्टेशनवर सोडा, त्याला बहुतेक नुसतं बघूनच फेफरं येईल. स्थळकाळाची परिमाणं बदलली की माणसं कशाला गर्दी मानतील, तेही बदलतं. पण कुठल्याही काळात, कुठल्याही स्थळी, शहर म्हटलं की गर्दीला पर्याय नसतोच. निरनिराळ्या प्रकारच्या संधींनी माणसांना आकर्षून घेणारी जागा म्हणजेच शहर असतं म्हटल्यावर ते ओघानं आलंच. पण म्हणून ती गर्दी अमानुषच असते, असं अजिबात नाही.

गर्दीची अनेकदा सोबत असते, आधार असतो. निर्मनुष्य समुद्रकिनाऱ्यावर भर दुपारी एकटेच जाऊन बघा. बघता बघता अंगावर भयाचा काटा फुलू शकतो. पण भेळवाल्याची टोपली आणि थोडी पर्यटकी गर्दी आणा... तोच समुद्र कसा वत्सल-खेळकर भासतो ! शहरातल्या गर्दीचा एक लोभस विशेष म्हणजे तिच्याकडे एका विशिष्ट प्रकारचा खांदेउडवूपणाही असतो. लंडनच्या बसमध्ये ऐन ऑफिस टायमात रक्ताळलेलं मुंडकं काखोटीला मारून हिंडलात, तरी लोक फार तर भिवया उंचावतील, पण तुमच्या भानगडीत नाक खुपसणार नाहीत, असं एका अतिशयोक्त विनोदात म्हटलंय, त्यात किंचित का

होईना, तथ्य आहेच. शहरं माणसांना एक अनोळख बहाल करतात.

व्यक्तिस्वातंत्र्य हे मूल्य म्हणून शहरांना मान्य असतं, म्हणून नव्हे बरं का, उगाच भलता गोड समज नको ! पण तिथल्या कुणालाच तुमच्या फाटक्यात पाय घालायला वेळच नसतो. सकाळी ८ वाजता लोकलच्या रुळांवर जीव देणाऱ्या कुण्या अभागी जिवाबद्दल लोकांना सहानुभूती नसते असं नाही. पण घड्याळाला बांधलेली त्यांची आयुष्यं त्यांच्या ओठावर एक कोरडा 'च्च' आणतात.

उदय प्रकाश यांच्या 'तिरीछ' या कथेत गावात प्रतिष्ठित असलेली एक व्यक्ती कामासाठी शहरात येते आणि एका विषारी दंशामुळे एकाकी अवस्थेत भयावहरीत्या मरते. लेखकानं त्या कथेतून आधुनिक शहरी चंगळवादी अवकाशाबद्दल काही अतिशय अस्वस्थ करणारे प्रश्न उपस्थित केले आहेत, यात वादच नाही. पण त्या कथेच्या नायकपदी पितृसत्तेमध्ये प्रतिष्ठेचं स्थान असलेला एक प्रौढ पुरुष आहे, हीच एक अतिशय बोलकी गोष्ट आहे. सतत भावकीच्या नि गावकीच्या नजरांना जाब देण्याचं बंधन बाळगून दमलेल्या एखाद्या स्त्रीला विचारा शहरातल्या तुटक स्वातंत्र्याची किंमत. ती बहुतेक तुम्हांला याहून वेगळं काही सांगेल.

शहरव्यवस्थापन यंत्रणांना गर्दी हवीही असते आणि नकोही. माणसं नसतील, तर शहरं शहरं कशी ठरतील? कुणाच्या बळावर चालतील? कुणाच्या जिवावर रंगीबेरंगी, आकर्षक, जिवंत, लोभस ठरतील? अव्याहत येणारी माणसं हवीतच. पण ती सुरळीत शिस्तशीर नांदूनही हवी असतात. नाहीतर परळ स्टेशनात एका दुर्दैवी दसऱ्याच्या आदल्या दिवशी अवतरली, तशी जीवघेणी काळरात्र अवतरते. शहरातली माणसं मात्र याला हसत हसत 'स्पिरिट' असं म्हणतात आणि पुन्हा धावू लागतात.

हसावं की रडावं?- कळेनासं होतं खरं.

meghana.bhuskute@gmail.com

तिरकस आणि चौकस — गजानन घोंगडे

हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८१८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न व्ह्यू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे, फोन : २५४४१९०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४१७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे. व्यापारचिन्ह आहे.

तेज सुधार के रास्ते पर सरकार

समाचार एजेंसी पीटीआइ को दिये गये एक विशेष साक्षात्कार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुधार के रास्ते पर चलती अर्थव्यवस्था के बारे में जो कुछ बताया है, वह प्रासंगिक तो है ही, केंद्रीय बजट तथा अमेरिका व यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौतों के बाद इस इंटरव्यू का महत्व भी स्वाभाविक ही अधिक है. कुल 38 देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते पर प्रधानमंत्री का कहना था कि भारत अब व्यापार समझौतों के लिए किसी पर निर्भर नहीं है. मैन्युफैक्चरिंग, सेवा क्षेत्र और छोटे-बड़े उद्योगों ने तरक्की की है. इसी कारण भारत इतने देशों के साथ व्यापार समझौते कर सका है. यह सब इसलिए भी संभव हुआ है, क्योंकि देश में राजनीतिक स्थिरता है और सरकार की नीतियां स्पष्ट हैं. इस कारण विदेशी निवेशक भारत में पैसा लगाने से डरते नहीं हैं. इन मुक्त व्यापार समझौतों ने भारत में निर्मित उत्पादों के लिए प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बाजार खोल दिये हैं. उन्होंने भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते और भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते का उदाहरण दिया, जिनके तहत इन क्षेत्रों में भारत के 99 फीसदी निर्यात पर टैरिफ समाप्त हो जायेगा. ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर के बाद से दोनों देशों का माल व्यापार दोगुना हो गया है. प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि सरकार एमएसएमइ क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है और हमारे एफटीए का उद्देश्य वस्त्र, चमड़ा, रसायन, हस्तशिल्प, रत्न और अन्य क्षेत्रों में एमएसएमइ क्षेत्र के लिए बाजार पहुंच का विस्तार करना है. प्रधानमंत्री का यह भी कहना था कि भारत अपने इतिहास के सबसे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर अभियान का गवाह बन रहा है, जिसे भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है. सरकार अब लोकलुभावन वादों के बजाय ऐसे खर्चों पर फोकस कर रही है, जिनसे देश का विकास हो. उन्होंने बताया कि 2013 के मुकाबले 2026-27 तक पूंजीगत व्यय में पांच गुना वृद्धि होगी, जो दिखाता है कि सरकार विकास कार्यों में भारी निवेश कर रही है. प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि भारत आज डिजिटल क्षेत्र में विश्व नेता बन रहा है, जो लोगों के लेन-देन के तरीके में हुए बड़े सुधारों खासकर यूपीआइ प्लेटफॉर्म के जरिये संभव हुआ है. उनका यह भी कहना था कि देश में कंप्यूटिंग क्षमता और डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाकर एक मजबूत एआइ इकोसिस्टम की नींव रखी जा रही है. कुल मिलाकर, सरकार ने शब्दों और भावनाओं में सुधार को प्राथमिकता दी है.

एक विशेष इंटरव्यू में प्रधानमंत्री ने 38 देशों के साथ हुए एफटीए के महत्व के अलावा ढांचागत क्षेत्रों में सुधार तथा डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर तेजी से बढ़ते देश के बारे में जो कुछ बताया है, उससे मजबूत भारत की तस्वीर बनती है.

बांग्लादेश के साथ नयी शुरुआत की उम्मीद

प्रभु चावला
एडिटोरियल डायरेक्टर
द न्यू इंडियन एक्सप्रेस
prabhuchawla@newindianexpress.com

तारिक रहमान आज बांग्लादेश के नये प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ले रहे हैं. तीन दशकों से अधिक के महिला वर्चस्व के बाद एक पुरुष ढाका में प्रधानमंत्री पद संभाल रहा है. भारत और बांग्लादेश भूगोल, इतिहास और साझा नियति से इस तरह बंधे हैं, जिसे विचारधारा मिटा नहीं सकती. बांग्लादेश के लिए बेहतर होगा कि वह अंतहीन टकराव के पाकिस्तान मॉडल को खारिज कर दे. भारत और बांग्लादेश के एक साथ आने से यह डेल्टा विकास, कनेक्टिविटी और स्थिरता के पावरहाउस के रूप में उभर सकता है.

दक्षिण एशिया की ज्यामिति में भूगोल ही नियति है और स्मृति कभी जड़ नहीं होती. बांग्लादेश भारत का पड़ोसी भर नहीं है, यह भारत की महाद्वीपीय सुरक्षा का पूर्वी आधार स्तंभ और उन साझा जल संसाधनों का संरक्षक है, जो आधे अरब जीवन को सींचते हैं. यह बंगाल की खाड़ी के विस्तृत होते रणनीतिक रंगमंच का प्रवेश द्वार भी है. इसलिए ढाका में जो कुछ भी घटित होता है, उसकी गूंज इसके डेल्टा मैदानी इलाकों से बहुत दूर तक जाती है. पिछले सप्ताह बांग्लादेश ने एक ऐसा फैसला दिया, जिसकी गूंज भूकंपीय बदलाव की तरह थी. तारिक रहमान की बीएनपी ने चुनाव में दो-तिहाई बहुमत हासिल किया. शेख हसीना को सत्ता से बेदखल करने वाले 2024 के 'जेन जी' विद्रोह से जन्मा और मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाला अंतरिम प्रशासन अब इतिहास बन गया है. तीन दशकों से अधिक के महिला वर्चस्व के बाद एक पुरुष ढाका में प्रधानमंत्री पद संभाल रहा है.

कभी एक अनिच्छुक सहयोगी रही जमात-ए-इस्लामी अब लगभग 70 सीटों के साथ विपक्ष का नेतृत्व कर रही है. इसके बावजूद इस जनादेश का सही अर्थ तो कट्टरपंथी ताकत की करारी हार में ही निहित है, जो महज छह सीटें ही जीत पायी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नयी वास्तविकता स्पष्ट रूप से पहचानी है. नतीजा सामने आने के कुछ ही घंटों के भीतर तारिक रहमान को फोन कर बधाई देने वाले वह पहले शासनाध्यक्षों में से थे. यह पहल एक लोकतांत्रिक, स्थिर और समावेशी बांग्लादेश के साथ काम करने की भारत की तत्परता को रेखांकित करती है. मीडिया विशेषज्ञों के लिए बांग्लादेश का यह घटनाक्रम शेख हसीना के बाद के अंतराल की बर्बरता की निर्मम राष्ट्रीय जांच, अल्पसंख्यकों की गरिमा पर एक बाध्यकारी जनमत संग्रह तथा आर्थिक सुधार, व्यावहारिक शासन और राष्ट्रीय नवीनीकरण पर केंद्रित 'बांग्लादेश फर्स्ट' सिद्धांत की एक गूंजती हुई पुष्टि है. शेख हसीना के पतन के बाद बांग्लादेश अल्पसंख्यकों के खिलाफ आतंक के सुनियोजित शासन में डूब गया था. वैश्विक संस्थानों ने पहले 100 दिनों में ही हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर 2,000 से अधिक हमले दर्ज किये थे, जिनमें हत्याएं, मंदिरों को जलाना और सुनियोजित निष्कासन शामिल थे, जिससे हजारों लोग भारत आने को मजबूर हुए. खुद मोहम्मद यूनुस द्वारा आमंत्रित एक संयुक्त राष्ट्र जांच समिति ने अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के अंतरिम शासन के इनकार को खारिज कर दिया और हिंदुओं, अहमदिया तथा कुछ स्वदेशी समूहों के खिलाफ लक्षित अभियानों की पुष्टि की. भारतीय स्क्रीन पर विस्थापित परिवारों, नष्ट किये गये मंदिरों और शिकार होते श्रद्धालुओं के दृश्यों ने द्विपक्षीय संबंधों को आक्रोश की भट्टी में बदल दिया. भारत द्वारा बेदखल प्रधानमंत्री हसीना को शरण देने ने द्विपक्षीय दरार को और गहरा किया.

हालांकि, अपनी मां खालिदा जिया की मृत्यु के बाद लंदन से 17 साल के निर्वासन से लौटे तारिक रहमान ने खुद को संप्रभुता के रक्षक के रूप में पेश किया. एक संबोधन में उन्होंने राष्ट्र को पहाड़ियों और मैदानों, मुसलमानों, हिंदुओं, बौद्धों और ईसाइयों की एक साझा विरासत घोषित किया, और जोर दिया कि हर नागरिक को बिना डरे सड़कों पर चलना चाहिए. जमात के संभावित शासन के डर ने इस संदेश को पुरअसर बनाया. करीब तीन दर्जन हिंदू बहुल निर्वाचन क्षेत्रों में, जो कभी अवामी लीग के गढ़ थे, नौ प्रतिशत हिंदू मतदाताओं ने निर्णायक रूप से बीएनपी का साथ दिया. उन्होंने तारिक रहमान की पार्टी को उन नेटवर्कों के खिलाफ इकलौती सक्षम ढाल के रूप में देखा, जिन्होंने उन्हें 18 महीनों तक आतंकित किया था. बांग्लादेश के चुनावी नतीजे से एक असंभव गठबंधन बना. सुरक्षा चाहने वाले अल्पसंख्यक, गरिमा और नौकरियों की मांग करने वाले युवा तथा वंशानुगत शासन व पश्चिमी संरक्षण को खारिज करने वाले रूढ़िवादी मुसलमान एक साथ आ गये. इस्लामी चुनौती हालांकि अभी खत्म नहीं हुई है. जमात और उसके सहयोगियों के पास 77 सीटों के साथ एक कठोर वैचारिक मशीनरी भी है. ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि उन्होंने भारत की सीमा से लगे निर्वाचन क्षेत्रों में अपना सबसे मजबूत समर्थन हासिल किया, जिसके गंभीर निहितार्थ हैं. इससे सीमापार घुसपैठ को प्रोत्साहन मिलने का जोखिम है. बीएनपी की जीत बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों के लिए एक नाजुक उम्मीद जगाती है. रहमान ने व्यवस्था बहाल करने और सभी धर्मों की सुरक्षा को राज्य के मुख्य कर्तव्य के रूप में स्थापित करने का वादा किया है. हिंदुओं के नरसंहार ने आपसी विश्वास को जख्मी कर दिया है. नयी दिल्ली ने घबराहट के साथ देखा कि कैसे दंगे फैले और शरणार्थी सीमा पार कर गये, जिससे संवेदनशील राज्यों में राजनीतिक तूफान पैदा हो गया. शेख हसीना को मानवता के आधार पर दी गयी शरण को भारत को दुश्मन के रूप में चित्रित करने का हथियार बनाया गया. ठप पड़ी जल वार्ता से लेकर सांस्कृतिक बहिष्कार और पिछले महीने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड द्वारा टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय धरती पर मैच खेलने से इनकार के असाधारण निर्णय तक, संबंध पूरी तरह टूट गये. क्रिकेट का जो खेल कभी सेतु था, वह युद्ध का एक और मैदान बन गया. फिर भी, मोदी द्वारा रहमान के जनादेश की त्वरित मान्यता ने आपसी संबंधों के पुनर्गठन का एक द्वार खोल दिया है.

भारत के लिए, बांग्लादेश के नये नेतृत्व का आचरण निर्णायक कारक होगा. क्या तारिक रहमान अल्पसंख्यकों की रक्षा करेंगे, 2024-25 के अत्याचारों के लिए न्याय दिलायेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि बांग्लादेश फिर कभी भारत विरोधी विद्रोहियों को पनाह नहीं देगा? उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि व्यापार, ऊर्जा, कनेक्टिविटी और सीमा सुरक्षा तक फैले व्यावहारिक साझेदारी का एक नया युग संभव है. भारत-बांग्लादेश संबंधों का भविष्य तीन अडिग शर्तों पर टिका होगा. शुरुआत में, रहमान को चरमपंथी तत्वों से स्पष्ट रूप से संबंध तोड़ने होंगे और भारतीय उग्रवादियों को पनाह देने से इनकार करना होगा. इसके अलावा, ढाका को आपसी रणनीतिक और आर्थिक लाभ के आधार पर एक लेन-देन वाले संबंध को आगे बढ़ाना चाहिए, तथा उस सीमापार टकराव को खारिज करना चाहिए, जिसने बार-बार संबंधों में जहर घोला है. दोनों राष्ट्र भूगोल, इतिहास और साझा नियति से इस तरह बंधे हैं, जिसे विचारधारा मिटा नहीं सकती. बांग्लादेश के लिए बेहतर होगा कि वह अंतहीन टकराव के पाकिस्तान मॉडल को खारिज कर दे. भारत और बांग्लादेश के एक साथ आने से यह डेल्टा विकास, कनेक्टिविटी और स्थिरता के पावरहाउस के रूप में उभर सकता है.

(ये लेखक के निजी विचार हैं.)

आधार वर्ष बदलाव से जानेंगे महंगाई की असली स्थिति

सतीश सिंह
आर्थिक मामलों के जानकार
satish5249@gmail.com

आगामी 10 वर्षों के लिए सरकार ने महंगाई मापने का आधार वर्ष 2012 से बदलकर 2024 कर दिया है. इसका उद्देश्य है सब्जियों, अनाज जैसी वस्तुओं की कीमतों में बदलाव से महंगाई के आंकड़ों पर ज्यादा प्रभाव न पड़े. इस बदलाव से गैर-खाद्य वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों के उतार-चढ़ाव को भी महंगाई मापने में शामिल किया गया है, ताकि महंगाई की वास्तविक तस्वीर हमारे सामने आ सके.

आगामी 10 वर्षों के लिए सरकार ने महंगाई मापने का आधार वर्ष 2012 से बदलकर 2024 कर दिया है. इस क्रम में 12 फरवरी को पहली बार जनवरी माह की खुदरा महंगाई को नये आधार पर मापा गया. नये आधार पर जनवरी, 2026 में महंगाई बढ़कर 2.75 प्रतिशत हो गयी, जो दिसंबर में 1.33 प्रतिशत थी. यह पिछले आठ महीनों का उच्चतम स्तर है. महंगाई का स्तर इस बात पर निर्भर करता है कि मांग और आपूर्ति का संतुलन कैसा है. जब लोगों के पास अधिक पैसे होंगे, तो वे अधिक वस्तुएं खरीदेंगे, जिससे मांग बढ़ेगी. यदि आपूर्ति मांग के अनुरूप नहीं है, तो वस्तुओं की कीमतें बढ़ जायेंगी. इसके विपरीत, जब मांग कम होगी और आपूर्ति अधिक होगी, तो महंगाई घट जायेगी.

सरकार आमतौर पर हर पांच से 10 वर्षों में नया आधार वर्ष चुनती है, जो सूखा, बाढ़, महामारी या अत्यधिक महंगाई से मुक्त हो. पुराने सूचकांक में खाने-पीने की वस्तुओं का वेटेज लगभग 50 प्रतिशत था, जिसे अब घटाकर 36.8 प्रतिशत कर दिया गया है. आधार वर्ष वह वर्ष होता है जिसे कीमतों के लिए मानक या आधार माना जाता है. इसका अर्थ है कि उस वर्ष की वस्तुओं की औसत कीमत को 100 माना जाता है. फिर, अन्य वर्षों की कीमतों की तुलना उसी आधार वर्ष से की जाती है. इससे पता चलता है कि महंगाई कितनी बढ़ी या कम हुई है. यह फॉर्मूला खुदरा महंगाई या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआइ) में उपयोग होता है. हालांकि, यह बाजार के सभी सामान पर समान रूप से लागू नहीं होता है. महंगाई को मापने के लिए एक बकेट में वैसी वस्तुओं व सेवाओं को रखा जाता है, जो महंगाई को सर्वाधिक प्रभावित करते हैं. इस क्रम में हर वस्तु को उपभोक्ता के बजट में उसके महत्व के आधार पर भार दिया जाता है. सीपीआइ सूचकांक की मदद से राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) हर महीने खुदरा महंगाई की गणना करता है, जिसमें ऐसी वस्तुएं और सेवाएं शामिल होती हैं, जिनका उपयोग आम लोग अधिक करते हैं. यह सूचकांक उन वस्तुओं की कीमतों में बदलाव को दर्शाता है, जो आधार वर्ष 2012 के संदर्भ में होते थे, और अब ये 2024 के संदर्भ में होंगे.

गौरतलब है कि विकास सुनिश्चित करने के लिए महंगाई की वास्तविक स्थिति को समझना आवश्यक है, ताकि जनता की घटती क्रय शक्ति, स्थिर आय, और जीवन यापन की लागत का सही आकलन किया जा सके. इससे उपयुक्त वित्तीय योजना, निवेश की सुरक्षा, मजदूरी की उचित मांग और सरकार के लिए सही मौद्रिक नीतियों का निर्धारण आसान हो जाता है. जब महंगाई का चित्र स्पष्ट होता है, तो सरकार सही कदम उठाकर इस पर नियंत्रण कर सकती है. महंगाई बढ़ने से पैसे का मूल्य घट जाता है और पता चलता है कि हमें और कितना कमाने या बचाने की जरूरत है. यदि महंगाई अधिक हो, तो निवेश का रिटर्न नकारात्मक हो जाता है. वहीं, सही महंगाई दर जानकर सोना, शेयर जैसे बेहतर निवेश के विकल्प को चुनने में आसानी होती है. महंगाई के सही आंकड़ों से शिक्षा, स्वास्थ्य, और जरूरी वस्तुओं पर इसके असर को समझा जा सकता है. सरकार इन आंकड़ों की मदद से ब्याज दरों और करों में बदलाव करती है. बीते एक दशक में लोगों की जीवनशैली, खर्च करने के तरीके और दैनिक आवश्यकताओं में आमूलचूल बदलाव आया है. इसलिए, 2012 का आधार वर्ष महंगाई की सही तस्वीर नहीं दिखा पा रहा था. वास्तविक आंकड़ों के लिए सूचकांक में वस्तुओं और सेवाओं की संख्या भी बढ़ायी गयी है. नये सूचकांक की मुख्य विशेषता है कि यह उन वस्तुओं और सेवाओं को शामिल करता है जिन पर आज अधिकांश लोग खर्च कर रहे हैं. नया आधार वर्ष लाने का उद्देश्य है सब्जियों, अनाज जैसी वस्तुओं की कीमतों में बदलाव से महंगाई के आंकड़ों पर ज्यादा प्रभाव न पड़े. इस बदलाव के कारण गैर-खाद्य वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों के उतार-चढ़ाव को भी महंगाई मापने में शामिल किया गया है, ताकि महंगाई की वास्तविक तस्वीर हमारे सामने आ सके.

नये सूचकांक में इ-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से वस्तुओं की कीमतों का डाटा इकट्ठा किया जायेगा. हवाई किराये, बिजली दरें, एप आधारित टैक्सी सेवाएं, ऑनलाइन सेवाएं और शॉपिंग की कीमतों को भी शामिल किया जायेगा. इसी तरह, इन वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में बदलाव का प्रभाव भी महंगाई के आंकड़ों में दिखाई देगा. ग्रामीण क्षेत्रों में घर के किराये को सूचकांक में शामिल किया गया है. इनके अतिरिक्त, जिन वस्तुओं का उपयोग आज नहीं किया जाता है, वे महंगाई मापने वाली सूची से हटा दी गयी हैं. महंगाई की वास्तविक स्थिति को समझना बहुत जरूरी है. यदि इसे गलत तरीके से पेश किया गया, तो यह न केवल जनता को परेशान कर सकती है, बल्कि विकास में भी बाधा बन सकती है. जब महंगाई की दर बढ़ती है, तो भारतीय रिजर्व बैंक रेपो दर को कम नहीं करता, जिससे बैंकों को सस्ती पूंजी नहीं मिलती और उन्हें उच्च ऋण दर पर ऋण देना पड़ता है. इससे उधार लेने की प्रतिस्पर्धा कम हो जाती है, और पूंजी की कमी के कारण आर्थिक गतिविधियां मंद हो जाती हैं. आधार वर्ष में बदलाव और बकेट में उपयोगी वस्तुओं को शामिल करने से महंगाई की सही तस्वीर सामने आ सकती है.

(ये लेखक के निजी विचार हैं.)

देश दुनिया

बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन करने की तैयारी कर रहा है यूरोप

जब फ्रांस के सांसदों ने 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन करने के पक्ष में वोट किया, तो इसके कुछ दिनों के भीतर ही स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने भी स्पेन के बच्चों को इंटरनेट की खतरनाक और अनियंत्रित दुनिया से बचाने की कसम खायी. विशेषज्ञों का कहना है कि घंटों तक सोशल मीडिया पर हानिकारक कंटेंट देखते रहने से बच्चों की सोच और व्यवहार बदल रहा है. साथ ही उनमें एंजाइटी, तनाव और दूसरी मानसिक व स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं. इसलिए यूरोपीय सरकारें अब इसके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए मजबूर हो रही हैं. ब्रसेल्स स्थित थिंक टैंक, ब्रूगेल के विशेषज्ञ पॉल ओ रिक्टर का कहना है कि बच्चों पर विशेष ध्यान इसलिए दिया जा रहा है, क्योंकि उन्हें लंबे समय में ज्यादा नुकसान पहुंचने का खतरा है, क्योंकि उनका दिमाग अभी भी विकसित हो रहा है. कई शोध बताते हैं कि सोशल मीडिया के ज्यादा इस्तेमाल से मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का ज्यादा खतरा बढ़ सकता है. यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष, उर्सुला वॉन डेर लेन भी पूरे यूरोपीय संघ में सोशल मीडिया के लिए उम्र सीमा तय करने के समर्थन में हैं, जो ऑस्ट्रेलिया के कानून जैसा ही होगा, जहां सोशल मीडिया इस्तेमाल करने की न्यूनतम उम्र 16 वर्ष तय की गयी है. पर यहां प्रश्न यह है कि यह बैन लागू कैसे किया जायेगा और क्या सच में यह काम करेगा भी या नहीं? विदित हो कि यूरोपीय संसद के सांसदों ने नवंबर में पूरे यूरोप में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन की सिफारिश की थी. साथ ही उनका सुझाव था कि 13 से 16 वर्ष के बच्चों को माता-पिता की अनुमति के साथ सोशल मीडिया इस्तेमाल करने की अनुमति दी जा सकती है. उम्र की पुष्टि करने के लिए एक सुझाव यह भी दिया गया है कि पूरे यूरोपीय संघ में एक डिजिटल आइडी सिस्टम बनाया जाये.

-आंचल वोहरा

बोधि वृक्ष

कर्मों के असली कर्ता

क्या भगवान ही हमारे द्वारा किये गये प्रत्येक कार्य के वास्तविक कर्ता हैं? यह शंका कई लोगों के मन में रहती है. आमतौर पर कहा जाता है, कि 'बिना भगवान की कृपा के एक पत्ता भी नहीं हिलता.' यह सुनकर लोग निश्चिंत हो जाते हैं, क्योंकि इस वाक्य का प्रचलित अर्थ है कि 'भगवान हमारे सभी कर्मों के कर्ता हैं, इसलिए हमें अपने कर्म सुधारने की चिंता करने की जरूरत नहीं है.' परिणामस्वरूप, लोग अपने गलत कार्यों को सुधारने के लिए कोई भी प्रयास नहीं करते, और यह कहकर उसे उचित ठहराते हैं, 'जैसी भगवान की इच्छा.' यह हानिकारक सोच है. हमें इसे अपने मस्तिष्क से निकाल देना चाहिए. यदि भगवान हमारे सभी कर्मों के कर्ता होते, तो वे सभी कर्म उत्तम होते, क्योंकि भगवान कभी कोई भूल नहीं कर सकते. हालांकि, हमारी असंख्य गलतियां यह दर्शाती हैं कि हम अपनी इच्छा से ही काम कर रहे हैं. दुनिया में इतनी असमानता दिखती है, जिसका सामान्य अर्थ है कि हम सभी को अपने विचारों और कार्यों को चुनने की स्वतंत्रता है. परंतु यह कथन भी सच है कि कुछ वैदिक ग्रंथों में ईश्वर को कर्ता कहा गया है. भगवद्गीता में श्री कृष्ण कहते हैं कि 'मैं सभी जीवित प्राणियों के हृदय में विराजमान हूं, और मुझसे स्मृति, ज्ञान और विस्मृति भी आती है.' पर भ्रम से बचने के लिए उपरोक्त संदर्भ को बहुत ध्यान से समझना चाहिए. यदि हम दो शब्दों को समझ सकें, तो मामला स्पष्ट हो जायेगा : प्रयोजक कर्ता और प्रयोज्य कर्ता.

प्रयोजक कर्ता वह है, जो कर्म करने की शक्ति प्रदान करता है. ईश्वर प्रयोजक कर्ता हैं, क्योंकि वह हमारी इंद्रियों, मन और बुद्धि को कार्य करने की शक्ति प्रदान करते हैं. प्रयोज्य कर्ता वह है, जो शक्ति का उपयोग करता है. प्रत्येक जीवात्मा प्रयोज्य कर्ता है, क्योंकि वह इस शक्ति का उपयोग करती है. ईश्वर कर्ता हैं, क्योंकि वह प्रयोजक कर्ता हैं. आत्मा भी कर्ता है, क्योंकि वह प्रयोज्य कर्ता है. कार्यों के लिए उत्तरदायित्व निर्धारित करने में, प्रयोज्य कर्ता मुख्य है, क्योंकि वह अपनी स्वतंत्र इच्छा का प्रयोग कर सकता है. इसलिए, आत्मा अपने कर्मों के लिए जिम्मेदार है. इस कारण कर्म के विधान के अनुसार आत्मा को कर्मफल मिलता है.

-स्वामी मुकुंदानंद

कुछ अलग

अनूठा है दो घंटे का 'स्क्रीन ब्लैकआउट'

देवेंद्रराज सुथार
टिप्पणीकार
devendrakavi1@gmail.com

डिजिटल युग में मोबाइल फोन, टीवी और अन्य स्क्रीन हमारी दिनचर्या का अभिन्न अंग बन चुके हैं. जहां तकनीक ने जीवन को आसान बनाया है, वहीं इसका अत्यधिक उपयोग, खासकर बच्चों की पढ़ाई और पारिवारिक संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है. इस चुनौती से पार पाने के लिए कर्नाटक के बेलगावी जिले के हलगा गांव की ग्राम पंचायत ने कुछ महीनों पूर्व एक सराहनीय और अनूठी पहल की है. पंचायत ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है कि गांव में प्रतिदिन शाम सात से नौ बजे तक 'स्क्रीन ब्लैकआउट' लागू रहेगा, यानी इस दौरान सभी टीवी, मोबाइल फोन और डिजिटल स्क्रीन बंद रखी जायेंगी.

इस पहल का उद्देश्य बच्चों को मोबाइल की लत से दूर करना, उनकी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कराना और परिवार के सदस्यों के बीच संवाद मजबूत करना है. अक्सर ऐसा देखने में आ रहा है कि बच्चे मोबाइल पर गेम खेलने, सोशल मीडिया या वीडियो देखने में उलझे रहते हैं, जिससे न तो वे ठीक से पढ़ पाते हैं और न ही परिवार के साथ समय बिता पाते हैं. इस समस्या को दूर करने के लिए हलगा गांव में हर शाम ठीक सात बजे सायरन बजाया जाता है, जो इस बात का संकेत होता है कि अब दो घंटे के लिए सभी स्क्रीन बंद कर दी जायें. ग्राम पंचायत के सदस्यों का कहना है कि यह निर्णय किसी दबाव या दंड के रूप में नहीं, बल्कि सामूहिक सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना से लिया गया है. पंचायत सदस्य और स्थानीय शिक्षक घर-घर जाकर अभिभावकों से बातचीत कर रहे हैं और उन्हें इस पहल का महत्व समझा रहे हैं. माता-पिता से अपील की जा रही है कि वे इन दो घंटों में बच्चों के साथ बैठें, उनकी पढ़ाई में मदद करें, उनसे बातचीत करें और उनके मन की बात सुनें. इससे न केवल बच्चों की पढ़ाई सुधरेगी, बल्कि परिवारों के बीच आपसी समझ और भावनात्मक जुड़ाव भी बढ़ेगा.

यह पहल महाराष्ट्र के सांगली जिले स्थित अग्रण धुल गांव के सफल प्रयोग से प्रेरित है, जहां सामूहिक रूप से स्क्रीन बंद रखने के निर्णय से छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन में सकारात्मक बदलाव देखा गया था. गांव में कुल 1,452 घर हैं और पंचायत को उम्मीद है कि यदि सभी परिवार मिलकर इस निर्णय का पालन करेंगे, तो इसके अच्छे परिणाम सामने आयेंगे. हलगा गांव का यह प्रयास बताता है कि सामाजिक समस्याओं का समाधान केवल नियम-कानून से नहीं, बल्कि सामूहिक सोच और सहयोग से भी संभव है. यह पहल न केवल बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है, बल्कि यह पूरे समाज को यह संदेश भी देती है कि तकनीक का संतुलित और सीमित उपयोग ही वास्तव में हमारे विकास और संबंधों को मजबूत बना सकता है.

आपके पत्र

'सेवा तीर्थ' का गहरा अर्थ

प्रधानमंत्री कार्यालय को 'सेवा तीर्थ' कहने का अर्थ गहरा है. यह तीर्थ की तरह पवित्रता और जनसेवा के भाव को दर्शाता है. आर्थिक रूप से यह संकेत देता है कि नीतियां आम जनता के कल्याण और विकास पर केंद्रित होंगी. सामरिक और भू-राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में यह मजबूत नेतृत्व और राष्ट्रीय हितों की रक्षा की प्रतिबद्धता दर्शाता है. राजनीतिक रूप से यह शासन को सेवा भाव से जोड़ने का प्रयास है. कुल मिलाकर, 'सेवा तीर्थ' की अवधारणा शासन को नैतिक और जनोन्मुख बनाने की प्रेरणा देती है.

विक्रम सिन्हा, गिरिडीह

सतर्कता बरते फिल्म उद्योग

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में 'घूसखोर पंडित' फिल्म के टाइटल पर सुनवाई करते हुए कहा है कि इस तरह के टाइटल से समाज में विभाजन और तनाव बढ़ता है. अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ यह कतई नहीं है कि कोई व्यक्ति या समूह किसी समाज या समुदाय की भावनाओं को आहत करे. इस मामले ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सामाजिक सद्भाव के बीच संतुलन की बहस को फिर से जीवंत कर दिया है. उम्मीद है कि भविष्य में फिल्म उद्योग अधिक सतर्कता बरतेगा, ताकि किसी का अपमान न हो.

वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली

सोशल मीडिया

शिक्षा ही वह माध्यम है, जो जीवन में जमीन-आसमान का अंतर ला सकती है. जिन परिवारों ने अपने बच्चों की शिक्षा में समय और संसाधन लगाये है, उनकी उन्नति निश्चित हुई है. मैं आज भी सभी से यही कहती हूं कि थोड़ी जमीन या संपति भले कम लें. लेकिन, बच्चों को सर्वोत्तम शिक्षा दें. समाज को आगे बढ़ाने का यही एकमात्र सशक्त रास्ता है.

दीपिका पांडेय सिंह, मंत्री, झारखंड

कांग्रेस पार्टी के सदन के नेता 1964 में देश को संदेश देते हैं- नेहरू यानी भारत, भारत यानी नेहरू. कोई बात नहीं, क्योंकि वे कांग्रेस पार्टी के राजा यानी अमीर परिवार से आते थे. यहां तो केवल कहने भर से कि प्रधानमंत्री मोदी जी सवालों से ऊपर हैं. वितंडा शुरू. कांग्रेस और नेहरू-गांधी परिवार ने हमेशा देश को गुमराह किया.

निशिकांत दुबे, सांसद, भाजपा

क्विक बाइट्स

योजनाओं का लाभ उठायें मत्स्य कृषक : उप निदेशक

रांची. उप मत्स्य निदेशक (लेखा एवं अंकेक्षण) मनोज कुमार ठाकुर ने मत्स्य कृषकों से निदेशालय की योजनाओं का लाभ उठाने को कहा. उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन एक लाभकारी व्यवसाय है. मत्स्य कृषक इससे जुड़कर ग्रामीण और शहरी अर्थव्यवस्था को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं. प्रशिक्षण में चतरा, साहिबगंज, गिरिडीह, पलामू, पाकुड़ व बोकारो के लगभग 120 मत्स्य कृषक मौजूद थे. उन्होंने कहा कि जलाशयों में केज कल्चर पद्धति द्वारा सघन मछलीपालन किया जा रहा है. तालाबों में भी इसकी व्यापक संभावनाएं हैं. इस मौके पर फसल बीमा, केसीसी तथा प्रधानमंत्री सामूहिक दुर्घटना बीमा योजनाओं के बारे में भी मत्स्य कृषकों को जानकारी दी गयी.

अरुण सिंह आज जमशेदपुर व धनबाद का करेंगे दौरा

रांची. नगर निकाय चुनाव में समर्थित प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने पूरी ताकत झोंक दी है. इसी कड़ी में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह 17 फरवरी को रांची पहुंच रहे हैं. वे मुख्य रूप से जमशेदपुर और धनबाद जायेंगे. वहां वे पार्टी के स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ उच्च स्तरीय बैठक करेंगे. बैठक का मुख्य उद्देश्य चुनाव में जीत की रणनीति को अंतिम रूप देना और संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करना है. पार्टी के लिए सबसे बड़ी चिंता बागी उम्मीदवार हैं. श्री सिंह इन बागी उम्मीदवारों से सीधा संवाद करेंगे और उन्हें पार्टी के पक्ष में बैठाने का प्रयास करेंगे.

भाजपा समर्थित प्रत्याशी के खिलाफ की शिकायत

रांची. भाजपा समर्थित मेयर प्रत्याशी द्वारा बिस्किट के जरिये मतदाताओं को लुभाने की शिकायत लेकर सोमवार को कांग्रेस का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल राज्य निर्वाचन आयोग पहुंचा. मुख्य निर्वाचन आयुक्त को सौंपे ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा समर्थित प्रत्याशी (चुनाव चिह्न बिस्किट छाप) विशेष पैकेजिंग वाले बिस्किट पैकेट बांट कर मतदाताओं को प्रभावित कर रहे हैं. इन पैकेटों पर प्रत्याशी की तस्वीर छपी है और जिस स्थान पर इनकी पैकिंग हो रही थी, वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फ्लेक्स लगे पाये गये हैं. प्रतिनिधिमंडल ने आयोग को साक्ष्य के रूप में एक वीडियो भी सौंपा. कांग्रेस का दावा है कि बिस्किट बांटने का वीडियो भाजपा के एक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के आधिकारिक फेसबुक प्रोफाइल से साझा किया गया है. प्रतिनिधिमंडल ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई और निष्पक्ष जांच की मांग की है. प्रतिनिधिमंडल में सोनाल शांति, ऋषिकेश सिंह, जगदीश साहू, गजेंद्र सिंह, केदार पासवान, अमृत सिंह आदि थे.

बिनोती हांसदा के खिलाफ भाजपा पहुंची आयोग

रांची. आदित्यपुर से मेयर प्रत्याशी बिनोती हांसदा के खिलाफ भाजपा राज्य निर्वाचन आयोग पहुंची. भाजपा का आरोप है कि मेयर प्रत्याशी के पति बोरजो राम हांसदा अपने सोशल मीडिया पोस्ट में भाजपा का झंडा प्रयोग कर रहे हैं. यह चुनाव दलीय आधार पर नहीं है, बावजूद इसके वह ऐसा कर रहे हैं. भाजपा नेता सुधीर श्रीवास्तव ने कहा है कि भाजपा के झंडे के दुरुपयोग से आदित्यपुर के वोटर दुविधा की स्थिति में होंगे. वोटरों को दिग्भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है. पार्टी की ओर से संबंधित दस्तावेज और वीडियो सौंपे गये हैं. प्रतिनिधिमंडल में आरती कुजूर भी शामिल थीं.

विधानसभा : छह आइपीएस को सुरक्षा की जिम्मेवारी

रांची. झारखंड विधानसभा सत्र 18 फरवरी से शुरू हो रहा है. सत्र में सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किये गये हैं. रांची जिला के छह आइपीएस को सुरक्षा की जिम्मेवारी दी गयी है. सुरक्षा में 2000 पुलिसकर्मी लगाये गये हैं. इसके अलावा 12 इंस्पेक्टर, दारोगा व एएसआइ मिलाकर 200 पदाधिकारियों की भी तैनाती की गयी है. सुरक्षा में अर्धसैनिक बल में जैप, एसआइआरबी, इको तथा जिला का रेपिड एक्शन फोर्स के साथ जिला पुलिस की भी तैनाती की गयी है. वहीं जगन्नाथपुर मंदिर के समीप से लेकर विधानसभा तक ड्रोन कैमरे से संदिग्धों व उपद्रवियों पर नजर रखी जायेगी. विपरीत परिस्थिति से निबटने के लिए वाटर केनन, फायर ब्रिगेड वाहन, टीयर गैस टीम, बम स्क्वायड की टीम की भी तैनाती की गयी है. सत्र के दौरान जब माननीयों का आगमन-प्रस्थान होगा, उस दौरान थोड़ी देर के लिए ट्रैफिक को रोका जा सकता है.

सीएम ने पीड़ित परिवार को मदद करने का दिया निर्देश

रांची. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर एक गरीब परिवार की मदद की गुहार सुनते ही तत्काल संज्ञान लिया. स्थानीय मुखिया मनोज कुमार ने मुख्यमंत्री को टैग करते हुए लिखा था कि कोडरमा जिले के जयनगर के एक गरीब परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है. परिवार के पिता और पुत्र दोनों अस्पताल में भर्ती हैं और उन्हें तत्काल आर्थिक व अन्य सहायता की जरूरत है. सीएम ने कोडरमा के डीसी को टैग करते हुए निर्देश दिया कि मामले में तत्काल संज्ञान लें एवं परिवार को जरूरी योजनाओं के तहत मदद पहुंचाते हुए सूचित करें.

सीएम को जुग जाहेर बाहा बोंगा समारोह का निमंत्रण

रांची. मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सोमवार को गिरिडीह के उपायुक्त रामनिवास यादव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार भेंट की. उन्होंने मुख्यमंत्री को 20 फरवरी को गिरिडीह में आयोजित होने वाले मरांग बुरु जुग जाहेर बाहा बोंगा-2026 समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सादर आमंत्रित किया. मुख्यमंत्री ने आमंत्रण को स्वीकार करते हुए अपनी पूर्ण सहमति प्रदान की तथा गिरिडीहवासियों के प्रति अपनी हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त की.

राज्य स्तरीय किसान मेला 26 और 27 फरवरी को

रांची. रामकृष्ण मिशन आश्रम और दिव्यायन कृषि केंद्र की ओर से राज्य स्तरीय किसान मेला का आयोजन 26-27 फरवरी को अनगड़ा में किया जायेगा. इसमें सरकारी और गैर सरकारी विभागों द्वारा स्टॉल लगाये जायेंगे. इस मौके पर किसान गोष्ठी का भी आयोजन होगा. 27 फरवरी को पुरस्कार वितरण होगा.

आइएएस में प्रोन्नति देने पर बनी सहमति

रांची. झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति देने पर सहमति बन गयी है. सोमवार को इसको लेकर दिल्ली में संघ लोक सेवा आयोग की बैठक हुई. बैठक में राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए. बैठक में झारखंड के प्रस्ताव पर विमर्श किया गया. झारखंड प्रशासनिक सेवा के कुल 17 अफसरों को भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति देनी है. इसके विरुद्ध तीन गुना अफसरों की सूची यूपीएससी को भेजी गयी है. बैठक में सहमति के बाद अब राज्य सरकार के पास अफसरों के नाम भेजे जायेंगे, ताकि आरोपों आदि के संबंध में सरकार क्लियरेंस दे सके. सरकार की अनापत्ति के बाद यूपीएससी प्रमोशन देने की कार्रवाई करेगा.

निर्देश. प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने डीएफओ के साथ की समीक्षा बैठक

मानव-हाथी दोनों की सुरक्षा जरूरी तकनीक का इस्तेमाल करें : हॉफ

वरीय संवाददाता, रांची

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ हॉफ) संजीव कुमार की अध्यक्षता में वन मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वन्य प्राणी और मानव संघर्ष की रोकथाम के लिए डीएफओ के साथ बैठक हुई. बैठक में संजीव कुमार ने कहा कि राज्य में लगभग 680 हाथी हैं. उनकी सुरक्षा तथा मानव की सुरक्षा दोनों की जिम्मेवारी हमारे विभाग की है. रीजन व वन प्रमंडल स्तर पर मिलकर काम करें. कॉरिडोर मैपिंग हो चुकी है. आधारभूत संरचना विकसित करें और उपकरणों की खरीद करें, ड्रोन, रेडियो कॉलर आदि एक दूसरे जिला को मदद करें. उन्होंने कहा कि पांच दिन बाद पुनः इस विषय पर दिये गये निर्देश की समीक्षा होगी.

उन्होंने कहा कि मानव व वन्य प्राणी संघर्ष की रोकथाम के लिए तकनीकी सेवाओं को कारगर बनायें. आधारभूत संरचना को मजबूत करें. उन्होंने बताया कि सीएम ने निर्देश दिया है कि हाथी एवं जंगली जानवरों द्वारा हमले, दुर्घटना, मृत्यु की स्थिति में किसी भी हाल में 12 दिनों के अंदर मुआवजे का भुगतान किया जाये. इसे हर हाल में सुनिश्चित करें.

संजीव कुमार ने कहा कि हमारा प्रयास हो कि 10 दिनों के अंदर मुआवजे का भुगतान कर दिया जाये. वन्य जीव हमले की रोकथाम में स्थानीय ग्रामीणों की सहभागिता बढ़ायी जाये. ग्रामीणों को जागरूक करें. उन्हें उपाय बतायें. उन्हें उपकरण और सामग्री उपलब्ध करायें.

झारखंड में हाथियों की संख्या लगभग 680 है

अधिकारियों के साथ बैठक करते प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजीव कुमार.

हाथी प्रोन एरिया को जोन में बांटें और उस पर त्वरित कार्रवाई करें : संजीव

संजीव कुमार ने राज्य के उच्च वन अधिकारियों को निर्देश दिया कि हाथी द्वारा प्रोन एरिया को जोन में बांटें और उस पर त्वरित कार्रवाई करें. 30 मिनट के अंदर क्विक रिस्पांस टीम घटनास्थल पर पहुंचे. प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी रवि रंजन ने वन प्रमंडल पदाधिकारियों को कहा कि सभी वन प्रमंडल पदाधिकारी आपस में मिलकर काम करें. वन प्रमंडल की रक्षा करें और अपने वन प्रमंडल से हाथी को भगाने का काम न करें. हाथी को शांत करने का प्रयास करें. त्वरित कार्य बल हाथी के साथ-साथ चले और यदि हाथी दूसरे वन प्रमंडल में प्रवेश करते हैं, तो दूसरे वन प्रमंडल की टीम साथ मिलकर कार्य करे. इस मौके पर सीसीएफ वन्य प्राणी एसआर नटेश, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रशासन बनकर अजिंक्य आदि मौजूद थे.

सारंडा को अब तक घोषित नहीं किया गया सैंक्चुअरी

सुनील चौधरी/मनोज सिंह, रांची

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी सारंडा के एक हिस्से को सैंक्चुअरी (अभयारण्य) घोषित नहीं किया गया है. 12 फरवरी तक सारंडा को सैंक्चुअरी घोषित करना था. नवंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार को स्पष्ट आदेश दिया था कि वह 31,468.25 हेक्टेयर (लगभग 314 वर्ग किमी) क्षेत्र को सारंडा वन्यजीव अभयारण्य के रूप में अधिसूचित करे. अदालत ने इसके लिए 90 दिनों का समय दिया था. सरकार इस मामले में पुनर्विचार याचिका दायर कर सकती है. इस मामले में सरकार विशेषज्ञों की राय ले रही है. अदालत ने राज्य सरकार को स्पष्ट निर्देश दिया था कि वह सारंडा के 126 कंपार्टमेंट्स (छह को छोड़ कर) को वन्यजीव अभयारण्य के रूप में अधिसूचित करें.

56 गांव के ग्रामीणों ने किया था विरोध : सारंडा के 56 गांवों के हजारों ग्रामीणों व आदिवासी संगठनों ने इसका विरोध किया है. उनका मानना है कि सैंक्चुअरी बनने से वन अधिकार अधिनियम के तहत उनके अधिकार छीन लिये जायेंगे. उन्हें जंगलों से बेदखल किया जा सकता है और उनकी पारंपरिक जीवनशैली प्रभावित होगी.

आयरन ओर का 26% हिस्सा : सारंडा में भारत के कुल लौह अयस्क भंडार का लगभग 26 फीसदी हिस्सा मौजूद है. टाटा स्टील और सेल जैसी बड़ी कंपनियों की खदानें इसी क्षेत्र में हैं.

डेडलाइन पूरी

- पुनर्विचार याचिका दायर कर सकती है राज्य सरकार
- **सुप्रीम कोर्ट ने 12 फरवरी तक सारंडा को सैंक्चुअरी घोषित करने का दिया था आदेश**
- 314 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को अभयारण्य के रूप में अधिसूचित करने को कहा गया था

क्या है मामला

कोर्ट ने 1968 की तत्कालीन बिहार सरकार की अधिसूचना का हवाला दिया- जिसमें इस क्षेत्र को 'गेम सैंक्चुअरी' माना गया था. कई राज्यों के साथ झारखंड के सारंडा मामले की भी सुनवाई हुई थी. इसमें झारखंड सरकार ने कई बार अपना पक्ष रखा. मुख्य सचिव ने चाईबासा के सारंडा को सैंक्चुअरी घोषित करने का शपथ पत्र भी दिया था. राज्य सरकार ने पहले बड़े क्षेत्र (लगभग 57,000 हेक्टेयर) का प्रस्ताव दिया था, लेकिन बाद में इसे घटाकर लगभग 24,941 हेक्टेयर करने की कोशिश की, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया. पुराने 31,468 हेक्टेयर को सैंक्चुअरी बनाये रखने के मानक को बनाये रखा.

यूएस ट्रेड डील भारत के लिए आत्मघाती : प्रणव

वरीय संवाददाता, रांची

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रणव झा ने यूएस ट्रेड डील को देश के हितों के खिलाफ बताते हुए केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा है. सोमवार को कांग्रेस भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में श्री झा ने आरोप लगाया कि यह डील अमेरिकी हितों को साधने वाली और भारतीय अर्थव्यवस्था को तबाही की ओर धकेलने वाली है. यह भारत के लिए आत्मघाती है. उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 2025 में अमेरिका के साथ हमारा निर्यात 86 बिलियन डॉलर और आयात 46 बिलियन डॉलर था, जिससे भारत 40 बिलियन डॉलर के ट्रेड सरप्लस में था. अब 100 बिलियन डॉलर के अतिरिक्त अमेरिकी सामान खरीदने की बाध्यता से यह सरप्लस भारी घाटे में बदल जायेगा. उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यह डील एपस्टीन फाइल और अदाणी मामले के दबाव में की गयी है? उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र को अमेरिकी किसानों के लिए खोलना भारतीय किसानों के साथ अन्याय है. जहां अमेरिकी किसानों को सालाना 64 लाख रुपये सब्सिडी मिलती है, वहीं भारतीय किसानों को सिर्फ 12,000 रुपये. बांग्लादेश अब भारत के बजाय अमेरिका से जीरो टैरिफ पर कपास खरीदेगा, जिससे भारत के कपास निर्यात पर सीधा असर पड़ेगा. रूस से मिल रहे 40 प्रतिशत सस्ते तेल को छोड़ कर अब अमेरिका के आदेश पर वेनेजुएला से तेल खरीदना पड़ेगा, जिसकी निगरानी भी अमेरिका करेगा.

समझौते की शर्तों को संसद में सार्वजनिक किया जाये : प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि सरकार ने राज्यों से बिना परामर्श किये देश की संप्रभुता को दांव पर लगा दिया है. इस समझौते की शर्तों को संसद में सार्वजनिक करने की मांग की.

पत्रकारों से बात करते अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रणव झा व अन्य.

स्वार्थ के लिए संवेदनशील मुद्दों को न भुनाये भाजपा

प्रदेश कांग्रेस के महासचिव आलोक दुबे ने भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी द्वारा स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर दिये गये बयान पर ऐतराज जताया है. उन्होंने कहा कि राजनीतिक स्वार्थ के लिए संवेदनशील घटनाओं को भुनाना दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है. उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को अपनी पिछली सरकारों की नीतियों को नहीं भूलना चाहिए, जिनके कारण आज आधारभूत संरचना में कमियां दिख रही हैं. उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में एंबुलेंस सेवा, अस्पतालों के उन्नयन और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है. श्री दुबे ने नेमरा गांव की घटना को राजनीतिक रंग देने के प्रयास की आलोचना की.

यूएस ट्रेड डील देशहित में ऐतिहासिक : प्रतुल

वरीय संवाददाता, रांची

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर कांग्रेस के आरोपों को निराधार और राजनीतिक हताशा का परिणाम बताया है. उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है. यह समझौता देशहित में ऐतिहासिक है और भारत की आर्थिक शक्ति व वैश्विक प्रभाव को बढ़ाने वाला साबित होगा. कांग्रेस नेता प्रणव झा बयान पर उन्होंने कहा कि अतिरिक्त आयात को नुकसान बताना तकनीकी रूप से गलत है. उन्होंने स्पष्ट किया कि उच्च तकनीक, ऊर्जा और उन्नत मशीनरी के आयात से देश की उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और निवेश और रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे. इससे भारतीय आइटी, फार्मा और इंजीनियरिंग उद्योगों को अमेरिकी बाजार में बड़ी पहुंच मिलेगी. कृषि क्षेत्र पर उठायी गयी आशंकाओं को खारिज करते हुए भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि इस डील से भारतीय मसाले और समुद्री उत्पादों के लिए विशाल बाजार खुलेगा. उन्होंने कपास और वस्त्र क्षेत्र पर खतरे की बात को तथ्यहीन करार दिया. कहा : बांग्लादेश का उदाहरण देकर केवल भ्रम फैलाया जा रहा है. ऊर्जा नीति पर उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत अपनी जरूरतों के अनुसार हमेशा बहु-स्रोत नीति अपनाता है. श्री शाहदेव ने कहा कि 2013 के बाली (इंडोनेशिया) डब्ल्यूटीओ समझौते में कांग्रेस ने ही किसानों के हितों का सौदा कर एमएसपी पर सरकारी सब्सिडी के प्रतिबंध को स्वीकार किया था. उन्होंने आरोप लगाया कि 1980 में इंदिरा गांधी की सरकार ने दाल का आयात कर किसानों के हितों पर कुठाराघात किया था.

बालू को लेकर जनांदोलन की जरूरत : बाबूलाल

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में बालू की लूट ने एक गंभीर सामाजिक और आर्थिक संकट का रूप ले लिया है. इसके खिलाफ राज्यव्यापी आंदोलन की आवश्यकता है. राज्य का कोई भी जिला माफियाओं के चंगुल से अछूता नहीं है. अवैध खनन के कारण बालू की कीमतें आम आदमी की पहुंच से बाहर हो गयी हैं. उन्होंने कहा कि बेतरतीब खनन से न केवल भू-क्षरण बढ़ रहा है, बल्कि नदियों का प्राकृतिक स्वरूप भी नष्ट हो रहा है. उन्होंने कहा कि बालू घाटों की पारदर्शी नीलामी और ग्राम सभाओं की भागीदारी से ही जनता को सस्ता बालू मिल सकता है. उन्होंने इडी के निदेशक से इस पर नकेल कसने के लिए कार्रवाई की मांग की.

दलीय आधार पर चुनाव कराने से डर गयी सरकार

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि विगत वर्षों से शहरी निकाय क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहा है. राजधानी होने के बावजूद लोग पानी, स्वास्थ्य व शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं. यही कारण है कि राज्य सरकार दलगत आधार पर निकाय चुनाव कराने से डर गयी. जनता इस सरकार से त्रस्त है.

13 माह से राज्य के 8.92 लाख परिवारों को नहीं मिली चीनी

प्रमुख संवाददाता, रांची

- दाल और नमक की खेप गोदामों तक पहुंची है, लेकिन गरीबों की थाली से चीनी अब भी गायब है

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के दावों के बीच गरीबों की थाली का गणित बिगड़ा हुआ है. राहत की खबर यह है कि लंबे इंतजार के बाद दाल और नमक की खेप गोदामों तक पहुंच गयी है, लेकिन यह वितरण पिछले साल के बैकलॉग को भरने के लिए हो रहा है. वहीं, गरीबों की थाली से चीनी अब भी गायब है. क्योंकि, इसके सिंगल टेंडर पर विभाग ने फिलहाल कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है. 13 माह से 8.92 लाख परिवारों को चीनी नहीं मिली है. सरकारी आंकड़ों और आपूर्ति की स्थिति पर गौर करें, तो राशन वितरण प्रणाली में लगभग एक साल का विलंब चल रहा है.

कार्डधारियों को अब जाकर अप्रैल 2025 के कोटे का नमक और जुलाई 2025 के कोटे की दाल उपलब्ध करायी जायेगी. यानी जो सामग्री पिछले साल मिल जानी चाहिए थी, वह 2026 के फरवरी महीने में वितरित होगी. इस देरी ने गरीब परिवारों के बजट को बुरी तरह प्रभावित किया है, जिन्हें बाजार से महंगी दरों पर दाल और नमक खरीदने पड़े. वहीं, चीनी का मामला टेंडर की प्रक्रिया में अब भी उलझा हुआ है. विभाग को चीनी की आपूर्ति के लिए सिंगल टेंडर (एकल निविदा) प्राप्त हुआ है. हालांकि, अभी तक इस पर अंतिम निर्णय नहीं हुआ है.

मुख्यमंत्री आज सत्ता पक्ष के विधायकों के साथ करेंगे बैठक

रांची. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विधानसभा के बजट सत्र की पूर्व संध्या (मंगलवार) पर इंडिया गठबंधन के विधायकों के साथ बैठक करेंगे. बैठक में झामुमो, कांग्रेस, राजद व वामदल के सभी विधायक व मंत्री शामिल होंगे. बैठक में विधानसभा सत्र को लेकर रणनीति बनायी जायेगी.

स्पीकर ने भी बुलायी बैठक : स्पीकर ने भी सभी पार्टियों के विधायक दल की बैठक दिन के 12 बजे से विधानसभा कार्यालय में बुलायी है. इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी समेत अन्य दलों के विधायक भी मौजूद रहेंगे. इसके बाद स्पीकर अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे.

निषेधाज्ञा लागू : बजट सत्र को लेकर निषेधाज्ञा लागू की गयी है. इसके तहत विधानसभा परिसर के 750 मीटर के दायरे में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव आदि पर रोक है. निषेधाज्ञा 18 फरवरी की सुबह आठ बजे से 19 मार्च की रात 10 बजे तक रहेगी.

आंदोलनकारी चिह्नितीकरण आयोग का पुनर्गठन हो : मोर्चा

संवाददाता, रांची

- झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने गृह सचिव को मांग पत्र सौंपा

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने झारखंड आंदोलनकारी चिह्नितीकरण आयोग के पुनर्गठन की मांग की है. मोर्चा के प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने गृह सचिव वंदना दादेल से मुलाकात कर इस संबंध में उन्हें ज्ञापन सौंपा. पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी बीमारी और अन्य कारणों से मृत्यु के शिकार हो रहे हैं. ऐसे आंदोलनकारियों के आश्रितों के चिह्नितीकरण के लिए भी आयोग या झारखंड आंदोलनकारी कल्याण बोर्ड का गठन किया जाना जरूरी है. उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने गलत दस्तावेज के आधार पर झारखंड आंदोलनकारी होने का दावा किया है, उन्हें सूची से हटाया भी जाना चाहिए. पुष्कर महतो ने कहा कि कई बार मांग करने के बाद भी दिशोम गुरु शिबू सोरेन को झारखंड आंदोलनकारी के रूप में अधिसूचित नहीं किया गया है. यह झारखंड आंदोलनकारियों का अपमान है. उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन को गजट नोटिफिकेशन कर झारखंड आंदोलनकारी का सर्वोच्च सम्मान दिया जाना चाहिए. इसके अलावा मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा, एनइ होरो, डॉ रामदयाल मुंडा, डॉ बीपी केसरी, जे लुगुन, सीपी तिर्की, विलियम लुगुन, टीके रपाज, सोबरन अंसारी, मंजूर हसन, देवेंद्र मांझी, बागुन सुंब्रई, बिनोद बिहारी महतो, निर्मल महतो, शक्तिनाथ महतो, सुदर्शन भगत, दूती पाहन, बिसुन महतो, ज्ञान रंजन, डॉ निर्मल मिंज, गोलू अंसारी, अजीत तिग्गा, पूरन चंद सहित अन्य झारखंड आंदोलनकारियों को भी राजकीय मान सम्मान दिया जाना चाहिए. रामगढ़, लातेहार जिला, देवघर व चतरा सहित कई जिले हैं जहां अभी तक झारखंड आंदोलनकारियों को समारोह पूर्वक सम्मान पत्र नहीं दिया गया है.

धर्म कोड की मांग को लेकर दिल्ली में होने वाला धरना स्थगित

रांची. सरना धर्म कोड की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर में 17 और 18 फरवरी को होनेवाला धरना स्थगित कर दिया गया है. राष्ट्रीय आदिवासी समाज सरना धर्म रक्षा अभियान की ओर से कहा गया कि दिल्ली में धरना के लिए अनुमति नहीं मिलने की वजह से कार्यक्रम स्थगित किया गया है. इस कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न सरना संगठनों की बैठक सोमवार को सिरमटोली सरना स्थल में हुई. बैठक में कहा गया कि सरना धर्म कोड की मांग को लेकर संघर्ष जारी रखा जायेगा. धर्म कोड की मांग को लेकर झारखंड के अलावा कई अन्य राज्यों से सरना धर्मावलंबी इसमें शामिल होंगे. केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि जल्द ही धरना के लिए नयी तिथि की घोषणा की जायेगी. बैठक में टीएसी सदस्य नारायण उरांव, संगीता कच्छप, राहुल उरांव, सुशीला कच्छप, संदीप उरांव, छोटी उरांव, ललिता उरांव, बिरसा कच्छप, कृष्ण उरांव, दुखन उरांव आदि थे.

विद्युत संशोधन विधेयक पर ऐतराज जताया

रांची. ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआइपीइएफ) ने केंद्र सरकार द्वारा इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल (विद्युत संशोधन विधेयक) के ड्राफ्ट को अंतिम रूप देने के लिए गठित वर्किंग ग्रुप का विरोध किया है. फेडरेशन ने चेतावनी दी है कि यदि कर्मचारियों और इंजीनियरों को विश्वास में लिये बिना बिल को संसद में पेश किया गया, तो देशभर के 27 लाख बिजली कर्मी सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे. फेडरेशन के महासचिव संजय सिंह ने बताया कि केंद्रीय विद्युत मंत्रालय ने 30 जनवरी को एक आदेश जारी कर गोपनीय तरीके से वर्किंग ग्रुप का गठन किया है. इस ग्रुप को 14 दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है. इंजीनियरों की सबसे बड़ी आपत्ति वर्किंग ग्रुप में ऑल इंडिया डिस्कॉम्स एसोसिएशन के डायरेक्टर जनरल को शामिल किए जाने पर है.

द आदिवासीज ऑफ झारखंड पुस्तक पर चर्चा, सामाजिक कार्यकर्ता ज्यां द्रेज ने कहा

आदिवासी सिर्फ एक समुदाय नहीं, सभ्यता है

वरीय संवाददाता, रांची

अर्थशास्त्री व सामाजिक कार्यकर्ता ज्यां द्रेज ने कहा कि आदिवासी सिर्फ एक समुदाय नहीं, सभ्यता है. लोकतांत्रिक व्यवस्था का इससे अच्छा उदाहरण कुछ नहीं हो सकता है. हमलोगों को इससे सीखने की जरूरत है. कई कारणों से इनकी सभ्यता, संस्कृति व परंपरा को नुकसान हो रहा है. स्थिति विकट है. आदिवासी सभ्यता को बचाने के लिए इनको समझना होगा. केवल गरीबी और भूख ही इनकी समस्या नहीं है. ज्यां द्रेज सोमवार को इंस्टीट्यूट फॉर ह्यूमन डेवलपमेंट (आइएचडी) इस्टर्न रीजनल सेंटर द्वारा तैयार द आदिवासीज ऑफ झारखंड : इन सर्च ऑफ ए पीपलहुड पुस्तक की परिचर्चा में बोल रहे थे. आइएचडी के निदेशक डॉ अलख नारायण शर्मा ने कहा कि पुस्तकों पर चर्चा के लिए बौद्धिक ग्रुप होनी चाहिए. यूरोपियन देशों में ऐसा होता है. यह पुस्तक आदिवासियों को समझने का बड़ा प्रयास है. आदिवासियों के योगदान को समझना होगा. पर्यावरण में उनके योगदान को मौद्रिक रूप में रिटर्न देना चाहिए. यह पुस्तक झारखंड के आदिवासी समुदायों की सामाजिक-आर्थिक सच्चाइयों, उनकी पहचान, लोकतंत्र और पारिस्थितिक संबंधों का एक गहन विश्लेषण पेश करती है.

परिचर्चा में शामिल सामाजिक कार्यकर्ता ज्यां द्रेज व अन्य.

आदिवासियों की परंपरा का अध्ययन करना चाहिए

वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी समाज में गरीबी, भुखमरी और बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं की कमी आज भी बड़ी चुनौती है. पलायन के मूल कारणों को समझना जरूरी है. संत जेवियर कॉलेज के प्रो मार्कस बारला ने सुझाव दिया कि शोध संस्थानों को आदिवासी समुदायों और सरकार के बीच पुल की तरह काम करना चाहिए. उनकी परंपराओं का गहन अध्ययन करना चाहिए. कृषि विभाग के पूर्व सलाहकार प्रदीप हजारी ने कहा कि यह पुस्तक नीति निर्माताओं के लिए मार्गदर्शिका साबित होगी. मौके पर रांची विवि के डॉ ज्योति प्रकाश, टेडेक्स के राजीव गुप्ता आदि थे.

आदित्य नारायण चोपड़ा

adityachopra@punjabkesari.com

एआई महाकुंभ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजधानी दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट की शरूआत कर दी है। देश-विदेश की दिग्गज हस्तियां और अनेक देशों के राष्ट्राध्यक्ष मंत्री और दिग्गज उद्योगपति इस में शामिल होंगे। यह समिट ऐसे समय में आयोजित हो रहा है जब दुनिया तेजी से आर्टिफिशियल इटैलिजेंस को अपना रही है। सरकार का उद्देश्य भारत को वैश्विक एआई परिदृश्य की एक विश्वसनीय आवाज के तौर पर स्थापित करना है। एआई के क्षेत्र में अभी अमेरिका और चीन का दबदबा है। लगभग 90 प्रतिशत एआई पेटेंट अमेरिका, चीन और यूरोप से आते हैं। भारत अमेरिका और चीन के साथ कितनी तेजी से इस क्षेत्र में दौड़ लगाएगा यह समिट इसकी रूपरेखा तैयार करेगा। गूगल के सीईओ सुंदर पिचई, ओवन एआई के सैम आस्ट मैन, माइक्रो सौफ्ट के प्रेजीडेंट ब्रैड समिथ, जीप माईंड के डमिस, क्वालकाम के सीईओ क्रिस्टियानो अमीन और अन्य दिग्गज मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। ग्लोबल साउथ के पहले और सबसे बड़े इस सम्मेलन में एआई के वैश्विक प्रभावों जैसे रोजगार, परिदृश्य, सड़क सुरक्षा के लिए एआई के प्रयोग, सुरक्षित गतिशीलता, ड्राइवरों की ट्रेनिंग और जनहित के लिए प्रौद्योगिकी आधारित प्रभाव को समर्थन देने वाले एआई प्रयोगों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। अनुसंधान से समाधान तक जैसे विषय पर विशेष सत्र होंगे जिनमें इस बात की पड़ताल की जाएगी कि एआई किस प्रकार टिकाऊ, कुशल और जलवायु संवेदनशील कृषि को समर्थन दे सकता है। इसी तरह के विशेष सत्र पैरिस, बर्लिन, न्यूयार्क, जेनेवा, ओस्लो, बैंकाक और टोकियो में आयोजित किए जाएंगे। एआई को अपनाने के लिए व्यापक स्तर पर कौशल की जरूरत होगी। इसके लिए भी विस्तृत गाइडलाइन्स तैयार की जाएगी। भारत के पास ऐसी मजबूती है जो एआई के क्षेत्र में बहुत आगे बढ़ सकता है। एआई टूल्स के क्षेत्र में भारत दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ता बाजारों में से एक है जिन्हें तमाम कम्पनियां तेजी से अपना रही हैं।

> **एआई के क्षेत्र में चुनौतियां कोई कम नहीं हैं। एआई कम्पनियों, उद्योगों यहां तक कि अदालतों में केसों के प्रबंधन, वर्चुअल अदालतों के जरिए मामलों के निपटान में तेजी लाने में सहायक हो सकता है लेकिन एआई का बढ़ता दुरुपयोग एक चुनौती बनकर सामने आया है। गोपनीयता, सुरक्षा, राष्ट्रीय और व्यक्तिगत और निष्पक्षता से संबंधित चिंताएं केन्द्र में हैं। एआई का उपयोग करके डीप फेक, दुष्प्रचार और घातक हथियार विकसित करने का खतरा है जो मानव की सुरक्षा के हित में नहीं होंगे।**

एमेजॉन ने वर्ष 2030 तक 35 अरब डॉलर से अधिक निवेश का वादा किया है, माइक्रोसॉफ्ट ने चार साल में 17.5 अरब डॉलर और गूगल ने 15 अरब डॉलर का निवेश करने की घोषणा की है। यह अमेरिका से बाहर गूगल का सबसे बड़ा एआई और डेटा सेंटर हब होगा। भारत की डिजिटल सार्वजनिक अधोसंरचना, कम लागत वाले डेटा और डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम के बाद नियामक स्थिरता ने निवेशकों का भरोसा मजबूत किया है। भारत की व्यापक रणनीति, सॉवरिन कंप्यूट और घरेलू लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स में निवेश के साथ, महंगे फ्रंटियर मॉडल विकास और क्षेत्रवार इस्तेमाल पर ध्यान केंद्रित करने के बीच संतुलन बनाने का लक्ष्य रखती है। इस संदर्भ में ताजा आर्थिक समीक्षा ने भी फ्रंटियर मॉडल विकास और एप्लीकेशन आधारित इस्तेमाल के बीच असमानता को रेखांकित किया है। यह उल्लेख करते हुए कि फ्रंटियर गैप को कम करने के प्रयास में ज्यादा खर्च आ सकता है। इसलिए या तो फ्रंटियर यानी अग्रणी स्तर के मॉडलों का अनुसरण किया जाए या सीमित संसाधनों को घरेलू प्राथमिकताओं के अनुरूप क्षेत्र विशिष्ट एआई प्रणालियों की ओर निर्देशित किया जाए। संरचनात्मक स्तंभों में 38,000 ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स (जीपीयू) के माध्यम से कंप्यूट तक पहुंच का विस्तार, एआई कोश डेटासेट भंडार का निर्माण, एआई सुरक्षा संस्थान की स्थापना और एआई इंसिडेंट का डेटाबेस बनाना शामिल हैं। ये महत्वपूर्ण संस्थागत कदम है लेकिन लागू की जा सकने वाली जवाबदेही, मजबूत डेटा शासन और स्पष्ट निवारण तंत्र अत्यंत महत्वपूर्ण रहेंगे। यदि प्रोत्साहन कंपनियों को अपारदर्शिता की ओर धकेलते हैं तो स्वैच्छिक अनुपालन पर्याप्त नहीं होगा।

एआई के क्षेत्र में चुनौतियां कोई कम नहीं हैं। एआई कम्पनियों, उद्योगों यहां तक कि अदालतों में केसों के प्रबंधन, वर्चुअल अदालतों के जरिए मामलों के निपटान में तेजी लाने में सहायक हो सकता है लेकिन एआई का बढ़ता दुरुपयोग एक चुनौती बनकर सामने आया है। गोपनीयता, सुरक्षा, राष्ट्रीय और व्यक्तिगत और निष्पक्षता से संबंधित चिंताएं केन्द्र में हैं। एआई का उपयोग करके डीप फेक, दुष्प्रचार और घातक हथियार विकसित करने का खतरा है जो मानव की सुरक्षा के हित में नहीं होंगे। एआई सिस्टम को प्रशिक्षित करने के लिए विशाल डेटा की जरूरत होती है जिससे व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा जोखिम में पड़ सकती है। नैतिक और सामाजिक मुद्दों से छेड़छाड़ भी नुक्सानदेह हो सकती है। साइबर सुरक्षा आज के दौर में बहुत महत्वपूर्ण हो चुकी है। भारत जैसे देश में एआई के लिए वित्त पोषण भी कोई कम चुनौतीपूर्ण नहीं होगा। आज एआई परिदृश्य में एक विरोधाभास सामने आ रहा है। जिसमें अत्याधुनिक माडल बहुत अधिक महंगे होने के साथ-साथ आम वस्तु बनते जा रहे हैं। सरकारों को बुनियादी ढांचे के बिल्कुल नए रूपों पर भी विचार करना चाहिए। जिस तरह वैश्विक दक्षिण ने हल्के, कम लागत वाले भौतिक बुनियादी ढांचे के रूपों का नेतृत्व किया। उदाहरण के लिए बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम, उसी तरह बुनियादी एआई पर पुनर्विचार करने के अवसर भी मौजूद हैं। सामान्य प्रयोजन अनुवाद मॉड्यूल इसका एक उदाहरण हैं। भारत में भाषिनी और अफ्रीका में मसाखाने जैसी पहलें अंतिम-उपयोगकर्ता अनुप्रयोग नहीं हैं, बल्कि साझा परतें हैं जो पुन: प्रयोज्य भाषाई क्षमताएं प्रदान करती हैं। अन्य विकल्पों में कम संसाधन वाली भाषाओं के लिए ओपन स्पीच-टू-टेक्स्ट सिस्टम, या मूल्यांकन बेंचमार्क शामिल हैं जो अधिक संदर्भ-संवेदनशील, स्थानीय रूप से संरेखित मॉडल को सुगम बनाते हैं। बुनियादी ढांचे में एआई निवेश का लाभ यह है कि इससे उच्च स्तर का लाभ मिलता है। यह कई तरह के नवाचारों को बढ़ावा देता है लेकिन ऐसे मामले भी हैं जहां विशिष्ट अनुप्रयोगों के लिए अधिक लक्षित सार्वजनिक वित्तपोषण अधिक उपयुक्त होता है। सरकारों को निजी क्षेत्र में एआई का बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। निजी क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए रोड मैप तैयार करना होगा। चुनौतियों के बावजूद इस समिट से उम्मीद है कि वैश्विक चर्चा के दौरान एआई के दुष्प्रभावों को नियंत्रित करने का समाधान मिलेगा। एआई दुनिया को नया आकार देने की क्षमता रखती है। ऐसे में यह सम्मेलन दिशा और मानकों को प्रभावित करने के लिए एक अच्छी पहल मानी जा सकती है।

वंदेमातरम्...



गीता पाढा

"वंदेमातरम् यह गीत स्वयं में ही इतना महान है,
फिर क्यों इसके गायन पर शुरू हुआ यह घमासान है,,
हमारे वीर बलिदानियों के अमर त्याग का यह प्रमाण है,
एकता , अखंडता और राष्ट्र प्रेम का यह अमिट गान है,,
न हिन्दू, न मुस्लिम यह सभी धर्मों का करता सम्मान है,
भारत माता के वंदन का इस गीत में गुणगान है...।।"

विजय दर्डा

संपादक : लोकमत समूह

पूर्व राज्यसभा सांसद

अवाम ने जम्हूरियत को बचा लिया !

मैं अभी इजिप्ट की यात्रा पर था और इस बात को लेकर आश्चर्य में था कि वहां कई लोगों ने बांग्लादेश चुनाव को लेकर सवाल किए। लोग यह जानना चाहते थे कि चुनावी ऊंट किस करवट बैठेगा? मैंने बांग्लादेश के मतदाताओं पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि जम्हूरियत को बचाना है तो बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं है। जमात-ए-इस्लामी और नेशनल सिटिजन पार्टी देश को कट्टरपंथ के रास्ते पर ले जाएंगी।

...और मेरा भरोसा सच साबित हुआ। बीएनपी जीत गई। यानी वहां की अवाम ने जम्हूरियत को बचा लिया। करीब डेढ़ साल पहले जब कट्टरपंथी आंदोलन ने शेख हसीना का तख्तापलट किया तो एक बार ऐसा लगा कि जम्हूरियत को पसंद करने वाला देश कट्टरपंथ के रास्ते पर चल पड़ा है। अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार की खबरें आम हो गईं। इसे रोकने के बजाय अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने भारत विरोधी भावना को और बढ़ाया ही।

भोले-भाले चेहरे के पीछे शैतान छिपा बैठा था। वे पाकिस्तान और चीन की गोद में खेलने लगे। चुनाव को उन्होंने बार-बार टालने की कोशिश की ताकि सत्ता उनके पास बनी रहे। जब उन्हें भरोसा हो गया कि बांग्लादेश की नसों में धर्मांधता का जहर पूरी तरह पिरो दिया गया है तब उन्होंने चुनाव की घोषणा की। वैसे चुनाव के लिए उन पर दबाव भी बढ़ने लगा था। वे यह मान कर चल रहे थे कि चुनाव बाद भी सत्ता पर कट्टरपंथी ताकतें ही काबिज होंगी और उनका वजूद बना रहेगा।

जमात-ए-इस्लामी और शेख हसीना के खिलाफ आंदोलन करने वाली नेशनल सिटिजन पार्टी को लग रहा था कि सत्ता की बंदरबांट में वही मुख्य किरदार रहेंगे। वे यह मान कर चल रहे थे कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के लिए चुनाव आसान नहीं होगा क्योंकि खालिदा जिया हैं नहीं और 17 साल तक देश से बाहर रहने वाले तारिक रहमान इतनी जल्दी देश से कनेक्ट नहीं कर पाएंगे, मगर तारिक ने ऐसा कनेक्ट किया कि बाकी सबकी नाव डुबो दी।

तारिक पिछले साल दिसंबर में ढाका लौटे तो बीएनपी में जैसे नई जान आ गई। उन्होंने जनता से संवाद का बिल्कुल नया तरीका अपनाया। उन्होंने चुनाव प्रचार के 19 दिनों में 64 रैलियां कीं और इन रैलियों में अपनी पत्नी डॉ. जुबैदा रहमान और बेटी जाइमा रहमान को भी साथ रखा। वे खुद को एक पारिवारिक व्यक्ति के रूप में देश के सामने रखना चाहते थे। अपनी रैलियों और सभाओं में उन्होंने आम लोगों को मंच पर आमंत्रित किया, उनसे बात की, सवाल पूछे, समस्याएं जानीं और भरी सभा में समस्याओं के निदान का आश्वासन भी दिया। इन नीतियों ने उन्हें मतदाताओं के काफी करीब ला दिया।

> **जमात-ए-इस्लामी को धूल चटाकर बांग्लादेश के लोगों ने स्पष्ट कर दिया है कि कट्टरपंथ पसंद नहीं, तारिक रहमान के लिए आगे की राह आसान नहीं रहने वाली है। क्या वे कट्टरपंथी ताकतों पर लगाम लगाने में सफल हो पाएंगे ?**

इस दौरान वे देश में शांति, सद्भाव और लोकतंत्र की बात करते रहे। बांग्लादेश की अस्मिता को लेकर उन्होंने नारा दिया- न दिल्ली, न पिंडी! आशय यह था कि वे न तो दिल्ली के दबाव में रहेंगे और न ही रावलपिंडी के दबाव में होंगे। वे तो वही करेंगे जो बांग्लादेश के हित में होगा। इस नारे ने भी मतदाताओं को उनकी ओर आकर्षित किया।

उन्हें न पसंद करने वाली शेख हसीना की अवामी लीग के समर्थकों के लिए भी वही उम्मीद की एकमात्र किरण थे। इसलिए आश्चर्य नहीं कि उन्हें अवामी लीग के मतदाताओं ने भी वोट दिया हो। अवामी लीग का मुख्य मकसद था जमात-ए-इस्लामी और नेशनल सिटिजन पार्टी को रोकना और वह मकसद तारिक को मजबूत करके ही पूरा हो सकता था। काफी हद तक इसमें सफलता मिली है। जमात को तो फिर भी विपक्ष में बैठने का मौका मिल गया है लेकिन छात्र आंदोलन से जन्मी नेशनल सिटिजन पार्टी का तो बेड़ा ही गर्क हो गया।

तारिक रहमान की जीत के साथ अब कई और सवाल भी हैं? मसलन क्या वे आसानी से बांग्लादेश को आर्थिक रूप से उसी मुकाम पर ले जा पाएंगे जहां शेख हसीना ने पहुंचाया था? पाकिस्तान या चीन का उन पर कितना प्रभाव होगा और सबसे बड़ा सवाल कि भारत के साथ क्या वे रिश्तों में कड़वाहट कम कर पाएंगे? अभी मैं रिश्तों में मिठास की तो बात ही नहीं कर रहा हूं क्योंकि भीषण कड़वाहट भरी हुई है।

सबसे पहले बात आर्थिक मुकाम की जो तारिक के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण रहने वाला है। मो. यूनुस के कार्यकाल में देश की आर्थिक स्थिति खस्ताहाल है। इसे पटरी पर लाने के लिए वे निश्चय ही अमेरिका की ओर देखेंगे लेकिन चीन की नजर भी उन पर रहेगी। अमेरिका उनके देश में सैन्य अड्डा बनाना चाहता है! क्या वे इजाजत देंगे?

ऐसे कई सवाल और भी हैं लेकिन बड़ा सवाल भारत के साथ रिश्तों का है। यदि भौगोलिक रूप से देखें तो बांग्लादेश और भारत सबसे करीबी पड़ोसी हैं। बांग्लादेश की 94 प्रतिशत सीमा भारत से लगती है।

भारत के साथ बेहतर रिश्तों के बगैर आर्थिक रूप से समृद्ध बांग्लादेश की कल्पना भी नहीं की जा सकती। भारत ने बीएनपी की जीत के काफी पहले बेहतर रिश्तों के लिए पहल कर दी थी। तारिक की मां खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में विदेश मंत्री एस. जयशंकर खुद गए थे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शोक संदेश पत्र उन्हें सौंपा था, हालांकि खालिदा जिया ने जब भी कुर्सी संभाली तो भारत के साथ उनके रिश्ते बहुत अच्छे नहीं रहे लेकिन इस कहावत को कौन दरकिनार कर सकता है कि राजनीति और कूटनीति में न कोई दोस्त होता है और न ही कोई दुश्मन। तारिक के पास एक बेहतर अवसर है कि वे भारत के साथ दोस्ती की राह पर आगे बढ़ें। इसी में उनकी भी भलाई है और हमारी भी।

बांग्लादेश के बेहतर भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। जमात जैसी कट्टरपंथी ताकतों से लड़ने के लिए परवरदिगार असीम शक्ति दे। यही कामना!

अब एआई कंटेंट की होगी बेहतर निगरानी

रोहित माहेश्वरी

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने जहां दुनिया को तेज और स्मार्ट बनाया है, वहीं इसके दुरुपयोग ने भी गंभीर चिंता पैदा कर रखी है। डीपफेक वीडियो, फर्जी तस्वीरें और एआई जनित भ्रामक सामग्री न केवल लोगों की प्रतिष्ठा को नुक्सान पहुंचा रही हैं, बल्कि साइबर ठगी और सामाजिक भ्रम का कारण भी बन रही हैं। इन खतरों को मध्य में रखकर केंद्र सरकार की ओर से सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में किए गए हालिया संशोधन को डिजिटल दुनिया में बढ़ती चुनौतियों के बीच एक महत्वपूर्ण कदम कहा जा सकता है।

आगामी 20 फरवरी से लागू होने जा रहे इन नियमों के तहत अब एआई से तैयार किए गए फोटो और वीडियो पर लेबल लगाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही फेक कंटेंट को हटाने की समय सीमा 36 घंटे से घटाकर तीन घंटे कर दी गई है। नए प्रावधानों के तहत एआई कंटेंट में स्थायी मेटाडेटा और डिजिटल पहचान चिह्न जोड़ने की अनिवार्यता भी तय की गई है, ताकि ऐसे कंटेंट की पहचान आसानी से की जा सके। यह बदलाव डिजिटल पारदर्शिता और नागरिक सुरक्षा के लिहाज से बेहद अहम है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारतीय कंपनियों के लिए साइबर सुरक्षा अब सबसे बड़ी चुनौती है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल, जैसे कि चैटजीपीटी की मदद से नकली आधार और पैन कार्ड बनाए जा सकते हैं। इस रिपोर्ट ने एआई के संभावित दुरुपयोग की क्षमता के बारे में नई चिंताएं पैदा कर दी हैं।

एक नए सर्वे में 51 फीसदी बिजनेस लीडर्स ने इसे प्राथमिक जोखिम माना। 'फिक्की-ईवाय रिस्क सर्वे 2026' की रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है। इसमें डिजिटल युग के बढ़ते खतरों पर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तकनीकी जोखिम अब सीधे कंपनी के कामकाज से जुड़ गए हैं। सर्वे के अनुसार, 61 फीसदी लोग साइबर हमलों से डरे हुए हैं। डेटा चोरी और धोखाधड़ी को 57 फीसदी ने बड़ा जोखिम माना। लगभग 47 फीसदी कंपनियां इन आधुनिक खतरों से निपटने में नाकाम हैं। साइबर हमलों से कंपनियों की प्रतिष्ठा और वित्त पर असर पड़ता है। डिजिटल बदलाव कंपनियों की प्रतिस्पर्धी स्थिति को प्रभावित कर रहे हैं। यह सर्वे 137 सीईओ और सीनियर डिसीजन-मेकर्स पर आधारित है। इसमें 21 फीसदी प्रतिभागी टेक्नोलॉजी सेक्टर से थे। प्रोफेशनल सर्विसेज दूसरे नंबर पर। साइबर अटैक अब सिर्फ आईटी मुद्दा नहीं। यह ऑपरेशनल कंटिन्यूटी से जुड़ा है। 61फीसदी लीडर्स मानते हैं कि साइबर हमले वित्तीय और रेपुटेशनल खतरा हैं। तेज टेक्नोलॉजिकल बदलावों को 61फीसदी कंपनियां प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करने वाला मान रहे हैं।

सर्वे के अनुसार, आज के दौर में एआई एक 'दोधारी तलवार' बन गया है। करीब 60 फीसदी विशेषज्ञों का मानना है कि तकनीकी पिछड़ापन घातक है। सही समय पर नई तकनीक न अपनाना नुक्सानदेह हो सकता है। वहीं, 54 फीसदी लोग एआई के एथिकल और गवर्नेंस संबंधी जोखिमों से चिंतित हैं। इन जोखिमों का प्रबंधन अभी भी प्रभावी ढंग से नहीं हो रहा है।

ग्लोबल साइबरपीस समिट 2026 में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के अनुसार 2024-2025 के दौरान दर्ज साइबर हमलों में एआई और ऑटोमेशन का व्यापक इस्तेमाल देखने को मिला है। अब साइबर अपराधी किसी छोटे गैंग की तरह नहीं, बल्कि कंपनियों की तरह संगठित ढांचे में काम कर रहे हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका, मध्य-पूर्व और भारत के कुछ हिस्सों से संचालित ये नेटवर्क अलग-अलग विभागों में बंटे हुए हैं। इन गिरोहों के पास भर्ती करने वाली टीम, वेतन और प्रमोशन देखने वाले लोग और यहां तक कि रिसर्च एंड डेवलपमेंट यूनिट भी होती है। ये टीमें टेक्नोलॉजी की कमियों और इंसानी व्यवहार की कमजोरियों को खोजकर उनका फायदा उठाती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में साइबर अपराध से दुनिया को लगभग 10.8 ट्रिलियन डॉलर का नुक्सान होने का अनुमान था, जो इस साल करीब 12 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। कई अंतर्राष्ट्रीय थिंक टैंकों का दावा है कि अब लगभग 80 प्रतिशत साइबर हमलों में किसी न किसी रूप में एआई की भूमिका है। एआई का इस्तेमाल अब डीपफेक तकनीक में भी हो रहा है। डिजिटल अरेस्ट जैसे मामलों में अपराधी किसी प्रसिद्ध पुलिस अधिकारी का चेहरा और आवाज नकली तरीके से दिखाकर पीड़ित को डराते हैं जिससे वह खुद को असली अधिकारी से बात करते हुए समझता है। साइबर अपराध में अब ट्रिपल एक्सटॉर्शन मॉडल भी सामने आया है। इसमें पहले रैनसमवेयर से डेटा लॉक किया जाता है फिर उसे लीक करने की धमकी देकर पैसे वसूले जाते हैं। इसमें संगठित गिरोह उन लोगों को भी अपराध की सुविधा देते हैं जिनके पास तकनीकी जानकारी नहीं होती। यानी पैसे दो और तैयार साइबर क्राइम सेवा लो। इस तरह के मामलों में कई वरिष्ठ सरकारी अधिकारी तक ठगी का शिकार हो चुके हैं। साफ है कि एआई ने साइबर अपराध को पहले से कहीं ज्यादा संगठित तेज और खतरनाक बना दिया है। वर्तमान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल के तो कई तरीके मौजूद हैं लेकिन इन्हें किस हद तक इस्तेमाल में लाया जाना चाहिए, इसके लिए नियम-कानूनों का अभाव है। हमारा देश और दुनिया भी एआई के बढ़ते कदमों और उसके प्रभावों को लेकर गंभीर है। इसी क्रम में दिल्ली के भारत मंडपम में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' का आगाज हो रहा है। 20 फरवरी तक चलने वाले इस महाकुंभ में दुनिया की 300 से ज्यादा कंपनियां भविष्य की तकनीक दिखाएंगी। खेती से लेकर सेहत तक, एआई आपकी जिंदगी को कैसे आसान बनाएगा, इसकी पूरी झलक यहां देखने को मिलेगी। आईटी के नए नियमों का सबसे सकारात्मक पहलू यह है कि अब एआई से बने कंटेंट को छिपाना आसान नहीं रहेगा। लेबलिंग व डिजिटल पहचान चिह्न से आम व्यक्ति यह समझ सकेगा कि उसके सामने मौजूद सामग्री वास्तविक है या तकनीक से तैयार की गई है।

इससे सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और भ्रामक अभियानों पर भी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

छत्तीसगढ़ का बजट 24 को

रायपुर, आशीष शर्मा (पंजाब केसरी): छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र की तैयारियां तेज हो गई है। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए राज्य सरकार का मुख्य बजट आगामी 24 फरवरी को पेश किया जाएगा। विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी राज्य सरकार का मुख्य बजट पेश करेंगे। सरकार का दावा है कि इस बार नए थीम के साथ बजट पेश किया जाएगा। जिसमें किसान, युवा और महिलाओं को विशेष तौर पर ध्यान में रखा जा रहा है। सभी वर्गों को ध्यान में रखकर तैयार किया गए इस बजट में प्राथमिकता तय की गई है कि विकास को को गति मिले। वहीं जनहित की योजनाओं को और भी मजबूत किया जाए। दरअसल, राज्य विधानसभा का बजट सत्र आगामी 23 फरवरी से शुरू हो रहा है। 20 मार्च तक चलने वाले बजट सत्र में कुल 15 बैठकें ही होगी। सदन में पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा। इसके बाद अभिभाषण पर ज्ञापित कृतज्ञता प्रस्ताव पर चर्चा होगी। हालांकि इससे पहले ही सरकार ने बजट पेश करने का निर्णय ले लिया है।

नायब सैनी 2 मार्च को करेंगे बजट पेश

चंडीगढ़, राजेश जैन(पंजाब केसरी): हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर वित्त मंत्री दो मार्च को विधानसभा में प्रदेश का बजट पेश करेंगे। पिछले वर्षों के मुकाबले इस वर्ष विधानसभा का बजट सत्र लंबा अथवा करीब एक माह तक चलेगा। राज्य सरकार की ओर से सोमवार को बजट सत्र का अस्थाई कार्यक्रम विधानसभा सचिवालय को भेज दिया गया है। इस कार्यक्रम पर अंतिम मोहर 19 फरवरी को होने वाली बिजनेस सलाहकार कमेटी की बैठक में लगेगी। कार्यक्रम के मुताबिक 20 फरवरी की सुबह राज्यपाल प्रो.असीम घोष के अभिभाषण से बजट सत्र शुरू होगा। राज्यपाल की हरियाणा के नियुक्ति के बाद यह पहला अवसर है जब वह विधानसभा को संबोधित करेंगे। इसी दिन दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। अस्थाई कार्यक्रम के अनुसार बजट सत्र 18 मार्च तक चलेगा। करीब 27 दिन तक चलने वाले बजट सत्र में 13 अवकाश होंगे। यानी सदन की कुल कार्यवाही 14 दिनों तक चलेगी। 21 व 22 फरवरी को अवकाश रहेगा। अगले दिन 23 फरवरी को सुबह 11 बजे से राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा आरंभ होगी, जो कि 26 फरवरी तक चलेगी। 27 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर हुई चर्चा को लेकर उठे मुद्दे पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से जवाब दिया जाएगा। 28 फरवरी व एक मार्च को अवकाश रहेगा। अगले दिन दो मार्च को सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपनी सरकार का दूसरा बजट पेश करेंगे। हरियाणा सरकार के अस्थाई कार्यक्रम के मुताबिक तीन मार्च को कोई सीटिंग नहीं होगी और चार मार्च को होली का अवकाश रहेगा। पांच से नौ मार्च तक बजट पर अपनी सिफारिश, संशोधन और सुझाव देने के लिए विधायकों के समूहों की बैठकें होंगी। इस अवधि में विधानसभा की कार्यवाही का संचालन नहीं होगा। 10 मार्च को सुबह 11 बजे से विधानसभा में साल 2026-27 के वार्षिक आम बजट पर चर्चा आरंभ की जाएगी, जो कि 13 मार्च तक लगातार चलेगी।

पिछली सरकारों ने लोगों की लाशों से पैसा कमाया : मान

मोगा, (पंजाब केसरी):मोगा में विलेज डिफेंस कमेटी (वी.डी.सी.) के शपथ ग्रहण समारोह में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पंजाब सरकार के 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान के तहत स्पष्ट और सख्त संदेश देते हुए कहा कि जहां शिरोमणि अकाली दल, भाजपा और कांग्रेस ने राज्य को नशों में डुबो दिया, वहीं 'आप' की सरकार इस नुकसान की भरपाई के लिए नशों के कारोबार में शामिल हर किसी के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है।

इस दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि पिछली सरकारों ने पंजाब की नसों में ऐसा चिट्टा (नशा) उतारा कि अनगिनत घरों

में मातम बिछ गया और माताओं-बहनों की खुशियां उजड़ गईं। पिछली सरकारें लोगों की लाशों और खून से पैसे कमाती रहीं। जिनका नाम नशे में आता था, उनका नशा सरकारी गाड़ियों में जाता था और पुलिस को आदेश होता था कि उस नंबर की गाड़ी को रोका न जाए। भगवंत मान ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने वादा किया था कि हम पंजाब से नशा खत्म करेंगे। सरकार ने रिसर्च करके काम शुरू किया। सबसे पहले नशा मुक्ति केंद्र बनाए, वहां दवाइयां और काउंसलर नियुक्त किए ताकि जो नौजवान मरीज बन चुके हैं, उनका इलाज हो सके। इसके बाद सप्लाई चेन को तोड़ा गया। तस्करों ने जो बड़ी-बड़ी कोठियां और महल बना लिए थे, उन पर पंजाब सरकार ने पीला पंजा (बुलडोजर) चलाया। आप सरकार पंजाबियों पर केस करने या डराने नहीं आई है, बल्कि पंजाब को दोबारा पंजाब बनाने आई है।भगवंत मान ने 10 लाख रुपए के मुफ्त इलाज वाली पंजाब सरकार की मुख्यमंत्री सेहत योजना पर कहा कि विरोधी इसमें भी नुक्स निकाल रहे हैं।

सम्राट विक्रमादित्य की नगरी उज्जैन बना रही नए कीर्तिमान : डॉ. यादव

भोपाल, मनीष शर्मा (पंजाब केसरी): मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में सभी क्षेत्रों में विकास के नए प्रतिमान स्थापित हो रहे हैं। उज्जैन में आयोजित विक्रमोत्सव और विक्रम व्यापार मेला इस तथ्य का परिचायक है। इन आयोजनों से नगर निगम सहित स्थानीय संस्थाओं की आय बढ़ाने ओर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिली है। मुख्यमंत्री ने रविवार को उज्जयिनी विक्रम व्यापार मेला का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया। उन्होंने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य की नगरी अवंतिका विकास के नए कीर्तिमान बना रही है। उन्होंने कहा कि विक्रम व्यापार मेले में वाहन लेने वालों को छूट का पर्याप्त लाभ मिल रहा है। इस वर्ष विक्रम व्यापार मेले में फोर व्हीलर के 139 स्टाल, सांची पार्लर सहित अन्य उपयोगी सामग्रियों के स्टाल लगाए गए हैं।

शबरिमला मंदिर में रजस्वला आयु की महिलाओं के प्रवेश का विरोध

कोट्टायम, (पंजाब केसरी): केरल के दो प्रमुख हिंदू जाति संगठनों - एनएसएस और एसएनडीपी योगम ने सोमवार को दोहराया कि रजस्वला आयु की महिलाओं को शबरिमला मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। संगठनों का बयान तब आया जब उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में पुनर्विचार याचिकाओं पर विचार किया।नायर सर्विस सोसाइटी (एनएसएस) के महासचिव जी सुकुमारन नायर ने कहा कि संगठन ने शबरिमला में रजस्वला आयु की महिलाओं के प्रवेश का विरोध करने वाले अपने रुख में कोई बदलाव नहीं किया है।एनएसएस राज्य में अग्रणी नायर समुदाय का प्रतिनिधित्व करती है। नायर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि राज्य सरकार अपना रुख बदलेगी और शबरिमला में प्रचलित पारंपरिक प्रथा का पालन करेगी, जिसके तहत पर्वतीय मंदिर में कुछ आयु वर्ग की महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध है।उन्होंने कहा, 'मामला अदालत में लंबित होने के बावजूद, राज्य सरकार पिछले पांच-छह वर्षों से परंपराओं का पालन कर रही है।

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83

पंजाब केसरी

दिल्ली कार्यालय :

फोन आफिस: 011-30712200, 45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
मैगजीन विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com

स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रैस, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।

हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत न हो पाऊं फिर भी विचार प्रकट करने के आपके अधिकारों की रक्षा करूंगा। –वाल्तेयर



आइआइटी में इंटर कैंपस अध्ययन सार्थक पहल

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) देश के इंजीनियरिंग परिदृश्य में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। दुनियाभर को अनगिनत बड़े इंजीनियरिंग ब्रेन देकर देशभर के प्रौद्योगिकी संस्थानों ने अपनी साख कायम की है। यह मुकाम निरंतर बनाए रखने के लिए किसी भी संस्थान को दुनियाभर में नित-नए होते जा रहे परिवर्तनों और प्रगति के साथ न सिर्फ कदमताल करनी होती है, बल्कि समय पर इनकी जरूरत को भांपते हुए उसके अनुरूप बदलाव भी करना पड़ता है। हमारे संस्थान इस आवश्यकता को काफी हद तक अच्छे से पूरा कर रहे हैं। नई शिक्षा नीति से प्रेरित प्रौद्योगिकी संस्थानों में इसी साल से अपनाए जाने वाले इंटर कैंपस, सेमेस्टर-लॉग स्टूडेंट मोबिलिटी प्रोग्राम, ऐसा ही नवाचार कहा जा सकता है।

इस प्रोग्राम की खासियत यह है कि यह आइआइटी के छात्र को अपनी पसंद की किसी अन्य आइआइटी में एक सेमेस्टर में अध्ययन करने की सुविधा प्रदान करेगा। वहां उसके जो क्रेडिट बनेंगे, वे उसके मूल आइआइटी में जुड़ जाएंगे। इसमें छात्र को लाभ यह है कि एक ही डिग्री में उसे दो आइआइटी की व्यवस्था का एक्सपोजर मिलेगा। इसमें दूसरा आइआइटी स्वाभाविक रूप से ऊंची रैंक का ही होगा। इसी ऊंची रैंक के आइआइटी के माहौल, संसाधनों तथा अपेक्षाकृत अधिक अनुभवी, दक्ष और प्रतिस्पर्द्धी प्रोफेसरों का सान्निध्य विद्यार्थी को बेहतर तरीके से पारंगत कर सकेगा। इसका असर सिर्फ उस सेमेस्टर विशेष तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि विद्यार्थी के पूरे अध्ययनकाल को एक अलग ही स्तर पर ले जाएगा, इसकी भी पूरी उम्मीद रहेगी। अभी भारत की कुछ देशों से संधि है, जिसके तहत उनके शैक्षणिक संस्थानों के साथ आदान-प्रदान की प्रक्रिया चलती है। देश के आइआइटी संस्थानों में इस तरह की प्रक्रिया लागू करने का यह पहला अवसर होगा। इस व्यवस्था में सभी आइआइटीज में अकादमिक सहयोग बढ़ाने और छात्रों के लिए डिग्री में लचीलापन लाने का उसका उद्देश्य पूरा होगा। पहले साल में कुछ बड़े आइआइटीज के साथ यह नवाचार शुरू होना है। धीरे-धीरे इसे सभी आइआइटीज में लागू किया जाना चाहिए। आज की जरूरत के हिसाब से एक से ज्यादा सेमेस्टर तथा समान ब्रांच के सेमेस्टर से आगे दूसरी ब्रांच के सेमेस्टर की सुविधा देने के बारे में भी सोचा जाना चाहिए।

अब भी कई छात्र अपनी स्ट्रीम से हटकर दूसरी स्ट्रीम का अध्ययन करते हैं और उसे कॅरियर भी बनाते हैं, लेकिन यह सब कुछ उन्हें अपने स्तर पर करना होता है। इसमें उन्हें अपनी मूल स्ट्रीम तो पूरी करनी ही होती है। अधिकृत तौर पर दूसरे आइआइटी में दूसरी स्ट्रीम की पढ़ाई की सुविधा मिलेगी, तो यह छात्रों के लिए ज्यादा हितकारी होगा। यह छात्रों के परिपूर्ण इंजीनियर बनाने का मार्ग प्रशस्त कर उनके लिए अलग-अलग क्षेत्र में रोजगार के अनेक द्वार खोलने में सहायक होगी।

चीन का गुप्त परीक्षण : भारत के लिए यह समय संयम, सतर्कता और कूटनीतिक दृढ़ता का है

परमाणु अपारदर्शिता से बढ़ती रणनीतिक अस्थिरता

विनय कौड़ा
अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार
@patrika.com

चीन की बढ़ती अपारदर्शिता और गुप्त गतिविधियां भारत के लिए यह संकेत हैं कि रणनीतिक संतुलन बनाए रखने के लिए निरंतर तैयारी अनिवार्य है। भारत का उद्देश्य प्रतिस्पर्धी विस्तार नहीं, बल्कि स्थिरता सुनिश्चित करना है।

पिछले दिनों अमरीका ने चीन पर अत्यंत गंभीर और दूरगामी प्रभाव वाला आरोप लगाया है, जिसने वैश्विक परमाणु संतुलन, रणनीतिक पारदर्शिता और अंतरराष्ट्रीय भरोसे की पूरी संरचना को चुनौती दे दी है। अमरीकी अधिकारियों का दावा है कि 22 जून 2020 को चीन ने अपने शिनजियांग प्रांत स्थित लोफ नूर परीक्षण स्थल पर एक गुप्त परमाणु परीक्षण किया, जिसे सुनियोजित ढंग से अंतरराष्ट्रीय समुदाय और निगरानी तंत्र से छिपाया गया।

अमरीका ने इस आरोप को केवल एक आम बयान के रूप में नहीं रखा, बल्कि परीक्षण की सटीक तिथि और समय सार्वजनिक कर इसे तथ्यात्मक गंभीरता प्रदान की। यह स्पष्ट संकेत है कि वाशिंगटन इसे वैश्विक सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा मानता है, न कि महज कूटनीतिक दबाव की रणनीति। यदि यह आरोप सत्य सिद्ध होता है तो यह दशकों से कायम परमाणु परीक्षण विराम की उस अनौपचारिक, लेकिन प्रभावी परंपरा को तोड़ने जैसा होगा, जिसने शीत युद्ध के बाद की दुनिया में स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

अमरीकी विशेषज्ञों ने जिस 'डिकपलिंग' तकनीक का उल्लेख किया है, वह विशेष रूप से चिंताजनक है। इस तकनीक के माध्यम से भूमिगत परमाणु विस्फोट के भूकंपीय संकेतों को इस प्रकार नियंत्रित किया जाता है कि वे सामान्य भू-गतिविधि जैसे प्रतीत हों। यदि किसी राष्ट्र ने इस प्रकार अंतरराष्ट्रीय निगरानी प्रणालियों को चकमा देने का प्रयास किया है, तो यह केवल एक तकनीकी प्रयोग नहीं, बल्कि वैश्विक नियम-आधारित व्यवस्था को चुनौती देने का सुनियोजित प्रयास है। यह घटना परमाणु हथियार नियंत्रण की विश्वसनीयता पर सीधा प्रहार करती है। इस पूरे घटनाक्रम का समय भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। अमरीका और रूस के बीच रणनीतिक परमाणु हथियारों को सीमित करने वाली न्यू स्टार्ट संधि फरवरी 2026 में समाप्त हो चुकी है। इस संधि ने वर्षों तक दो प्रमुख परमाणु शक्तियों के बीच संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके समाप्त होते ही यदि तीसरी बड़ी शक्ति पर गुप्त परीक्षण का आरोप सामने आता है तो यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या भविष्य की हथियार नियंत्रण व्यवस्था को द्विपक्षीय के बजाय त्रिपक्षीय या बहुपक्षीय स्वरूप नहीं दिया जाना चाहिए। चीन को औपचारिक नियंत्रण ढांचे में शामिल किया जाना अधिक यथार्थवादी प्रतीत होता है।

चीन ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए उन्हें राजनीतिक प्रेरित बताया है। बीजिंग ने अपनी 'नो-फर्स्ट-यूज' नीति के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई है। लेकिन समानांतर रूप से चीन की गतिविधियां अलग कहानी कहती हैं। हाल के वर्षों में नए आइसीबीएम साइलो क्षेत्रों का निर्माण, हाइपरसोनिक मिसाइलों का परीक्षण, परमाणु पनडुब्बी बेड़े का विस्तार और परमाणु भंडार में तीव्र वृद्धि जैसे संकेत तीव्र आधुनिकीकरण कार्यक्रम की ओर इशारा करते हैं। यह प्रवृत्ति चीन के 'न्यूनतम प्रतिरोध' के दावे को संदिग्ध बनाती है। भारत के लिए यह घटनाक्रम अत्यन्त महत्वपूर्ण है। गौरतलब है कि 2020 में गलवान घाटी में हुए संघर्ष ने पहले ही यह स्पष्ट कर दिया था कि सीमाई तनाव अब पारंपरिक सीमाओं तक सीमित नहीं रहा। यदि उसी समय-सीमा में यह परमाणु परीक्षण हुआ तो यह एक व्यापक सामरिक संदेश का हिस्सा हो सकता है।

क्षेत्रीय परिप्रेक्ष्य में यह निर्विवाद तथ्य है कि चीन ने दशकों तक पाकिस्तान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को खुला या परोक्ष संरक्षण दिया है। परमाणु रिएक्टरों की आपूर्ति, बैलिस्टिक मिसाइल तकनीक में सहयोग और रणनीतिक ढाल प्रदान कर चीन ने दक्षिण एशिया में शक्ति-संतुलन को जानबूझकर भारत-विरोधी दिशा में मोड़ने का प्रयास किया। यह समर्थन केवल तकनीकी सहायता नहीं, बल्कि भारत को घेरने की व्यापक भू-राजनीतिक रणनीति का हिस्सा रहा है। ऐसी नीतियां चीन के 'जिम्मेदार शक्ति' होने के दावों को खोखला सिद्ध करती हैं। भारत की परमाणु नीति नो-फर्स्ट यूज और विश्वसनीय न्यूनतम प्रतिरोध- दीर्घकाल से जिम्मेदार और संतुलित दृष्टिकोण का उदाहरण रही है। भारत ने संख्या की अंधी दौड़ में शामिल होने के बजाय अपनी प्रतिरोधक क्षमता की उत्तरजीविता और विश्वसनीयता पर बल दिया है। त्रिस्तरीय प्रतिरोधक क्षमता (भूमि, वायु और समुद्र आधारित), कमांड-एंड-कंट्रोल संरचना की मजबूती तथा तकनीकी आधुनिकीकरण जैसे कदम इस बात के प्रमाण हैं कि भारत अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क और दूरदर्शी है। चीन की बढ़ती अपारदर्शिता और गुप्त गतिविधियां भारत के लिए संकेत हैं कि रणनीतिक संतुलन बनाए रखने के लिए निरंतर तैयारी अनिवार्य है। भारत का उद्देश्य प्रतिस्पर्धी विस्तार नहीं, बल्कि स्थिरता सुनिश्चित करना है। वैश्विक स्तर पर यह घटना एक बड़े प्रश्न को जन्म देती है। क्या वर्तमान परमाणु ढांचा बहुध्रुवीय विश्व की वास्तविकताओं के अनुरूप है? शीत युद्ध के समय का द्विध्रुवीय संतुलन अब अप्रासंगिक हो चुका है।

चीन के गुप्त परमाणु परीक्षण का मुद्दा महज आरोप-प्रत्यारोप नहीं, बल्कि वैश्विक परमाणु व्यवस्था, पारदर्शिता और शक्ति-संतुलन के भविष्य से जुड़ा प्रश्न है। जून 2020 की घटना यदि वास्तव में एक परमाणु परीक्षण थी, तो उसका उद्देश्य और संदेश दूरगामी महत्व रखते हैं। यह बहुपक्षीय, पारदर्शी और समावेशी हथियार नियंत्रण ढांचे की तात्कालिक आवश्यकता को रेखांकित करता है। भारत के लिए यह समय संयम, सतर्कता और रणनीतिक दृढ़ता का है। जिम्मेदार परमाणु शक्ति के रूप में भारत ने सदैव अंतरराष्ट्रीय नियमों का सम्मान किया है लेकिन अपनी सुरक्षा से समझौता नहीं किया है। भारत का लक्ष्य स्पष्ट है- राष्ट्रीय हितों की रक्षा, क्षेत्रीय स्थिरता का संरक्षण व नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का समर्थन।

प्रसंगवश

खेजड़ी के तस्करों के दुस्साहस की घटनाएं चिंताजनक, सख्ती जरूरी

मिलीभगत का गठजोड़ तोड़े बिना ऐसी घटनाओं पर अंकुश संभव नहीं

खेजड़ी के पेड़ों की कटाई के बाद लकड़ी की तस्करी कर हरियाणा ले जाने और रोकने का प्रयास कर रहे राजस्थान के वनकर्मियों पर हमले का दुस्साहस बताता है कि तस्करों में कानून का भय नहीं रह गया। यह तो तब है जब खेजड़ी बचाने को लेकर बीकानेर में चले लंबे आंदोलन के बाद सरकार खेजड़ी की कटाई पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाते हुए विधानसभा के इसी सत्र में ट्री प्रोटेक्शन बिल लाने की तैयारी कर रही है। यह कोई एक-दो घटनाओं से जुड़ा मामला नहीं है। शेखावाटी में आज भी प्रशासन व वनरक्षकों की नाक के नीचे खेजड़ी के पेड़ रातों-रात काटे जा रहे हैं और सुबह होते-होते हरियाणा के बाजारों में पहुंच भी रहे हैं। झुंझुनूं जिले में दो दिन पहले वन विभाग की नाकाबंदी तोड़कर लकड़ी तस्करों ने भागने की कोशिश की। पीछा करने पर तस्करों ने विभाग की गाड़ी को टक्कर मार रेंजर सहित कर्मचारियों को कुचलने का प्रयास किया। लकड़ी तस्करी के परिवहन में काम आ रही एक पिकअप कच्ची मिट्टी में फंस गई तो 30 क्विंटल खेजड़ी की लकड़ी बरामद हुई लेकिन चालक फरार हो गया। हैरानी की बात यह है कि खेतों में पूरी रात पेड़ काटे जाते हैं और तड़के पिकअप वाहन कई थानों, चौकियों व टोल नाकों से गुजरकर सीमा पार कर जाते हैं।

बड़ा सवाल यह है कि क्या इन रास्तों पर निगरानी नहीं है, या फिर निगरानी के बावजूद आंखें मूंदी जा रही हैं? आए दिन वन विभाग की टीमों पर हमले हो रहे हैं। ऐसा नहीं है कि कानून में सजा का प्रावधान नहीं है। जब तस्कर नाकाबंदी तोड़कर सरकारी वाहन पर हमला करने का दुस्साहस कर रहे हों, तो यह स्पष्ट संकेत है कि दंड का भय समाप्त हो चुका है। जब तक सीमा पार लकड़ी ले जाने की पूरी श्रृंखला जिसमें कटाई से लेकर परिवहन और खरीद करने वाले तक शामिल हैं उसे नहीं तोड़ा जाएगा, मिलीभगत का गठजोड़ तोड़ना मुश्किल काम है। खेजड़ी सिर्फ एक पेड़ ही नहीं संपूर्ण मरुस्थल की जीवन रेखा है। सरकार जो कानून ला रही है उसे भी जमीनी स्तर पर लागू करने की कठोर व्यवस्था करनी होगी। सीमावर्ती जिलों में संयुक्त अभियान, रात की गश्त, परिवहन की डिजिटल निगरानी भी करनी होगी।

- युगलेश शर्मा
yuglesh.sharma@in.patrika.com

बुक इनसाइट

द एज ऑफ कैलेमिटीज



लेखिका सेना अहमद ने इस कहानी-संग्रह की नौ कहानियों में इतिहास को कल्पनाशील अतियथार्थवाद के साथ नए अंदाज में प्रस्तुत किया है।

इन कहानियों में ऐनी बोलिन मरने के बाद भी जीवित बनी रहती हैं। जूलियस सीजर आधुनिक न्यूयॉर्क पर आक्रमण करता दिखाई देता है और नेपोलियन के कई रूप एक घर में फैल जाते हैं। संग्रह का सबसे प्रभावशाली हिस्सा अंतिम कहानी 'चूज योर ओन अपोकैलिप्स' है, जो अपनी पसंद से कहानी चुनने की शैली में लिखी गई है। इसमें मैनहैटन प्रोजेक्ट के दौरान एक विषाक्त रेगिस्तान कई वैकल्पिक समयरेखाओं में टूटता दिखाया गया है। अतियथार्थवादी लेखन अक्सर दिखावटी या अनावश्यक लग सकता है, लेकिन अहमद अपनी कहानियों के मूल विषय पर लगातार ध्यान बनाए रखती हैं जब सब कुछ बिखर जाता है और जीवन अर्थहीन लगने लगता है तब मनुष्य कैसे व्यवहार करता है। इस संग्रह की सबसे प्रभावशाली कहानियां युद्ध और अन्य आपदाओं से विस्थापित लोगों के अनुभवों पर आधारित हैं।

फैक्ट फ्रंट

तैरने की सुंदर शैली वाला 'सी ऐंजल'

सी ऐंजल, जिसका वैज्ञानिक नाम क्लायोने लिमासिना है, मुख्य रूप से आर्कटिक और ठंडे समुद्री क्षेत्रों में पाया जाता है। अपने पारदर्शी शरीर और पंख जैसे अंगों के कारण इसे 'समुद्री परी' भी कहा जाता है। सी ऐंजल वास्तव में एक प्रकार का समुद्री घोंघा है लेकिन इसमें खोल (शैल) नहीं होता। इसका शरीर लगभग 1 से 5 सेंटीमीटर तक लंबा होता है। इसके दोनों ओर पंख जैसे भाग होते हैं जिनकी मदद से यह पानी

में तैरता है। इसकी तैरने की शैली इतनी सुंदर होती है कि मानो कोई परी आकाश में उड़ रही हो। हालांकि इसका रूप बेहद कोमल और आकर्षक लगता है लेकिन यह एक शिकारी जीव है। यह मुख्य रूप से समुद्री तितली नामक छोटे जीवों का शिकार करता है। शिकार करते समय इसका शरीर अपना आकार बदल लेता है और यह अपने शिकार को मजबूती से पकड़ लेता है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह समुद्री ईकोसिस्टम का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह खाद्य श्रृंखला में संतुलन रखने में मदद करता है। जलवायु परिवर्तन का असर इन पर पड़ रहा है।

AI इंपैक्ट समिट भारत 2026

बेहतर होगी सड़क सुरक्षा

एआइ से स्पीड पकड़ेगा सिस्टम, चालान से वसूली तक सब ऑटोमेटिक

अभिषेक यादव
patrika.com

नई दिल्ली. सड़क पर तेज रफ्तार अब पुलिस की आंखों से नहीं, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की निगरानी से पकड़ी जाएगी। इंडिया एआइ इंपैक्ट समिट 2026 में सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि तेज गति से होने वाले हादसों को रोकने के लिए एआइ आधारित पूरी तरह ऑटोमेटिक सिस्टम तैयार किया जा रहा है। चालान कटने से लेकर उसकी वसूली तक की प्रक्रिया बिना मानवीय हस्तक्षेप के होगी।

एआइ करेगा ये काम

- तेज रफ्तार की स्वत: पहचान
- चालान कटते ही डिजिटल वसूली
- बार-बार उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई
- पुलिस की भूमिका केवल निगरानी तक सीमित

स्कूलों में एआइ सिम्युलेटर से ड्राइविंग

इंडिया एआइ इंपैक्ट समिट 2026 में आइआइटी मद्रास ने सड़क सुरक्षा के लिए बहुस्तरीय रणनीति पेश की। अहम पहल स्कूलों में 16 वर्ष के विद्यार्थियों को ड्राइविंग 'लाइफ स्किल' के रूप में सिखाने की है। एआइ आधारित ड्राइविंग सिम्युलेटर तैयार किए जा रहे हैं, जिनके जरिए सुरक्षित ड्राइविंग, सड़क संकेतों की समझ और जोखिम की पहचान सिखाई जाएगी। विशेष मॉड्यूल लड़कियों को ध्यान में रखकर बनाए जा रहे हैं। उद्देश्य है- कम उम्र में होने वाले हादसों को रोकना और सड़क व्यवहार की वैज्ञानिक समझ विकसित करना।

दोपहिया सुरक्षा पर विशेष जोर

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रोड सेफ्टी (सीओईएफआरएस) के सीओओ अतुल सिंह के अनुसार, सड़क सुरक्षा नीति अब तक कार-केंद्रित रही है, जबकि सड़कों पर 45 प्रतिशत दोपहिया चालक और 20 प्रतिशत पैदल यात्री हैं और हर साल लगभग 35 हजार मौतें दोपहिया टक्करों में होती हैं। इसलिए निर्माताओं से बेहतर एबीएस, एआइ-आधारित स्टेबिलिटी कंट्रोल, स्मार्ट हेलमेट लिंक और उन्नत ब्रेकिंग तकनीक अपनाने को कहा गया है।

डेटा पर स्पष्टता: सीओईएफआरएस के प्रमुख प्रो. वेंकटेश बालासुब्रमण्यम ने बताया कि डब्लूएचओ द्वारा भारत के सड़क हादसे के आंकड़ों में कई वर्षों में वास्तविकता से अधिक मौतें दर्शाई गईं। अब आइआइटी मद्रास डेटा-आधारित विश्लेषण के जरिए नीति निर्माण पर काम कर रहा है।

कायाकल्प : भारत बन सकता है एआइ इनोवेशन का ग्लोबल हब

'डिजिटल डिवाइड' के खतरों के बीच खेतों में होगी एआइ क्रांति

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

नई दिल्ली. भारत के खेतों में अब केवल ट्रैक्टर और हल की गूंज नहीं, बल्कि डेटा और एल्गोरिदम की जुगलबंदी भी दिखाई देगी। ब्रिटेन सरकार के सहयोग से एथेना इंफोनॉमिक्स द्वारा जारी दो रिपोर्टों 'स्टेट ऑफ आर्ट' और 'रैपिड रिव्यू' ने भारतीय कृषि के कायाकल्प की एक नई तस्वीर पेश की है। विशेषज्ञों ने महीनों के शोध के बाद निष्कर्ष निकाला कि 'एआइ भारत के छोटे और सीमांत किसानों के लिए गेम-चेंजर साबित हो रही है। भारत एआइ इनोवेशन के वैश्विक केंद्र के रूप में उभरने की पूरी क्षमता है। एआइ बड़ा अवसर है जिससे हम कृषि को 'घाटे के सौदे' से उबारकर एक 'मुनाफे के व्यवसाय' में बदल सकते हैं।'

'इंडिया एआइ इंपैक्ट समिट 2026' में प्रस्तुत इस शोध का मुख्य निष्कर्ष है कि कृषि में एआइ का उपयोग वर्तमान में मुख्य रूप से 'मशीन लर्निंग' के रूप में हो रहा है, जो सीधे तौर पर फसल सुरक्षा, पैदावार बढ़ाने और सटीक बाजार भाव दिलाने में सहायक है। हालांकि रिपोर्ट चेतावनी भी देती है कि यदि इंटरनेट और स्मार्टफोन की पहुंच हर गांव तक समान रूप से नहीं हुई, तो अमीर किसान और समृद्ध होंगे जबकि गरीब किसान पिछड़ सकते हैं।

तीन प्रमुख क्षेत्रों में आएगा क्रांतिकारी बदलाव

1. कीट और रोग नियंत्रण: किसानों की सबसे जटिल समस्या फसल में लगने वाले कीट हैं। अब एआइ-आधारित ऐप केवल पौधे की फोटो देखकर बीमारी पहचान लेते हैं। इससे कीटनाशकों का अंधाधुंध छिड़काव रुकेगा और खेती की लागत में कमी आएगी।

2. क्रेडिट और फाइनेंस: पर्याप्त डेटा के अभाव में छोटे किसानों को बैंक ऋण मिलने में कठिनाई होती थी। अब एआइ सैटेलाइट डेटा और फसल की सेहत का विश्लेषण कर किसानों का 'क्रेडिट स्कोर' तैयार कर रहा है, जिससे लोन की प्रक्रिया सरल हो गई है।

3. गुणवत्ता जांच: मंडियों में फसल की गुणवत्ता को लेकर होने वाली धोखाधड़ी अब बीते वक्त की बात होगी। 'एगनेक्स्ट' जैसी कंपनियों की एआइ मशीनें क्षण भर में मिर्च या हल्दी की शुद्धता और ग्रेड बता देती हैं, जिससे किसानों को सही दाम मिलता है। इससे विवाद के मामले भी कम होंगे।

अंतिम छोर तक पहुंच : छोटे और महिला किसानों को लाभ

- **छोटे किसान:** रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि एआइ का सर्वाधिक लाभ उन किसानों को मिल रहा है जिनके पास दो एकड़ से कम भूमि है। सामूहिक डेटा विश्लेषण के माध्यम से उन्हें वे सुविधाएं मिल रही हैं जो पहले केवल बड़ी कंपनियों तक सीमित थीं।
- **महिला किसान:** ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीक से दूरी की धारणा को 'डिजिटल ग्रीन' के 'फार्मर डॉट चैट' जैसे एआइ चैटबॉट्स ने तोड़ दिया है। अब महिला किसान स्थानीय भाषा में सलाह ले रही हैं, जिससे उनकी निर्णय क्षमता बढ़ी है।

केस स्टडी

सफलता की कहानी : जब तकनीक ने बदली तकदीर

- तेलंगाना के 'सागू बागू' प्रोजेक्ट को एक 'ग्लोबल केस स्टडी' के रूप में रेखांकित किया गया है, जिसे वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम और राज्य सरकार के साझा सहयोग से संचालित किया गया। खम्मम जिले में मिर्च की खेती करने वाले 7 हजार किसानों को एआइ से जोड़ा गया।
- परिणाम: बेहतर कीट प्रबंधन और सुदृढ़ बाजार संपर्कों के कारण किसानों को प्रति 100 किलो उपज पर औसतन 1,870 रुपए की अतिरिक्त आय हुई। यह प्रमाण है कि सही तकनीक के साथ छोटा किसान भी बड़ा मुनाफा ले सकता है।

भारतीय स्टार्टअप का वैश्विक जलवा

इन प्रमुख भारतीय एग्री-टेक स्टार्टअप्स की उपलब्धियों को सराहा गया है:

- **क्रॉपिन और फसल:** सटीक और वैज्ञानिक खेती के लिए।
- **एगनेक्स्ट:** उपज की गुणवत्ता की सटीक जांच के लिए।
- **कृषि तंत्र:** मृदा (मिट्टी) परीक्षण के लिए।

चिकित्सा क्षेत्र में एआइ के उपयोग का प्रदर्शन

एआइ समिट के दौरान प्रदर्शनी में चिकित्सा क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग का लाइव प्रदर्शन किया गया। इसका उद्देश्य भविष्य की स्वास्थ्य सेवाओं की नई दिशा को प्रस्तुत करना है। चिकित्सा क्षेत्र में एआइ से मरीजों के साथ स्वास्थ्य कर्मियों के लिए भी विशेष तकनीक आई है।

समिट में क्या बोले एक्सपर्ट्स

एआइ के साथ आगे बढ़ेंगे, लेकिन पूरी जिम्मेदारी के साथ...

भारत में चैटजीपीटी के स्टूडेंट यूजर्स ज्यादा



अमरीका के बाद भारत चैटजीपीटी का दूसरा सबसे बड़ा उपयोगकर्ता आधार है। भारत में चैटजीपीटी के छात्र यूजर्स सबसे अधिक है। **- सैम ऑल्टमैन,** सीईओ (ओपनएआइ)

एआइ टूल्स अपनाएं वरना पीछे छूट जाएंगे

एआइ नौकरियां खत्म नहीं कर रहा है, बल्कि काम की क्षमता को बढ़ा रहा है। युवा एआइ टूल्स को अपनाएं, वरना पीछे छूट सकते हैं। **- संजीव बिखचंदानी,** संस्थापक (इंफोएज)

इंसानी क्षमताओं को बेहतर बना रहा

एआइ आने वाली पीढ़ियों के लिए समाज में सुधार कर रहा है और इंसानी क्षमताओं को बेहतर बनाने में मदद कर रहा है। **- हरीश कृष्णन,** एमडी (सिस्को)

50 प्रतिशत नए रोजगार के मौके भी पैदा होंगे

एआइ का असर 50 प्रतिशत नौकरियों पर पड़ेगा, लेकिन यह 50 प्रतिशत नए रोजगार के मौके भी पैदा करेगा। **- विनीत नायर,** सीईओ (एचसीएल)

तेजी से बन रहा जिंदगी का हिस्सा

एआइ तेजी से जिंदगी का हिस्सा बन रहा है। हेल्थकेयर से खेती तक एआइ हर काम को आसान बना रहा है। **- तेजप्रीत चोपड़ा,** चेयरपर्सन (सीआइआइ नेशनल)

नौकरी के तरीके बदलेंगे

एआइ नौकरियों को पूरी तरह खत्म नहीं करेगा, बल्कि उनके काम करने के तरीके को बदल देगा। काम अलग-अलग कर देगा। **- पुनीत चंडोक,** अध्यक्ष (माइक्रोसॉफ्ट साउथ एशिया)

तेजी से बढ़ रही, लेकिन प्रसार समान नहीं

एआइ का प्रसार समान नहीं है। विकसित देशों में एआइ का उपयोग, विकासशील देशों की तुलना में दोगुना है। **-नताशा क्रेम्पटन** (माइक्रोसॉफ्ट की उपाध्यक्ष)

जहां प्रतिभा की कमी, वहां सहायक

यह ऐसे क्षेत्रों में सहायक होगा जहां गहराई से विचार करने की जरूरत है। कई क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी है जैसे स्वास्थ्य और शिक्षा। **-नीरज अग्रवाल** (प्रबंध निदेशक, बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप)

तकनीक जोड़ने और आगे बढ़ने में मददगार

जूम में एआइ को लेकर हमारा नजरिया एक ही विश्वास पर आधारित है कि तकनीक लोगों को जोड़ने, रचनात्मक बनने और साथ मिलकर आगे बढ़ने में मदद करे। **- एरिक युआन,** जूम के संस्थापक और सीईओ

नवाचार के नए रास्ते खोल रहा

एआइ कंपनियों के काम करने के तरीके को बदल रहा है और समावेशी विकास और नवाचार के नए रास्ते खोल रहा है। एआइ से आने वाले परिवर्तन को अपनाना चाहिए। **- मार्टिन श्रोएटर,** सीईओ किंड्रिल

देश की अर्थव्यवस्था सुधर रही हो, तो अच्छी कंपनियां अपने-आप चमकती हैं। जहां युवा आबादी, टेक्नोलॉजी और खपत बढ़ रही हो, वहीं भविष्य का पैसा बनता है। **मार्क मोबियस** अमरीकी फंड मैनेजर

पत्रिका फाइनेंस

@बिजनेस & वेल्थ

प्रॉफिट मीटर

इन कंपनियों की आय सबसे ज्यादा तेजी से बढ़ी

(पिछले एक साल का इन कंपनियों का सालाना रेवेन्यू ग्रोथ रेट)



निवेश आइटी स्टॉक्स में टॉप म्यूचुअल फंड्स की 10% से ज्यादा हिस्सेदारी, क्या यह छोटे निवेशकों के लिए है बड़ा खतरा? वैल्यू बाइंग से सोमवार को शेयर बाजार चढ़े

एआइ को लेकर बाजार में डर और अवसर दोनों साथ-साथ चल रहे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

मुंबई. एआइ टूल्स एप्लिकेशन डेवलपमेंट, मेंटेनेंस और टेस्टिंग जैसी पारंपरिक आइटी सर्विसेज को काफी हद तक ऑटोमेट कर सकते हैं। इससे आइटी कंपनियों के मौजूदा बिजनेस मॉडल और मार्जिन पर दबाव पड़ने की आशंका है। इस डर से 2026 में अब तक निफ्टी आइटी इंडेक्स में करीब 15% गिर चुका है। यह 2025 में आइटी इंडेक्स में आई 12.6% गिरावट से भी ज्यादा है। इस महीने आइटी शेयरों में आई गिरावट का असर अब म्यूचुअल फंड पोर्टफोलियो पर दिखने लगा है। एसीई इक्विटी के मुताबिक, शीर्ष 10 आइटी शेयरों में म्यूचुअल फंड्स के संयुक्त निवेश की वैल्यू घटकर 3.04 लाख करोड़ रुपए रह गई है, जो जनवरी 2026 के अंत में 3.56 लाख करोड़ थी।

म्यूचुअल फंड्स को इतना हुआ नुकसान

कंपनी	शेयर लुढ़के	निवेश की वैल्यू घटी
इंफोसिस	-16.5%	22,600
टीसीएस	-13.2%	8,600
एचसीएल टेक	-13.6%	5,800
टेक महिंद्रा	-13.3%	3,900
पर्सिस्टेंट सि.	-11.1%	2,000
कोफोर्ज	-18.5%	3,670
एमफेसिस	-12.8%	1,740
विप्रो	-12.1%	1,231

(एंथ्रॉपिक एआइ के नए टूल लॉन्च होने के बाद 9 दिन में आइटी शेयरों के टूटने से म्यूचुअल फंड्स को हुआ नुकसान करोड़ रुपए में)

50 अरब डॉलर घटी है देश के टॉप 10 आइटी कंपनियों की बाजार पूंजी ***जनवरी 2025 से अब तक, इस दौरान किसी बड़े आइटी शेयर ने पॉजिटिव रिटर्न नहीं दिया है***

50,000 करोड़ रुपए से अधिक नुकसान हुआ आइटी शेयरों में ***आई गिरावट से म्यूचुअल फंड्स को फरवरी 2026 में***

10% तक मार्जिन पर असर पड़ सकता है ***एआइ ऑटोमेशन के कारण***



15% गिर चुका है 2026 में अब तक निफ्टी आइटी इंडेक्स, ***यह 2025 में इस इंडेक्स में आए 12.6% की गिरावट से भी ज्यादा***

इन आइटी स्टॉक्स पर म्यूचुअल फंड्स का दांव



(इतने **करोड़ रुपए** के शेयर म्यूचुअल फंड्स पास)

आइटी स्टॉक्स: इन फंड्स की सबसे ज्यादा होल्डिंग

म्यूचुअल फंड	होल्डिंग
एसबीआइ एमएफ	62,000
आइसीआइसीआइ	55,000
एचडीएफसी फंड	41,600
यूटीआइ एएमसी	29,750
निप्पॉन इंडिया	28,350
कोटक महिंद्रा	23,870
मिरे एसेट	14,500
मोतीलाल ओसवाल	12,370

(टॉप 5 आइटी स्टॉक्स में होल्डिंग करोड़ रुपए में)

क्या कह रहे ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म्स...

■ **मोतीलाल ओसवाल:** अगले तीन से चार वर्षों में एआइ के व्यापक उपयोग से आइटी सेक्टर के रेवेन्यू में 9 से 12% तक की गिरावट आ सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे काम तेजी से होने लगेगा और कुछ कामों की जरूरत कम हो सकती है। ***हालांकि इसका असर कब और कितना होगा, यह अभी साफ नहीं है। एआइ को लेकर बाजार में डर और अवसर दोनों साथ-साथ चल रहे हैं।***

■ **जेपी मोर्गन:** एआइ नए अवसर भी पैदा करेगा और आईटी कंपनियां इस बदलाव से लाभ उठा सकती हैं। एआइ आइटी कंपनियों की सेवाओं को खत्म नहीं करेगा, बल्कि उन्हें और सक्षम बनाएगा। ***हालांकि वैल्यूएशन अभी भी कमाई (अर्निंग्स) की तुलना में ऊंचे हैं, इसलिए आइटी शेयरों और गिरावट की आशंका है।***

■ **मैक्वेरी:** हालिया एआइ आविष्कार ऐसे नहीं लगते जो बहुत बड़े स्तर पर बदलाव लाने वाले हों। आइटी शेयरों में हाल की गिरावट ज्यादा डर की वजह से है, न कि कंपनियों के फंडामेंटल्स के कारण। ***सबसे खराब स्थिति में कुछ बड़ी कंपनियों के शेयरों में 10% तक गिरावट संभव है।***

■ **एचएसबीसी:** एआइ मौजूदा बिजनेस मॉडल के भीतर ही काम करेगा, जहां आइटी सर्विस प्रदाताओं की भूमिका बनी रहेगी। बड़े संगठनों में एआइ 'मैजिक बॉक्स' की तरह अकेले काम नहीं कर सकता। उसे डेटा सिस्टम, ऑडिट चेक्स, ***साइबर सुरक्षा और रिस्क कंट्रोल जैसे मजबूत ढांचे की जरूरत होती है, जिसमें आइटी कंपनियों की अहम भूमिका है।***

राहत: सेंसेक्स 650 अंक चढ़ा

मुंबई @ पत्रिका. एशियाई बाजारों से मिलेजुले रुख के बीच भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त में बंद हुए। सपाट शुरुआत के बाद कारोबार के दूसरे हाफ में निचले स्तर पर खरीदारी से बाजार को सपोर्ट मिला। सेंसेक्स गिरावट के साथ 82,480 अंक पर खुला, लेकिन अंत में 650 अंक या 0.79% की बढ़त लेकर 83,277 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 0.83% की तेजी के साथ 25,682 पर रहा। कैपिटल गुड्स, रियल्टी, कंज्यूमर और मेटल शेयरों में भी मजबूती रही। इसकी वजह घरेलू मांग के मजबूत रहने और इंफ्रा पर खर्च जारी रहने की उम्मीद मानी जा रही है। वहीं, आइटी सेक्टर के शेयरों में भी कुछ रिकवरी हुई। इंडेक्स हैवीवेट एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में तेजी ने बढ़त में अहम भूमिका निभाई।

थोक मंहगाई @पत्रिका इंफोग्राफिक्स

जनवरी में 1.81% बढ़ी थोक मुद्रास्फीति

महंगाई ने उठाया अपना फन, 10 महीने के हाई पर पहुंची

नई दिल्ली@पत्रिका. *महंगाई दर फिर से अपना सिर उठाने लगी है। जनवरी 2026 में थोक महंगाई बढ़ने की दर भी दर 10 माह के उच्चतम स्तर 1.81% पर पहुंच गई, जो दिसंबर में 0.83% बढ़ी थी। रोजमर्रा के सामान, सब्जियों, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी से थोक महंगाई बढ़ी है।*



कितनी बढ़ी थोक महंगाई



इनकी थोक महंगाई अभी भी कम

वस्तुएं	दर	दालें	-11.05%
अनाज	-1.41%	आलू	-38.85%
गेहूं	-2.32%	प्याज	-33.42%

(जनवरी 2025 के मुकाबले जनवरी 2026 में इतनी घटी कीमतें)

राजस्व को झटका सोने का आयात 350% बढ़ा, इससे व्यापार घाटा बढ़कर 34.68 अरब डॉलर

38 एफटीए के कारण सीमा शुल्क में होगा ₹1 लाख करोड़ का नुकसान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

नई दिल्ली. अमरीकी टैरिफ के बीच भारत ने दुनिया के अन्य देशों के साथ अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए जमकर फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) किए, ताकि देश का निर्यात तेजी से बढ़ सके। भारत ने अब तक कुल 38 एफटीए किए हैं। हालांकि देश के सीमा शुल्क कलेक्शन पर इसका साइड-इफेक्ट दिख रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक हुए एफटीए के तहत तरजीही शुल्क के कारण भारत को वित्त वर्ष 2026-27 में 1,00,000 करोड़ रुपए से अधिक सीमा शुल्क का नुकसान हो सकता है। दक्षिण एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के साथ हुए समझौते के कारण सीमा शुल्क घाटा सबसे अधिक 40,833 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है।

इस बीच भारत का निर्यात रेकार्ड बढ़त की ओर है। जनवरी 2026 में देश से वस्तुओं का निर्यात सालाना आधार पर 0.61% बढ़कर 36.56 अरब डॉलर हो गया है। हालांकि दिसंबर में निर्यात 38.51 अरब डॉलर था। पिछले महीने आयात 19.2% बढ़कर 71.24 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो जनवरी 2025 में 59.77 अरब डॉलर था। आयात में हुई तेज बढ़ोतरी के कारण जनवरी में व्यापार घाटा बढ़ 34.68 अरब डॉलर पहुंच गया, जो दिसंबर में 25.04 अरब डॉलर था। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा, वर्ष 2025-26 में वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात 860 अरब डॉलर हो सकता है। अभी तक कुल निर्यात 721 अरब डॉलर है।

ट्रेड बैलेंस...



एफटीए से भारत को राजस्व का इतना नुकसान संभावित

देश	2025-26	2026-27
आसियान	40,731	40,883
जापान	11,852	11,365
द. कोरिया	10,524	10,872
ऑस्ट्रेलिया	4,879	5,016
एलडीसी देश	7,017	5,367
पड़ोसी देश	9,516	10,563
यूएई	6,231	9,267
अन्य देश	7,819	8,080

*(सीमा शुल्क में संभावित **नुकसान करोड़ रुपए में**)*

चीन-अमरीका से बढ़ा आयात, रूस से घटा

इन देशों को बढ़ा निर्यात

देश	निर्यात	इजाफा
यूएई	3.97	29.27%
चीन	1.64	55.65%
हांगकांग	0.62	98.72%
नीदरलैंड	1.25	20.47%
इटली	0.79	32.10%
जर्मनी	1.01	9.55%

इन देशों को घटा निर्यात

देश	निर्यात	गिरावट
अमरीका	6.59	-21.77%
बांग्लादेश	0.84	-20.25%
ब्रिटेन	1.07	-7.88%
सिंगापुर	0.89	-3.67%
ऑस्ट्रेलिया	0.61	-4.30%
फ्रांस	0.57	-11.20%

इन देशों से बढ़ा आयात

देश	आयात	इजाफा
स्विट्जरलैंड	3.95	
चीन	12.23	16.67%
यूएई	7.04	43.48%
अमरीका	4.49	23.71%
हांगकांग	1.83	7.69%
स. अरब	2.91	31.37%

2.86 अरब डॉलर का आयात किया भारत ने रूस से जनवरी 2026 में, ***यह पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 40.48% कम***

पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात 860 अरब डॉलर से अधिक हो सकता है। अभी तक कुल निर्यात 721 अरब डॉलर है।

$12 अरब का सोना आयात हुआ जनवरी में

सोने-चांदी की कीमतों में रेकॉर्ड तेजी का असर देश के आयात बिल पर दिख रहा है। जनवरी में भारत की गोल्ड इंपोर्ट 350% बढ़कर 12.07 अरब डॉलर पर पहुंच गया, वहीं चांदी का आयात 127% बढ़कर 2 अरब डॉलर रहा। इससे आयात 19% बढ़कर रेकॉर्ड 71.24 अरब डॉलर पर पहुंच गया। भारत ने जनवरी में जहां चीन और अमरीका से अपना आयात बढ़ाया है, वहीं सालाना आधार पर रूस से आयात 40% से अधिक घटा है। ट्रंप टैरिफ के कारण अमरीका को होने वाला निर्यात भी 21% से ज्यादा घटा, जो अब बढ़ने की उम्मीद है।

ट्रेड डील इस हफ्ते अमरीका जाएगा दल

इस हफ्ते भारत पर टैरिफ घट कर हो सकता है 18 फीसदी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

नई दिल्ली. अमरीका इस सप्ताह भारत के कई निर्यात उत्पादों पर लगाए गए मौजूदा 25% टैरिफ को घटाकर 18% कर सकता है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय के सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि मुख्य वार्ताकार और ज्वाइंट सेक्रेटरी दर्पण जैन के नेतृत्व में भारतीय अधिकारियों का एक दल अमरीका के साथ हुई ट्रेड डील की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए अगले सप्ताह अमरीका का दौरा करेगा। यह दल ट्रेड डील के बचे समझौता बिंदुओं को फाइनल रूप देगा। इसके बाद मार्च 2026 तक फाइनल समझौता पत्र पर अंतिम रूप से हस्ताक्षर होंगे। अमरीका-भारत ट्रेड डील की घोषणा के बावजूद अभी समझौते के अनेक प्रावधान, सेक्टर व वस्तुओं की पूरी जानकारी सामने नहीं आई है। दोनों देशों का लक्ष्य मार्च में समझौते पर हस्ताक्षर करना है। उन्होंने कहा कि व्हाइट हाउस की ओर से रेसिप्रोकल टैरिफ में कटौती के लिए जल्द ही एक कार्यकारी आदेश जारी किए जाने की उम्मीद है। यदि इसमें देरी होती है, तो भारतीय प्रतिनिधिमंडल अगले सप्ताह इस मामले को उठाएगा।

कानूनी एग्रीमेंट में बदलने पर काम

फिलहाल दोनों देशों के बीच ज्वाइंट एग्रीमेंट के मसौदे को लीगल लेंग्वेज में बदलने का काम चल रहा है। इसमें जो सहमति दोनों पक्षों के बीच बन चुकी है, उसे अब कानूनी रूप दिया जा रहा है, ताकि समझौते पर औपचारिक रूप से साइन किया जा सके। अमरीका के साथ डिजिटल टैक्स या ई-ट्रांसमिशन पर मोरोटोरियम जैसे मुद्दों पर अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है। ये मुद्दे ट्रेड डील के एक अलग चैप्टर का हिस्सा हैं और जब इस चैप्टर पर चर्चा शुरू होगी, तब इन पर फाइनल बात होगी।

अमरीका से सोना-चांदी का आयात बढ़ा सकता है भारत

नई दिल्ली @ पत्रिका. भारत ने अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए पहले ही अमरीका से तेल और गैस की खरीद बढ़ाई है। अब सरकार की योजना कीमती धातुओं के आयात में भी बदलाव करने की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, भारत अब यूएई के बजाय अमरीका से अधिक सोना और चांदी खरीदने की तैयारी कर रहा है। इस कदम से सोना-चांदी की कीमतों में कमी आने की उम्मीद है और अमरीका के साथ व्यापार संतुलन (ट्रेड सरप्लस) भी कम हो सकता है। अमरीका सोना और चांदी के व्यापार का एक बड़ा वैश्विक केंद्र है। वह सोना और चांदी का बड़े पैमाने पर निर्यात करता है। हाल के आंकड़ों के अनुसार, अमरीका कनाडा, भारत और ब्रिटेन जैसे देशों को अरबों डॉलर की कीमती धातुओं का निर्यात करता है। इन निर्यातों में कच्चा, परिष्कृत और आभूषण रूप में तैयार सोना-चांदी शामिल है।

पेज एक का शेष...

39 वर्ष...

राजनीतिक परिवार से ताल्लुक, कई जिलों में कलक्टर रहे: उत्तर प्रदेश में सितंबर 1986 में जन्मे अवि प्रसाद एलएलबी, एमबीए, एमबीएल और बीआइबीएफ (एच) पासआउट हैं। वर्तमान में रोजगार गारंटी परिषद मप्र के सीईओ हैं। पूर्व में कई जिलों में कलक्टर सहित कई पदों पर रह चुके हैं। वह उत्तरप्रदेश के एक प्रतिष्ठित व राजनैतिक परिवार से ताल्लुक रखते हैं।

शादी से...

हाईकोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि विवाह के झूठे वादे पर प्राप्त सहमति अमान्य हो सकती है क्योंकि आरोपी पहले से विवाहित था।

ऐसे नकली...

3 'स्मार्ट हनीपॉट' सिस्टम- दूसरी बड़ी तकनीक 'हनीपॉट' रही, जिसे 'साइबर अपराधियों के लिए बिछाई गई डिजिटल चूहादानी' कहा जा सकता है। जैसे ही हैकर हमला करता है, यह सिस्टम उसे ब्लॉक करने के बजाय उलझाए रखता है और पैटर्न, लोकेशन आदि ट्रैक कर लेता है। भविष्य के हमले भी रुकेंगे।

4 यह मॉडल कितनी भाषाओं को सपोर्ट करता है?
यह मॉडल हिंदी और अंग्रेजी के अलावा मलयालम, तेलुगू और तमिल सहित पांच भारतीय भाषाओं को सपोर्ट करता है। यह 'कोड-स्विचिंग' (मिक्स भाषा) बोलने वाले भारतीयों की पहचान करने में भी सक्षम है।

गांव से शहर तक कैशलेस इकोनॉमी की ओर भारत

₹40 लाख करोड़ की मुद्रा चलन में 57% भारतीयों की पहली पसंद यूपीआइ

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

मुंबई. भारत में डिजिटल भुगतान का दायरा तेजी से बढ़ रहा है और अब यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआइ) नकद लेन-देन से आगे निकल गया है। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग की रिपोर्ट के अनुसार 57 प्रतिशत भारतीय अब लेन-देन के लिए यूपीआइ को प्राथमिकता दे रहे हैं, जबकि नकद का उपयोग 38 प्रतिशत तक सीमित रह गया है। यह बदलाव डिजिटल अर्थव्यवस्था की मजबूत होती नींव को दर्शाता है। यह रिपोर्ट 15 राज्यों के 10,378 प्रतिभागियों पर आधारित सर्वे पर तैयार की गई, जिसमें उपभोक्ता, व्यापारी और सेवा प्रदाता शामिल थे।

ऐसे घट रहा नकदी का इस्तेमाल

2021–22	14.4%
2025–26	11%

एसबीआइ की रिपोर्ट: 31 जनवरी 2026 तक चलन में नकदी 40 लाख करोड़ रुपए के रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई, लेकिन नकद और जीडीपी का अनुपात घटकर 11 प्रतिशत रह गया है। अब अर्थव्यवस्था की वृद्धि में अब नकदी की तुलना में डिजिटल भुगतान की भूमिका अधिक हो गई है।

ये हैं प्रमुख कारण

- छोटे व्यापारियों द्वारा यूपीआइ स्वीकार करने में वृद्धि
- तेज और सुरक्षित भुगतान प्रक्रिया
- कम राशि के लेन-देन में भी डिजिटल विकल्प का उपयोग

ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ी पैठ

- छोटे दुकानदार और वेंडर तेजी से यूपीआइ अपना रहे हैं
- प्रोत्साहन योजनाओं का असर
- एनपीसीआइ और रूपे से डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत

अब ओटीपी नहीं, फेस और फिंगरप्रिंट से होगा भुगतान

मुंबई. अब मास्टरकार्ड और वीजा कार्डधारकों को भुगतान के लिए वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) की जरूरत नहीं होगी और वे बायोमेट्रिक सत्यापन के जरिये लेनदेन पूरा कर सकेंगे।

वैश्विक कार्ड नेटवर्क मास्टरकार्ड और वीजा कार्ड लेनदेन के लिए च्यासकीज् व्यवस्था लाने जा रहे हैं जिससे उपयोगकर्ता अपने चेहरे के स्कैन या फिंगरप्रिंट जैसे बायोमेट्रिक से भुगतान को प्रमाणित कर सकेंगे। मामले से अवगत लोगों ने इसकी जानकारी दी। इससे भारत में पहली बार बड़े पैमाने पर बिना ओटीपी सत्यापन के उपयोगकर्ताओं को क्रेडिट और डेबिट कार्ड के लेनदेन को पूरा करने की सुविधा मिलेगी। मास्टरकार्ड के अनुसार जिन ग्राहकों को पासकी चुनने का विकल्प दिया है, उनमें से 30 फीसदी इसे अपना रहे हैं। ये ऐसे लोग हैं जो अक्सर कार्ड के जरिए लेनदेन करते हैं।

एनपीएस में बदलाव अलग फंड की तैयारी

इक्विटी में बढ़ सकता है निवेश, हेल्थ कवर भी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

नई दिल्ली. नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) से जुड़े सरकारी कर्मचारियों और अन्य निवेशकों के लिए दोहरी खुशखबरी सामने आई है। एक ओर पेंशन फंड नियामक एनपीएस में इक्विटी निवेश की सीमा बढ़ाकर अधिक रिटर्न देने की तैयारी कर रहा है, वहीं दूसरी ओर पेंशन के साथ हेल्थ कवर जोड़ने और मेडिकल जरूरतों के लिए अलग मेडिकल पेंशन् फंड बनाने की योजना भी तेजी से आगे बढ़ रही है। इससे रिटायरमेंट के बाद आर्थिक और स्वास्थ्य सुरक्षा दोनों मजबूत होंगी। पेंशन फंड नियामक के अनुसार, सरकारी कर्मचारियों के लिए इक्विटी निवेश की सीमा मौजूदा 19 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत तक की जा सकती है। इससे लंबी अवधि में अधिक रिटर्न मिलने की संभावना बढ़ेगी और कर्मचारियों को बड़ा पेंशन कॉर्पस तैयार करने में मदद मिलेगी।



कर्मचारियों को होंगे ये प्रमुख फायदे

- इक्विटी निवेश बढ़ने से लंबी अवधि में अधिक रिटर्न मिलने की संभावना
- रिटायरमेंट के समय बड़ा पेंशन फंड तैयार हो सकेगा
- महंगाई के प्रभाव से पेंशन की वास्तविक वैल्यू सुरक्षित रहेगी

30% तक हिस्सा मेडिकल जरूरतों के लिए: इसी के साथ एनपीएस में हेल्थ सुरक्षा जोडने की दिशा में भी काम चल रहा है। प्रस्ताव के तहत निवेशक अपने कुल पेंशन कॉर्पस का 30 प्रतिशत तक हिस्सा मेडिकल जरूरतों के लिए अलग रख सकेंगे। यह राशि केवल इलाज और स्वास्थ्य खर्चों के लिए उपयोग होगी।

मेडिकल पेंशन फंड में मिलेंगे ये लाभ

1. मेडिकल खर्चों के लिए ***अलग सुरक्षित फंड उपलब्ध होगा***
2. हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों से ***सस्ते टॉप-अप प्लान मिल सकेंगे***
3. अस्पतालों में इलाज के लिए ***बेहतर और तेज भुगतान व्यवस्था होगी***

मजबूत बनाने की कोशिश: पेंशन फंड रेगुलेटर एनपीएस को और बेहतर बनाने पर जोर दे रही है। अभी एनपीएस में सिर्फ 1 करोड़ लोग जुड़े हैं, जो काफी कम है। इसे बढ़ाने के लिए रगुलेटर नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से बात कर रही है। इसकी की मदद से नए निवेशकों को आसानी से जोड़ा जा सकेगा।

निवेश गंतव्य खाड़ी देशों के सॉवरेन वेल्थ फंड्स नॉर्थ अमरीका और यूरोपीय शेयर बाजार को छोड़कर अब भारत-चीन की ओर मुड़े

गल्फ देशों के फंड्स पश्चिम के बजाय अब पूरब की ओर देख रहे

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

मुंबई. भूराजनैतिक तनाव और वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में खाड़ी देशों (गल्फ) के बड़े सॉवरेन वेल्थ फंड और फैमिली ऑफिस अब अपनी निवेश रणनीति बदल रहे हैं। जो फंड अब तक मुख्य रूप से अमरीका और यूरोप में पैसा लगाते थे, वे अब एशिया, खासकर भारत की ओर रुख कर रहे हैं। उनका मानना है कि आने वाले वर्षों में एशिया में बेहतर और टिकाऊ ग्रोथ देखने को मिलेगी। यूएई स्थित क्रेसेंट ग्रुप ने अगले 18 महीनों में भारत में 5 करोड़ डॉलर से अधिक निवेश करने की योजना बनाई है। यह निवेश उसकी इक्विटी शाखा सीई इन्वेस्ट के जरिए होगा। समूह का फोकस मिड-साइज कंपनियों पर रहेगा। कंपनी पहले से 25 से ज्यादा विविध कारोबारों में निवेश कर रही है और अब भारत को अपनी नई रणनीतिक प्राथमिकता बना रही है।

मरहबा, अल-हिंद!

भारत की ओर इसलिए आकर्षित?

1. स्थिर नियामक वातावरण और सुधार
2. प्रति व्यक्ति आय और खपत में वृद्धि
3. लगातार मजबूत होता वर्किंग एज पॉपुलेशन
4. बड़े पैमाने पर विकास और वृद्धि की संभावना
5. भूराजनैतिक जोखिमों को कम करने के लिए विविधीकरण

निवेश योजनाएं

क्रेसेंट ग्रुप: भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया और जीसीसी में 30 करोड़ डॉलर निवेश की योजना

मुबाडाला: अगले एक दशक में अपने कुल पोर्टफोलियो का 25% हिस्सा भारत सहित एशिया में निवेश करने का लक्ष्य

शारजाह एसेट मैनेजमेंट: अगले पांच वर्षों में हर साल भारत में 10 मिलियन डॉलर निवेश करने की योजना

भारतीय शेयर बाजार में किसका कितना निवेश

देश	निवेश
अमरीका	31.30
लक्जमबर्ग	5.23
आयरलैंड	4.66
सिंगापुर	4.58
ब्रिटेन	3.19
मॉरीशस	2.88
नॉर्वे	2.79
जापान	2.12
फ्रांस	1.90
कनाडा	1.86
अन्य	10.76

आयरलैंड सिंगापुर को पीछे छोड़ बना भारतीय शेयर बाजार का तीसरा बड़ा निवेशक

(राशि लाख करोड़ रुपए में)

इन सेक्टर्स की कंपनियां रडार पर

अबू धाबी का संप्रभु फंड मुबाडाला भी एशिया में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की तैयारी में है। कंपनी अगले दशक में अपने कुल पोर्टफोलियो का करीब 25% एशिया में रखने का लक्ष्य बना रही है। शारजाह एसेट मैनेजमेंट ने भी भारत में अगले पांच वर्षों तक हर साल लगभग 1 करोड़ डॉलर निवेश करने की योजना बनाई है। निवेशकों की रुचि टेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर, उपभोक्ता, रिटेल, मैन्युफैक्चरिंग और वित्तीय सेवाओं जैसे क्षेत्रों में है। एआइ, मेडिकल डायग्नोस्टिक्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ी कंपनियां उनके रडार पर हैं।

भारत बना निवेश का स्वभाविक विकल्प

विशेषज्ञों का कहना है कि खाड़ी देशों में निवेश अक्सर राष्ट्रीय परिवर्तन योजनाओं से जुड़ा होता है। अब जब वे अपने निवेश का दायरा बढ़ा रहे हैं, तो भारत जैसे बड़े और तेजी से बढ़ते बाजार उनके लिए स्वाभाविक विकल्प बन रहे हैं। हाल के वर्षों में भारत और व्यापक उभरते बाजारों में वैश्विक पूंजी का प्रवाह बढ़ा है। कुछ बड़े संस्थागत निवेशकों ने भारत में अपने नए कार्यालय भी खोले हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि वे यहां लंबी अवधि के लिए मौजूद रहना चाहते हैं। साथ ही वे एफडीआइ भी बढ़ाने की तैयारी में हैं।

Please Support me by Joining my Private channel

YOU WILL RECIEVE NEWSPAPERS EARLIER THAN ANYONE OUT THERE.🙏

📚Indian Newspapers:

1) Times of India
2) Hindustan Times
3) Business line
4) The Indian Express
5) Economic Times
6) The Hindu
7) Live Mint
8) Financial Express
9) Business standard
+All Editorial PDFs

Uploding starts from 5AM

🎈Access to all this In Just 19 Rupees [lifetime Validity]

Click below to

Join

📚International Newspapers Channel

📚 Magazine Channel (National & International)

प्रेरणा

अच्छी यादें इकट्ठा कीजिए। ये वे खुशियां हैं, जो कभी खत्म नहीं होतीं। -मैरी क्यूरी

संपादकीय

जेन-जी बांग्लादेश को अशांति में नहीं धकेलेगी

बांग्लादेश के नए पीएम के सलाहकार ने कहा कि भारत के साथ संबंधों को 'रीसेट' किया जाएगा। इस सोच का कारण है वहां के समाज की पाकिस्तानी समाज से अलग ऐतिहासिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और विकास की राह पर काफी आगे निकलना। यह सच है कि बांग्लादेश में युवाओं के एक वर्ग ने सत्तापरिवर्तन तो किया, लेकिन नेतृत्व और उद्देश्य के अभाव में धार्मिक उन्माद की ओर मुड गया। अल्पसंख्यक हिन्दुओं (8% आबादी) को शिकार बनाया गया। लेकिन वोटों का विश्लेषण बताता है कि युवाओं ने भी कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी को हीं नहीं, अपनी ही पार्टी एनसीपी को भी खारिज किया। देश के 1.32 करोड़ हिन्दू मतदाताओं ने भी अपना भरोसा बहुमत वाली बीएनपी पर जताया। संविधान सुधार पर हुई रायशुमारी में 68% मतदाताओं ने सुधार के पक्ष में वोट दिया। चूंकि ये सुधार एक लिबरल, निष्पक्ष समाज और विकासपरक शासन पर आधारित हैं-लिहाजा नए पीएम को हिन्दुओं के प्रति समानता का भाव और भारत के प्रति मैत्रीपूर्ण संबंध रखने होंगे। पाकिस्तान से उलट, बांगलादेश कट्टरपंथ का हिमायती भी नहीं रहा। इसीलिए उसकी प्रति व्यक्ति आय पाकिस्तान से दोगुनी है। वह देश माइक्रोफाइनेंसिंग, उद्योग और निर्यात से समृद्ध हुआ। जेन-जी आन्दोलन किसी भी कीमत पर अपने देश को पाकिस्तान जैसी अशांति और अविकास की ओर नहीं धकेलेगा।

जीने की राह

पं. विजयशंकर मेहता

humarehanuman@gmail.com

श्रोता बनने की बारी आए तो अच्छे श्रोता बनिए

अच्छा सुनने के लिए अच्छा होना ही पड़ेगा। पक्षीराज गरुड़ ने जब काकभुशुंडि जी से निवेदन किया कि कथा सुनाइए तो तुलसीदास जी ने गरुड़ जी की वाणी का वर्णन किया है- सुनत गरुड़ कै गिरा बिनीता, सरल सुप्रेम सुखद सुपुनीता। गरुड़ जी की विनम्र, सरल, सुंदर, प्रेम युक्त, सुखप्रद और अत्यंत पवित्र वाणी सुनते ही काकभुशुंडि जी के मन में परम उत्साह हुआ। यह एक श्रोता के लक्षण बताए हैं। जब भी श्रोता बनने की बारी आए, अच्छे श्रोता बनिए। जैसे गीता के मुख्य वक्ता तो कृष्ण जी ही हैं, पर जब उनके श्रोता बनने की बारी आई तो उन्होंने कमाल किया। कृष्ण जी ने गीता में 620 श्लोक बोले हैं। अर्जुन ने 57 बोले। गीता के पहले अध्याय में 27 श्लोक तक तो संजय ने दृश्य बताया। उसके बाद 19 श्लोक में अर्जुन धाराप्रवाह बोले और पूरे धैर्य के साथ श्रीकृष्ण ने उनको सुना। आजकल कोई किसी को सुनने को तैयार ही नहीं है। लेकिन श्रोता बनने का अवसर आए तो गरुड़ जी की तरह, कृष्ण जी की तरह कुछ शुभ लक्षण भीतर उतारें।

• Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

नजरिया • हमें संतुलित जुड़ाव बनाए रखना चाहिए

स्थिर बांग्लादेश भारत की उन्नति के लिए भी लाभदायक

आस-पड़ोस

लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन

कश्मीर कोर के पूर्व कमांडर

बांग्लादेश चुनाव ने एक निर्णायक नतीजा दिया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को मिला दो-तिहाई बहुमत महज चुनावी जीत नहीं, बल्कि साल भर की अस्थिरता, वैचारिक टकराव और संस्थागत अनिश्चितता के बाद राजनीतिक स्थिरता का संकेत है। यह चुनाव एक सामान्य संसदीय प्रक्रिया से ज्यादा इस बात पर राष्ट्रीय निर्णय जैसा है कि शेख हसीना की रवानगी और उथल-पुथल के बाद देश अब कैसे आगे बढ़ना चाहता है। एक सकारात्मक संकेत तत्काल दिखता है। जमात-ए-इस्लामी का कमजोर प्रदर्शन बताता है कि मतदाता कट्टरपंथी शासन को लेकर सतर्क हैं। भले समाज के कुछ हिस्सों में इस्लामवादी बयानबाजी का प्रभाव हो, लेकिन वोटरों ने कट्टरपंथी ताकतों को सत्ता सौंपने से गुरेज किया है। यह घटना स्थिरता देने वाली है।

फिर भी ऐसा मान लेना जल्दबाजी होगी कि जमात का असर खत्म हो गया। उसका नेटवर्क, सामाजिक प्रभाव, और लोगों को सड़कों पर जुटाने की क्षमता कायम है। उसकी सियासी ताकत घट सकती है, लेकिन वैचारिक प्रभाव बना रहेगा। इसी सच्चाई से निपटना बीएनपी की पहली बड़ी परीक्षा होगी। बीएनपी को स्पष्ट बहुमत भारत के लिए स्वागत योग्य है। इससे गठबंधन की कमजोरियां घटेंगी और नीतिगत जड़ता का जोखिम कम होगा। यह बहुमत तारिक रहमान और उनकी टीम को वैधानिकता के साथ ही जिम्मेदारी भी देता है। अस्थिरता का बहाना अब नहीं चल पाएगा। शासन, आर्थिक पुनरुद्धार और संस्थागत सुधारों को प्राथमिकता देनी होगी। बांग्लादेशी युवाओं ने गरिमा, जवाबदेही और अवसरों की मांग की थी। बीएनपी सरकार की विश्वसनीयता अब इस पर निर्भर करेगी कि वह कैसे प्रशासनिक दक्षता बहाल करती है, निवेशकों का भरोसा लौटाती है और अल्पसंख्यकों को कैसे आश्वस्त करती है।

आवामी लीग को भी अनिश्चितकाल के लिए अनदेखा नहीं कर सकते। किसी बड़े राजनीतिक दल को स्थायी रूप से बाहर कर देना संरचनात्मक असंतुलन पैदा करता है। भले तत्काल प्रतिबंध हटाना संभव न हो, लेकिन राजनीतिक हालात सामान्य करने की राह खुली रहनी चाहिए। बांग्लादेश में स्थायी स्थिरता के लिए टकराव के बजाय समावेशन जरूरी है। शेख हसीना का भारत में रहना एक फैक्टर बना रहेगा, लेकिन सिर्फ यही द्विपक्षीय रिश्तों की धुरी नहीं होनी चाहिए। दोनों देशों के व्यापक रणनीतिक और आर्थिक एजेंडे पर निजी या कानूनी मसले भारी नहीं पड़ने चाहिए। न तो बांग्लादेश का भविष्य किसी एक व्यक्ति के भाग्य से परिभाषित होना चाहिए, न ही भारत-बांग्लादेश संबंध उसी एक मुद्दे तक सीमित होने चाहिए। बांग्लादेश के सामने एक बड़ी चुनौती वैचारिक कट्टरता के आकर्षण से बचना भी है। कट्टरपंथ थोड़े समय के लिए जनसमर्थन तो जुटा सकता है, लेकिन टिकाऊ शासन या आर्थिक मजबूती शायद ही दे पाए।

बांग्लादेश में सेना की भूमिका भी उल्लेखनीय रही है। हाल की अस्थिरता में वह काफी हद तक पेशेवर और संस्थागत बनी रही। जब तक राजनीतिक संक्रमण मजबूती ले, उसका ऐसे ही स्थिर रहना जरूरी होगा। भारत के लिए यह समय संतुलित जुड़ाव रखने का है। बीते वर्ष भारत का संयम उल्लेखनीय रहा। वह तनाव बढ़ाने वाली बयानबाजी से दूर रहा। यही दृष्टिकोण जारी रहना चाहिए। न सार्वजनिक दिखावा, न टिप्पणी, न संवेदनशील मुद्दों को अनावश्यक फिर से खोलना। संयमित सुरों में कूटनीति बेहतर कारगर होती है।

रिश्तों को री-सेट करने के लिए अब सांकेतिक पहल उपयोगी हो सकती है। मंत्री स्तर की पहल हो या

> **शेख हसीना का भारत में रहना एक फैक्टर बना रहेगा, लेकिन सिर्फ यही द्विपक्षीय रिश्तों की धुरी नहीं होनी चाहिए। दोनों देशों के व्यापक रणनीतिक और आर्थिक एजेंडे पर निजी या कानूनी मसले भारी नहीं पड़ने चाहिए।**

सही भावना से दिया कोई निमंत्रण, ऐसा कोई भी उच्च स्तरीय जुड़ाव सद्भाव का संकेत दे सकता है। पिछले दिनों ही शोक के क्षणों में सम्मानजनक कूटनीतिक जुड़ाव ने बताया कि कैसे प्रतीकात्मक कदम सिद्धांतों को बदले बिना भी भरोसा बढ़ा सकते हैं। आर्थिक तौर पर पारस्परिक निर्भरता ही स्थिरता का सबसे मजबूत फैक्टर है। कनेक्टिविटी, ऊर्जा व्यापार, सप्लाई चेन और 'पीपल टू पीपल' रिश्ते राजनीति से ऊपर उठ कर दोनों देशों को आपस में जोड़ते हैं। एक स्थिर पूर्वी पड़ोसी से भारत की उन्नति को भी लाभ होगा। यही पारस्परिकता नीति का मार्गदर्शक सिद्धांत होनी चाहिए।

एक स्थिर बांग्लादेश बाहरी हस्तक्षेप की गुंजाइश घटाता है, जबकि अस्थिर बांग्लादेश इसे बढ़ाता है। म्यांमार को लेकर अनिश्चितता और बंगाल की खाड़ी में बढ़ती क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धा के बीच बांग्लादेश में रणनीतिक सामंजस्य बने रहना न केवल राष्ट्रीय, बल्कि क्षेत्रीय हितों को भी साधता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

दूरदृष्टि • हमें अपने विकल्पों को बढ़ाना होगा

तेल पर निर्भरता को कम करना अब जरूरी हो गया है

एनर्जी

अरविंद सुब्रमणयन

भारत सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार

2021 में भारत का रूस से तेल आयात उसके कुल तेल आयात का 2% था। 2024 में यह बढ़कर 30-36% तक पहुंच गया- मुख्यतः रूसी तेल पर भारी छूट के कारण। अब भारत पर रूस से तेल लेना बंद करने का दबाव बनाया जा रहा है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हमने रूसी तेल आयात पूरी तरह बंद कर दिया है। आंकड़े बताते हैं कि रूसी क्रूड का हिस्सा पहले की तुलना में कुछ ही कम हुआ है- दिसंबर 2025 में यह 31.5 % था, जो पिछले वर्ष के 36.5% से घटा है। वहीं अमेरिका से तेल आयात बढ़ रहा है।

सरकार ने साफ किया है कि ऊर्जा सुरक्षा और उपलब्धता उसकी प्राथमिकता है और यों भी उसकी नीति विविधता की दिशा में बढ़ने की है, किसी एक स्रोत पर निर्भर रहने की नहीं। विदेश सचिव का कहना है कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों, मूल्य और बाजार-स्थितियों के आधार पर ही ऊर्जा स्रोतों का चयन करेगा। इसके संकेत भी मिल रहे हैं कि भारत ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण की दिशा में कदम उठा रहा है।

आर्थिक गतिशीलता और बढ़ती समृद्धि ने जहां भारत को ऊर्जा के मामले में और अधिक आयात-निर्भर बना दिया है, वहीं भारत के लिए यह और आवश्यक हो गया है कि वह अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को अधिकतम करने के लिए इस निर्भरता को घटाए। एक विकल्प यह हो सकता है कि हम अमेरिका की तरह हाइड्रोकार्बन उत्पादन और निवेश को बढ़ाएं। दूसरा, और संभवतः अधिक दूरदर्शी विकल्प है चीन की राह अपनाना और स्वयं को एक रिन्यूएबल एनर्जी आधारित इलेक्ट्रो-स्टेट में रूपांतरित करना। ऊर्जा के सूर्य और पवन जैसे स्रोत अधिकांश देशों में उपलब्ध हैं और भारत में तो विशेष रूप से प्रचुर मात्रा में हैं। इन स्रोतों पर अधिक निर्भरता न केवल आयात-निर्भरता को घटाएगी, बल्कि व्यापक विद्युतीकरण को भी प्रोत्साहित करेगी- जो भविष्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है : डेटा सेंटर, इलेक्ट्रिक वाहन, ड्रोन, एआई और अन्य उभरती तकनीकें।

इसके अलावा, भारत के पास हाइड्रोकार्बन से रिन्यूएबल एनर्जी की ओर रणनीतिक रूपांतरण के दो और ठोस कारण हैं। पहला है- प्रदूषण। कोयला और तेल जलाने की घरेलू सामाजिक लागत विनाशकारी रही है, जैसा कि विश्व बैंक के एक हालिया अध्ययन से स्पष्ट होता है। नई दिल्ली को अकसर एक गैस चैम्बर कहा जाता है- यह हमें याद दिलाता है कि हाइड्रोकार्बन पर निर्भरता बढ़ाने के क्या परिणाम हो सकते हैं। ऐसे में कोयले के उपयोग को और बढ़ाना विवेकपूर्ण नहीं है- विशेषकर तब, जब 40-60 अरब डॉलर के थर्मल पावर निवेश पहले ही फंसे हुए हैं या जोखिम में हैं। नए कोयला संयंत्र इस वित्तीय बोझ को और बढ़ाएंगे।

बेशक, रिन्यूएबल एनर्जी की ओर बढ़ना एक नए प्रकार की निर्भरता का जोखिम भी पैदा करता है। तेल पर निर्भरता घटाने की कोशिश कहीं तकनीकी पर निर्भरता में न बदल जाए- क्योंकि सोलर मैन्युफैक्चरिंग का 80% से अधिक नियंत्रण चीन के पास है और बैटरी आपूर्ति शृंखलाओं पर भी उसका दबदबा है। लेकिन यही हमें दूसरे, और कहीं अधिक निर्णायक कारण की ओर भी ले जाता है- सस्ती बिजली। यदि भारत को मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र को पुनर्जीवित करने का अवसर साधना है, तो उसे सस्ती और विश्वसनीय बिजली की आवश्यकता होगी। भारत के मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र को बिजली की ऊंची लागत ने गंभीर रूप से बाधित किया है। भारत में बिजली की लागत जितनी होनी चाहिए थी, उससे लगभग दोगुनी रही है- और प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में भी लगभग दो गुना अधिक है। इस महंगी बिजली के कारण ही भारतीय कारखाने वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पिछड़ते रहे हैं।

> **यदि हमें अपनी ऊर्जा निर्भरता पर काबू पाना है, तो हमें स्वयं को एक इलेक्ट्रो-स्टेट में रूपांतरित करने की प्रक्रिया को तेज करना होगा। केंद्र सरकार सही दिशा में कदम उठा रही है, लेकिन केवल नीतिगत घोषणाएं पर्याप्त नहीं होंगी।**

हाल में हुए व्यापार समझौते भारत को चाइना प्लस वन अवसर का लाभ उठाने का मौका दे सकते हैं- यानी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा चीन से बाहर उत्पादन का विविधीकरण। लेकिन इसके लिए पहले घरेलू सुधारों की आवश्यकता होगी- विशेषकर बिजली क्षेत्र में संरचनात्मक सुधार, जो सस्ती, स्थिर और स्वच्छ ऊर्जा सुनिश्चित कर सकें। रणनीतिक स्वायत्तता, औद्योगिक पुनरुत्थान और पर्यावरणीय संतुलन- इन तीनों को साधने के लिए ऊर्जा नीति केंद्र में होनी चाहिए।

(@प्रोजेक्ट सिंडिकेट। इस लेख के सहलेखक एनर्जी इकोनॉमिस्ट नवनीरज शर्मा हैं।)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

दैनिक भास्कर

अब आप NYT के सभी आर्टिकल **DB एप** पर हर मंगलवार पढ़ सकते हैं। डाउनलोड करें डीबी एप।

© The New York Times

दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

टेक्नोलॉजी पिछले 12 महीने में सॉफ्टवेयर कंपनियों के शेयरों में 30 साल की सबसे बड़ी गिरावट, खुद का अस्तित्व बचाने का संकट

सॉफ्टवेयर कंपनियों को एआई की चुनौती; एक साल में 181 लाख करोड़ घटा बाजार मूल्य, स्टार्टअप अब खुद को एआई से जोड़ रहे हैं

सारा केसलर

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ने सॉफ्टवेयर कंपनियों के अस्तित्व के लिए चुनौती खड़ी कर दी है। नवंबर 2022 में चैटजीपीटी आने के तीन साल बाद अब इन कंपनियों को एआई की विध्वंसक क्षमता का अहसास हो रहा है। एआई ने इंडस्ट्री को जबर्दस्त नुकसान पहुंचाया है। सॉफ्टवेयर कंपनियों के लिए पहचान का संकट पैदा हो गया है। इसलिए वे हर स्तर पर स्वयं को एआई कंपनियां बताने की जी-तोड़ कोशिश में जुटी हैं। यही कारण है कि चमकीले इमोजी और जादुई आइकन हर जगह नजर आने लगे हैं। एआई पॉपुलर वेबसाइट डोमेन बन गया है। वेंचर कैपिटल निवेशक कहते हैं, सभी साफ्टवेयर स्टार्टअप में किसी न किसी किस्म का एआई एंगल जुड़ा है।

इस दहशत का कारण साफ है। पिछले 12 महीने में सॉफ्टवेयर कंपनियों के शेयर कीमतों में तीस साल की सबसे बड़ी गिरावट आई है। जेपी मॉर्गन बैंक के अनुसार कंपनियों का बाजार मूल्य अपने शिखर से 181 लाख करोड़ रुपए से अधिक नीचे आ गया है। एसएंडपी नॉर्थ अमेरिकन टेक्नोलॉजी सॉफ्टवेयर इंडेक्स ही पिछले महीने लगभग बीस प्रतिशत गिर चुका है। बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनियों सेल्सफोर्स और सर्विसनाउ के शेयरों में पिछले साल 40 फीसदी से अधिक गिरावट आई है। और यह नुकसान लगातार जारी है।

एंथ्रोपिक के क्लॉड ओपस 4.6 जैसे नए शक्तिशाली एआई टूल्स की रिलीज ने बताया कि टेक्नोलॉजी कितनी तेज रफ्तार से बढ़ रही है। स्टार्टअप की दुनिया पर दबाव बढ़ता जा रहा है। 2024 में सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म पिचबुक ने क्लाउड सॉफ्टवेयर इस्तेमाल के लिए सब्सक्रिप्शन लेने वाले बिजनेस मॉडल को वेंचर की बुनियाद बताया था, लेकिन एआई के कारण अब यह हलचल धुंधली पड़ चुकी है। सॉफ्टवेयर बनाने और कंपनियों द्वारा उसका भुगतान करने के तरीकों को एआई बदल सकती है।

© The New York Times

अधिकतर पूंजी एआई कंपनियों में जा रही

स्टार्टअप और वेंचर फंड कंपनी 500 ग्लोबल के पार्टनर टोनी वांग बताते हैं, कुछ साल पहले चंद स्टार्टअप ही खुद को एआई कंपनियों के बतौर पेश करते थे। अब सभी स्टार्टअप ऐसा कर रहे हैं। सीबी इनसाइट्स के मुताबिक पिछले साल लगभग आधी वेंचर कैपिटल एआई स्टार्टअप्स के खाते में गई है। 151 स्टार्टअप कंपनियों में से 135 ने स्वयं को एआई कंपनियां बताया है। इनमें 14 के नाम एआई से खत्म होते हैं।

चैटबॉट से साल भर में कारोबार 900 करोड़ रुपए पहुंचा

इओगन मैकाबे 2022 में कस्टमर सर्विस सॉफ्टवेयर कंपनी इंटरकॉम के दोबारा सीईओ बने। उन्हें लगभग एक माह हुआ था। कंपनी की बढ़त लगभग ठहर गई थी। मैकाबे को जल्द ही अस्तित्व के संकट का आभास हो गया। उन्होंने कंपनी को एआई कंपनी में तब्दील कर दिया। इसी साल चैट जीपीटी इंटरकॉम रिलीज हुआ। उन्होंने इसका इस्तेमाल किया। इसके बाद उनकी कंपनी के कारोबार में जमकर उछाल आया। अब उनकी कंपनी की सालाना आय करीब 900 करोड़ रुपए हो गई।

फाउंडर्स का फोकस पूरी तरह एआई पर हो गया है

सॉफ्टवेयर फाउंडर्स के लिए इवेंट आयोजित करने वाली कंपनी एसएएएसटीआर की मार्केटिंग प्रमुख एमेलिया लेरूटी कहती हैं कि फाउंडर्स के रुख में पिछले एक साल में काफी बदलाव आया है। वे अपने प्रोडक्ट में एआई शामिल करने लगे हैं। दरअसल, एआई के आने के बाद से कंपनियों में एक तरह की दहशत है। उन्होंने भी फाउंडर्स का फोकस दर्शाने के लिए कंपनी का नाम एसएएएसटीआर एआई कर लिया है। लेरूटी कहती हैं उनका ज्यादा समय अब एआई एजेंट्स को तैनात करने में बीतता है।

इस हफ्ते चर्चा में...

ट्रम्प के टैरिफ का ज्यादा भार अमेरिकियों पर ही

90 प्रतिशत भार पड़ा है,
अमेरिकी उपभोक्ताओं और कंपनियों पर राष्ट्रपति ट्रम्प के टैरिफ का। न्यूयॉर्क फेड की रिसर्च में यह जानकारी सामने आई है।

13.60 लाख करोड़ रुपए
खर्च किए हैं चीन की सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में सेमीकंडक्टर चिप्स बनाने के अभियान पर।

13 हजार करोड़ रुपए
से अधिक खर्च किए हैं, अमेरिका में हॉर्स रेसिंग में घोड़े दौड़ाने वाले मालिकों ने।

महत्वाकांक्षा अब अमेरिका में भी व्यक्ति पूजा पर जोर

ट्रम्प को खुश करने के लिए उनकी तस्वीर डॉलर पर छापने की तैयारी

पीटर बेकर

दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद से डोनाल्ड ट्रम्प खुद को दुनिया की अकेली प्रभावशाली हस्ती बता रहे हैं। वे अपने आपको हीरो, भगवान, शहंशाह, फौजी कमांडर और यहां तक कि पोप के समान दिखा चुके हैं। उन्होंने होटलों, कैसिनो, एयरप्लेन्स, स्टीक्स, नेकटाई और बोतलबंद पानी तक पर अपना नाम चिपका रखा है। ट्रम्प और उनके समर्थक अब व्यक्ति पूजा को बढ़ावा दे रहे हैं। ट्रम्प की तस्वीरें पूरे वाइट हाउस में लगी हैं। सरकारी इमारतों पर उनके बहुमंजिला बैनर लटके हैं। वे नेशनल पार्कों के पास पर नजर आते हैं। जल्द ही एक डॉलर के सिक्के पर ट्रम्प की तस्वीर होगी। यदि मंशा पूरी हो गई तो वे वाशिंगटन डलेस इंटरनेशनल एयरपोर्ट और वाशिंगटन कमांडर्स के भावी स्टेशन पर भी दिखाई पड़ेंगे। अमेरिकी प्रशासन ट्रम्प के नाम पर वॉरशिप की एक नई श्रेणी बनाने पर विचार कर रहा है। उनके सहयोगी विदेशी नेताओं पर नोबेल शांति पुरस्कार के लिए ट्रम्प का नाम आगे बढ़ाने के लिए दबाव डालते और धमकाते हैं।

जेन्सविले, ओहायो में मूर्तिकार के स्टूडिया में रखी डोनाल्ड ट्रम्प की 15 फीट ऊंची कांस्य की प्रतिमा।

दो करोड़ से बन रही कांसे की मूर्ति

क्रिप्टोकरेंसी निवेशकों का एक समूह राष्ट्रपति ट्रम्प की 15 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा बनवाने पर दो करोड़ 71 लाख रुपए खर्च कर रहा है। बताया जा रहा है डॉन कोलोसस नाम की यह प्रतिमा फ्लोरिडा में उनके गोल्फ कॉम्प्लेक्स में लगाई जाएगी।

© The New York Times

विवाद

जापान में घटे चीनी टूरिस्ट अर्थव्यवस्था को नुकसान

रिवर अकीराडेविस

चीन ने अपने नागरिकों को जापान की यात्रा न करने की सलाह दी है। जापान की प्रधानमंत्री ताकाइची साने ने नवंबर में कहा था कि चीन का हमला होने की स्थिति में ताइवान की रक्षा करने के लिए जापान आगे आएगा। इस बयान से चीन भड़क गया है।

जापान में सबसे अधिक पर्यटक चीन से आते हैं। पिछले साल दिसंबर में पूर्व वर्ष की तुलना में 45% पर्यटक कम आए। जापान सरकार के डेटा के अनुसार पिछले साल के तीन महीनों में देश में पर्यटकों के खर्च में 2.8% की गिरावट आई है। बीते चार वर्षों में यह पहली गिरावट है। जापान राष्ट्रीय टूरिज्म संगठन का कहना है कि चीनी पर्यटकों ने पिछले साल अन्य पर्यटकों के मुकाबले लगभग चार गुना ज्यादा खर्च किया था। जापान चीन से दुर्लभ धातुओं की सप्लाई पर रोक की स्थिति के लिए भी तैयारियां कर रहा हैं। इन धातुओं का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहनों से लेकर मिसाइल सिस्टम तक बनाने में होता है।

© The New York Times

राजनीति नेतनयाहू पर मुकदमा

इजराइल के अंदरूनी मामलों में दखल पर ट्रम्प की आलोचना

इसाबेल कर्शनर

भ्रष्टाचार के मामले में लंबे समय से चल रहे मुकदमे में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू को राष्ट्रपति द्वारा माफी नहीं दिए जाने के मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने जमकर खरीखोटी सुनाई है। गुरूवार को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए ट्रम्प ने राष्ट्रपति इसाक हरजोग के इस कृत्य को शर्मनाक करार दिया। उन्होंने कहा, नेतनयाहू को मुकदमे से माफी न देने के लिए इजराइल की जनता उन्हें नहीं छोड़ेगी।

हालांकि इजराइल के घरेलू मामलों में खुले दखल और राष्ट्रपति के प्रति अपमानजनक लहजे की तीखी प्रतिक्रिया हुई है। हरजोग सहित कई वरिष्ठ इजराइली नेताओं, अधिकारियों ने ट्रम्प के रवैये का विरोध किया है। वहीं नेतनयाहू के कुछ कट्टर समर्थकों ने ट्रम्प का समर्थन किया है। ट्रम्प की टिप्पणी के बाद इजराइली राष्ट्रपति के कार्यालय ने एक बयान में स्पष्ट किया कि हरजोग ने अब तक माफी के बारे में कोई फैसला नहीं लिया है। न्याय मंत्रालय मामले की समीक्षा कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के राजदूत और नेतनयाहू की लिकुड पार्टी के पूर्व मंत्री डैनी डेनन ने कहा कि वे ट्रम्प की प्रशंसा और सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि ट्रम्प भी हमारे राष्ट्रपति हरजोग का सम्मान करेंगे।

नेतनयाहू पर 5 साल से मुकदमा चल रहा है। उन पर आरोप है कि नेतनयाहू ने तोहफों के बदले अमीरों को फायदा पहुंचाया और खुद अपने और परिवार के लिए अच्छा मीडिया कवरेज हासिल किया। उन पर धोखाधड़ी के भी आरोप हैं। नेतनयाहू ने सभी आरोपों से इंकार किया है। उनका कहना है कि वे राजनीतिक प्रतिशोध के शिकार हुए हैं। ट्रम्प कई बार इस विवाद में कूद चुके हैं।

The New York Times

फाइनेंस

यूरोपीय देश वीसा, मास्टर कार्ड का विकल्प खोज रहे

विविएनवाल्ट

वर्षों से यूरोप में अमेरिकी टेक्नोलॉजी पर निर्भरता खत्म करने की मांग होती रही है। अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ट्रेड वॉर की वजह से ईयू में यूरोपीय व्यवसायियों और उपभोक्ताओं के लिए प्रतिद्वंद्वी प्लेटफार्म बनाने में दिलचस्पी बढ़ी है। इसमें पेमेंट सिस्टम भी शामिल होगा। यूरोपियन सेंट्रल बैंक बोर्ड के सदस्य पिएरो सिपोलोन के अनुसार पेमेंट सिस्टम बनाने का मामला लंबे समय से लंबित है।

यूरोपियन पेमेंट इनिशिएटिव की सीईओ मार्टिना वीमर्ट ने बताया कि हमने इंडस्ट्री से कहा है कि वीसा-मास्टरकार्ड को टक्कर देने पर गंभीरता से विचार करे। यूरोपियन यूनियन के देशों में होने वाले दो तिहाई कार्ड ट्रांजेक्शन वीसा या मास्टरकार्ड से होते हैं। 16 यूरोपीय बैंकों और फाइनेंशियल सर्विसेस के कंसोर्टियम ईपीआई ने 2024 में एप्पल पे जैसा पेमेंट कार्ड पेश किया है। डिजिटल यूरो करेंसी को भी आगे बढ़ाया जा रहा है। इससे अमेरिकी फाइनेंशियल कंपनियों पर निर्भरता कम हो जाएगी। यूरोपियन सेंट्रल बैंक इस प्रोजेक्ट का समर्थन कर रहा है। © The New York Times

बिज़नेस भास्कर
Business Standard और TheEconomist की ख़बरों के साथ
नई दिल्ली, मंगलवार 17 फरवरी, 2026

भास्कर इन्फो

अंबानी का हर निवेश सोना नहीं बन पाया

मुंबई | रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को 'वैल्यू क्रिएटर' कहा जाता है। लेकिन फॉर्च्यून रिपोर्ट बताती है उनका हर निवेश सोना नहीं बना पाया। पिछली 5 में से 3 डील खरी नहीं उतरी।

यहां रिटर्न उम्मीद से कम...

कंपनी	निवेश	अभी
आलोक इंड.	5,050	2,997
डेन नेटवर्क्स	5,230	1,355

- जस्ट डायल में ₹1,022 प्रति शेयर निवेश ₹644 प्रति शेयर रह गया।

नोटः निवेश करोड़ रुपए में

इन निवेश से जोरदार कमाई

नोटः ■ निवेश करोड़ रुपए में

'अंबानी टच' प्रभावी, पर हर बार जादू नहीं चलता

- टेलीकॉम/डिजिटल इंटीग्रेशन वाली डील्स में बाजार का भरोसा धीमा रहा।
- एशियन पेंट्स जैसे पुराने, मजबूत ब्रांड में 500 करोड़ का निवेश ₹7,703 करोड़ हो गया।

रिजल्ट एनालिसिस कुल आय वृद्धि में 5 कंपनियों का हिस्सा आधा, अकेले इंडियन ऑयल का 23%

इंडिया इंक का मुनाफा 14.7% बढ़ा, ये दो साल में सबसे ज्यादा; पर ग्रोथ तेल और बैंकिंग में ही

कृष्ण कांत | मुंबई

भारतीय कॉरपोरेट मुनाफा चुनिंदा सेक्टरों तक सीमित हो गया है। बीते अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के आंकड़े तो यही इशारा करते हैं। 3,353 कंपनियों के विश्लेषण से पता चला कि शुद्ध लाभ में 14.7% उछाल के पीछे असली हाथ तेल कंपनियों, वित्तीय संस्थानों और मेटल-माइनिंग कंपनियों का है। अगर इन सेक्टरों को हटा लें, तो बाकी लिस्टेड कंपनियों का प्रॉफिट महज 7.5% रह जाता है।

समग्र रूप से देखें तो लिस्टेड कंपनियों के शुद्ध लाभ में 14.7% बढ़ोतरी हुई। यह दो साल में सबसे अधिक है। इससे पिछली तिमाही (जुलाई-सितंबर 2025) में यह बढ़त 10.6% और पिछले साल समान तिमाही में महज 5.7% थी। बहरहाल दिसंबर तिमाही के सैंपल में शामिल कंपनियों का कुल शुद्ध लाभ बढ़कर 3.97 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले साल इसी अवधि में 3.47 लाख करोड़ था। मुनाफे के साथ-साथ कंपनियों की आय में भी सुधार आया है। बैंकों को छोड़कर, सभी सेक्टरों की शुद्ध बिक्री 8.9% बढ़ी, जो 11 तिमाहियों में सबसे तेज है। हालांकि गैर-साइक्लिकल सेक्टर की कंपनियों की शुद्ध बिक्री में 10.9% की वृद्धि देखी गई।

अधूरी ग्रोथः अगर बैंकिंग, ऑयल, मेटल कंपनियां हटा दें तो मुनाफा सिर्फ 7.5 बढ़ा

अक्टूबर-दिसंबरः ग्रोथ में 5 कंपनियों का शेयर 46%

कंपनी	कुल आय वृद्धि में शेयर	लाभ (करोड़ ₹ में)
इंडियन ऑयल	22.4%	13,007
स्टेट बैंक	8.1%	21,028
भारत पेट्रोलियम	6.8%	4,649
टाटा स्टील	4.8%	2,689
एचडीएफसी बैंक	3.8%	19,807
शीर्ष 5 कंपनियां	46.0%	61,180

लिस्ट में दो बड़े बैंक एसबीआई और एचडीएफसी हैं। इनका संयुक्त तिमाही लाभ 40,835 करोड़ है। यह बैंकिंग की मजबूत होती स्थिति दर्शाता है।

टॉप-50 की ग्रोथ लगातार 7वीं तिमाही 10% से नीचे

- निफ्टी-50 कंपनियों ने दिसंबर तिमाही में 7% की प्रॉफिट ग्रोथ दर्ज की है। यह लगातार सातवीं ऐसी तिमाही है जब मुनाफे की ग्रोथ दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाई है।
- महामारी (जून 2020) के बाद यह अब तक का सबसे लंबा ऐसा दौर है जब विकास दर सिंगल-डिजिट में बनी हुई है।
- निफ्टी की कुल कमाई में हुई सालाना बढ़ोतरी में 78% हिस्सा केवल पांच बड़ी कंपनियों एसबीआई, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस और भारती एयरटेल का रहा।
- निफ्टी 50 में ऑयल एंड गैस, मेटल, पीएसयू बैंक, एनबीएफसी और टेक्नोलॉजी सेक्टर ने शानदार प्रदर्शन किया। इन सेक्टर्स ने कुल अर्निंग्स ग्रोथ में 87% का योगदान दिया।

संतुलनः लेबर कोड का दिखा असर, पर कच्चे तेल, ब्याज दरों में कटौती के चलते बचत से हुई भरपाई

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, आरबीआई द्वारा रेपो रेट में कटौती और धातुओं की कीमतों में आई तेजी ने कंपनियों के लिए 'विंडफाल प्रॉफिट' जैसी स्थिति पैदा कर दी। इस मुनाफे ने नए श्रम कानूनों (लेबर कोड) के लागू होने से पड़ने वाले एकमुश्त वित्तीय बोझ की भी भरपाई कर दी। आईटी और बैंकिंग जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों की कई बड़ी कंपनियों ने इन कोड्स से संबंधित भविष्य के खर्चों के लिए एकमुश्त प्रावधान किया, जिससे उनके शुद्ध लाभ पर कुछ दबाव भी दिखा।

यहां चुनौती... रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस जैसी देश की सबसे बड़ी कंपनियों की चमक फीकी पड़ी

एक तरफ जहां कुछ सेक्टरों (तेल, बैंक, मेटल) ने शानदार प्रदर्शन किया, वहीं दूसरी तरफ रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, इंफोसिस, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसे पारंपरिक दिग्गजों के नतीजे औसत से कम रहे और उन्होंने निराश किया। अगर इन साइक्लिकल सेक्टर्स को हटा दिया जाए, तो शेष लिस्टेड कंपनियों के मुनाफे की वृद्धि दर महज 7.5 फीसदी रही, जो पिछले साल की 17.2 फीसदी की तुलना में काफी धीमी है।

इंटरव्यू मनीष अग्रवाल एमडी, नीम हॉलिडेज

बजट टूरिज्म में बड़ा उछाल, ट्रैवल ईएमआई गेम-चेंजर

देश में मिलेनियल्स और जेन जी यानी 14 से 45 वर्ष तक उम्र की नई पीढ़ी के लिए क्वालिटी ऑफ लाइफ प्राथमिकता बन गई है। बजट ट्रैवल की डिमांड तेजी से बढ़ रही है। महामारी के बाद से ऐसे इंटरनेशनल हॉलिडे की डिमांड बढ़ी है, जो परिवार के बजट में फिट हो। यह कहना है नीम हॉलिडेज के एमडी मनीष रामगोपाल अग्रवाल का। पढ़िए **एन. रघुरामन** से उनकी बातचीत के मुख्य अंश...

आपने बजट सेगमेंट क्यों चुना, यह क्यों बढ़ रहा?

आज युवा प्रोफेशनल्स माता-पिता को गिफ्ट की जगह ट्रैवल एक्सपीरियंस देना चाहते हैं। इससे सस्ती इंटरनेशनल ट्रिप की मांग बढ़ी है। हम इसे ओमान जैसी जगहों के लिए 30,000 रुपए जैसे पैकेज से पूरा कर रहे हैं। ट्रैवल ईएमआई इस मामले में गेम-चेंजर साबित हो रही है। श्रीलंका, मालदीव, मलेशिया और नेपाल जैसे देश अब कम बजट में सुलभ हैं।

- **क्या युवा टूर ऑपरेटर की सर्विस लेने की जगह सीधे ऑनलाइन बुकिंग करते हैं?** हां, एक वर्ग खुद ट्रिप प्लान करके 5-स्टार सुविधाएं चुनता है। लेकिन हमारा फोकस अहमदाबाद, सूरत, जयपुर, उदयपुर, इंदौर और भोपाल जैसे टियर-2 शहरों पर है। यहां आकांक्षी वर्ग सस्ती विदेश यात्रा चाहता है। ग्रुप ट्रैवल, बल्क खरीद और स्मार्ट प्लानिंग से खर्च भी कम होता है।
- **ये स्मार्ट प्लानिंग क्या है?** हम ट्रांसपोर्टेशन खर्च घटाने के लिए घूमने की जगहों के पास होटल चुनते हैं। ऐसे कई तरीके अपनाकर क्वालिटी से समझौता किए बगैर सस्ते पैकेज दे पाते हैं।
- **शादियों, लग्जरी टूरिज्म की तुलना में बजट सेगमेंट कहां है** पर्यटन हर दिशा में बढ़ रहा है। 5 साल में एडवेंचर, लग्जरी के साथ बजट सेगमेंट तेजी से बढ़ेगा। 5,720 से अधिक टियर-2/3 शहरों की आबादी सस्ती विदेश यात्रा चाहती है। कम मार्जिन, ज्यादा काम के बावजूद कंपनी कमिटेड है। नवंबर तक आईपीओ के जरिये विस्तार करेगी। मुझे यह कहना पसंद है कि हम टूरिज्म इंडस्ट्री के 'मारुति' हैं। हर कोई जानता है कि यह ब्रांड मार्केट पर हावी है क्योंकि यह भरोसेमंद और आसानी से मिलता है।

इंटरनेशनल ट्रिप प्लान करते समय ये 5 चीजें जरूरी हैं...

1 **डेस्टिनेशन नॉलेजः** ये देश क्यों चुन रहे हैं और कितने दिन चाहिए, रिसर्च करें।

2 **बफर बजटिंगः** खर्च का सही अनुमान लगाएं और 10% इमरजेंसी फंड रखें।

3 **स्मार्ट एयरलाइन चॉइसः** सिर्फ सस्ती फ्लाइट नहीं, बैगेज एलोएंस और टाइमिंग भी देखें।

4 **स्ट्रेटेजिक होटल लोकेशनः** सस्ता, पर दूर होटल ट्रांसपोर्ट खर्च बढ़ा सकता है।

5 **घूमने की सही जगहें:** सही लोकेशन से बेहतर अनुभव, संतुष्टि और सोशल मीडिया एंगेजमेंट मिलता है।

- **हर भारतीय को कौन सा देश जरूर घूमना चाहिए?** बेशक चीन। मॉडर्न टूरिस्ट को बर्फीले शहरों से लेकर स्विट्जरलैंड जैसी खूबसूरती और बेहतर इंफ्रा देता है। फिर भी 95% भारतीय चीन नहीं गए; बाकी 5% सिर्फ ट्रेड फेयर जैसे इवेंट के लिए गए।

बिजनेस ब्रीफ

थोक महंगाई 1.81% पर, यह दिसंबर से दोगुनी है

नई दिल्ली | जनवरी में थोक कीमतों के हिसाब से महंगाई दोगुनी से ज्यादा 1.81% हो गई, जो दिसंबर में 0.83% थी। यह 10 महीनों की सबसे ऊंची थोक महंगाई दर है। यह मुख्य रूप से मेटल्स, कारखानों में तैयार वस्तुओं, खाने की चीजों और कपड़ों के दाम बढ़ने का नतीजा है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बीते माह कारखानों में बने प्रोडक्ट्स की महंगाई दर 2.86% रही।

भारतीय टीम ट्रेड डील पूरी करने अमेरिका जाएगी

नई दिल्ली | देश के मुख्य व्यापार वार्ताकार दर्पण जैन अगले सप्ताह अमेरिका जाएंगे। वहां वे एक अंतरिम व्यापार समझौते के कानूनी पहलुओं को अंतिम रूप देने के लिए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को बताया कि यात्रा संभवतः 23 फरवरी से शुरू होगी। इसी महीने जारी संयुक्त बयान में समझौते के फ्रेमवर्क को अंतिम रूप दिया गया था। इस पर मार्च में हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

रणनीति • फंड हाउस ने 18,400 करोड़ डाले

म्यूचुअल फंड्स का 45% नया निवेश सिर्फ प्राइवेट बैंकों में

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

शेयर बाजार में जनवरी की उथल-पुथल के बीच म्यूचुअल फंड्स ने प्राइवेट बैंकों पर बड़ा दांव लगाया। फंड हाउसेज ने गिरावट का फायदा उठाते हुए एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक में कुल 18,400 करोड़ निवेश किया, जो महीने की कुल इक्विटी खरीद का 45% रहा। बाजार नियामक सेबी के मुताबिक, बीते महीने म्यूचुअल फंड्स ने कुल 40,514 करोड़ के शेयर खरीदे। नुवामा ऑल्टरनेटिव एंड क्वांटिटेटिव रिसर्च की रिपोर्ट कहती है कि इसमें से 11,300 करोड़ एचडीएफसी बैंक, 4,100 करोड़ आईसीआईसीआई बैंक और 3,000 कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में लगाए गए।

मौकाः वाजिब दाम, लंबी अवधि में रिटर्न का भरोसा

2025 में सरकारी बैंकों की तुलना में सुस्त प्रदर्शन के कारण निजी बैंकों के शेयर वाजिब दाम पर हैं। इसे देखते हुए फंड मैनेजर्स को लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न की उम्मीद है। इनके मुकाबले सरकारी बैंकों के शेयर महंगे हैं, जिनमें बीते साल उछाल आया था।

एमसीएक्स, एसबीआई में मुनाफा वसूली की शुरुआत

फंड मैनेजर्स ने कुछ शेयरों में मुनाफा वसूली की। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज से सबसे ज्यादा 3,700 करोड़ निकाले। एमसीएक्स से 2,300 करोड़, वेदांता से 1,900 करोड़, एसबीआई से 1,700 करोड़ की निकासी की गई।

पोर्टफोलियो ट्रेंडः मिडकैप, स्मॉलकैप पर भी भरोसा

म्यूचुअल फंड्स ने मुख्य रूप से प्राइवेट बैंकों के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी निवेश जारी रखा। अमागी मीडिया लैब्स, शैडोफैक्स टेक्नोलॉजीज, आवास फाइनेंसर्स, एंबर एंटरप्राइजेज और डालमिया भारत जैसे शेयर फंड मैनेजर्स के पसंदीदा निवेश रहे।

चीन में कार सुरक्षा के नए नियम

चीन ने स्टाइलिश योक स्टीयरिंग पर रोक लगाई

- टचस्क्रीन पर निर्भरता को कम करने के लिए जरूरी फीचर्स (एसी, गियर आदि) के लिए फिजिकल बटन अनिवार्य किए जा सकते हैं।
- इससे पहले चीन कारों में बाहर से दिखने वाले मैकेनिकल डोर हैंडल अनिवार्य कर चुका है। हादसे के बाद पावर फेल होने के कारण ई-डोर नहीं खुलना यात्रियों के लिए जानलेवा साबित हुआ।

बीजिंग | चीन ने प्लेन जैसे अर्ध-वृत्ताकार 'योक स्टीयरिंग' पर बैन लगा दिया है। तर्क है कि हादसे के समय यह डिजाइन असुरक्षित हो सकता है। पारंपरिक गोल स्टीयरिंग व्हील ड्राइवर के आगे झुकने पर बड़ा 'कुशन' एरिया देता है, जबकि योक स्टाइल में ऊपरी हिस्सा न होने के कारण चोट लगने का जोखिम बढ़ जाता है। तर्क है कि गोल स्टीयरिंग न होने से दुर्घटना के समय ड्राइवर को गंभीर चोट का खतरा रहता है। ये नियम 1 जनवरी 2027 से लागू होंगे। इसके चलते टेस्ला, लेक्सस जैसी कंपनियों को बड़े बदलाव करने होंगे, जो ऐसी स्टीयरिंग ला रही हैं।

बेरोजगारी बढ़ी, जनवरी में औसत 5%, शहरों में 7%

नई दिल्ली | देश में बेरोजगारी बढ़ रही है। जनवरी में बेरोजगारी दर 5% हो गई, जो दिसंबर में 4.8% थी। सांख्यिकी मंत्रालय की पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे (पीएलएफएस) के मुताबिक, बीते महीने ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी 3.9% से बढ़कर 4.2% हो गई। शहरी क्षेत्रों में भी यह 6.7% से बढ़कर 7% रही। सरकार का यह सर्वे 3.73 लाख व्यक्तियों पर आधारित है। इसमें बेरोजगार उस व्यक्ति को माना गया जिसे सप्ताह में एक घंटा भी काम नहीं मिला, लेकिन वह काम की तलाश में था। सोमवार को जारी सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक, बीते महीने महिला बेरोजगारी में वृद्धि हुई, लेकिन अप्रैल-दिसंबर 2025 के रेंज में रही। बेरोजगार बढ़ने के कारणों में मौसमी वजहें और फसल कटाई के बाद स्लैक यानी कुछ समय के लिए काम न मिलना शामिल है।

शेयर बाजार • दो दिन गिरावट के बाद रिकवरी

सेंसेक्स 650 अंक चढ़ा; बैंकिंग शेयरों में उछाल

भास्कर न्यूज | मुंबई

शेयर बाजार में सोमवार को मजबूत रिकवरी दिखी। दो सत्रों से जारी भारी गिरावट का सिलसिला टूट गया। कमजोर शुरुआत के बाद वैल्यू बाइंग यानी कम दाम उपलब्ध अच्छे शेयरों में खरीदारी हुई। इससे बैंकिंग व पावर शेयरों में उछाल आया। नतीजतन सेंसेक्स 650 अंक चढ़कर 83,277 पर और निफ्टी 212 अंकों की तेजी के साथ 25,683 के स्तर पर बंद हुआ।

बाजार की तेजी में पावर और बैंकिंग शेयरों की बड़ी भूमिका रही। पावर ग्रिड के शेयर 4.5 फीसदी से ज्यादा चढ़ गए। कोल इंडिया व एचडीएफसी बैंक में करीब 2.4 फीसदी तेजी रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज, अदाणी एंटरप्राइजेज, एक्सिस बैंक और मैक्स हेल्थकेयर जैसे शेयर भी 1 फीसदी तक बढ़त पर बंद हुए। बीएसई के रियल्टी, फार्मा और एफएमसीजी इंडेक्स 1-1.5 फीसदी चढ़कर बंद हुए।

...पर आईटी, ऑटो शेयरों में बिकवाली अब भी जारी

बाजार के आम रुझान के उलट टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस और मारुति सुजुकी जैसे शेयरों में एक से डेढ़ फीसदी तक गिरावट आई। मीडिया, ऑटो और केमिकल सेक्टर के ज्यादातर शेयर भी गिरकर बंद हुए। गौर करने वाली बात है कि इस साल अब तक आईटी शेयरों में सिर्फ टेक महिंद्रा में बढ़त देखी जा रही थी।

विदेशी बिकवाली के बीच, घरेलू फंड्स का सपोर्ट

- विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 7,395 करोड़ रुपए के भारतीय शेयर बेचे। दूसरी तरफ घरेलू संस्थागत निवेशकों (जैसे फंड) ने 5,554 करोड़ रुपए की खरीदारी की।
- एनालिस्ट्स के मुताबिक, बैंकिंग शेयरों का सपोर्ट मिल रहा है क्योंकि अन्य कोई भी सेक्टर इन दिनों वैश्विक उथल-पुथल से महफूज नहीं नजर आ रहा है। प्राइवेट बैंकों में वैल्यू बाइंग हो रही है।

अब एनपीएस के साथ हेल्थ कवर को जोड़ने की तैयारी

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

अब एनपीएस के साथ हेल्थ कवर जुड़ सकता है। पेंशन फंड रेगुलेटर पीएफआरडीए के मुताबिक उसकी योजना पर तीन पेंशन फंड मैनेजर इस दिशा में काम कर रहे हैं। ये प्लान पेंशन प्रोडक्ट को हेल्थ इंश्योरेंस या हेल्थकेयर सर्विस के साथ जोड़ेंगे। पीएफआरडीए के चेयरमैन एस रमन ने कहा कि निवेशक अपने पेंशन प्लान में से 30% तक रकम मेडिकल जरूरतों के लिए अलग रख सकते हैं। एनपीएस में बड़ी तादाद में निवेशक होते हैं, इसलिए पेंशन फंड बड़े पैमाने पर बात कर सकते हैं। इससे हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों से सस्ते टॉप अप प्लान मिल सकते हैं। हॉस्पिटल्स भी बड़े वॉल्यूम की वजह से इलाज में बेहतर डील दे सकते हैं। इलाज के बाद हॉस्पिटल को पेमेंट तुरंत मिलेगा। रमन ने बताया कि आईसीआईसीआई, एक्सिस और टाटा ग्रुप के पेंशन फंड इस पर प्रयोग कर रहे हैं। ये कंपनियां इंश्योरेंस कंपनियों या हेल्थ प्रोवाइडर्स से टाई-अप करके ऐसे प्रोडक्ट ला रही हैं।

ट्रेंड • माता-पिता के लिए खरीदी गई पॉलिसी 32% से बढ़कर 60%

भारत में स्वास्थ्य बीमा लेने वाले एनआरआई 126% बढ़े, वजह- बाहर इलाज बेहद महंगा

सुरभी ग्लोरिया सिंह | नई दिल्ली

भारत में स्वास्थ्य बीमा कराने के दो बड़े कारण

1 भारत में हेल्थ प्लान 120-300 डॉलर में उपलब्ध हैं। दूसरी तरफ खाड़ी देशों में समान कवरेज के लिए 2,000-3,000 डॉलर खर्च करने पड़ते हैं। यानी करीब 10 गुना तक सस्ता है।

2 भारत में सर्जरी, डॉक्टर की फीस, दवाएं 70-90 फीसदी सस्ती हैं। 1 करोड़ रुपए का हेल्थ-कवर विदेश में 1 महीने के प्रीमियम से भी कम लागत में मिल जाता है।

प्रवासी भारतीय यानी एनआरआई तेजी से भारत में स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी लेने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। एनआरआई सेगमेंट में हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी की खरीद साल-दर-साल 126% बढ़ी है। अमेरिका, कनाडा, यूएई और अन्य खाड़ी देशों के एनआरई सबसे ज्यादा भारत में हेल्थ कवर ले रहे हैं। पॉलिसीबाजार के आंकड़ों के मुताबिक, भारत में हेल्थ इंश्योरेंस लेने वाले कुल एनआरआई में खाड़ी देशों (यूएई, सऊदी अरब, कुवैत) 50% है। यूरोप के 25%, अमेरिका-कनाडा के 17% और एशिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड व अफ्रीका के 8% हैं। बीमा कंपनियां एनआरआई ग्राहकों को 40% तक कम प्रीमियम की पेशकश कर रहे हैं। एनआरआई ग्राहकों के व्यवहार में भी बड़ा बदलाव दिखा है। बीते एक साल में फैमिली-फ्लोटर पॉलिसी की हिस्सेदारी 20% से बढ़कर 70% हो गई। औसत कवरेज भी 25 लाख से अधिक हो गया है। माता-पिता के लिए खरीदी जाने वाली पॉलिसियां 32% से बढ़कर 60% हो गई हैं। इनमें रिमोट मैनेजमेंट के लिए कंसीयर्ज सपोर्ट शामिल है।

गोल्ड-सिल्वर ईटीएफ का एयूएम 3 लाख करोड़ पार

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ में निवेशकों की दिलचस्पी तेजी से बढ़ी है। जनवरी 2026 में इन दोनों ईटीएफ का कुल एयूएम पहली बार 3 लाख करोड़ रुपए पार हो गया। सोने-चांदी में भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद सिर्फ पांच महीनों में एयूएम तीन गुना हो गया है। एम्फी के आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त 2025 में गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ का एयूएम 1 लाख करोड़ था, जो जनवरी 2026 तक 3 लाख करोड़ पार पहुंच गया। इस दौरान गोल्ड ईटीएफ के फोलियो 80.34 लाख से बढ़कर 1.14 करोड और सिल्वर के 11.31 लाख से बढ़कर 47.85 लाख पहुंच गए। बीपीएन फिनकैप के डायरेक्टर एके निगम के मुताबिक, अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और अनिश्चितता के बीच निवेशकों ने सुरक्षित निवेश विकल्पों का रुख किया। जनवरी में गोल्ड ईटीएफ में 24,039 करोड़ और सिल्वर में 9,463 करोड़ का निवेश आया। यह रकम इक्विटी फंड्स में आए 24,029 करोड़ से भी ज्यादा रही।

बिजनेस एंकर

आयुर्वेद से ठीक हुई हाथ की सुन्नता, बना डाली 30 एकड़ की आयुर्वेद-एआई लैब

केरल में 900 करोड़ में बना दुनिया का पहला 'वेलनेस सेंक्चुअरी', जेनेटिक डेटा, आयुर्वेद से 100 साल स्वस्थ रहने का फॉर्मूला मिलेगा

एजेंसी | कोझिकोड

आयुर्वेद, आधुनिक विज्ञान और एआई के संगम से भारत एंटी एजिंग का नया ग्लोबल हब बन रहा है। केरल के कालीकट में 30 एकड़ में फैला तुला दुनिया का पहला 'क्लिनिकल वेलनेस सेंक्चुअरी' है। यहां 65 लग्जरी सुइट्स और 14 थेरेपी जोन हैं। यहां 'साउंड हीलिंग रूम्स' और माइंडफुलनेस वॉक के लिए खास रास्ते हैं। मकसद यहां आने वाले लोगों को 100 साल तक स्वस्थ जीवन जीने की कला सिखाना है। यह लगभग 906 करोड़ की लागत से बना है। इस सेंटर को दुबई में भारतीय मूल के कारोबारी केईएफ होल्डिंग्स के फाउंडर फैजल कोट्टिकोलोन ने शुरू किया। वे कहते हैं कि इसे बनाने की प्रेरणा निजी अनुभव से मिली। उन्होंने कहा, 'मैं लंबे समय से बाएं हाथ में सुन्नता और रीढ़ की नसों के क्षतिग्रस्त होने से परेशान था। डॉक्टर्स ने सलाह दी कि मेजर सर्जरी के अलावा कोई रास्ता नहीं है। लेकिन जड़ी-बूटियों के एक प्राचीन आयुर्वेदिक लेप से यह मर्ज पूरी तरह खत्म हो गई। इसीने इस प्रोजेक्ट जन्म दिया। फैजल का कहना है कि सिलीकॉन वैली का 'बायो-हैकिंग' मॉडल, जो केमिकल और इंजेक्शन पर टिका है, वह सही नहीं है। वे कहते हैं कि यह सिर्फ यहां आने वाले लोगों के लिए एक हफ्ते की छुट्टी नहीं है। तुला आपके साथ 'घर जाना' चाहता है। अगले 10 वर्षों में दुबई, लंदन, न्यूयॉर्क जैसे शहरों में 100 सैटेलाइट सेंटर खोलने की तैयारी है। यानी केरल में इलाज शुरू कीजिए और अपने शहर के तुला सेंटर में उसे जारी रखिए। लॉन्जिविटी इकोनॉमी दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है। 2026 तक यह मार्केट लगभग 31.8 अरब डॉलर से 746 अरब डॉलर के बीच होने का अनुमान है, जो 8.6% की सालाना दर से बढ़ रहा है। वहीं भारत में 2050 तक बुजुर्गों की आबादी दोगुनी (करीब 30 करोड़) होने वाली है। इसलिए, 'हेल्थस्पैन' बढ़ाने वाली सेवाओं की भारी मांग है।

मॉडलः वेलनेस का 'स्मार्ट' अवतारः जीनोम मैपिंग से सेलुलर हीलिंग तक

- पारंपरिक स्पा के उलट, यहां जीनोम-आधारित विश्लेषण, माइक्रोबायोम स्क्रीनिंग जैसे आधुनिक टेस्ट होते है। इनके डेटा के आधार पर 'तुला इंडेक्स' तैयार किया जाता है। यह शरीर, मन और आत्मा के कायाकल्प के लिए एक ब्लूप्रिंट की तरह काम करता है।
- तुला में दुनिया का पहला 'पेटेंटेड आयुर्वेद ऑयल बाथ बेड' है, जो पारंपरिक तेल स्नान को एक आधुनिक अनुभव देता है।
- यहां एक विशाल 'सोनोरियम' बनाया गया है। यह एक खास साउंड-हीलिंग डोम है जो ध्वनि तरंगों के माध्यम से शरीर की कोशिकाओं के संतुलन को ठीक करने का काम करता है।

मुसीबत • अक्टूबर-दिसंबर में बिक्री 61% घटी, रिकवरी चुनौतीपूर्ण

ओला इलेक्ट्रिक की राह और मुश्किल; आय 55% घटी, शेयर इस साल अब तक 20% टूटे

भास्कर न्यूज | मुंबई

दिसंबर तिमाही 487 करोड़ का घाटा, बिक्री घट रही

इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर कंपनी ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के लिए आगे की राह मुश्किल होती जा रही है। कमजोर बिक्री, घटती आय और ब्रोकरेज फर्म्स की नकारात्मक टिप्पणियों के बीच सोमवार को कंपनी का शेयर 6.7% गिरकर नए निचले स्तर पर आ गया। इस साल अब तक शेयर 20% गिर चुके हैं, जबकि इस दौरान निफ्टी सिर्फ 2.5% टूटा है। भारी गिरावट के चलते कंपनी का मार्केट कैप 12,716 करोड़ रुपए रह गया है।

विश्लेषकों का मानना है कि ओला इलेक्ट्रिक का बिजनेस पटरी पर लौटने में लंबा समय लग सकता है। कंपनी के शेयर लगातार तीन दिन से गिर रहे हैं। अब ये 30 दिन के औसत ट्रेडिंग वॉल्यूम के 2.1 गुना पर कारोबार कर रहे हैं, जो कमजोरी बढ़ने का संकेत है।

ब्रोकरेज फर्म ने घटाया टारगेटः कोटक इंस्टिट्यूशनल इक्विटीज ने ओला इलेक्ट्रिक के शेयर बेचने की सलाह बरकरार रखते हुए टारगेट प्राइस 25 रुपए से घटाकर 20 रुपए कर दिया है। बीएसई पर सोमवार को यह शेयर 29 रुपए पर बंद हुआ। ब्रोकरेज फर्म के मुताबिक, कंपनी का घाटा उम्मीद से ज्यादा है और मार्केट शेयर में गिरावट रोकने की स्पष्ट रणनीति नहीं दिखती।

हिन्दुस्तान
1936 सत्य • सार्थक • सदैव

तकनीक की ताकत

कृत्रिम बुद्धिमत्ता अर्थात आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थात एआई के शिखर सम्मेलन का नई दिल्ली में शुरू होना ऐसी ऐतिहासिक घटना है, जिससे देश में एआई को बहुत बल मिलने वाला है। यहां यह तथ्य किसी खुशखबरी से कम नहीं कि एआई के मामले में दुनिया में भारत तीसरे स्थान पर है। भारत से आगे केवल अमेरिका और चीन हैं। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी टूल के अनुसार, भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में दुनिया का तीसरा सबसे प्रतिस्पर्द्धी देश बनकर उभरा है। भारत के तेजी से बढ़ते तकनीकी तंत्र, उसके लिए उचित परिवेश और सशक्त प्रतिभाओं का इसमें बड़ा योगदान है। यह एक सर्वज्ञात तथ्य है कि भारत अच्छे कंप्यूटर इंजीनियरों का देश है। एआई के मोर्चे पर हमारे इंजीनियर बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। हालांकि, यहां हमें बहुत कुछ करने की जरूरत है। ध्यान रहे, एआई के मोर्चे पर अमेरिका का वाइब्रेंसी स्कोर 78.6 है, जबकि चीन का 36.95 और भारत का स्कोर 21.59 है। हम एआई के मोर्चे पर दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन, सिंगापुर, जापान, कनाडा, जर्मनी और फ्रांस सहित कई उन्नत अर्थव्यवस्थाओं से आगे चल रहे हैं।

भारत एआई में तीसरी सबसे बड़ी ताकत होने के साथ ही, चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी है, इसलिए भी भारत में एआई शिखर सम्मेलन का आयोजन महत्वपूर्ण है। भारत ऐसा पहला देश है, जो विकसित नहीं है, पर जिसे एआई में विकसित माना जाता है। एआई शिखर सम्मेलन अब तक विकसित देशों में ही होते आए थे, यह पहला मौका है, तीसरी दुनिया के एक देश में आयोजन हो रहा है। यह विशाल आयोजन 16 फरवरी से शुरू हुआ है और 20 फरवरी तक चलेगा। इस 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' के साथ-साथ एक एक्सपो या मेले का आयोजन भी नई दिल्ली में हो रहा है। इस मेले में 13 देशों के पवेलियन हैं और कुल पवेलियन की संख्या 300 बताई जा रही है। इससे भी एआई क्षेत्र में भारत की बढ़ती अहमियत स्पष्ट हो जाती है। वाकई आज एआई के सहारे आम आदमी को मदद पहुंचाने, पृथ्वी की सुरक्षा करने और प्रगति सुनिश्चित करने की जरूरत है। यह शिखर सम्मेलन यदि आम आदमी को लाभ देने की दिशा में थोड़ी भी पहल कर सका, तो यह आयोजन सार्थक हो जाएगा।

भारत एआई में तीसरी सबसे बड़ी ताकत होने के साथ, चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी है, इसलिए यहां एआई शिखर सम्मेलन का आयोजन बहुत महत्वपूर्ण है।

आज दुनिया के अनेक देश और विशेषज्ञ गौर से इस शिखर सम्मेलन की ओर देख रहे हैं। तमाम गरीब और विकासशील देश भी उम्मीद लगाए बैठे हैं और उन्हें यह आशंका भी है कि एआई का लाभ उन तक कैसे पहुंचेगा? विकसित देशों में अगर तकनीक व विकसित उत्पाद किफायत में साझा करने का भाव होता, तो दुनिया में इतनी आर्थिक व सामाजिक असमानता नहीं होती। ऐसे में, एआई क्षेत्र में भारत का विकास तकनीक और उसके उत्पादों की कीमतों को भी कम रखने में सहायक होगा। अभी ज्यादा वर्ष नहीं बीते हैं, कोरोना वैक्सीन व दवाओं के मामले में हमने देखा है, जब दुनिया को जरूरत थी, तब भारत ने आपूर्ति की। भारत की यह ताकत स्थानीय स्तर पर ज्यादा बढ़नी चाहिए। चुनौती बहुत बड़ी है, अपने इंजीनियरों को भारत में ही रोकना होगा, ताकि तकनीक का भारतीय स्वरूप निखरे। भारत में एआई में निवेश बढ़ाना और उसके लिए परिवेश सुधारना होगा। नई दिल्ली में एआई का यह शिखर सम्मेलन हमारे लिए एक निर्णायक मोड़ साबित होना चाहिए। हमारे लिए सही और किफायती लक्ष्य यही है कि भारतीय एआई प्रतिभाएं भारत को तेजी से आगे लाने में पूरा जोर लगा दें।

कूटनीति का अहम औजार बनती एआई

अरविंद गुप्ता | पूर्व राजनयिक एवं डायरेक्टर, वीआईएफ

एआई की दौड़ में कोई देश पीछे छूट गया, तो उसे खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। नई दिल्ली के एआई शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं की भागीदारी इसकी तस्दीक कर रही है।

सोमवार से नई दिल्ली में 'एआई इम्पैक्ट समिट' की शुरुआत हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया। यह कितना बड़ा आयोजन है, इसका अंदाजा इसी से लगता है कि तकरीबन 20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष और शासनाध्यक्ष इसमें शिरकत कर रहे हैं। कई टेक कंपनियों के सीईओ व हजारों एआई कंपनियों के प्रतिनिधि भी इसमें अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। 20 फरवरी तक चलने वाले इस आयोजन में एआई के समावेशी उपयोग और उसके प्रभाव को व्यापक बनाने पर चर्चाएं की जाएंगी।

एआई का, विशेषकर चार-पांच वर्षों में हमारे जीवन पर कितना प्रभाव पड़ा है, यह प्रधानमंत्री मोदी के ट्वीट से जाहिर हो जाता है। सोमवार को 'एक्स' पर उन्होंने लिखा, मानव-केंद्रित विकास में एआई के इस्तेमाल को लेकर भारत खासा प्रतिबद्ध है। निस्संदेह, यह ऐसी तकनीक है, जो विश्व और हमारे समाज के स्वरूप को बदलने में सक्षम है। यहां तक कि हमारी रोजाना की जिंदगी पर भी यह काफी असर डालने वाली है। ऐसे में, स्वाभाविक ही तमाम देश एआई को प्राथमिकता देने लगे हैं। अगर एआई की दौड़ में वे पीछे छूट गए, तो उनको खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। नतीजतन, कूटनीति में एक अहम औजार के तौर पर एआई इस्तेमाल होने लगी है। एआई सम्मेलन में (पिछले सम्मेलनों में भी) इतने बड़े पैमाने पर वैश्विक नेताओं की भागीदारी से इसकी तस्दीक भी होती है।

पहले के समय में कूटनीतिक मुलाकातें होती थीं। राष्ट्राध्यक्ष एक-दूसरे से मिलते थे और अपने-अपने हित साधा करते थे। बाद में, 'आर्थिक कूटनीति' का दौर आया, फिर ऊर्जा, कोविड-19 के बाद 'हेल्थ', और अब एआई कूटनीति का जमाना है। इस तरह, बीते वर्षों में कूटनीति के हमने कई खंड देखे हैं, जो आपस में एक-दूसरे से जुड़े हुए भी हैं। नई दिल्ली में आयोजित एआई सम्मेलन इसी की अगली कड़ी है, जिससे संकेत मिलता है कि कूटनीति में एआई का प्रभाव और बढ़ने वाला है। इस बार के सम्मेलन की थीम है- 'पीपुल, प्लैनेट और प्रोग्रेस'। संभवतः यह प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप ही है, जो एआई को इस कदर व्यापक बनाने की बात कहते रहे हैं कि समाज के हाशिये पर खड़ा व्यक्ति भी इससे लाभान्वित हो सके।

एआई सम्मेलन के जरिये भारत को एआई में 'वैश्विक प्रतिभा' के रूप में पेश किया जा रहा है। यह बताने की कोशिश हो रही है कि हमारा देश एआई के हर पहलू को स्वीकार करता है। सच भी यही है। अभी कुछ ही देश हैं, जो एआई में अग्रणी हैं। हमसे उन्नत एआई सिर्फ अमेरिका और चीन के पास है। कुछ यूरोपीय देश, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन आदि भी इसमें अच्छा कर रहे हैं। इसीलिए, वैश्विक कूटनीतिक मंच इन्हीं देशों के आसपास सजने लगा है। तमाम सरकारें यह समझने लगी हैं कि आने वाला समय एआई या नई तकनीक का है, इसीलिए वैश्विक नेतृत्व के रूप में खुद को स्थापित करने के लिए वे उन मुल्कों के साथ रिश्ते जोड़ने लगी हैं, जो नई तकनीक के धनी हैं।

एआई के कई आयामों से कूटनीतिक दुनिया जुड़ी हुई है। पहला है, कंप्यूटर पावर, जिसका अर्थ है, गणना करने के लिए अच्छी क्षमता वाली चिप का होना। चिप में श्रेष्ठता हासिल करने के लिए ही अमेरिका और चीन एक-दूसरे के सामने डटे हुए हैं। दूसरा है, डाटा का उचित इस्तेमाल। दरअसल, एआई उपकरण डाटा से ही सीखते हैं। वे पैटर्न देखते हैं और वहीं से आइडिया लेते हैं। चूंकि, भारत में बहुत बड़ी आबादी बसती है, इसलिए डाटा के मामले में हम दुनिया के सिरमौर हैं। हमारी सरकार इसे समझ रही है कि नई तकनीक को हमारी कितनी जरूरत है? इसीलिए, हमारे यहां 'लॉर्ज लैंग्वेज मॉडल' पर शोध बढ़ गए हैं।

तीसरा पहलू एआई के इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ा है, यानी डाटा सेंटर, प्रतिभा-विकास, अनुसंधान एवं विकास तंत्र, अकादमिक-रिसर्च व उद्योग के आपसी संबंध और शिक्षा पर बहुत ध्यान देना होगा। भारत में लगभग 1.8 लाख स्टार्टअप हैं और साल 2024 में लॉन्च हुए लगभग 89 प्रतिशत नए स्टार्टअप ने अपने उत्पादों या सेवाओं में एआई का इस्तेमाल किया। सुखद है कि एआई का पूरा 'स्टैक' यहां बनाया गया है, ताकि हर पहलू में निवेश हो, शोध हो। 'इंडियाएआई मिशन' चल ही रहा है। चूंकि भारत की विदेश नीति का आयाम व्यापक है, इसलिए एआई में जो उपलब्धि नई दिल्ली के खाते में आएगी, वह निःस्वार्थ भाव से बांटा जाएगा, ठीक उसी तरह, जैसे कोरोना के समय हमने टीके बांटे थे। एआई का लाभ इस तरह साझा करने से कूटनीतिक मंचों पर भारत का कद और ऊंचा उठ सकता है।

इस सम्मेलन से भारत खुद को उभरती एआई ताकत के रूप में पेश करने में सफल हुआ है। फिर, इससे उद्योग, शिक्षा, कृषि जैसे तमाम क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ने का रास्ता खुलेगा, जिससे हमें अपने कूटनीतिक हित पूरा करने में मदद मिल सकेगी। तीसरा लाभ रोजगार-सृजन से जुड़ा है। बेशक कुछ लोगों को डर है कि एआई के विस्तार से नौकरियां जा सकती हैं, लेकिन इससे नए क्षेत्रों में कामकाज बढ़ भी सकता है। चूंकि, प्रतिभा के मामले में हमारा कोई सानी नहीं है, इसलिए हम अपने 'टैलेंट पूल' का इस्तेमाल बखूबी कर सकेंगे और बहुराष्ट्रीय कंपनियों को भारत आने के लिए बाध्य किया जा सकेगा। कई कंपनियां तो यहां आ भी गई हैं। इस तरह, भारत की कूटनीति व एआई टैलेंट पूल आपस में घुलते-मिलते दिख रहे हैं।

एआई की बड़ी-बड़ी मशीनों के लिए ऊर्जा की खूब जरूरत पड़ेगी। आजकल जब कार्बन उत्सर्जन को लेकर चिंताएं व्यापक हैं, तो जाहिर है कि कूटनीतिक रिश्ते एआई और ऊर्जा के अंतर्निहित संबंधों से भी तय होंगे। इस तरह देखें, तो एआई सम्मेलन वह आधार बनाने का काम करेगा, जिसकी बुनियाद पर हम अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। हालांकि, कुछ मोर्चों पर हमें तेजी से काम करना होगा। हमारे पास वैसी उन्नत चिप नहीं हैं, जो अमेरिका के पास हैं। हमारे पास अभी 30 हजार जीपीयू (ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट) हैं, जबकि चीन और अमेरिका के पास यह लाखों की संख्या में उपलब्ध हैं। इसी तरह, लॉर्ज लैंग्वेज मॉडल बनाने में भी हमें अपने खर्च बढ़ाने चाहिए।

जाहिर है, एआई अब कूटनीतिक रिश्तों को नया रूप देने लगी है। आने वाले समय में यह काफी अहम कूटनीतिक औजार साबित हो सकती है। इसीलिए, तमाम देश एआई में सर्वोच्चता हासिल करने के लिए खुद को तैयार करने लगे हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

अब तमिलनाडु में भी चुनावी रेवड़ी भरोसे राजनीति

एस श्रीनिवासन | वरिष्ठ पत्रकार

देश के राजनेताओं, खासकर सत्तारूढ़ पार्टियों के बीच अब यह आम धारणा बन गई है कि मतदाताओं, विशेषकर महिला वोटरों की जेबें भरकर वे सत्ता-विरोधी रुझानों से पार पा सकती हैं। यह प्रयोग महाराष्ट्र जैसे अमीर सूबे से लेकर बिहार जैसे गरीब प्रांत तक सफल रहा है। हैरानी नहीं कि तमिलनाडु की द्रमुक सरकार अब राज्य के मतदाताओं पर तोहफों की बारिश कर रही है।

पिछले हफ्ते मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने राज्य की लगभग 1.31 करोड़ महिलाओं के खाते में पांच-पांच हजार रुपये भेजे, जो विधानसभा चुनाव से पहले दिया गया सबसे बड़ा तोहफा बन गया है। इस वर्ष स्टालिन सरकार अब तक हर लाभार्थी के खाते में 9,000 रुपये भेज चुकी है। इन 5,000 रुपयों के अलावा राज्य सरकार ने पोंगल गिफ्ट के तौर पर उन्हें 3,000 रुपये दिए थे। 1,000 रुपये जनवरी की किस्त के तौर पर दिए गए। जाहिर है, सत्ता-विरोधी रुझान को साधने के लिए स्टालिन ने यह दांव खेला है। गौरतलब है, द्रमुक लगातार दो चुनाव पहले कभी नहीं जीत पाई। इस बार भी विपक्षी अन्नाद्रमुक-भाजपा गठजोड़ के आक्रामक तेवरों और अभिनेता विजय की नई पार्टी टीवीके के अपरिचित असर को देखते हुए स्टालिन के पास बहुत सीमित विकल्प बचे थे, लिहाजा उन्होंने आजमाए हुए फॉर्मूले को ही चुना।

तमिलनाडु सरकार इस वर्ष हर महिला लाभार्थी के खाते में 9,000 रुपये भेज चुकी है। 'फ्रीबीज' के विरोध की नैतिकता अब किसी के पास नहीं।

मुख्यमंत्री स्टालिन के इस कदम से लोगों को हैरानी हुई, क्योंकि चुनाव में अभी करीब ढाई महीने बाकी हैं। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय में एक भाजपा नेता द्वारा दायर जनहित याचिका ने मुख्यमंत्री को यह कदम उठाने के लिए उकसाया। इस याचिका में चुनाव से ठीक पहले की 'रेवड़ी' संस्कृति पर चिंता जताई गई है। स्टालिन के इस कदम से साफ तौर पर द्रमुक कार्यकर्ता जोश में आ गए हैं और कांग्रेस जैसी उसकी सहयोगी पार्टी में भी बेचैनी की लहर दौड़ गई है, जो ज्यादा टिकट पाने के लिए अपनी ताकत दिखाने की कोशिश कर रही है। स्टालिन ने इस एक तीर से कई निशाने साधने की कोशिश की है।

यह बात अब लगभग साबित हो चुकी है कि पुरुषों की तुलना में महिलाएं नगद मिलने पर अधिक ईमानदारी से वोट करती हैं, क्योंकि नगद मिलने से वे खुद को मजबूत महसूस करती हैं। उनके हाथ में पैसे आते हैं, तो उन्हें अपने लिए कुछ सोचने का अवसर मिलता है। हालांकि, देश के अन्य राज्यों के उलट तमिलनाडु की महिलाओं को सरकार से मुफ्त उपहार पाने की बहुत पुरानी आदत है। वे मानती हैं कि यह उनका ऐसा अधिकार है, जिसे छीना नहीं जा सकता।

तमिलनाडु में इस समय कुल मतदाताओं की संख्या 6.21 करोड़ है। इनमें से महिला मतदाताओं की संख्या 3.15 करोड़ है, जो पुरुषों से कुछ अधिक है। स्टालिन सरकार द्वारा 'कलैगनार मगलिर उरिमै थोगाई योजना' के तहत 1.31 करोड़ महिलाओं के खाते में नगद ट्रांसफर का सीधा मतलब है कि राज्य की आधी से कम महिला मतदाताओं को ही इस योजना का लाभ मिला है। दरअसल, उन्हीं महिलाओं को इस योजना का सुपात्र माना गया है, जिनके परिवार की सालाना आय 2.5 लाख रुपये से कम है, जिनके घर की बिजली की मासिक खपत 300 हकाई से कम है, जिनके परिवार के पास सिंचित पांच एकड़ और असिंचित 10 एकड़ से कम जमीन है। यह योजना परिवार की मुखिया, सभी ट्रांसजेंडर, अविवाहित महिलाओं व विधवाओं पर लागू होती है। ऐसे में, क्या यह माना जाए कि जो महिलाएं इस योजना से लाभान्वित नहीं हुईं, वे द्रमुक को वोट नहीं देंगी? पार्टी को लगता है, ऐसा होने की आशंका नहीं है, क्योंकि उसे उम्मीद है कि द्रमुक समर्थक किसी भी हाल में पार्टी का ही समर्थन करेंगे। उसका मानना है कि यह योजना उन लोगों को आकर्षित करेगी, जो अभी ऊहापोह में हैं।

चुनाव से पहले 'फ्रीबीज' को चाहे जो भी नाम दिया जाए, अब यह सभी राजनीतिक पार्टियों की चुनावी रणनीति का मुख्य हिस्सा है। प्रधानमंत्री ने भी कभी इसे 'रेवड़ी' कहा था, लेकिन अब वह भी इसकी उपयोगिता गिनाते हैं। निश्चित रूप से शासन और राज्य के बजट पर इस सबका असर पड़ता है, लेकिन राजनेताओं को अब इसकी कोई परवाह नहीं है, क्योंकि उनका मुख्य मकसद चुनाव जीतना बन गया है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

संपूर्ण बदलाव कैसे हो

जब हम चर्चा करते हैं कि परिवर्तन कैसे लाया जाए, तो उस परिवर्तन से हमारा तात्पर्य सामान्यतः सतही बदलाव से होता है। दृढ़ निश्चय, निष्कर्ष, विश्वास, नियंत्रण और झिझक के जरिये हम उस सतही लक्ष्य तक पहुंचने के लिए संघर्ष करते हैं, जिसे चाहते हैं; जिसके लिए हम लालायित हैं। हम यह उम्मीद लगाते हैं कि उस तक पहुंचने में अचेतन मन, हमारे मन के गहरे स्तर तक हमारी सहायता करेंगे। हमें लगता है कि यह आवश्यक है कि हम उन गहरे स्तरों को अनावृत्त करें, परंतु सतही स्तरों और तथाकथित गहरे स्तरों के बीच एक शाश्वत द्वंद्व है। मनोवैज्ञानिक इससे भली-भांति परिचित हैं।

क्या यह परिवर्तन लाएगा? क्या यह हमारे दैनिक जीवन का सर्वाधिक मूलभूत और महत्वपूर्ण प्रश्न नहीं है कि कैसे अपने आप में एक आमूल परिवर्तन लाया जाए? क्या सतही स्तर पर कुछ बदलाव वह परिवर्तन ला सकेगा? क्या चेतना के 'मैं' के विभिन्न स्तरों को समझना; अतीत अर्थात बचपन से आज तक के विभिन्न व्यक्तिगत अनुभवों को अनावृत करना; अपने माता-पिता, पूर्वजों व प्रजाति के सामूहिक अनुभवों का स्वयं में निरीक्षण करना; उस समाज विशेष की संस्कारबद्धता का अनुसंधान करना, जिसमें हम रहते हैं, क्या यह सब विश्लेषण ऐसा परिवर्तन ला पाएगा, जो छिटपुट सामंजस्य बिठाना भर न हो?

मैं यह महसूस करता हूं और निस्संदेह आपको भी यह महसूस होता होगा कि व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन आवश्यक है। एक ऐसा परिवर्तन, जो प्रतिक्रिया मात्र नहीं है, जो परिवेश की मांगों के दबाव और तनाव का परिणाम नहीं है। ऐसा परिवर्तन कैसे लाया जाए? मेरी चेतना मानव जाति के अनुभव का योग तो है ही, उसमें वर्तमान से मेरा अपना विशिष्ट संपर्क भी जुड़ा है; क्या वह चेतना परिवर्तन ला सकती है? क्या अपनी चेतना व गतिविधियों का मेरा अध्ययन मेरे मन को यूं स्थिर कर सकता है, ताकि वह बिना निंदा के निरीक्षण कर सके?

क्या जो मैं हूं और मुझे जैसा होना चाहिए, इनके बीच द्वंद्व नहीं है? क्या द्वंद्व बुनियादी बदलाव ला सकता है? जो मैं हूं और जो होना चाहता हूं, उनके बीच अनवरत एक द्वंद्व चल रहा है। परिवर्तन अनिवार्य है, पर क्या इस परिवर्तन को मैं अपनी चेतना की समस्त प्रक्रिया की जांच-परख करके, दमन के विभिन्न प्रकारों का अभ्यास करके अनुशासन, संघर्ष द्वारा ला सकता हूं? ऐसी कोई प्रक्रिया आमूल परिवर्तन नहीं ला सकती। इसमें संशय की गुंजाइश नहीं है। तब फिर यह कैसे होगा?

बुनियादी बदलाव या सर्जनशील क्रांति तभी होती है, जब विचारक और विचार एक होते हैं। उनमें वह द्वैत नहीं होता, जिसमें विचारक विचार को नियंत्रित करता है।

यह मनोवैज्ञानिक और सर्जनशील क्रांति तभी होती है, जब विचारक और विचार एक होते हैं। उनमें वह द्वैत नहीं होता, जिसमें विचारक विचार को नियंत्रित करता है। यह अनुभूति ही सर्जनशील ऊर्जा को मुक्त करती है।

जे कृष्णमूर्ति

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 17 फरवरी, 1951

कोलम्बो योजना

गत वर्ष जनवरी 1950 में कोलम्बो में राष्ट्रमंडलीय मंत्रिगण एकत्र हुए थे और उन्होंने दक्षिण और दक्षिण-पूर्वी एशिया के प्रदेशों की उन्नति के लिए सामूहिक रूप से प्रयत्न करने का निश्चय किया। एक राष्ट्रमंडलीय परामर्शदात्री कमेटी भी संगठित की गयी, जिसकी गत वर्ष मई महीने में सिडनी में बैठक हुई थी।

राष्ट्रमंडलीय देशों ने दक्षिण और दक्षिण-पूर्वी एशिया के विकास लिए एक छः वर्षीय योजना तैयार की है, जो कोलम्बो योजना के नाम से प्रसिद्ध है। इस योजना को कार्यान्वित करने में 2 अर्ब पौण्ड अर्थात् 26 अर्ब 67 करोड़ रुपया खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। कोलम्बो योजना को आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रमंडलीय परामर्शदात्री समिति की बैठक इन दिनों कोलम्बो में हो रही है। राष्ट्रमंडलीय देशों ने इस योजना में अपने दायरे से बाहर के देशों का सहयोग भी आमंत्रित किया है। पहली बार अमरीकी प्रतिनिधि राष्ट्रमंडलीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में भाग ले रहा है। यह निश्चित है कि राष्ट्रमंडलीय देश अपने तौर पर जितने साधन जुटा सकते हैं, उतने जुटाने की कोशिश करेंगे। किन्तु जितनी विशाल धनराशि की आवश्यकता है, उतनी वे स्वयं नहीं जुटा सकते। स्वभावतः उनकी दृष्टि अमरीका की ओर जाती है; कारण दुनिया के देशों में आज वही एक ऐसा देश है, जो सहायता और सहयोग का हाथ आगे बढ़ा सकता है। अमरीका भी यह अनुभव करता है कि दक्षिण और दक्षिण-पूर्वी एशिया की सहायता की जानी चाहिए।

इस प्रदेश के लोगों का जीवन-स्तर काफी गिरा हुआ है। भूख और दरिद्रता में उन्हें घेर लिया है। यह स्थिति साम्यवाद के प्रसार के लिए बहुत अनुकूल है। जो लोग साम्यवाद को सभ्य जीवन के लिए एक खतरा महसूस करते हैं और उनमें अमरीका प्रमुख है, उन्हें इस स्थिति को बदलने के काम में आगे होकर हाथ बटाना चाहिए। केवल फौजी तैयारियों और राजनीतिक वागयुद्ध से साम्यवाद का प्रसार नहीं रोका जा सकता। उसके लिए तो भूख और दरिद्रता की जड़ को काटना होगा। कोलम्बो योजना का अभिप्राय रोग को जड़ मूल से नष्ट करना है। अमरीकी प्रतिनिधि ने कोलम्बो में यह कहा है कि अमरीका ने एशिया को बुरा ऋण समझकर अपने दिमाग से नहीं निकाल दिया है। वह इस प्रदेश में गरीबी से लड़ने में सहायता अवश्य देगा।

पर्यावरण के मित्र होते इलेक्ट्रिक वाहन

अभी-अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'पीएम ई-बस सेवा योजना' के तहत चंडीगढ़ के लिए लगभग 25 इलेक्ट्रिक बसों की वर्चुअल तरीके से शुरुआत की। इससे पहले, हिमाचल प्रदेश में भी ऐसी पहल हो चुकी है, जहां की सरकार ने वायु प्रदूषण को कम करने के लिए हिमाचल रोडवेज के लिए सिर्फ नई इलेक्ट्रिक बसें और अन्य सरकारी वाहन ही खरीदने का मन बनाया है। हिमाचल सरकार अपने सूबे में डीजल और पेट्रोल का प्रयोग भी कम करेगी। यह एक अच्छी पहल है, जिसका न सिर्फ स्वागत किया जाना चाहिए, बल्कि इसकी सफलता की दिली कामना भी करनी चाहिए। यह अच्छी बात है कि अपने देश में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की तरफ लोगों का रुझान बढ़ने लगा है। सड़कों पर अब ज्यादा संख्या में ईवी दिखने लगी हैं। ये गाड़ियां पेट्रोल या डीजल पर नहीं चलतीं, बल्कि बैटरी से चलती हैं। इससे वायु प्रदूषण को कम करने में निश्चय ही मदद मिलेगी। इतना ही नहीं, ये गाड़ियां ध्वनि प्रदूषण को भी खत्म करने में कारगर मानी जाती हैं, क्योंकि इन गाड़ियों से आवाज बेहद ही कम निकलती हैं, नाममात्र की। इस कारण ध्वनि प्रदूषण पर भी इसका खूब असर पड़ेगा। ऐसे में, जरूरी है कि इलेक्ट्रिक गाड़ियों को और अधिक सुलभ बनाने के प्रयास किए जाएं। लोगों को न सिर्फ प्रोत्साहित किया जाए, बल्कि जरूरी हो, तो ऐसी गाड़ियों पर सब्सिडी भी बढ़ाई जाए, ताकि सड़कों पर सिर्फ यही वाहन दिखें। वास्तव में देखा जाए, तो आने वाले समय में सौर ऊर्जा से भी वाहनों को चलते हम देख सकते हैं। ऐसा होना भी चाहिए, क्योंकि जीवाश्म ईंधन का विकल्प हमें ढूंढ़ना ही होगा। पृथ्वी को स्वच्छ बनाने के लिए पर्यावरण-हितैषी गाड़ियां आवश्यक हैं।

राजेश कुमार चौहान, टिप्पणीकार

अनुलोम-विलोम

इलेक्ट्रिक गाड़ियां

इलेक्ट्रिक गाड़ियों के कई फायदे हैं। एक तो यह कम धुआं छोड़ती हैं और फिर शोर भी नहीं करतीं। इतना ही नहीं, इनका मैंटेनेंस यानी रख-रखाव भी तुलनात्मक रूप से आसान होता है। पेट्रोल-डीजल की गाड़ियां जहां अधिक खर्चीली होती हैं, वहीं ईवी में जेब कम ढीली होती है। फिर, पेट्रोल की कीमतें जिस तरह से पिछले कुछ महीनों में बढ़ी हैं, उस कारण भी इलेक्ट्रिक गाड़ियां कहीं अधिक अच्छी जान पड़ती हैं। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर यह भी हुआ है कि लोगों के घरों का बजट बिगड़ गया है। इन सबको देखते हुए हमें इलेक्ट्रिक गाड़ियां ही अपनानी चाहिए। वैसे भी, भारत में प्रदूषण की जो स्थिति है, हवा जितनी खराब हो गई है, उसे देखते हुए हमें स्वच्छ ईंधन से चलने वाली गाड़ियां ही सड़कों पर दौड़ानी चाहिए।

सुषमा, टिप्पणीकार

ये गाड़ियां समस्याएं भी पैदा कर रहीं

इलेक्ट्रिक गाड़ियों की शान में कसीदे खूब पढ़े जाते हैं, लेकिन ऐसा करने से पहले यह भी जान लें कि ये गाड़ियां जी का जंजाल भी बन जाती हैं। इसका भुक्तभोगी मैं खुद हूं। मैंने एक नामी कंपनी की स्कूटी खरीदी। हालांकि, सरकार की तरफ से सब्सिडी भी मुझे दी गई थी, फिर भी, उसकी कीमत पेट्रोल वाली स्कूटी से काफी ज्यादा थी। खैर, वह स्कूटी जब घर आई, तो मैं काफी खुश था। उसे चलाने भी लगा। मगर करीब छह महीने हुए थे कि उसमें कुछ दिक्कतें आने लगीं। मैं उसे लेकर सर्विस सेंटर गया, जहां मुझे बताया गया कि इसके पूर्जे आसानी से नहीं मिलते, इसलिए कुछ दिनों के बाद आकर ठीक कराना उचित होगा। कुछ दिनों के बाद मेरी उस समस्या का निराकरण हो भी गया, लेकिन करीब डेढ़ साल होते-होते उस स्कूटी की बैटरी जवाब देने लगी। असल समस्या तभी आई। जब मैं बैटरी बदलवाने के लिए सर्विस सेंटर गया, तो उसकी कीमत इतनी थी कि उससे सस्ती मुझे पेट्रोल वाली स्कूटी लगी। आखिरकार मैंने उस स्कूटी को कबाड़ के हवाले कर दिया।

कहने का अर्थ यह है कि एक तो इलेक्ट्रिक गाड़ियों के कल-पुर्जे आसानी से नहीं मिलते, फिर उसकी कीमत भी ज्यादा होती है। इतना ही नहीं, बैटरी भी एक बड़ी समस्या है। यहां मैं उसके निपटान की चर्चा नहीं कर रहा हूं। फिर, इसका चार्जिंग प्वाइंट खोजना भी किसी बड़ी जंग जीतने से कम नहीं है। भले ही दिल्ली-एनसीआर में कई चार्जिंग प्वाइंट दिखते हैं, लेकिन चार्ज करने में लगने वाले समय को देखते हुए उन प्वाइंट पर लंबे समय तक खड़ा रहना भला किसे पसंद आएगा? दिक्कत यह भी है कि अभी इलेक्ट्रिक गाड़ी लेकर आप लंबी यात्रा पर नहीं निकल सकते। पेट्रोल-डीजल के पंप तो आपको आसानी से दिख जाएंगे, लेकिन ईवी चार्जिंग प्वाइंट नहीं। इसी कारण, इलेक्ट्रिक गाड़ियां लोगों को आकर्षित नहीं कर पा रही हैं। जो कुछ गाड़ियां हम सड़कों पर देखते हैं, वे वास्तव में 'लोकल' दूरी तय करने के लिए इस्तेमाल की जाती हैं, जैसे ऑफिस जाने के लिए, या आसपास घूमने के लिए। लंबी दूरी के लिए तो पेट्रोल-डीजल की गाड़ियां ही पसंद की जाती हैं।

अब जबकि सरकार की तरफ से जागरूकता फैलाने की लगातार कोशिशें हो रही हैं, जरूरी है कि ईवी से जुड़ी बुनियादी समस्याओं का समाधान किया जाए। अगर लोगों को परेशानी न हो, तो ये गाड़ियां वाकई अच्छी हैं, लेकिन कंपनियों को भी समझना होगा कि लोग गाड़ियां अपनी सुविधा बढ़ाने के लिए खरीदते हैं, परेशानी बढ़ाने के लिए नहीं। सरकार सोच-समझकर ही आगे बढ़े।

दीपक कुमार, टिप्पणीकार

शुद्ध मन से ही सफल होगी साधना

साधना के लिए मन का शुद्ध और कामनारहित होना जरूरी है। जब हम किसी इच्छा के अधीन होकर किसी भी प्रकार का कोई कार्य करते हैं, तो भले ही वह पूरा हो जाए, लेकिन उससे हमें मन की शांति नहीं मिलती। मन की शांति के लिए जरूरी है कि हम निष्काम होकर साधना करें। ऐसा करने पर मिलनेवाली सफलता स्थाई होती है।



रामकृष्ण परमहंस जयंती (19 फरवरी)

अध्यात्म

रामकृष्ण परमहंस

यदि किसी में शुद्ध सत्व गुण का उदय हो, तो वह सदा केवल ईश्वर चिंतन ही करता है। उसे और कुछ भी नहीं भाता। किसी-किसी को प्रारब्धवश जन्म से ही शुद्ध सत्व गुण प्राप्त होता है। रजोमिश्रित सत्व गुण के रहने पर धीरे-धीरे मन नाना दिशाओं में जाने लगता है। इससे 'मैं जगत का उपकार करूंगा', इस प्रकार का अभिमान आ जाता है। यदि कोई कामना शून्य होकर परोपकार के लिए कर्म करे, तो उसमें दोष नहीं। इसे निष्काम कर्म कहते हैं।

कुछ लोगों में ही शुद्ध सत्व गुण देखने को मिलता है। निष्काम कर्म करते-करते रजोमिश्रित सत्व गुण धीरे-धीरे शुद्ध सत्व गुण में परिणत होता है।

मन की तल्लीनता जरूरी

ईश्वर के प्रति प्रेम उत्पन्न होने पर कर्म त्याग अपने आप हो जाता है। ईश्वर जिन लोगों से कर्म करवा रहे हैं, उन्हें करने दो। संध्या गायत्री में लीन होती है; गायत्री प्रणव में लीन होती है; प्रणव समाधि में लीन होता है। इस प्रकार संध्यादि कर्म समाधि में लीन होता है।

जब तक सच्चिदानंद में मन लीन न हो जाए, तब तक उन्हें पुकारना और संसार के काम-काज करना, दोनों बातें चल सकती हैं। उनमें मन तल्लीन हो जाने पर कोई काम करने की आवश्यकता नहीं रहती। जैसे, मानो कोई कीर्तन गा रहा है- 'निताई आमार माता हाथी।' पहले जब वह गाना शुरू करता है, तब गीत के शब्द, राग, ताल, मान, लय, सभी बातों पर ध्यान रखते हुए सही ढंग से गाता है। फिर जब गीत के भाव में उसका मन थोड़ा मग्न होता है, तब वह सिर्फ 'माता हाथी, माता हाथी' ही कहता है। फिर जब उस भाव में मन और भी तल्लीन हुआ, तब वह सिर्फ 'हाथी, हाथी' ही कहता है। अंत में जब मन पूरी तरह तल्लीन हो जाता है, तब वह 'हा' कहकर ही भावमग्न होकर चुप हो जाता है। शुरू-शुरू में कर्म की बड़ी चहल-पहल रहती है, परंतु तुम ईश्वर की ओर जितना ही अग्रसर होओगे, उतना ही तुम्हारा कर्म कम होता जाएगा।

दो प्रकार के साधक

साधक दो प्रकार के होते हैं- एक प्रकार के साधक का स्वभाव बंदर के बच्चे की तरह होता है, दूसरे प्रकार के साधक का स्वभाव बिल्ली के बच्चे की तरह है। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े हुए उससे लिपटा रहता है; पर बिल्ली का बच्चा स्वयं मां को नहीं पकड़ता। मां उसे जहां कहीं छोड़ दे, वहीं पड़ा रहकर वह 'म्याऊं-म्याऊं' करता रहता है। बंदर का बच्चा खुद अपनी मां को पकड़े रहता है, इसलिए अगर कभी उसका हाथ छूट जाए, तो वह गिर पड़ता है और उसे चोट पहुंचती है। बिल्ली के बच्चे को यह भय नहीं है, क्योंकि उसे उसकी मां स्वयं पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। इसी प्रकार ज्ञानयोगी या कर्मयोगी साधक बंदर के बच्चे की तरह स्वयं के प्रयत्न से मुक्ति लाभ करने का प्रयास करता है, परंतु भक्त साधक ईश्वर को ही एकमात्र कर्ता जानते हुए बिल्ली के बच्चे की तरह, उन्हीं के चरणों में निर्भर होकर निश्चिंत होकर पड़ा रहता है।

ज्ञान और भक्ति में भेद

ज्ञानी कहता है, 'सोऽहम्! मैं ही वह शुद्ध आत्मा हूं,' परंतु भक्त कहता है, 'अहा, यह सब उनकी महिमा है!' शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है। उसका मन सदा 'ब्रह्म सत्य, जगत मिथ्या' इसी बोध की ओर जाता है। विष्णु के अंश से जन्म हो, तो प्रेम भक्ति होती है। वह प्रेम भक्ति कभी नहीं जाती। बहुत ज्ञान-विचार करने के बाद यदि किसी समय यह प्रेम भक्ति कुछ कम भी हो जाए, तो फिर एक समय बाद यह यदु वंश का ध्वंस करनेवाले मूसल की तरह देखते-देखते बढ़ भी जाती है। प्रेम भक्ति में 'मैं' तिरोहित हो जाता है। स्वयं को तिरोहित कर उस अदृश्य शक्ति में लीन हो जाना ही प्रेम भक्ति है।

मिटते मन के संशय

ज्ञानी के भीतर मानो एक ही दिशा में गंगा बहती है। उसके लिए सब कुछ स्वप्नवत है। वह सदा स्व-स्वरूप में अवस्थित रहता है। भक्त के भीतर गंगा एक दिशा में नहीं बहती, उसमें ज्वार-भाटा आता रहता है। वह कभी हंसता है, कभी रोता है, कभी नाचता-गाता है। भगवान के साथ विलास करना चाहता है। वह उस आनंद सागर में तैरता-डूबता रहता है।

पुराणों के मतानुसार भक्त एक है और भगवान एक। 'मैं' एक और 'तुम' एक। देह मानो एक घट है, इस देहरूपी घट में मन-बुद्धि-अहंकाररूपी जल रखा है। ब्रह्म मानो सूर्य स्वरूप है। वह इस जल में प्रतिबिंबित हो रहा है। यही प्रकाश मनुष्य के अंधकार रूपी अज्ञान को मिटाता है और एक नई राह दिखाता है। एक बार राह मिल जाने पर मनुष्य के मन के सभी संशय मिट जाते हैं।

आस्था-अनास्था

डॉ. एम. आर. राजेश्वरी

रावण और कुंभकर्ण के पूर्व जन्म का रहस्य

रावण और कुंभकर्ण पूर्व जन्म में कौन थे?

-सौमित्र, वाराणसी

सनक, सनंदन, सनातन तथा सनतकुमार भगवान विष्णु से मिलने वैकुंठ लोक गए। वहां उनके द्वारपाल जय-विजय ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया और उनका अपमान किया। इससे क्रुद्ध होकर चारों मुनि कुमारों ने जय-विजय को पृथ्वी लोक पर असुर के रूप में जन्म लेने का शाप दे दिया।

ऋषि कुमारों द्वारा शाप मिलने पर दोनों द्वारपालों को अपनी गलती का अहसास हुआ। वे दोनों उनके चरणों पर गिरकर पश्चाताप करने लगे और अपने अपराध के लिए क्षमा मांगने लगे।

उसी समय वहां देवी लक्ष्मी सहित विष्णु पधारे। चारों मुनि कुमारों ने उन्हें प्रणाम किया।

जय-विजय ने भगवान विष्णु को सास वृत्तांत सुनाया और प्रार्थना करते हुए कहा, 'प्रभु हम पर दया करें। हमें शाप मुक्त करें।' भगवान विष्णु ने कहा, 'यह मेरे वश में नहीं है। ये चारों मुनि कुमार ही तुम्हें इस शाप से मुक्त कर सकते हैं।'

मुनि कुमारों को दोनों द्वारपालों पर दया आ गई। उन्होंने जय-विजय से पूछा, 'आप सौ योनियों में जन्म लेकर भगवान विष्णु के भक्त बनकर जीने के बाद शाप मुक्त होना चाहेंगे या फिर तीन योनियों में भगवान के शत्रु बनकर जीने के बाद मुक्त होना चाहेंगे।'

दोनों ने कहा, 'सौ जन्म भगवान से दूर रहने की बजाय हम तीन जन्मों का ही चयन करेंगे।'

जय और विजय ने असुरों के रूप में पहली योनि में हिरण्याक्ष तथा हिरण्यकशिपु, दूसरी योनि में कुंभकर्ण एवं रावण और तीसरी योनि में शिशुपाल तथा दंतवक्र के रूप में जन्म लिया। भगवान विष्णु ने नरसिंह, राम तथा कृष्ण का अवतार धारण कर उनका संहार कर शाप से मुक्ति दिलाई।

(साभार : 'हिंदू पुराणों की नीति कथाएं', तिरुमल तिरुपति देवस्थानम्, तिरुपति)

भेजें अपने सवाल

स्वर्ग-नरक की कल्पना का आधार क्या है?

पाप क्या है, पुण्य क्या है? धर्म क्या है, अधर्म क्या है? ईश्वर की आराधना कैसे करें? ऐसे सवाल अकसर हमारे मन में उठते हैं, पर इनका जवाब हमारे पास नहीं होता। मन-मस्तिष्क में आने वाले ऐसे ही सवालों के जवाब हमारे पैनल में शामिल धर्माचार्य आपको देंगे।

अपने सवाल हमें इस पते पर भेजें :
धर्मक्षेत्रे, हिन्दुस्तान, 11वां तल, द आइकॉन टॉवर, एफ सी-24 सी, फिल्म सिटी, सेक्टर-16ए, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301 (उत्तर प्रदेश)

दिलों को जोड़ता माहे रमजान

रमजान (19 फरवरी से)

रोजे अर्थात रमजान इस्लाम के पांच फर्जों में से एक फर्ज। इस्लाम का निर्माण जिन पांच स्तंभों पर किया गया है; रमजान उन स्तंभों में से एक स्तंभ है।

रमजान का नाम आते ही सफेद टोपी पहने भूखे-प्यासे और समूह में इबादत करते लोग अक्सर जेहन में आ जाते हैं। जी हां! यह सच भी है, लेकिन पूरा सच नहीं है। पूरा सच इसलिए नहीं कि रमजान केवल भूखे-प्यासे रह कर दिन गुजारने और शाम को जम कर खाने का नाम नहीं है।

रमजान के महीने में भूखे-प्यासे रहकर इबादत करने के अतिरिक्त भी अन्य बहुत सी चीजों का ध्यान रखना होता है।

यदि साफ कहें, तो सिर्फ पेट नहीं जुबान का भी रोजा रखना होता है। खाने-पीने की चीजों के साथ कटु वचन, अभद्र भाषा, अनुचित बर्ताव का भी त्याग करना होता है, तभी सच्चे अर्थ में रोजेदार कहलाने का सवाब मिलता है।

रमजान को माहे मुबारक भी कहा जाता है, क्योंकि इसी माह में कुरआन नाजिल हुआ। कुरआन इस्लाम का आधार ग्रंथ है।

रमजान के साथ जुड़े हैं, कुछ धार्मिक क्रिया-कलाप तथा आर्थिक त्याग भी। जैसे फितरा और जकात। फितरा और जकात अपनी आमदनी में से निकाले गए एक निश्चित धन के हिस्से को कहा जाता है, जिस पर केवल गरीबों और जरूरतमंदों का हक होता है। जो कि इस माह के मध्य; ईद की नमाज से पहले अदा करना जरूरी होता है। यह बात हर मुस्लिम को मालूम होती है

इस्लाम प्रत्येक मुस्लिम की कमाई में से गरीब व मजलूमों का हिस्सा तय करता है, जिसे अदा करना फर्ज किया है। जैसे रमजान फर्ज है, उसी प्रकार जकात भी फर्ज है।

यहां इस्लाम की एक और खूबसूरती परिलक्षित होती है। इस्लाम कहता है कि पहले अपने पड़ोस में देखो, फिर मुहल्ले में उसके बाद अपने रिश्तेदारों में ढूंढ़कर उनकी मदद करो।

रमजान इबादत का महीना है, इसलिए इस माह में इबादतें बढ़ जाती हैं। पांच वक्त की नमाज के साथ-साथ तराबियां भी जमात (सामूहिक) के साथ पढ़ी जाती हैं, जिनका

रमजान के महीने में विशेष महत्व है।

रमजान का धार्मिक महत्व तो है ही, मगर वैश्विक दृष्टिकोण से देखें, तो सामाजिक महत्व भी है। रमजान दिलों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। माहे रमजान खुद भूखे-प्यासे रहकर अन्य लोगों की भूख-प्यास को समझने तथा समझाने में आसानी पैदा करता है। एक भूखे-प्यासे इंसान से बेहतर और कौन दूसरे भूखे-प्यासे इंसान को समझ सकता है। 'भूखे की गत भूखा जाने, प्यासे की प्यासा।' जो दूसरे की तकलीफ को समझता है, वही जरूरतमंद की मदद भी करता है। यह सहज और स्वाभाविक-सी बात है। 'अति सुधो स्नेह कौ मारग है।' कहने का अर्थ यही है कि रमजान भूखे-प्यासे रहकर इबादत करने का ही नाम नहीं है, वरन एक-दूसरे की मदद को तैयार रहना भी माहे रमजान में शामिल है।

रमजान का स्पष्ट संदेश है, स्वयं को समाज के लिए प्रस्तुत करना। विश्व के तमाम जरूरतमंदों से कहना कि तकलीफ में आप अकेले नहीं हैं; हम आपके साथ हैं, आपकी सहायता के लिए।

इस्लाम की खूबसूरती इस प्रकार भी देखी जा सकती है कि इस्लाम कहता है कि जकात-खैरात का पैसा जरूरी नहीं कि किसी मुस्लिम को ही दिया जाए; आप किसी भी जरूरतमंद को दे सकते हैं। बेशक वह किसी भी मजहब को मानने वाला हो। यहां यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि रमजान 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना से ओतप्रोत है।

अंत में यही कि रोजे रखिए, इबादत करिए और फिर ईद की खुशियां मनाइए, मगर अपने आस-पास ध्यान रखिए कि कहीं कोई तकलीफ में तो नहीं है। आप सभी को माहे रमजान की बरकतें मुबारक।

मुख्तार अहमद

ब्रह्मा के अवतार ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य

याज्ञवल्क्य जयंती



पौराणिक कथाओं के अनुसार याज्ञवल्क्य ऋषि को भगवान ब्रह्मा का अवतार माना जाता है। कहा जाता है कि एक बार ब्रह्मा जी द्वारा यज्ञ में पत्नी सावित्री की जगह गायत्री को स्थान देने पर सावित्री ने उन्हें मानव रूप में जन्म लेने का शाप दे दिया। इस शाप के कारण ही उनका जन्म चारण ऋषि के यहां याज्ञवल्क्य के रूप में हुआ। श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार ये देवरात के पुत्र थे। इनका जन्म फाल्गुन मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी (22 फरवरी) को हुआ था। परम विदुषी 'मैत्रेयी' याज्ञवल्क्य की पत्नी थीं।

याज्ञवल्क्य ने महर्षि वैशम्पायन से शिक्षा ग्रहण की। सात वर्ष की आयु में इन्होंने वेदों की ऋचाओं को कंठस्थ कर लिया था। इन्होंने उद्धालक आरुणि ऋषि से अध्यात्म, ऋषि हिरण्यनाभ से अध्यात्म-योग की शिक्षा ग्रहण की। ऋग्वेद का अध्ययन इन्होंने महर्षि शाकल्य के आश्रम में जाकर किया।

एक बार इनका अपने गुरु वैशम्पायन से विवाद हो गया। इससे क्रोधित होकर गुरु ने याज्ञवल्क्य को शिष्य पद से हटा दिया और उन्हें अपने द्वारा दिया गया ज्ञान भी लौटाने को कहा। गुरु के निर्णय को स्वीकार करते हुए याज्ञवल्क्य ने उन्हें सारा ज्ञान लौटा दिया। उस ज्ञान को गुरु के अन्य शिष्यों ने तीतर पक्षी के रूप में ग्रहण कर लिया। शिष्यों द्वारा तीतर पक्षी के रूप में ग्रहण किए जाने के कारण यजुर्वेद की यह शाखा 'तैत्तिरीय संहिता' के नाम से प्रसिद्ध हुई।

इस घटना के पश्चात ज्ञान से रहित हो जाने के कारण याज्ञवल्क्य ने ज्ञान की प्राप्ति के लिए सूर्य की उपासना की। सूर्य ने अश्व रूप धारण कर उन्हें 'यजुर्वेद' के उन मंत्रों की दीक्षा दी, जिसका ज्ञान अभी तक किसी को नहीं था। अश्व रूप में सूर्य से प्राप्त होने के कारण शुक्ल यजुर्वेद की एक शाखा 'वाजसनेयि माध्यन्दिन संहिता' है। इसमें चालीस अध्याय हैं, जिनमें दर्श-पूर्णमास, सोमयज्ञ, अश्वमेध और राजसूय जैसे महत्वपूर्ण वैदिक यज्ञों के मंत्र संकलित हैं। अंतिम अध्याय प्रसिद्ध 'ईशावास्योपनिषद' है। दूसरी 'काण्व संहिता' के नाम से जानी गई। इसमें वैदिक यज्ञों, अनुष्ठानों और कर्मकांड से संबंधित मंत्रों का व्यवस्थित संकलन है। यह चालीस अध्यायों में विभाजित है।

शुक्ल यजुर्वेद-संहिता के मुख्य मंत्रद्रष्टा महर्षि याज्ञवल्क्य हैं। इस संहिता में चालीस अध्याय हैं। सभी पूजा आदि धार्मिक अनुष्ठानों, संस्कारों में इसके मंत्र प्रयोग होते हैं। 'रुद्राष्टाध्यायी' भी इसी संहिता में है। इनका दूसरा महत्वपूर्ण ग्रंथ 'शतपथ ब्राह्मण' है। 'बृहदारण्यक' उपनिषद् इसी का भाग है। यह उपनिषद् राजा जनक के दरबार में 'याज्ञवल्क्य' और 'गार्गी' के बीच हुए संवाद पर आधारित है। ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य का यह कथन- 'जिस क्षण मन में वैराग्य उत्पन्न हो जाए, तभी संन्यास लिया जा सकता है।' आज भी संन्यास का मूल आधार माना जाता है।

अश्वनी कुमार

सप्ताह के व्रत-त्योहार

17 फरवरी से 23 फरवरी 2026 तक

17 फरवरी (मंगलवार) : फाल्गुन कृष्ण अमावस्या तिथि सायं 05.31 मिनट तक। फाल्गुन अमावस। भौमवती अमावस। पंचक प्रारंभ प्रातः 09.06 मिनट से।

18 फरवरी (बुधवार) : फाल्गुन शुक्ल प्रतिपदा तिथि सायं 04.58 मिनट तक। फाल्गुन शुक्ल पक्ष प्रारंभ। चंद्रदर्शन। पंचक।

19 फरवरी (गुरुवार) : फाल्गुन शुक्ल द्वितीया तिथि अपराह्न 03.59 मिनट तक। श्री रामकृष्ण परमहंस जयंती। फूलेरा दूज (मथुरा-वृंदावन)। रमजान (मु.) मास प्रारंभ। पंचक।

20 फरवरी (शुक्रवार) : फाल्गुन शुक्ल तृतीया तिथि दोपहर 02.39 मिनट तक। भद्रा रात्रि 01.50 मिनट से। शक फाल्गुन प्रारंभ। गंडमूल रात्रि 08.08 मिनट से। पंचक।

21 फरवरी (शनिवार) : फाल्गुन शुक्ल चतुर्थी तिथि दोपहर 01.01 मिनट तक। भद्रा दोपहर 01.01 मिनट तक। पंचक समाप्त सायं 07.07 मिनट।

22 फरवरी (रविवार) : फाल्गुन शुक्ल पंचमी तिथि प्रातः 11.10 मिनट तक। याज्ञवल्क्य जयंती। गंडमूल सायं 05.55 मिनट तक।

23 फरवरी (सोमवार) : फाल्गुन शुक्ल षष्ठी तिथि प्रातः 09.10 मिनट तक।

-पं. ऋभुकांत गोस्वामी

रोजनामचा

पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

मेष : आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परंतु मन परेशान भी हो सकता है। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

वृष : मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर भी मिलेंगे। वाहन सुख में वृद्धि होगी।

मिथुन : पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सेहत के प्रति सचेत रहें। कारोबार में वृद्धि होगी।

कर्क : आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परंतु धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परंतु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

सिंह : आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परंतु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है।

कन्या : मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। शांति बनाए रखने के प्रयास करें। किसी पुराने मित्र से काफी समय बाद भेंट हो सकती है। खर्च बढ़ सकते हैं।

तुला : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

वृश्चिक : मन परेशान हो सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में कठिनाई आ सकती है। सचेत रहें। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं।

धनु : पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर भी मिलेंगे। बातचीत में संयत रहें।

मकर : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन में उतार-चढ़ाव भी हो सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में बदलाव हो सकता है। भागदौड़ अधिक रहेगी।

कुंभ : मन अशांत हो सकता है। पिता की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। भागदौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी।

मीन : मन शांत रहेगा। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। पैतृक संपत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। वाहन के रख-रखाव तथा वस्त्रादि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

व्रत और त्योहार | **पंचांग** | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

17 फरवरी, मंगलवार, **शक संवत्:** 28 माघ (सौर) 1947, **पंजाब पंचांग:** 06 फाल्गुन मास प्रविष्टे 2082, **इस्लाम:** 28 शब्बान, 1447, **विक्रमी संवत्:** फाल्गुन कृष्ण अमावस्या तिथि सायं 05.31 मिनट तक। शतभिषा नक्षत्र, परिघ योग रात्रि 12.29 मिनट तक पश्चात शिव योग, नाग करण। चंद्रमा मकर राशि में प्रातः 09.06 मिनट तक उपरांत कुंभ राशि में। **सूर्य उत्तरायण।** शिशिर ऋतु। अपराह्न 03 बजे से सायं 04.30 मिनट तक राहुकालम्। फाल्गुन अमावस। भौमवती अमावस। पंचक प्रारंभ प्रातः 09.06 मिनट से।

वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

कृपया यह बताएं कि कुछ वास्तु दोष, जो हम दूर नहीं कर सकते हैं, उनके क्या उपाय हैं?

-स्वस्तिका, गाजियाबाद

- यदि ईशान कोण कटा हुआ हो, तो इस दिशा में भूमिगत जल के स्रोत बढ़ाएं।
- कुछ फाउंटेन इत्यादि भी इस दिशा में लगाएं।
- इस दिशा में छोटे पौधे लगाएं। इस दिशा मे यदि संभव हो, तो लॉन भी बनाने की कोशिश करें।
- इस दिशा में ज्यादा-से-ज्यादा प्रकाश हो। यदि संभव हो, तो कटे भाग में बाउंड्री बढ़ाकर समकोण बनाएं। यहां पर एल्युमीनियम या जिंक के हेलिक्स लगाएं।

वर्ग पहेली : 8243



बाएं से दाएं
1. समाधान कर देना; सुलझा देना; हल निकाल देना (2,2,2)
7. तमाशबीन; देखने वाला; दर्शन करने वाला (3)
8. असावधान; चिंताहीन; जिसे परवाह न हो (5)
9. विविध; अनेक; मातामह (2)
11. जनक; जन्मदाता; तात (2)
12. प्रियतमा; प्रेयसी; महिला; स्त्री (3)
14. आत्मीय; चहेता; प्रिय; 'आम' का विपर्याय; प्रधान; मुख्य; विशेष (2)
16. अधिपति; नरेंद्र; नृप; महीप; प्रशासक; धनी; प्रिय; स्वामी (2)
18. बल खाता हुआ; लहराता हुआ; जोशीला (5)
20. परिणाम; फल (3)
21. असफल करना; विफल करना (3,3)

ऊपर से नीचे
2. झपटना; तेजी से आगे बढ़ना (4)
3. रसदार; स्वादिष्ट; बांका; छबीला (3)
4. मना करना; रोकना; निषिद्ध करना (1,3)
5. अचेत हो जाना; शिथिल हो जाना; होशो हवास खो बैठना (5,1,2)
6. दिल पिघल जाना; हृदय द्रवित हो जाना (3,3,2)
10. किश्ती; तरणि; नौका (2)
13. नक्षत्र; आंख की पुतली (2)
15. अगुआ; नेता; मुखिया; सरदार (4)
17. सजीव; प्राणी (4)
19. करुणा; कृपा; दया; अनुग्रह (3)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली

(उत्तर अगले अंक में)

वर्ग पहेली : 8242

सुडोकू : 8225 * मध्यम



खेलने का तरीका : दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

सुडोकू : 8224

8	2	9	1	7	6	4	5	3
1	7	6	5	3	4	9	2	8
3	5	4	9	8	2	7	1	6
5	1	3	6	9	7	2	8	4
7	6	2	3	4	8	5	9	1
4	9	8	2	5	1	3	6	7
9	3	1	7	6	5	8	4	2
2	8	5	4	1	3	6	7	9
6	4	7	8	2	9	1	3	5

संपादकीय जागरण

मंगलवार, 17 फरवरी, 2026 : फाल्गुन कृष्ण अमावस्या वि. 2082

विवेक की शक्ति से ही उचित-अनुचित का भेद संभव है

न्यायपालिका में एआइ

यह सर्वथा उचित है और समय की मांग के अनुरूप भी कि इंडिया एआइ इंपैक्ट शिखर सम्मेलन के अवसर पर न्यायपालिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को लेकर भी एक सत्र का आयोजन किया गया। इसमें इस पर विचार किया गया कि मशीनी दक्षता किस प्रकार भारत की न्याय व्यवस्था को मजबूत कर सकती है। चूंकि इस कार्यक्रम में विधिवेत्ताओं के साथ ला फर्मों के विधि विशेषज्ञों ने भी भाग लिया, इसलिए यह आशा की जाती है कि आने वाले समय में न्यायिक तंत्र में एआइ का उपयोग और बढ़ेगा एवं उससे आम लोगों को लाभ भी मिलेगा। जब जीवन के हर क्षेत्र में एआइ का उपयोग हो रहा है, तब फिर न्यायपालिका के क्षेत्र में भी ऐसा होना चाहिए। वैसे तो सीमित स्तर पर न्यायिक तंत्र में एआइ का उपयोग हो रहा है, लेकिन अभी इसका आकलन किया जाना शेष है कि उसके वांछित परिणाम मिल पा रहे हैं या नहीं? वर्तमान में ई-कोर्ट परियोजना के तहत न्यायिक तंत्र में एआइ आधारित कई तरह के टूल्स उपयोग में लाए जा रहे हैं। जैसे मशीन लर्निंग टूल अदालती फैसलों का अंग्रेजी से क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करता है। इसके माध्यम से हजारों निर्णयों को विभिन्न भाषाओं में अनूदित किया गया है। एक अन्य टूल फाइलों का विश्लेषण करने, प्रासंगिक कानूनों और उदाहरणों को खोजने में मदद करता है। इसी तरह कुछ उच्च न्यायालयों में ऐसे टूल प्रयोग हो रहे हैं, जो गवाहों के बयानों को सीधे डिजिटल टेक्स्ट में बदलने का काम करते हैं।

न्यायिक तंत्र में एआइ का उपयोग इस तरह होना चाहिए कि लोगों को समय पर न्याय मिलने की संभावनाएं बढ़ें। निःसंदेह एआइ निर्णय देने का काम नहीं कर सकती और न ही उससे ऐसा कोई काम लिया जाना चाहिए। मानवीय विवेक का स्थान एआइ नहीं ले सकती, लेकिन उसका इतना सहयोग तो लिया ही जा सकता है, जिससे कागजी कार्रवाई का बोझ कम हो। अनुसंधान, विश्लेषण और डाटा संग्रह का काम भी एआइ के जरिये हो सकता है। इस सबके साथ ही यह भी समझा जाना चाहिए कि न्यायिक तंत्र में एआइ का इस्तेमाल तभी प्रभावी होगा, जब अपेक्षित न्यायिक सुधार भी किए जाएंगे। यह आवश्यक है कि तारीख पर तारीख के सिलसिले पर विराम लगे। इसी तरह जनहित याचिकाओं के नाम पर फालतू की याचिकाओं पर लगाम लगना भी जरूरी है। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि हर क्षेत्र में सुधार हो रहे हैं, लेकिन आवश्यक हो चुके बुनियादी न्यायिक सुधार आगे बढ़ने का नाम नहीं ले रहे हैं। इसी का नतीजा है कि जिला अदालतों से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में लंबित मुकदमों का अंबार बढ़ता जा रहा है। करोड़ों लंबित मुकदमे केवल करोड़ों लोगों को हताश-निराश ही नहीं कर रहे, बल्कि देश की प्रगति में बाधक भी बन रहे हैं।

महत्वपूर्ण कदम

दिल्ली पुलिस को आतंकवाद व मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से राजधानी में स्पेशल सेल के इंटीग्रेटेड मुख्यालय के निर्माण की शुरुआत किया जाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। दिल्ली पुलिस के स्थापना दिवस पर केंद्रीय गृह मंत्री ने सोमवार को स्पेशल सेल के इस इंटीग्रेटेड मुख्यालय का ई शिलान्यास किया। यह मुख्यालय 368 करोड़ की लागत से दक्षिणी दिल्ली की लोधी कालोनी में बनेगा। इस मुख्यालय में अत्याधुनिक इंडोर फायरिंग रेंज, वार रूम, साइबर लैब व प्रशिक्षण हाल समेत तमाम आधुनिक सुविधाएं होंगी। इससे यह आतंकवाद व मादक पदार्थों की तस्करी से मुकाबले के लिए देश के किसी भी राज्य की पुलिस के मुकाबले अपनी तरह का तकनीकी रूप से सर्वाधिक उन्नत केंद्र बन जाएगा।

स्पेशल सेल का नया इंटीग्रेटेड मुख्यालय बनने से पुलिस सशक्त होगी, साथ ही दिल्ली और भी सुरक्षित होगी

राष्ट्रीय राजधानी होने के कारण दिल्ली आतंकियों के निशाने पर हमेशा रहती है। ये सही है कि स्पेशल सेल की सतर्कता के कारण ही यहां विगत कुछ वर्षों से बड़ी आतंकी घटना नहीं हो पाई है, लेकिन लाल किला बम धमाके जैसी घटनाएं यहां आतंकियों की सक्रियता दर्शाती रहती हैं, जिनमें लोगों की जान भी जाती है। राजधानी होने के कारण यहां विदेशी राजनेताओं समेत तमाम प्रमुख लोगों का आना-जाना लगा रहता है। यह मुख्यालय बनने से पुलिस सशक्त होगी तो दिल्ली भी और सुरक्षित होगी।

कह के रहेंगे — माधव जोशी

जागरण जनमत — कल का परिणाम

क्या एआइ समिट के आयोजन से इस उभरते तकनीकी परिदृश्य पर भारत का कद और मजबूत होगा?

आज का सवाल

क्या भारत-पाकिस्तान क्रिकेट के बीच की प्रतिद्वंद्विता और रोमांच खत्म हो चुका है?



परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। सभी आंकड़े प्रतिशत में।

एआइ जगत को दिशा देने की कोशिश

हर्ष वी. पंत

एआइ शिखर सम्मेलन के माध्यम से भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी भू-राजनीति को भी नए सिरे से संतुलित करने में सक्षम हो सकता है

नई दिल्ली में आरंभ एआइ प्रभाव शिखर सम्मेलन कूटनीतिक मोर्चे पर ही एक मील का पत्थर नहीं, बल्कि सुनियोजित रणनीतिक पुनर्संरचना का प्रतीक भी है। यह शिखर सम्मेलन भारत की इस भावना को दर्शाता है कि वह इस उभरती हुई तकनीक से जुड़े विमर्श को प्रभावित कर उसे समावेशी एवं लोकतांत्रिक बनाना चाहता है। इस आयोजन के माध्यम से भारत एआइ (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से जुड़ी चर्चा को सुरक्षा एवं प्रतिस्पर्धात्मक लाभ की अमूर्त चिंताओं से इतर उसके प्रभाव की ओर मोड़ना चाहता है। जैसे कि कौन इससे लाभान्वित हो रहा है और कौन नहीं और कौन इस खेल के नियम निर्धारित कर रहा है?

इससे पहले एआइ संबंधी आयोजन विकसित देशों में हुए और पहली बार वैश्विक दक्षिण में ऐसा शिखर सम्मेलन हो रहा है। प्रतीकात्मक रूप से भी यह बड़ा परिवर्तन है। पूर्व के आयोजनों में चर्चा का केंद्र मुख्य रूप से एआइ माडल के विकास और जोखिमों पर केंद्रित रहा। इस दृष्टि से भारत की मेजबानी में यह आयोजन अलग कहानी कहने जा रहा है। भारत एआइ परिचालन को एक तकनीकी मुद्दे से परे विकास संबंधी पहलू के रूप में पुनर्परिभाषित करने के प्रयास में लगा है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मानवता के लिए एआइ' वाले उस मंत्र को ही दर्शाता है कि किसी तकनीक का उद्देश्य निजी पूंजी को बढ़ाने के बजाय व्यापक सार्वजनिक हितों की पूर्ति का होना चाहिए।

भारत का एजेंडा तीन मानक स्तंभों पर आधारित है। ये तीन स्तंभ हैं पीपल यानी लोग, प्लैनेट यानी पृथ्वी और प्रोग्रेस यानी प्रगति। इन तीन स्तंभों को व्यावहारिक दृष्टि से सात विषयगत 'चक्रों' में विभक्त किया गया है। ये सात चक्र हैं-कंप्यूटिंग और डाटा तक पहुंच का लोकतंत्रीकरण, सामाजिक प्रभाव के लिए एआइ, सुरक्षित और विश्वसनीय एआइ, विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखलाओं में एआइ, कृषि और खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा एवं ग्लोबल साउथ के लिए एआइ। यह दृष्टिकोण एआइ को समावेशन और स्थायित्व के दायरे में एक रणनीतिक विकल्प के तौर पर रेखांकित करता है। इस क्रम में मिनी एआइ पर भी जोर दिया जा रहा है। मिनी एआइ से तात्पर्य ऐसे माडल से है, जो उपयोग में सुगम होने के साथ ही किफायती एवं बहुभाषी भी हों। खासतौर से कमजोर कनेक्टिविटी वाले परिदृश्य में भी प्रभावी रूप से कार्य कर सकें। ऐसी दृष्टि के साथ भारत यह जताना चाहता है कि नवाचार अनिवार्य रूप से बड़े पैमाने और अत्याधुनिक प्रणालियों तक ही सीमित नहीं रह सकता। इसके

नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में जारी इंडिया एआइ इंपैक्ट समिट ● आइएएनएस

बजाय उसकी दृष्टि उपयोगिता को केंद्र में रखती है। इसमें पूर्वानुमानित सार्वजनिक स्वास्थ्य माडल, जलवायु के प्रति अनुकूल कृषि और डिजिटलीकृत सेवाओं का वितरण महत्वपूर्ण हैं। इससे एआइ केवल कारपोरेट कौशल का प्रदर्शन नहीं, बल्कि राज्य की क्षमताओं को सुदृढ़ करने का एक उपकरण बन जाती है। इस तरह यह एक ओर विकास संबंधी व्यावहारिकता बन जाती है तो दूसरी ओर भू-राजनीतिक स्थिति का पर्याय।

भारत की आकांक्षा केवल वैश्विक एआइ मानकों के अनुपालक बनने तक सीमित नहीं है, वह उनमें सक्रिय सहभागी भी बनना चाहता है। करीब 30 लाख से अधिक एआइ पेशेवरों और दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम के दम पर नई दिल्ली का मानना है कि उसके पास इस विमर्श को दिशा देने के लिए आवश्यक जनसांख्यिकीय एवं उद्यमशील शक्ति मौजूद है। इस संदर्भ में जब सैम आल्टमैन जैसे एआइ क्रांति के अग्रदूत यह कहें कि भारत में फुल स्टैक एआइ लीडर बनने की भरपूर संभावनाएं हैं तो यह उसी धारणा को मजबूत करता है कि यह देश उभरती अर्थव्यवस्थाओं के एक व्यापक गठबंधन को नेतृत्व दे सकता है। विश्व बैंक और संयुक्त राष्ट्र जैसे संस्थानों का इस सम्मेलन से जुड़ाव इसकी बहुपक्षीय दिशा को भी दर्शाता है।

समग्रता में देखा जाए तो भारत एआइ परिदृश्य पर स्वयं को पश्चिम के नवाचार केंद्रों और वैश्विक दक्षिण की परिचालन संबंधी आवश्यकताओं, अमेरिकी नेतृत्व वाले उद्यमशील इकोसिस्टम और सरकारी नियंत्रण वाले चीन के व्यापकता से परिपूर्ण तंत्र के बीच एक सेतु के रूप में स्थापित करने में लगा है। एआइ संचालन से जुड़ी एक राह भारत की व्यापक विदेश नीति के रुझान को भी दर्शाती है। अलग-थलग पड़े बिना रणनीतिक स्वायत्तता को बनाए रखना इस नीति के मूल में है। तकनीकी राष्ट्रवाद के इस दौर में ऐसा रुख-रवैया न केवल विश्व के शक्ति केंद्रों से जुड़े रहने, बल्कि अफ्रीका, दक्षिण पूर्वी एशिया और दक्षिण अमेरिकी देशों की आवाज को बुलंद करने की गुंजाइश भी देता है। वैश्विक स्तर पर भारत के स्वर भी उसकी घरेलू नीतियों से भी मेल खा रहे हैं। इस दिशा में कल्याणकारी ढांचे, स्वास्थ्य सेवाओं, कृषि परामर्श और डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में एआइ से जुड़ी पहल भारत के दावों को ठोस आधार प्रदान करती है। इसका स्पष्ट अर्थ है कि भारत केवल तकनीकी समावेशन का उपदेश ही नहीं दे रहा, बल्कि उसे अमल में भी ला रहा है।

महत्वाकांक्षाओं को सदैव वास्तविकता की कसौटियों का भी सामना करना पड़ता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत की तकनीकी क्षमताएं अभी सीमित हैं। सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला के लिए विदेश पर निर्भरता तकनीकी संप्रभुता को सवालों के घेरे में खड़ा करती है। इसके अलावा एल्गोरिदम संबंधी पूर्वाग्रह से लेकर निजी डाटा संरक्षण जैसे प्रश्न भी हैं। ऐसे में यदि भारत वैश्विक स्तर पर एआइ की विश्वसनीयता की मांग को लेकर मुखर होता है तो उसे घरेलू मोर्चे पर भी नियामकीय अनुकूलता प्रदर्शित करनी होगी। इसलिए यह एआइ शिखर सम्मेलन भारत के समक्ष चुनौतियां और अवसर दोनों प्रदान करता है। भारत यदि इसमें सफल होता है तो वह एआइ से जुड़ी भू-राजनीति को भी नए सिरे से संतुलित करने में सक्षम हो सकता है। इतना तो तय है कि भारत इस एआइ-एक्सप्रेस में केवल एक डिब्बे में जगह पाने से संतुष्ट नहीं होने वाला। वह इंजन का हिस्सा भी बनना चाहता है।

(लेखक आब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन में उपाध्यक्ष हैं)
response@jagran.com

अवसर और चुनौतियों भरे समझौते

डा. सुरजीत सिंह

व्यापार समझौतों की सफलता उनके व्यावहारिक एवं संतुलित क्रियान्वयन से ही निर्धारित होगी

अमेरिकी राजदूत गोर के साथ पीयूष गोयल ● एएनआइ

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अप्रत्याशित और अस्थिर व्यापारिक प्रवृत्तियों एवं टैरिफ के निरंतर बढ़ते दबावों के बीच भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर सहमति बनना भारत की सशक्त होती कूटनीतिक क्षमता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। विपरीत परिस्थितियों में भी भारत ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि कोई भी व्यापार समझौता एकतरफा या अमेरिका-केंद्रित नहीं होगा, बल्कि पारस्परिकता, सम्मान और बराबरी के सिद्धांतों पर आधारित होगा। यह भारत के उस बदले हुए आत्मविश्वास को दर्शाता है, जिसके तहत भारत अब केवल रियायतें मांगने वाला देश नहीं रहा, बल्कि आर्थिक वृद्धि की निरंतर गति, राजनीतिक निरंतरता और डिजिटल क्रांति के बल पर एक प्रभावशाली वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है। अमेरिका के लिए भी यह तथ्य स्पष्ट होता जा रहा है कि भारत की सहभागिता के बिना वैश्विक आर्थिक संतुलन और रणनीतिक लक्ष्यों को साधना दिन-प्रतिदिन कठिन होता जाएगा। यह परिवर्तन केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक और कूटनीतिक भी है, जो शक्ति-संतुलन में भारत की बढ़ती स्वीकार्यता को रेखांकित करता है।

भारत के दृष्टिकोण से भावी व्यापार समझौते के आर्थिक लाभ बहुआयामी और दूरगामी हैं। सर्वप्रथम भारतीय उत्पादों को अमेरिकी बाजार में व्यापक पहुंच मिलने की संभावना प्रबल हुई है। भारत-अमेरिकी संबंध स्टील और एल्यूमीनियम शुल्क, कृषि सब्सिडी, बौद्धिक संपदा अधिकार तथा वीजा जैसे मुद्दों से आगे बढ़कर आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती, विनिर्माण सहयोग, तकनीक और नवाचार, लाजिस्टिक्स एवं मानकीकरण जैसे क्षेत्रों में संरचनात्मक साझेदारी की ओर अग्रसर हो रहे हैं। अमेरिकी कंपनियों द्वारा भारत में निवेश बढ़ने की संभावना से पूंजी, उन्नत तकनीक और आधुनिक प्रबंधन कौशल का प्रवाह संभव होगा। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के संदर्भ में यह व्यापार समझौता संभावनाओं के नए क्षितिज खोलता है। अमेरिका के साथ व्यापार समझौता भारत के साथ अमेरिका के आर्थिक हितों की भी पूर्ति करता है। हाल के वर्षों में चीन की आर्थिक नीतियों, भू-राजनीतिक आक्रामकता और आपूर्ति श्रृंखला में बार-बार के व्यवधानों से अमेरिका की चीन पर अत्यधिक निर्भरता अब केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि एक रणनीतिक जोखिम बन चुकी है। ऐसे परिदृश्य में भारत का विशाल और युवा श्रमबल, सुदृढ़ लोकतांत्रिक संस्थाएं, नियम-आधारित आर्थिक व्यवस्था एवं तीव्र गति से विकसित हो रही तकनीकी क्षमताओं के कारण अमेरिका का झुकाव भारत की ओर बढ़ा है। रक्षा, डिजिटल सेवाओं, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्वच्छ ऊर्जा जैसे अग्रणी क्षेत्रों में सहयोग अमेरिका की दीर्घकालिक रणनीतिक प्राथमिकताओं में बदलाव का स्पष्ट संकेत है। जो स्वीकार्यता पहले परोक्ष और अनौपचारिक थी, वह अब अमेरिका की रणनीतिक और व्यापारिक नीति का घोषित अंग बन सकती है।

समग्र दृष्टि से देखा जाए तो भारत-अमेरिका व्यापार समझौता मात्र एक आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत की परिवर्तित होती वैश्विक पहचान का सशक्त प्रतीक है। यह न केवल भारत के राष्ट्रीय हितों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने में सक्षम है, बल्कि वैश्विक आर्थिक और रणनीतिक व्यवस्था को दिशा देने की क्षमता भी रखता है। यदि यह समझौता दूरदर्शिता, संतुलन और सुदृढ़ घरेलू सुधारों के साथ लागू किया गया, तो यह भारत को एक विकसित, आत्मनिर्भर और वैश्विक नेतृत्वकर्ता राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में बहुत उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

ब्रिटेन, न्यूजीलैंड, ओमान, यूरोपीय संघ से व्यापार समझौते भारतीय एमएसएमई को न केवल उत्पादन विस्तार, बल्कि गुणवत्ता, मानकीकरण और प्रतिस्पर्धात्मकता के अंतरराष्ट्रीय मानकों तक पहुंचने में सक्षम बना सकते हैं। इससे घरेलू उद्योगों की संरचना अधिक सुदृढ़ होगी, व्यापक स्तर पर रोजगार सृजन को गति मिलेगी और क्षेत्रीय आर्थिक असंतुलनों को कम करने में भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। समकालीन वैश्विक व्यवस्था में व्यापार अब केवल आर्थिक लेनदेन का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि भू-राजनीतिक प्रभाव, शक्ति-संतुलन और रणनीतिक हितों को साधने का एक प्रभावी उपकरण बन चुका है।

क्वाड, इंडो-पैसिफिक सहयोग और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते जैसी पहल अब पृथक प्रयास न होकर एक साझा रणनीतिक दृष्टिकोण के अंतर्गत संचालित हो रही हैं। यह आर्थिक कूटनीति का आधुनिक स्वरूप है, जहां व्यापारिक साझेदारियां रणनीतिक उद्देश्यों को मजबूती देती हैं और रणनीतिक सहयोग आर्थिक अवसरों के नए द्वार खोलता है। यद्यपि व्यापार समझौते से उत्पन्न होने वाले अवसर व्यापक और दूरगामी हैं, किंतु चुनौतियां भी कम नहीं हैं। घरेलू उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप सक्षम बनाना, नियामक सुधारों को गति देना, श्रम सुधारों को संतुलित ढंग से आगे बढ़ाना तथा लाजिस्टिक्स और इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करना अनिवार्य होगा। यदि इन आंतरिक सुधारों पर समुचित और समयबद्ध ध्यान नहीं दिया गया, तो अमेरिका से होने वाले और अन्य देशों के साथ हुए व्यापार समझौतों से प्राप्त संभावनाएं सीमित प्रभाव तक ही सिमट सकती हैं। व्यापार समझौतों की वास्तविक सफलता उनके औपचारिक अनुमोदन में नहीं, बल्कि उनके प्रभावी, व्यावहारिक और संतुलित क्रियान्वयन में निहित होगी।

(लेखक अर्थशास्त्री हैं)
response@jagran.com

ऊर्जा

धार्मिक व्यक्ति

किसी भी वस्तु, व्यक्ति या विचार की प्रकृति कुछ विशिष्ट गुणों से निर्धारित होती है। धर्म के मार्ग पर चलने वाले व्यक्ति की पहचान भी उसके गुणों से होती है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण गुण धैर्य है। धैर्य का अर्थ है-किसी भी परिस्थिति में विचलित न होना। परेशान होना, घबराना या अधीर हो जाना मनुष्य के लिए न तो उचित है और न ही हितकारी। एक धार्मिक व्यक्ति हर स्थिति में शांत रहता है, वर्तमान को समझता है और भविष्य के लिए स्वयं को तैयार करता है।

धैर्य के बाद आता दमन या आत्मसंयम। दमन का अर्थ है स्वयं पर नियंत्रण, जबकि शमन होता है दूसरों पर नियंत्रण। जो व्यक्ति समाज में फैले अन्याय, अराजकता और असामाजिक गतिविधियों के विरुद्ध संघर्ष करता है, वह शमन करने वाला कहलाता है। जबकि जो व्यक्ति अपनी इच्छाओं, वासनाओं, क्रोध और लोभ को नियंत्रित करता है, वही दमन करने वाला है। एक धार्मिक व्यक्ति में दमन का गुण अवश्य होना चाहिए, क्योंकि बिना आत्मसंयम के धर्म की कल्पना अधूरी है।

अस्तेय हमारी आचार-संहिता का एक अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्धांत है। अस्तेय का अर्थ है-चोरी न करना। दूसरों की वस्तु, धन या अधिकार छीन लेना बाहरी चोरी है। जबकि आंतरिक चोरी मन में होती है-जैसे ईर्ष्या, अनुचित लाभ की इच्छा या किसी का हक छीनने की मानसिक प्रवृत्ति। विचार, वाणी और कर्म, तीनों स्तरों पर चोरी से बचें। यही भाव शौच का भी है। शौच का अर्थ केवल बाहरी स्वच्छता नहीं है। वास्तविक शौच है-मन को पवित्र रखना और शरीर को स्वच्छ रखना। मन को शुद्ध रखने के लिए दो मार्ग हैं-बाहरी और आंतरिक। बाहरी मार्ग है स्वयं को निरंतर अच्छे कर्मों में लगाना। अर्थात निःस्वार्थ सेवा और पुण्य कर्म करना। आंतरिक मार्ग है-अपने लक्ष्य और ईष्ट का स्मरण। बाह्य रूप से समाज सेवा और आंतरिक रूप से श्रद्धा, इन दोनों से मन शुद्ध रहता है।

श्री श्री आनंदमूर्ति

पाठकनामा

pathaknama@nda .jagran.com

घरेलू उद्यमों का विकास

'विकसित भारत का आधार बनें एमएसएमई' शीर्षक आलेख में ऋतु सारस्वत ने सही कहा है कि देश को विकास की राह पर अग्रसर करने के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) की ओर गंभीरता दिखाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ समय पहले कहा था कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमें लोकल चीजों को लेकर वोकल होना चाहिए। अर्थात हमें स्वदेशी उत्पादों के बारे में अधिक और खुलकर बात करनी चाहिए। सरकार इस दिशा में काम भी कर रही है, लेकिन जब देश में स्वदेशी पर चर्चा के साथ ठोस काम भी होगा, तो यह लघु उद्योगों को संजीवनी देने का कार्य करेगा। खबर है कि चीन से आयात होने वाले छोटे-छोटे उत्पाद देश में ही तैयार करने की तैयारी चल रही है। अच्छा होगा कि इस कार्य में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों की सरकार द्वारा सहायता ली जानी चाहिए। हमारा देश गांवों का देश है, इसलिए यह कहा जा सकता है कि लघु उद्योगों का विस्तार गांवों में करके रोजगार बढ़ाया जा सकता है और युवाओं के पलायन को रोका जा सकता है। स्वदेशी का सपना तभी पूरा हो सकता है, जब देश के घरेलू उद्योग विकसित होंगे। माना कि भारत को अपने स्वदेशी उत्पादों को बेचने के लिए वैश्विक आयात-निर्यात के नियमों और समझौतों का पालन करना पड़ता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं होना चाहिए कि छोटे उद्योगों के विकास की ओर गंभीरता न दिखाई जाए। सरकार को लघु उद्योगों के संरक्षण के लिए और अधिक प्रयास करने चाहिए, ताकि वे रोजगार और देश की आर्थिक व्यवस्था में और अधिक योगदान दे सकें।

राजेश कुमार चौहान, जालंधर

बदलता बांग्लादेश और चुनौतियां

बांग्लादेश में बीएनपी की सरकार बनना केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि दक्षिण एशिया की राजनीति में एक नया अध्याय है। दो दशकों बाद हुए इस बदलाव ने भारत-बांग्लादेश संबंधों के सामने कई नए सवाल खड़े कर दिए हैं। नई राजनीतिक परिस्थिति में भारत को अपनी कूटनीति का संतुलन नए सिरे से साधना होगा। भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती राजनीतिक विश्वास को पुनः स्थापित करने की होगी। लंबे समय तक चले करीबी समीकरण अब स्वतः जारी नहीं रहेंगे। बीएनपी नेतृत्व ने भले ही भारत से बेहतर संबंधों की इच्छा जताई हो, परन्तु घरेलू राजनीति के दबाव में उसे कठोर रुख अपनाना पड़ सकता है। यही कारण है कि आने वाले महीनों में भारत को बयानबाजी से अधिक व्यावहारिक कूटनीति पर ध्यान देना होगा। दूसरी अहम चुनौती सुरक्षा और सीमा प्रबंधन की है। अगर ढाका अपनी घरेलू राजनीति के तहत सीमा या घुसपैठ जैसे मुद्दों को जोर से उठाता है, तो पूर्वोत्तर भारत पर दबाव बढ़ सकता है। चुनाव परिणाम के बाद दोनों देशों की ओर से सकारात्मक संकेत भी आए हैं। असल प्रश्न यह है कि क्या दोनों देश पुराने समीकरणों की जगह परिपक्व और बराबरी पर आधारित नया रिश्ता बना पाएंगे? भूगोल, व्यापार, सांस्कृतिक संबंध और क्षेत्रीय स्थिरता ये सभी कारक बताते हैं कि सहयोग ही सबसे व्यावहारिक रास्ता है।

चंद्र प्रकाश शर्मा, दिल्ली

शिवाजी महाराज जैसा कोई नहीं

कांग्रेसी नेता अपनी तुष्टिकरण की आदत के कारण ऐसे बयान दे देते हैं जो कि मूर्खता की सारी सीमाओं को पार कर जाते हैं। उसके बाद तीव्र आलोचना होने पर यूटर्न लेकर सारा ठीकरा मीडिया के सर मढ़ देते हैं। कह देते हैं मीडिया ने गलत अर्थ निकाला। ऐसा ही एक बयान महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्द्धन सपकाल ने भी दिया है। उनके अनुसार शिवाजी महाराज के बराबर के योद्धा थे टीपू सुल्तान। लेकिन लगता है उनको ज्ञात ही नहीं है कि शिवाजी महाराज ने भारत की एकता और अखंडता के लिए लड़ाई लड़ी, जबकि टीपू सुल्तान ने अपने राज्य के लिए। छत्रपती शिवाजी महाराज ने एक न्यायपूर्ण और समृद्ध शासन स्थापित किया, जबकि दूसरे का शासन अत्याचारी और दमनकारी था। शिवाजी महाराज ने कभी नागरिकों को नुकसान नहीं पहुंचाया जबकि टीपू ने नागरिकों पर अत्याचार किए। शिवाजी ने संस्कृति और कला को बढ़ावा दिया, जबकि टीपू संस्कृति व कला का दुश्मन था। शिवाजी महाराज ने एक समृद्ध आर्थिक नीति अपनाई थी, जबकि टीपू दमन करके के लिए अर्थ इकट्ठा करता था। टीपू ने हिंदुओं का कत्ल किया, उन्हें जबरन इस्लाम अपनाने के लिए मजबूर किया और उनकी संपत्ति लूटी। उसने मंगलोर एवं केरल के हिंदुओं को भी जबरन इस्लाम अपनाने के लिए मजबूर किया। टीपू ने अनेकों मंदिरों को नष्ट किया। उसे कोई भी कैसे आदर्श मान सकता है। उसकी तुलना शिवाजी महाराज करना तो अपराध है।

धर्मेन्द्र नाथ रस्तोगी, गाजियाबाद

पोस्ट

इशान किशन ने एकदम धुरंधर की तरह खेला। सभी छोटी टीमों में से पाकिस्तान को हराना भारत के लिए सबसे आसान लग रहा था, क्योंकि टी-20 क्रिकेट के प्रति उसका रवैया पिछली सदी जैसा ही है। हमेशा की तरह उन्हें करारी हार मिली। फुल कंबल कुटाई।

वीरेंद्र सहवाग@virendersehwag

भारतीय खिलाड़ियों द्वारा पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ न मिलाने पर हाय-तौबा करना निरर्थक है। 'अमन की आशा' वाले लोग बेवजह शोर मचा रहे हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारत ने किसी भी मंच पर पाकिस्तान के प्रति गर्मजोशी नहीं दिखाई, तो खेल के मैदान पर ऐसा दिखाने की अपेक्षा क्यों की जाए?

अखिलेश शर्मा@akhileshsharma1

एआइ समिट के लिए दिल्ली आने पर बहुत रोमांचित महसूस कर रही हूं। कार में बैठते ही तुरंत वाईफाई सुविधा मिलने लगी और आधे घंटे के सफर में उसका बखूबी इस्तेमाल भी किया। वाईफाई स्पीड भी जर्मनी में म्युनिख सिक्योरिटी कांफ्रेंस की तुलना में कहीं बेहतर रही। आशा जडेजा मोटवानी@ashajadeja325

जनपथ

आदत है जब हार की मिले कहां से जीत,
अपना टीवी तोड़कर मारो सिर पर ईंट।
मारो सिर पर ईंट मनाओ खूब मुहर्रम,
सोचो कोई उपाय होय दुःख थोड़ा तो कम!
देनी है हर बार तुम्हीं को बंधु शहादत,
क्रिकेट होय या युद्ध डाल लो इसकी आदत।

– ओमप्रकाश तिवारी

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा -201309 से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित
संपादक (दिल्ली एनसीआर)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 36 अंक 214

हिस्सा लेंगे ये दिग्गज

इंडिया एआइ इंपैक्ट समिट में 100 से ज्यादा देशों का प्रतिनिधिमंडल हिस्सा लेगा। 20 सरकारों के प्रमुख, कई देशों के मंत्री और दुनियाभर की प्रमुख कंपनियों के 50 से ज्यादा सीईओ शामिल होंगे। इसमें भारतीय कंपनियों के प्रमुख भी होंगे। समिट में एआइ इकोसिस्टम से जुड़े करीब 500 लोग हिस्सा लेंगे, जिसमें इनोवेटर्स, रिसर्चर, चीफ टेक्नोलाजी आफिसर शामिल हैं। भारत से आरआइएल के प्रमुख मुकेश अंबानी, टाटा संस के नटराजन चंद्रशेखरन, इंफोसिस के नंदन नीलेकणी, भारती समूह के सुनील भारती मित्तल, टीसीएस के के कृतिवासन, एचसीएल टेक की रोशनी नादर, इंफोसिस के सलिल पारेख जैसे दिग्गज शामिल हो सकते हैं।

सैम अल्टमैन: सैम अल्टमैन

ओपन एआइ के सह संस्थापक और सीईओ हैं। उन्होंने चैटजीपीटी जैसे एडवांस एआइ माडल को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बनाने में अहम भूमिका निभाई है।

ब्रैड स्मिथ: ब्रैड स्मिथ माइक्रोसाफ्ट के अध्यक्ष हैं। कंपनी में वह कानूनी मामलों, नियामक नीतियों और तकनीकी नैतिकता से जुड़े विषयों को देखते हैं।

यान लेकुन: यान लेकुन मेटा में चीफ एआइ विज्ञानी हैं। डीप लर्निंग और कन्वोल्यूशनल न्यूरल नेटवर्क (सीएनएन) के विकास में उनकी विशेष भूमिका रही है।

क्रिस्टियानो एमोन: क्रिस्टियानो एमोन क्वालकाम के सीईओ हैं। सेमीकंडक्टर और 5जी तकनीक में उनकी अहम भूमिका रही है। मोबाइल चिपसेट और आइओटी को उन्होंने आगे बढ़ाया है।

डारियो अमोडेई: डारियो अमोडेई एंथ्रोपिक के सह-संस्थापक और सीईओ हैं। एडवांस लैंग्वेज माडल के विकास में उनका खास योगदान माना जाता है।



डेमिस हसाबिस: डेमिस हसाबिस ब्रिटिश एआइ विज्ञानी हैं। वह डीपमाइंड के सह-संस्थापक और सीईओ हैं। हसाबिस को न्यूरोसाइंस और एआइ के क्षेत्र में अग्रणी रिसर्चर माना जाता है।

सुंदर पिचाई: ये गूगल, अल्फाबेट के सीईओ हैं। उन्होंने तकनीकी इनोवेशन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

स्थानीय कानूनों का पालन करें डिजिटल प्लेटफार्म : वैष्णव

नई दिल्ली, प्रेट्र: केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वैश्विक डिजिटल प्लेटफार्मों को स्पष्ट संदेश दिया है कि उन्हें भारत में संचालन करते समय यहां के संवैधानिक और कानूनी ढांचे का पूरी तरह पालन करना होगा। वैष्णव ने सोमवार को कहा कि कंटेंट बनाने वाले वैश्विक डिजिटल प्लेटफार्मों को उन देशों की संस्कृति के बारे में जानना चाहिए जिनमें वे काम करते हैं। इनको सांस्कृतिक संदर्भ के प्रति जागरूक रहना चाहिए।

एआइ इम्पैक्ट समिट के एक कार्यक्रम में मोशन पिक्चर एसोसिएशन के अध्यक्ष व सीईओ चार्ल्स रिवकिन के साथ बातचीत के दौरान वैष्णव ने कहा कि वैश्विक ओटीटी व डिजिटल कंटेंट प्लेटफार्मों को अपने देश के अनुसार नहीं बल्कि उस देश के संवैधानिक और कानूनी ढांचे के अनुसार कार्य करना चाहिए, जहां वे कार्यरत हैं। उन्होंने रिवकिन से कहा, डिजिटल दुनिया में, कोई भौतिक सीमाएं नहीं होती हैं। जिससे अक्सर ओटीटी प्लेटफार्म सांस्कृतिक मूल्यों को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन एक समाज में जो सामान्य है, वह दूसरे समाज में सामान्य नहीं हो सकता।

अश्विनी वैष्णव ● फाइल फोटो

- एआइ समिट में मोशन पिक्चर एसोसिएशन के सीईओ रिवकिन के साथ किया संवाद
- कहा- इन प्लेटफार्मों को सांस्कृतिक संदर्भ के प्रति रहना चाहिए जागरूक

प्रदूषण नियंत्रण में मदद कर सकता है एआइ

नई दिल्ली, प्रेट्र : देश में सड़क दुर्घटनाओं से बचने और वाहनों के प्रदूषण की समस्याओं को नियंत्रित करने में एआइ मददगार हो सकता है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारी पंकज अग्रवाल ने राष्ट्रीय राजधानी में इंडिया एआइ इंपैक्ट समिट के दौरान कहा कि सड़क और परिवहन उद्योग में एआइ के एकीकरण की बहुत संभावनाएं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूलों में ड्राइविंग को पाठ्यक्रम में शामिल करने से इस दिशा में मदद मिल सकती है।

एआइ और सड़क सुरक्षा: भारत में सड़क सुरक्षा को बढ़ाने के लिए डाटा-आधारित समाधान' पर पैनल चर्चा के दौरान, उन्होंने कहा कि एआइ दुर्घटनाओं से बचने और मृत्यु दर कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि डाटा से पता चलता है कि ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन से संबंधित पहली समस्या तेज गति से वाहन चलाना है। इसलिए एआइ की मदद से सटीक डाटा जुटाने और मानवीय हस्तक्षेप के बिना साक्ष्य उपलब्ध कराने में मदद मिल सकती है।

एआइ से लैस 'हाइड्रोपोनिक' खेती पर निवेश करेंगे भारतीय उद्यमी

नई दिल्ली, प्रेट्र : देश के एक उद्यमी जिनकी एक दशक पहले सूखे के कारण पूरी फसल बर्बाद हो गई थी, अब कर्नाटक में महंगे मसाले और औषधीय पौधे उगाने के लिए एआइ से लैस हाइड्रोपोनिक खेती में 214 करोड़ रुपये निवेश कर रहे हैं। हाइड्रोपोनिक खेती का मतलब बिना मिट्टी के, केवल पानी और पोषक तत्वों के घोल का उपयोग करके पौधे उगाना है। इस तकनीक में पानी में आवश्यक खनिजों को मिलाकर सीधे पौधों की जड़ों तक पहुंचाया जाता है। बैंगलोर की पनामा हाइड्रो-एक्स के संस्थापक और सीईओ विवेक राज ने कहा कि कंपनी ने वर्षों तक शोध एवं विकास पर 146 करोड़ खर्च करने के बाद चार पेटेंट वाली एआइ प्रौद्योगिकी विकसित की हैं। इसमें ऐसे प्रणाली शामिल हैं जो फसल की बीमारियों का लक्षण दिखने से पहले पता लगा सकती है।

समिट का थीम 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय'

नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआइ इंपैक्ट समिट 2026' के दौरान सोमवार को काफी संख्या में लोग देखने के लिए पहुंचे ● प्रेट्र

जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली: सोमवार से शुक्रवार तक चलने वाले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महाकुंभ 'एआइ इंपैक्ट समिट 2026' में हिस्सा लेने के लिए दुनियाभर के दिग्गज यहां पहुंच चुके हैं। इस शिखर सम्मेलन के जरिये तेजी से बदलती एआइ की दुनिया को समझना और आम लोगों तक इसके फायदे और असर को पहुंचाना आसान हो सकता है। इसमें न केवल टेक कंपनियों के दिग्गज, बल्कि अनेक देशों के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति भी हिस्सा ले रहे हैं।

एआइ इंपैक्ट समिट क्या है : इंडिया एआइ इंपैक्ट समिट 2026 भारत सरकार के इलेक्ट्रानिक्स और आइटी मंत्रालय और इंडिया एआइ मिशन की पहल है। यह पांच दिन का कार्यक्रम है, जिसमें पालिसी, रिसर्च, इंडस्ट्री और आम भागीदारी, सबको जोड़ा गया है। सरकार ने इस समिट की थीम रखी है- सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय।

इससे पहले कहां हो चुकी है समिट: साल 2023 में सबसे पहले एआइ समिट ब्रिटेन में हुई थी। इसके बाद मई, 2024 में दक्षिण कोरिया में एआइ को सुरक्षित और समावेशी बनाने पर जोर दिया गया था। फरवरी, 2025 में पेरिस में एआइ एक्शन समिट में एआइ को सार्वजनिक हित और टिकाऊ विकास से जोड़ने पर चर्चा हुई थी।

दिल्ली की समिट की क्या है अहमियत: दिल्ली समिट को सरकार ग्लोबल साउथ में पहली वैश्विक एआइ समिट बता रही है। इस बार चर्चा सिर्फ एआइ के खतरे तक नहीं, बल्कि इस पर है कि एआइ का फायदा गरीब और मध्यम वर्ग तक कैसे पहुंचे। सरकार ने इसे एआइ विभाजन को खत्म करने की दिशा में एक कदम बताया है। यानी तकनीक से लैस और तकनीक रहित लोगों के बीच दूरी कम हो।

एआइ समिट से आम लोगों को ये होगा फायदा

- लोगों को एआइ के वास्तविक उपयोग के बारे में पता चलेगा, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, खेती और सरकारी योजनाओं में कैसे एआइ मदद कर सकता है।
- एआइ सबसे लिए उपलब्ध और उपयोगी कैसे बनाया जा सकता है, खासकर छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों तक। कई देश और संस्थान इसका डेमो भी दिखाएंगे।
- नई नौकरियों के बनाने और कौशल सीखने में एआइ ने कैसे मदद की, कंपनियां और देश इसका व्यावहारिक अनुभव भी साझा करेंगी।
- किसानों, छात्रों, शिक्षकों और छोटे कारोबारों को ऐसे एआइ टूल्स के बारे में जानकारी मिल सकती है, जिससे उनका काम आसान बन सकेगा।

टेक लीडर्स की सलाह, एआइ से घबराएं नहीं, नए टूल सीखते रहें

लगातार सीखने की चाह ही एआइ के महासागर में करेगी नैया पार

जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली: देश में एआइ को लेकर बहस तेज है- क्या इससे नौकरियां जाएंगी या नए अवसर बनेंगे? आशंकाओं के बीच तकनीकी उद्योग के दिग्गजों ने कर्मचारियों और युवाओं को 'शांत रहने व लगातार कौशल उन्नयन'' की सलाह दी है। एआइ इंपैक्ट समिट 2026 में वक्ताओं ने कहा कि आने वाले 3-5 वर्षों में कार्यबल का पुनर्गठन तेज होगा, लेकिन एआइ नई नौकरियों के अवसर भी पैदा करेगा, इसलिए कर्मचारियों को एआइ टूल सीखकर खुद को प्रासंगिक बनाए रखना होगा।

पीटीआइ के अनुसार, नौकरी डाट काम के मालिक संजीव बिखचंदानी ने कहा कि जैसे कंप्यूटर आने पर बैंकिंग में उत्पादकता बढ़ी थी, वैसे ही एआइ भी अवसर लेकर आएगा। वहीं एजवर्व की सीईओ सतीश सीतारमैया ने कहा कि एआइ क्षमता बढ़ाने वाला माध्यम है और जीवन पर्यंत सीखने की चाह ही आगे बढ़ने का मंत्र होगा। संपर्क फाउंडेशन के प्रमुख विनीत नायर ने कहा कि एआइ से कुछ नौकरियां जाएंगी, लेकिन उतनी ही नई नौकरियां भी बनेंगी, जिनके लिए कुशल जनशक्ति जरूरी होगी।

एएनआइ के अनुसार, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के संयुक्त सचिव श्री संजीव ने कहा कि एआइ से डरने की जरूरत नहीं है। आइएएनएस के मुताबिक, आइटी कंपनी विप्रो लिमिटेड के टेक्नोलाजी अधिकारी हरि शेट्टी के अनुसार एआइ नौकरियों की प्रकृति बदलेगा, पर यह विकास और रोजगार के लिए बड़ा मौका भी है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप के नीरज अग्रवाल का मानना है कि भारत जैसे देश में जहां डाक्टर, शिक्षक और अन्य पेशेवरों की कमी है, वहां एआइ ''मल्टीप्लायर'' की तरह काम कर सकता है।

एचसीएल के विनीत नायर का कहना है कि करीब आधी नौकरियां प्रभावित हो सकती हैं, लेकिन उतने ही नए मौके भी बनेंगे- शर्त यह है कि लोग नई स्किल सीखें। अनुमान है कि एआइ वैश्विक स्तर पर लगभग 17 करोड़ नई नौकरियां पैदा करेगा, जबकि करीब 9.2 करोड़ भूमिकाओं को प्रभावित भी कर सकता है। माइक्रोसाफ्ट के पुनीत चांडोक ने कहा कि भारत में 59 प्रतिशत व्यवसायों में एआइ एजेंटों का इस्तेमाल हो रहा है।



भारत मंडपम में एआइ इंपैक्ट एक्सपो 2026 के दौरान एक स्टाल पर प्रदर्शित एआइ रोबोटिक सर्जरी का माडल ● एपी

जस्टिस माहेश्वरी बोले- जजों की जगह नहीं ले सकता एआइ

माला दीक्षित ● जागरण

- न्यायपालिका में एआइ के इस्तेमाल पर हुए सत्र में विधि आयोग के अध्यक्ष ने रखी बात
- हम मशीन की मदद ले सकते हैं, लेकिन अंतिम फैसला जज का होना चाहिए

नई दिल्ली : दिल्ली में सोमवार से शुरू हुए एआइ समिट में दुनियाभर के दिग्गज भाग ले रहे हैं और कामकाज में एआइ के उपयोग, इसके फायदे और कमियों पर मंथन चल रहा है। इसी क्रम में न्यायपालिका में एआइ के इस्तेमाल पर भी एक सत्र में मंथन हुआ, जिसका निष्कर्ष था कि एआइ न्याय की रफ्तार बढ़ा सकता है, लेकिन जजों की जगह नहीं ले सकता। फैसले पर पहुंचने की प्रक्रिया में मदद और केस मैनेजमेंट के लिए एआइ की सहायता ली जा सकती है और ली जा रही है। लेकिन, अंतिम फैसला सिर्फ इंसान ही कर सकता है, क्योंकि उसमें भावनाओं को महसूस करने और परिस्थितियों को समझने की क्षमता होती है। विधि आयोग के अध्यक्ष जस्टिस दिनेश माहेश्वरी ने कहा कि हम चीजों को स्ट्रीमलाइन करने में मशीन की मदद ले सकते हैं, लेकिन अंतिम फैसला निश्चित तौर पर जज का होना चाहिए। मानवीय भावनाएं फैसले की प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा है, जिसे मानव ही समझ सकता है।

जस्टिस माहेश्वरी ने हाल के दिनों में एआइ की मदद से निकाले गए फर्जी मुकदमों के उद्धरणों को पेश किए जाने का उदाहरण देते हुए कहा कि इन उदाहरणों से हमें सीखना होगा कि मशीन एलगोरिदम के आधार पर चीजें स्टोर करने के लिए तैयार की जाती है और ट्रेंड की जाती है। जो भी उसमें जाता है, उसे रख लेती है। यह मानव से भिन्न है। एक खुले दिमाग का मानव सही और गलत के बीच अंतर कर सकता है। सुसंगत और असंगत के बीच भेद कर सकता है। मशीन को भूलने में मुश्किल होती है। वह भूल नहीं सकती, जबकि मानव में भूलने की क्षमता होती है। यह अंतर है। एआइ का अविवेकपूर्ण इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। जब हम आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग करें, तो हमें अपनी वास्तविक बुद्धि को आगे रखना चाहिए। न्यायापालिका में तकनीक को बढ़ावा देने और टूल उपलब्ध कराने में मदद कर रही कंपनी टीआइआरईएस और एनईजीडी के सीईओ विकास महेंद्रा व रजनीश कुमार ने बताया कि एआइ से मुकदमों में तेजी लाने का काम हो रहा है।

संबंधित ›› जागरण सिटी

'एआइ से स्वास्थ्य कर्मियों का बोझ होगा कम'

नई दिल्ली, प्रेट्र : केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने सोमवार को कहा कि एआइ में हेल्थकेयर कार्यबल का बोझ कम करने की क्षमता है। साथ ही इससे डाक्टर-मरीज के रिश्ते को मजबूती मिलेगी, न कि यह उसकी जगह ले लेगा। इंडिया एआइ इंपैक्ट समिट, 2026 के तहत केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा आयोजित एक उच्चस्तरीय चर्चा में श्रीवास्तव ने कहा कि नेशनल डिजिटल हेल्थ ब्लूप्रिंट के जरिये ओपन स्टैंडर्ड, इंटरआपरेबिलिटी, प्राइवेसी-बाय-डिजाइन और जेनरेटिव एआइ जैसी नई तकनीकों को अपनाकर और आगे बढ़ाया गया।

समिट से दिल्ली समेत अन्य राज्यों के पर्यटन उद्योग को मिलेगा बढ़ावा

- उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड जैसे पर्यटन राज्यों में 30% तक बढ़ोतरी की उम्मीद
- ताजमहल के साथ अयोध्या का रामलला मंदिर भी विदेशी मेहमानों की सूची में

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: एआइ समिट में 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के आने से दिल्ली के साथ ही उत्तर प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड जैसे आसपास के पर्यटन राज्यों में पर्यटन गतिविधियों में तेजी की उम्मीद है। टूर ट्रैवेल्स व होटल्स संगठनों के अनुसार एआइ समिट के चलते दिल्ली समेत अन्य राज्यों में पर्यटन गतिविधियों में 30 प्रतिशत तक बढ़ोत्तरी का अनुमान लगाया जा रहा है।

विशेष बात यह है कि राजस्थान के जयपुर, उत्तराखंड के ऋषिकेश व उत्तर प्रदेश के आगरा के साथ ही अयोध्या में भव्य रामलला का मंदिर भी पर्यटकों के पसंदीदा पर्यटन स्थल में शामिल है। इंडिजनस फेडरेशन टूरिजम एट्रीब्यूट की संस्थापक शैलेंद्र श्रीवास्तव के अनुसार रामलला के दर्शन को न सिर्फ हिंदू बल्कि बाहर से आ रहे प्रतिनिधि भी उत्सुक हैं और बुकिंग बढ़ी है। उनके अनुसार, लोग मंदिर के वास्तुशिल्प, भव्यता को देखने के साथ सनातन संस्कृति को समझना चाहते हैं। फेडरेशन आफ एसोसिएशन इंडियन टूरिज्म एंड हास्पिटालिटी के महासचिव राजीव मेहरा कहते हैं कि एआइ समिट से देश के पर्यटन उद्योग को बड़ी उम्मीद है। विश्वभर से लोग दिल्ली आ रहे हैं। राजीव मेहरा के अनुसार, यह देश के पर्यटन उद्योग के लिए अच्छा मौका है। विदेशियों में सबसे अधिक मांग ताजमहल की रहती है। यह समिट 20 फरवरी तक चलेगा।

भारत में एआइ के नए सुरक्षा बदलाव के बीच साइबर हमले बढ़े

नई दिल्ली, एएनआइ : भारत में एआइ के चलते नए सुरक्षा बदलाव के बीच डिजिटल खतरे में बढ़ोतरी हुई है। देश के संगठनों को अब औसतन 3,195 साइबर हमलों का सामना करना पड़ रहा है। चेक प्वाइंट साफ्टवेयर की 2026 साइबर सुरक्षा रिपोर्ट के अनुसार, ''2025 में भारत में साप्ताहिक औसत साइबर हमले 3,195 थे, जो 2024 की तुलना में दो प्रतिशत अधिक है।'' चेक प्वाइंट साफ्टवेयर के रिसर्च के उपाध्यक्ष लोतेम फिंकेलस्टीन ने बताया कि हमले के पैटर्न में यह बदलाव मुख्य रूप से साइबर अपराधियों के टूलकिट में एआइ के एकीकरण द्वारा प्रेरित है। रिपोर्ट के अनुसार एआइ साइबर हमलों की मैकेनिक्स को बदल रहा है, केवल उनकी मात्रा को नहीं बल्कि हमलावर पूरी तरह से मैनुअल संचालन से बढ़ते हुए स्वचालन के उच्च स्तरों की ओर बढ़ रहे हैं।

रोबोट का क्रेज...

नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआइ इंपैक्ट समिट 2026' के दौरान सोमवार को एक स्टॉल पर रोबोट का क्रेज देखने को मिला। उत्सुकता के साथ आगंतुकों ने इस पल को मोबाइल में भी कैद किया ● प्रेट्र

एआइ समिट एक नजर में

- **20** फरवरी तक एआइ के विभिन्न पहलुओं पर किया जाएगा मंथन
- **2.5** लाख से ज्यादा लोगों के पहुंचने का अनुमान
- **13** देशों के पैवेलियन शामिल होंगे एक्सपो में
- **500** से ज्यादा सत्रों में विभिन्न मुद्दों पर होगी चर्चा
- **3250** से ज्यादा एआइ विशेषज्ञ रखेंगे अपनी बात
- **300** से ज्यादा डेमो के जरिये एआइ के प्रयोग दिखाए जाएंगे
- **600** से अधिक स्टार्टअप प्रोजेक्ट से वाकिफ होंगे लोग

समिट में शामिल होने के लिए 'इंपैक्ट डाट इंडियाएआइ डाट जीओवी डाट इन पर पंजीकरण करा सकते हैं

एनपीसीआइ ने विदेशी मेहमानों को वालेट सुविधा प्रदान की

नई दिल्ली, प्रेट्र: भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआइ) ने सोमवार को घोषणा की कि एआइ इम्पैक्ट समिट में भाग लेने वाले विदेशी मेहमानों के लिए यूपीआइ वन वर्ल्ड वालेट सेवा उपलब्ध होगी। इस पहल के माध्यम से भारत आने वाले विदेशी यात्री अपनी यात्रा के दौरान सुरक्षित और वास्तविक समय में यूपीआइ भुगतान कर सकेंगे।

शादी से पहले किसी पर भरोसा न करें : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, प्रेट्र: सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि शादी से पहले लड़का व लड़की एक-दूसरे को बिल्कुल नहीं जानते। ऐसे में शादी से पहले शारीरिक संबंध बनाते समय उन्हें सावधानी बरतनी चाहिए। शादी से पहले किसी पर भी भरोसा नहीं करना चाहिए।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्ज्वल भुइयां की पीठ शादी का झूठा वादा करके संबंध बनाने के आरोपित व्यक्ति की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने महिला से सवाल किया कि वह दुबई तक क्यों गई, जहां उन दोनों ने शारीरिक संबंध बनाए। यह आपसी सहमति से हुआ है। शादी से पहले लड़का-लड़की एक-दूसरे को बिल्कुल नहीं जानते। शादी से पहले शारीरिक संबंध बनाने में उन्हें सावधानी बरतनी चाहिए। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि उनके रिश्ते में चाहे जो भी उतार-चढ़ाव हों, हम यह नहीं समझ पा रहे कि वे शादी से पहले शारीरिक संबंध कैसे बना सकते हैं? हम भले ही पुराने विचारों के हों, लेकिन आपको बहुत सावधान रहना चाहिए। महिला के वकील ने बताया कि उनकी मुलाकात वर्ष 2022 में एक वैवाहिक वेबसाइट के जरिये हुई थी। आरोपित युवक ने कथित तौर पर शादी का झूठा वादा करके दिल्ली और बाद में दुबई में कई बार महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाए। इस पर जस्टिस नागरत्ना ने महिला से दुबई जाने की आवश्यकता के बारे में सवाल किया और कहा कि यह आपसी सहमति से बने संबंध का मामला प्रतीत होता है। अगर वह इतनी सख्त थीं, तो उन्हें शादी से पहले ऐसा नहीं करना चाहिए था। हम उन्हें मध्यस्थता के लिए भेजेंगे। ये ऐसे मामले नहीं हैं, जिनमें आपसी सहमति से संबंध होने पर मुकदमा चलाया जाए और सजा दी जाए। जस्टिस नागरत्ना ने आरोपित के वकील से कहा कि वह महिला को कुछ मुआवजा देकर मामला खत्म कर दें।

- शीर्ष अदालत ने शादी से पहले शारीरिक संबंधों में सावधानी बरतने की सलाह दी
- शादी का झूठा वादा कर संबंध बनाने के मामले में मुकदमा चलाने से इन्कार

महिलाओं से भेदभाव मामले की नौ जज करेंगे सुनवाई

- सात अप्रैल से प्रारंभ होकर 22 अप्रैल तक चलेगी सुनवाई
- धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे पर विचार के लिए सात सवाल किए

नई दिल्ली, प्रेट्र : सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि नौ सदस्यीय पीठ सबरीमाला समेत विभिन्न धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर सात अप्रैल से अंतिम सुनवाई प्रारंभ करेगी। पीठ इसके साथ ही विभिन्न धर्मों की धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे पर भी विचार करेगी।

सितंबर, 2018 में पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 4:1 के बहुमत से केरल में सबरीमाला स्थित अयप्पा स्वामी मंदिर में 10 से 50 वर्ष उम्र की महिलाओं के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया था। बाद में 14 नवंबर, 2019 को तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली एक अन्य पीठ ने 3:2 के बहुमत से विभिन्न धर्मस्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव का मुद्दा बड़ी पीठ को संदर्भित कर दिया था। सबरीमाला मामले के अतिरिक्त फैसले में मस्जिदों व दरगाहों में मुस्लिम महिलाओं के प्रवेश व गैर-पारसी पुरुष से विवाह करने वाली पारसी महिलाओं के अगियारी के पवित्र अग्नि स्थान पर प्रवेश का मुद्दा भी बड़ी पीठ को संदर्भित किया गया था। सोमवार को प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची व जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि सात अप्रैल से पीठ याचिकाओं पर सुनवाई शुरू करेगी और 22 अप्रैल को समाप्त करेगी। पीठ ने धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे पर विचार के लिए सात सवाल तैयार किए हैं। पीठ ने सवालों को अदालत में पढ़ा और कहा कि वह इनमें संशोधन के लिए भी तैयार है। ये सवाल हैं- पहला, संविधान के अनुच्छेद-25 के तहत धार्मिक स्वतंत्रता की सीमा और दायरा क्या है। दूसरा, संविधान के अनुच्छेद-25 के तहत लोगों के अधिकारों एवं संविधान के अनुच्छेद-26 के तहत धार्मिक संप्रदायों के अधिकारों के बीच क्या संबंध है। तीसरा, क्या संविधान के अनुच्छेद-26 के तहत धार्मिक समुदाय के अधिकार कानून-व्यवस्था, नैतिकता एवं स्वास्थ्य के अतिरिक्त अन्य मौलिक अधिकारों के अधीन हैं। चौथा, अनुच्छेद-25 एवं 26 के तहत नैतिकता शब्द का दायरा क्या है। पांचवां, अनुच्छेद-25 में संदर्भित धार्मिक रिवाजों से जुड़ी न्यायिक समीक्षा के दायरे पर विचार करेंगे। छठा, अनुच्छेद-25(2)(बी) के तहत 'हिंदुओं के वर्गों' का अर्थ किया है। सातवां, क्या कोई व्यक्ति जो अगर किसी विशेष धार्मिक समुदाय या धार्मिक समूह का हिस्सा नहीं है तो क्या वह जनहित याचिका दाखिल कर सकता है।

केरल सरकार ने कहा, उचित रुख अपनाएंगे

उधर, प्रेट्र के अनुसार केरल की वामपंथी सरकार ने सोमवार को कहा कि सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश के मुद्दे में कई संवैधानिक जटिलताएं हैं, इसलिए विचार-विमर्श के जरिये इस पर उचित रुख अपनाया जाएगा।

'मियां' पर नफरती भाषण में हिमंत को मिली राहत

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने ''मियां मुस्लिम'' पर नफरती भाषण व शूटिंग के विवादित वीडियो के मामले में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई व एसआइटी गठन करने से इन्कार कर दिया। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ताओं से हाई कोर्ट जाने को कहा है। याचिकाकर्ताओं की मांग पर कोर्ट ने गुवाहाटी हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से जल्द सुनवाई का आग्रह किया। ये निर्देश प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, जोयमाल्या बाग्ची व विपुल एम. पंचोली की पीठ ने भाकपा नेत्री एनी राजा और एक अन्य की ओर से दाखिल याचिकाओं पर दिए। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हाई कोर्ट क्षेत्राधिकार कोर्ट है और उसे मामला सुनने का अधिकार है।

कल्पमेधा

महान सौंदर्य, अत्यधिक ताकत और बहुत ज्यादा धन का वास्तव में कुछ खास उपयोग नहीं है। एक सच्चा हृदय सबसे ऊपर है।

– बेंजामिन फ्रैंकलिन

संभावनाओं की राह

तेजी से बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों में दुनिया भर में अभी सबसे ज्यादा जोर आधुनिक तकनीकों के विकास और इस क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा नवाचार के प्रयोग पर दिया जा रहा है। सभी देश अपनी विकास नीतियों में अद्यतन तकनीकों को अपना रहे हैं और पारंपरिक तरीके से होने वाले बहुत सारे कामों का स्वरूप अब बदल रहा है। खासतौर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, यानी एआइ के फैलते दायरे ने वैश्विक स्तर पर कामकाज के तौर-तरीकों और उसमें इंसानी भूमिका पर व्यापक असर डाला है। इसे समय के साथ कदम मिला कर चलने और विकास के परिप्रेक्ष्य में जरूरी माना जा रहा है तथा सभी देश एआइ के सकारात्मक उपयोग को लेकर सक्रिय दिख रहे हैं। भारत की इसमें एक महत्त्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। गौरतलब है कि नई दिल्ली में सोमवार से पांच दिनों का एआइ शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया है, जिसमें कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष से लेकर एआइ कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शामिल होंगे। सम्मेलन का उद्देश्य एआइ के व्यापक तंत्र पर चर्चा के साथ-साथ आम लोगों की जिंदगी पर इसके सीधे असर और फायदों के बारे में जागरूकता फैलाना है।

दरअसल, तकनीक के मामले में जितनी तेज रफ्तार से नवाचार का प्रयोग हुआ है, सभी जरूरी क्षेत्रों में एआइ का दायरा फैला है, उसमें इस पर चर्चा जरूरी हो जाती है कि इसकी संभावनाओं और उम्मीदों के साथ-साथ इससे जुड़ी आशंकाओं पर भी विचार हो। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि विकास के किसी स्वरूप से अंतिम तौर पर आम लोग प्रभावित होते हैं और कोई भी तकनीक इसी कसौटी पर देखी जाएगी कि उससे मनुष्य का कितना समग्र हित सुनिश्चित हो सका और दुनिया की ज्यादातर आबादी के लिए वह कितनी उपयोगी साबित हुई। हाल के दिनों में जब से एआइ के बढ़ते दायरे और इसके असर की बात होने लगी है, तब से इसे भविष्य में नौकरियों का सृजन करने का औजार भी बताया गया है। दूसरी ओर, एआइ के फैलते पांव के समांतर रोजगार पर इसके व्यापक प्रभाव और खतरों को लेकर आशंकाएं भी जताई गई हैं। दिल्ली के सम्मेलन में एक उद्देश्य एआइ से रोजगार, आम लोगों की जिंदगी पर पड़ने वाले असर और उसके खतरों को कम करने के लिए ठोस उपायों तथा प्रयासों पर भी चर्चा करना है।

यह जगजाहिर है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का दायरा कितने बड़े क्षेत्र में फैल चुका है। हाथ में मौजूद स्मार्टफोन अब केवल तस्वीरें संपादित करके सोशल मीडिया के मंचों पर सुर्खियां हासिल करने का जरिया भर नहीं है। चिकित्सा जगत में एआइ का उपयोग बीमारी की पहचान से लेकर इलाज में भी होने लगा है। अपराध पर लगाम लगाने के मामले में एआइ की उपयोगिता साबित हो चुकी है। शिक्षा जगत से लेकर रक्षा और कारोबार के विभिन्न क्षेत्र में नए स्तर पर इसका प्रयोग हो रहा है। जाहिर है, विकास के नए मानक रचने और आधुनिक दुनिया में अपनी जगह बनाने के लिए एआइ के मामले में हर वक्त अद्यतन रहने की जरूरत होगी। मगर रोजगार के अवसरों के सिकुड़ने से लेकर कई स्तर पर लोगों की जिंदगी से जुड़े बहुस्तरीय जोखिम के जैसे मामले तेजी से सामने आने लगे हैं, उसका हल निकालना सबसे बड़ी चुनौती होगी। साथ ही एआइ डेटा केंद्रों के पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव और पानी की खपत को लेकर जिस तरह की चिंताएं उभरी हैं, अगर उसका कोई ठोस हल नहीं निकाला गया, तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर निर्भर विकास कसौटी पर होगा।

महंगाई की मार

भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। माना जा रहा है कि मजबूत घरेलू खपत, नीतिगत सुधारों और तेज आर्थिक वृद्धि से यह मुकाम हासिल हुआ है। अब यह दावा किया जा रहा है कि निकट भविष्य में देश तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल कर लेगा। मगर, आर्थिक विकास के आंकड़ों से जुड़े आकलन के इस पैमाने में क्या महंगाई को कम या स्थिर करने का पहलू भी शामिल किया गया है? यह सवाल इसलिए अहम है कि एक तरफ विकास की चमकती तस्वीर पेश की जा रही है, तो दूसरी तरफ महंगाई की स्थिति कुछ और ही बयां करती है। सरकार की ओर से पिछले सप्ताह और सोमवार को जारी किए गए आंकड़ों से पता चलता है कि इस वर्ष की शुरुआत ही महंगाई में बढ़ोतरी के साथ हुई है। देश में थोक महंगाई जनवरी में बढ़कर 1.81 फीसद पर पहुंच गई, जबकि गत वर्ष दिसंबर में यह 0.83 फीसद पर थी। इसी तरह खुदरा महंगाई पिछले माह बढ़कर 2.75 फीसद हो गई, जिससे खाद्य सामग्री समेत कई जरूरी वस्तुओं के दाम बढ़ गए हैं।

गौरतलब है कि महंगाई का सबसे ज्यादा असर गरीब और मध्य वर्ग पर पड़ता है, क्योंकि उनकी आय का एक बड़ा हिस्सा भोजन, ईंधन और स्वास्थ्य जैसी आवश्यक वस्तुओं पर खर्च होता है। इस कारण उनके जीवनयापन की लागत बढ़ जाती है, उनकी क्रय शक्ति कम हो जाती है और उन्हें अपने दूसरे खर्चों में कटौती के लिए मजबूर होना पड़ता है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, थोक महंगाई में बढ़ोतरी खाद्य एवं गैर-खाद्य वस्तुओं और विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में मासिक आधार पर वृद्धि के कारण हुई है। सबसे ज्यादा चिंताजनक है खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ना, क्योंकि इसका सीधा असर आम आदमी पर पड़ता है। पिछले माह खाद्य वस्तुओं की थोक महंगाई दर 1.55 फीसद रही, जबकि गत वर्ष दिसंबर में इसमें 0.43 फीसद की गिरावट दर्ज की गई थी। इनमें भी सब्जियों की महंगाई दर सबसे ज्यादा 6.78 फीसद पर पहुंच गई है। यानी अब आम आदमी की थाली में सब्जियों की मात्रा कम हो गई है। महंगाई दर में यह उतार-चढ़ाव दर्शाता है कि विकास में स्थिरता और समानता का संतुलन साधने की जरूरत है।

खेती और खाद्य सुरक्षा की नई चुनौतियां

भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश में अनाज उत्पादन में थोड़ी-सी भी कमी व्यापक प्रभाव डाल सकती है। इसलिए यूरिया जैसी बुनियादी कृषि सामग्री को लेकर तय की गई किसी भी नीति का मूल्यांकन केवल बजट संतुलन के नजरिए से नहीं किया जाना चाहिए।

देवेंद्रराज सुथार

भारतीय कृषि व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले यूरिया उर्वरक को लेकर केंद्र सरकार के हालिया निर्णय ने एक नई बहस को जन्म दे दिया है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के आदेश के तहत यूरिया की बोरी का वजन 50 किलो से घटा कर 40 किलोग्राम कर दिया गया है। इसके साथ ही यूरिया में नाइट्रोजन की मात्रा भी 46 से घटा कर 36 फीसद कर दी गई है। सरकार इसे सुधारात्मक कदम के रूप में पेश कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि इस निर्णय ने किसानों की लागत बढ़ा दी है और कृषि उत्पादन तथा देश की खाद्य सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं।

यूरिया खेती में सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाला नाइट्रोजन उर्वरक है। गेहूं, धान और मक्का जैसी उच्च उत्पादकता वाली फसलों की उपज काफी हद तक नाइट्रोजन की उपलब्धता पर निर्भर करती है। यह पौधों की बढ़वार, पत्तियों के विकास और दाने भरने की प्रक्रिया के लिए अनिवार्य तत्त्व है। ऐसे में यूरिया के स्वरूप में किया गया कोई भी बदलाव सीधे तौर पर फसलों की पैदावार, किसानों की आय और अंततः उपभोक्ताओं की खाद्य सुरक्षा को प्रभावित करता है। सरकार के नए फैसले के बाद यूरिया की एक बोरी में उपलब्ध नाइट्रोजन की मात्रा में भारी गिरावट आई है। पहले 50 किलो की बोरी में 46 फीसद नाइट्रोजन के हिसाब से लगभग 23 किलो नाइट्रोजन उपलब्ध होती थी। अब 40 किलो की बोरी में 36 फीसद नाइट्रोजन के साथ यह मात्रा घट कर केवल 14.4 किलो रह गई है। इसका सीधा अर्थ यह है कि किसान को उतनी ही नाइट्रोजन प्राप्त करने के लिए पहले की तुलना में कहीं अधिक यूरिया खरीदना पड़ेगा।

अगर मौजूदा 270 रुपए प्रति बोरी की कीमत को आधार बनाया जाए, तो तस्वीर और स्पष्ट हो जाती है। पहले जहां किसानों को प्रति हेक्टेयर नाइट्रोजन की जरूरत पूरी करने के लिए लगभग साढ़े सत्रह सौ रुपए खर्च करने पड़ते थे, अब वही जरूरत पूरी करने के लिए 2835 रुपए खर्च करने होंगे। यानी बिना दाम बढ़ाए ही किसानों पर करीब 37 फीसद अतिरिक्त बोझ डाल दिया गया है। यह बोझ खासकर छोटे और सीमांत किसानों के लिए बेहद मुश्किल भरा साबित हो सकता है।

देश में लगभग एक करोड़ साठ लाख हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है। इसमें से करीब 65 फीसद भूमि की सिंचाई वर्षा पर आधारित है। यहां दलहन, तिलहन और बागवानी जैसी फसलें उगाई जाती हैं। इन फसलों में यूरिया की खपत अपेक्षाकृत कम होती है और कई मामलों में एक टन प्रति हेक्टेयर से भी कम रहती है, लेकिन शेष लगभग पचास लाख हेक्टेयर सिंचित भूमि पर गेहूं और धान जैसी उच्च उत्पादकता वाली फसलें ली जाती हैं, जिनके लिए नाइट्रोजन की भारी मात्रा की आवश्यकता होती है। मौजूदा कृषि सिफारिशों के अनुसार गेहूं और धान जैसी फसलों के लिए प्रति हेक्टेयर सालाना लगभग तीन सौ किलो नाइट्रोजन की जरूरत होती है। जबकि 46 फीसद नाइट्रोजन वाले यूरिया के हिसाब से यह आवश्यकता लगभग 620 किलो यूरिया से पूरी हो जाती थी। इसी आधार पर देश के सिंचित क्षेत्रों के लिए सालाना करीब तीन करोड़ बीस लाख मीट्रिक टन यूरिया की जरूरत आंकी

जाती है। जब कुल खपत चार करोड़ मीट्रिक टन से अधिक है, तो सवाल उठता है कि बाकी यूरिया कहां जा रहा है? इस सवाल का जवाब देश में लंबे समय से चले आ रहे यूरिया के दुरुपयोग में छिपा है।

यह किसी से छिपा नहीं है कि सबसिडी वाले यूरिया का एक बड़ा हिस्सा कृषि के बजाय औद्योगिक उपयोग में चला जाता है। अनुमान है कि कुल सबसिडी वाले यूरिया का लगभग एक-तिहाई, यानी एक करोड़ मीट्रिक टन से अधिक फैक्टरियों में खप जाता है। केंद्रीय बजट 2022-23 में यूरिया में सबसिडी के लिए एक लाख 32 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था। यह राशि निश्चित रूप से सरकारी खजाने पर भारी बोझ डालती है। मगर सवाल यह है कि इस बोझ को कम करने की कीमत किसान क्यों चुकाए। यदि आपूर्ति श्रृंखला की पारदर्शिता सुनिश्चित की जाती, तो सबसिडी का बड़ा हिस्सा बचाया जा सकता था। इसके बजाय सरकार ने ऐसा कदम उठाया है, जिससे ईमानदार किसान ही सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है।

> यूरिया की उपलब्धता का संकट केवल किसानों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध देश की खाद्य सुरक्षा से भी है। पिछले तीन वर्षों में गेहूं के निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद सरकारी खरीद अपने लक्ष्य से काफी पीछे रही है। यह स्थिति तब है, जब सरकार पैदावार के बड़े-बड़े दावे करती रही है। इस विरोधाभास से संकेत मिलता है कि देश में गेहूं का वास्तविक उत्पादन और घरेलू खपत लगभग बराबर स्तर पर पहुंच चुके हैं। ऐसे में यदि यूरिया की कमी या महंगाई के कारण पैदावार में गिरावट आती है, तो देश को अनाज आयात पर निर्भर होना पड़ सकता है।

इस नीति का एक और गंभीर पहलू है यूरिया की उपलब्धता और आपूर्ति संकट। पहले ही देश के कई हिस्सों में किसान बुआई के समय घंटों लंबी कतारों में लग कर यूरिया खरीदने को मजबूर हैं। कई बार समय पर पूरी मात्रा नहीं मिल पाती। इससे खाद डालने का सही समय निकल जाता है। अब जब प्रति हेक्टेयर जरूरत पूरी करने के लिए अधिक बोरियां खरीदनी पड़ेंगी, तो यह संकट और गहराने की आशंका है। इसका सीधा असर फसलों के विकास और अंततः पैदावार पर पड़ेगा। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार गेहूं, धान और मक्का जैसी फसलों की पूरी पैदावार के लिए प्रति हेक्टेयर 120 से 150 किलो नाइट्रोजन की जरूरत होती है। पहले किसानों को यह मात्रा प्राप्त करने के लिए 50 किलो वाले यूरिया की लगभग सात बोरियां डालनी पड़ती थी। अब वही मात्रा पाने के लिए उसे दस से ग्यारह बोरी यूरिया की जरूरत होगी। इससे न केवल लागत बढ़ेगी, बल्कि मिट्टी के संतुलन और पर्यावरण पर भी नकारात्मक असर पड़ेगा।

यह संकट केवल किसानों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध देश की खाद्य सुरक्षा से भी है। पिछले तीन वर्षों में गेहूं के निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद सरकारी खरीद अपने लक्ष्य से काफी पीछे रही है। यह स्थिति तब है, जब सरकार पैदावार के बड़े-बड़े दावे करती रही है। इस विरोधाभास से संकेत मिलता है कि देश में गेहूं का वास्तविक उत्पादन और घरेलू खपत लगभग बराबर स्तर पर पहुंच चुकी है। ऐसे में यदि यूरिया की कमी या महंगाई के कारण पैदावार में गिरावट आती है, तो देश को अनाज आयात पर निर्भर होना पड़ सकता है।

खाद्य सुरक्षा किसी भी देश की संप्रभुता और सामाजिक स्थिरता का आधार होती है। भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश में अनाज उत्पादन में थोड़ी-सी भी कमी व्यापक प्रभाव डाल सकती है। महंगाई, सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर दबाव और ग्रामीण असंतोष इसके संभावित परिणाम हो सकते हैं। इसलिए यूरिया जैसी बुनियादी कृषि सामग्री को लेकर तय की गई किसी भी नीति का मूल्यांकन केवल बजट संतुलन के नजरिए से नहीं किया जाना चाहिए। समाधान के रास्ते मौजूद हैं, बशर्ते नीति-निर्माण में इच्छाशक्ति और व्यावहारिक दृष्टिकोण हो। सबसे पहले यूरिया के औद्योगिक दुरुपयोग पर सख्ती से रोक लगानी होगी। किसानों के लिए उपलब्ध यूरिया की गुणवत्ता और मात्रा से समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

नीतियां जमीनी वास्तविकताओं और वैज्ञानिक सिफारिशों के अनुरूप होनी चाहिए, न कि केवल कागजी आंकड़ों पर। यह समझना होगा कि किसान, कृषि और खाद्य सुरक्षा एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। इनमें से किसी एक को कमजोर कर बाकी दो को सुरक्षित नहीं रखा जा सकता। कृषि केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक स्थिरता और खाद्य सुरक्षा का आधार भी है। ऐसे में कोई भी प्रयोग दूरगामी परिणाम लेकर आता है। यदि किसान लागत बढ़ने या उपलब्धता की कमी के कारण आवश्यक मात्रा में यूरिया नहीं डाल पाता, तो उपज में गिरावट तय है।

मौन की शक्ति

रेखा शाह आरबी

मौन निशब्द है, लेकिन यह भाषा है, भाव, शब्द, अर्थ, साधना, भक्ति, शक्ति, सामर्थ्य, ज्ञान, सुंदर और मुखर भी है। यह अमूल्य आभूषण भी है। मौन को जितनी भी उपाधि दी जाए, कम ही है। यह कमजोरी नहीं है, बल्कि यह शक्तिशाली है। कभी-कभी हम बोलकर शब्दों के जरिए जितना सटीक अपने आप को अभिव्यक्त नहीं कर पाते हैं, उससे ज्यादा चुप रहकर बोल लेते हैं। कुछ भाव-भावनाओं के लिए तो शब्दकोश में शब्द खोजते रह जाते हैं, लेकिन नहीं मिलता। वहीं भाव भंगिमा की सहायता से मौन के सहारे एकदम सटीक, बेहतर तरीके से अपनी बात कह देते हैं। कुछ लोग शब्दों की अनुपस्थिति को मौन मान लेते हैं। जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं है। मौन का मतलब सिर्फ शब्दों का अभाव नहीं है, बल्कि आंतरिक शांति, स्पष्टता और समझ पाने की गहरी क्षमता है। इससे इंसान के भीतर आत्मचिंतन और एकाग्रता में इजाफा होता है। मौन उसे ही माना जा सकता है, जहां हमारा चित्त पूरी तरह से शांत हो। वहीं बिना वजह का बोलना हमारी ऊर्जा का फिजूल खर्च है। ऐसी जगह पर शाब्दिक 'मौन' ऊर्जा की बचत ही करता है। साथ ही अत्यधिक वाचाल होना विभिन्न प्रकार के विवादों को न्योता देना होता है, जिससे हम अनावश्यक विवाद में उलझते हैं।

मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए मौन को वरदान के तौर पर देखा जाता है। इसके जरिए हम खुद के साथ ज्यादा गहराई से जुड़ते हैं। जब हम मौन में रहते हैं, तो अपने ऊपर चिंतन-मनन करते हैं। अपने जीवन के बारे में ठीक-ठाक विश्लेषण करते हैं, जो हमारे जीवन में सार्थक और चमत्कारिक बदलाव लाता है। इससे हम दुनिया के बाहरी शोर को परे रखकर आंतरिक ज्ञान और स्थिरता पाते हैं। यह सब हमारे मन को शांत करता है और जीवन को सकारात्मक बनाता है। कहा जा सकता है कि मौन हमारा आध्यात्मिक और व्यक्तिगत विकास करता है।

मौन की एक शक्ति हमारे परिस्थितिजन्य तात्कालिक आवेग को रोक कर कुछ भी अनुचित कहने से रोकना है, जो रिश्तों को बचाने का काम करता है। अक्सर अत्यधिक बोलने वाले आवेग में ऐसी बातें बोल देते हैं, जो लोगों को अप्रिय लगती है और फिर रिश्तों में तनाव उत्पन्न हो जाता है। पर जिन्हें मौन का अभ्यास होता है, वे अपने तात्कालिक आवेग पर नियंत्रण रख लेते हैं। बाहर से देखने पर मौन में भले खामोशी दिखती है, लेकिन यह एक सक्रिय अवस्था है जो जीवन में आंतरिक शक्ति, शांति जीवन में लाने का कार्य करती है। जानकार लोग भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि हम केवल न बोलने को मौन समझ लेते हैं, जबकि वास्तव में मौन तब होता है, जब मन की खटपट मिट जाए, मन पूरी तरह शांत हो जाए। हमारे होंठ भी इसी कारण चलते हैं, क्योंकि जब मन अशांत होता है, तब हम मौन होकर भी मौन नहीं होते हैं। शब्दहीनता को मौन समझ लेना इसका सस्ता अर्थ लगाना है।

श्रीमद्भागवत गीता में मौन को मानसिक 'तप' के साथ-साथ आत्मसंयम का साधन और ईश्वर की वाणी सुनने का मार्ग बताया गया है। मौन का अर्थ केवल वाणी से नहीं, बल्कि मन की चंचलता को रोकने से है। और मन की चंचलता को रोकना अपने आप में दुसाध्य कार्य है। मौन का अर्थ कमजोरी नहीं है, बल्कि यह आत्म साक्षात्कार, मानसिक शांति, आध्यात्मिक प्रगति के लिए एक आवश्यक साधन है।

किसी भी चीज के दो पहलू होते हैं- सकारात्मक और नकारात्मक। मौन का नकारात्मक पहलू यह है कि यह कई बार अर्थ का अनर्थ भी कर देता है। भले ही इसके बहुत सारे लाभ हों, लेकिन अक्सर यह संशय और भ्रम की स्थिति उत्पन्न कर देता है। इसे एक दुधारी तलवार की तरह देखा जा सकता है, जो अपने नकारात्मक पक्ष में भी ज्यादा धारदार या नुकसानदेह नहीं है। फिर भी इसमें थोड़ी धार तो होती ही है। इसलिए मौन का भी उपयोग करते हुए सचेत रहने की जरूरत होती है। अगर सही समय पर सही बात को नहीं बोला जाए तो गलतफहमी भी उत्पन्न करता है। अक्सर हमारे मौन को हमारी असहमति या कमजोरी मान लिया जाता है, जिससे स्थिति सुधरने के बजाय और भी बिगड़ जाती है। जब संवाद रुक जाता है, तब मौन से भावनाएं मर जाती हैं और रिश्तों में विश्वास और असुरक्षा की भावना पैदा होने की संभावना बढ़ जाती है। मौन वही सही है, जो मन को शांति दे।

जब किसी विषय वस्तु पर कोई व्यक्ति चुप रहता है, तो अन्य लोग उसकी चुप्पी को बहुत ही आसानी से सहमति या असहमति मान लेते हैं। जबकि हर बार ऐसा नहीं होता है। हो सकता है कि वह व्यक्ति किसी अन्य परेशानी में उलझा हुआ हो या उस स्थिति के लिए कुछ सही शब्द नहीं मिल रहे हों, जिसके कारण वह फिलहाल चुप है। हालांकि बहुत बार ऐसा भी होता है कि किसी गंभीर मुद्दे पर चुप्पी कोई हल निकालने के बजाय समस्या को दोगुना बढ़ा देती है। समाधान के लिए बात करना जरूरी होता है और वह भी समय पर। अगर समय पर बात नहीं की जाए, तो कई बार स्थिति हाथ से निकल जाती है। कहा जा सकता है कि समय के मुताबिक मौन अपनी जगह पर सही है और संवाद भी अपनी जगह पर सही है। बस इनमें से किसी का चुनाव समय और जरूरत के मुताबिक और सतर्कता से हो।

दुनिया मेरे आगे

> जब किसी विषय वस्तु पर कोई व्यक्ति चुप रहता है, तो अन्य लोग उसकी चुप्पी को बहुत ही आसानी से सहमति या असहमति मान लेते हैं। जबकि हर बार ऐसा नहीं होता है। हो सकता है कि वह व्यक्ति किसी अन्य परेशानी में उलझा हुआ हो या उस स्थिति के लिए कुछ सही शब्द नहीं मिल रहे हों, जिसके कारण वह फिलहाल चुप है।

सूचनाओं का जंजाल

सूचना क्रांति ने जिस तरह पूरी दुनिया को अपने जाल में उलझाया है, वह किसी से छिपा नहीं है। सूचनाओं की इतनी भरमार है कि शायद ही कभी मानव मस्तिष्क ने इतनी सूचनाओं का भार झेला हो। परिणाम यह हुआ है कि किसी भी मुद्दे पर सही और गलत के बीच अंतर तय करना मुश्किल हो गया है। सूचनाओं के नाम पर मनुष्य की भावनाओं के साथ सोशल मीडिया मंच के एल्गोरिद्म ऐसा खेल खेल रहे हैं कि मस्तिष्क सही को गलत और गलत को सही मानने पर मजबूर हो जाता है। मानव मस्तिष्क सूचनाओं का गुलाम हो चुका है। हमारी वैचारिक स्वायत्तता सूचनाओं के समंदर में गोते खा रही है। हमें क्या और कैसे सोचना है, यह हम नहीं बल्कि सूचनाएं तय कर रही हैं और इन सूचनाओं को तैयार करने वाले समूह हमें अपने अनुसार कठपुतलियों की तरह नचा रहे हैं। हमें इससे बचना होगा। इनका एक बहुत सामान्य-सा तरीका होता है जैसे डर, गर्व, अपराधबोध इत्यादि के सहारे भावनात्मक रूप से उद्वेलित करना। अगर हम सावधान हो जाते हैं और परोसी गई सूचनाओं से हट कर खोजने पर विश्वास करते हैं, तो इनके जंजाल से बच जाते हैं।

– अनुभव सिंह, प्रयागराज

संवेदनहीनता का सिरा

'जानलेवा लापरवाही' (संपादकीय, 9 फरवरी) पढ़ा। ऐसा लगता है कि हमारी संवेदनाएं समाप्त हो चुकी हैं और हम सब केवल मशीन बन कर रह गए हैं। दिल्ली के जनकपुरी इलाके में एक मोटरसाइकिल सवार की मौत का मामला जानलेवा लापरवाही का उदाहरण है। रोजाना होने वाली भागदौड़, नियमों की अनदेखी और 'मुझे क्या' वाला रवैया आखिरकार किसी न किसी की जान लेकर ही दम लेता है। दूसरी ओर, यह साफ होता है कि यातायात नियमों का पालन नहीं होना, तेज रफ्तार, गलत दिशा में वाहन चलाना या सड़क पर आवश्यक सावधानी की कमी किसी भी पल त्रासदी में बदल सकते हैं। सवाल उस सामूहिक संवेदनहीनता का है जो शासन-प्रशासन से लेकर हम सबने ओढ़ रखी है। जनकपुरी जैसे व्यस्त रिहाइशी इलाके में जल बोर्ड की लापरवाही अक्षम्य है। सख्त निगरानी, नियमों का कठोरता से पालन और दोषियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई जरूरी है।

– इशरत अली कादरी, भोपाल

सुरक्षा की कुंजी

'यथार्थ और कल्पना में उलझा बचपन' (लेख, 13 फरवरी) वर्तमान समय की एक गंभीर समस्या को उजागर करता है। आज बच्चे डिजिटल माध्यमों और आनलाइन खेल की दुनिया में तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। पहले बच्चे दादा-दादी और नाना-नानी से कहानियां सुन कर संस्कार और जीवन-मूल्य सीखते थे, लेकिन अब वही कहानियां मोबाइल और इंटरनेट के माध्यम से देखी जा रही हैं। कम उम्र में ही बच्चों को कई बार अनुपयुक्त जानकारी मिल रही है, जिससे उनकी मानसिक स्थिति प्रभावित हो रही है। आनलाइन खेल आज एक बड़ा उद्योग बन चुका है, लेकिन इसके नकारात्मक प्रभाव भी चिंताजनक हैं। अत्यधिक 'स्क्रीन टाइम' से बच्चों में चिड़चिड़ापन, आक्रामक व्यवहार, नींद की कमी और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। जरूरी है कि अभिभावक बच्चों को खेलकूद, पुस्तकें पढ़ने और संवाद के लिए प्रेरित करें। तकनीक का संतुलित उपयोग ही सुरक्षित बचपन की कुंजी है।

– हर्ष ओझा, जम्मू

नैतिक दायित्व

'वायु प्रदूषण से सेहत पर बढ़ता संकट' (लेख, 11 फरवरी) पढ़ा। पर्यावरण प्रदूषण आज दुनिया के सामने सबसे बड़ी समस्या है, जिसका असर मानव और प्रकृति पर बुरी तरह पड़ रहा है। प्रदूषित वातावरण में रहने वालों की आज औसत आयु घट रही है। बच्चों से लेकर बड़े-बूढ़े कैंसर और सांस संबंधी बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। प्रदूषण आम तौर पर स्वास्थ्य और प्रतिरोधक क्षमता पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। आज साइकिल से और पैदल चलना प्रदूषण को कम करने में सार्थक प्रयास हो सकता है। सार्वजनिक परिवहन का अधिक से अधिक इस्तेमाल भी इस दिशा में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस तरह के छोटे-छोटे प्रयास ही वायु प्रदूषण को रोकने में महती भूमिका निभा सकते हैं। पर्यावरण का संरक्षण करना हम सबका नैतिक दायित्व है, क्योंकि इसी से प्रकृति बचेगी और इसी से आने वाली पीढ़ियां बचेंगी।

– साजिद अली, चंदन नगर, इंदौर

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

महोत्सव

बंगलुरु : कादु मल्लेश्वरा स्वामी मंदिर के रथोत्सव महोत्सव के दौरान शोभायात्रा में लोक नर्तक।

बोल

कृत्रिम मेधा मानव जाति के लाभ के लिए एक सार्वभौमिक साधन बने। भारत की भूमिका बेहद सफल उभरती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में है और यह वैश्विक मामलों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। – ***एंतोनियो गुतारेस, संयुक्त राष्ट्र महासचिव***

बोल

वाशिंगटन, भारत और अन्य ब्रिक्स सदस्यों जैसे प्रमुख रणनीतिक साझेदारों के साथ हमारे व्यापार, निवेश सहयोग और सैन्य-तकनीकी संबंधों को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहा है और दबाव बना रहा है।
– ***सर्गेई लावरोव, रूस के विदेश मंत्री***

सम-सामयिक

नौसेना : पुरानी पनडुब्बियों की विदाई, नई लाने में देरी

जनसत्ता संवाद

नौसेना में चार दशक पुरानी पनडुब्बियों की विदाई और नई पनडुब्बियों को लाने में देरी से सवाल उठने लगे हैं। घटती संख्या, धीमी निर्माण प्रक्रिया और बढ़ते क्षेत्रीय खतरे अहम चुनौती बनते जा रहे हैं। नौसेना के अधिकारियों का मानना है कि पानी के भीतर की लड़ाई के लिए अपनी क्षमता को और ज्यादा बढ़ाने की जरूरत है। भारत के पास 17 पारंपरिक पनडुब्बियों का बेड़ा है, जिनमें से कई 30 साल से ज्यादा पुरानी हैं।

नौसेना के पास तीन परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियां है, जो पाकिस्तान और चीन की चुनौतियों का सामना करने के लिए काफी नहीं हैं। इन पनडुब्बियों में से लगभग एक चौथाई की मरम्मत चल रही है, जिन्हें तत्काल जंग के दौरान इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।17 में से नौ पनडुब्बियां इतनी पुरानी हैं कि उन्हें मुश्किल से अगले 10 साल तक ही इस्तेमाल में लिया जा सकता है। इसके अलावा इनमें से पांच को 2031 से पहले ही नौसेना के बेड़े से बाहर कर दिया जाएगा।

चार दशक की सेवा के बाद पिछले साल के आखिर में भारतीय नौसेना ने आइएनएस सिंधुघोष को सेवा से हटाया गया। इसके बाद भारत के पास अब 16 पारंपरिक पनडुब्बियां बची हैं। यह संख्या लगभग उतनी ही है, जितनी 1990 के आखिरी वर्षों में थी। तब पनडुब्बियों की भारी कमी को देखते हुए 1999 में सुरक्षा मामलों पर मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने 30 साल का कार्यक्रम मंजूर किया था। तब वाइस एडमिरल एके चटर्जी के बनाए 30 वर्षीय योजना में 24 पनडुब्बियों की जरूरत बताई गई थी। योजना थी कि 12 साल में दो अलग विदेशी डिजाइनों पर एक साथ छह-छह पनडुब्बियां बनाई जाएंगी, लेकिन अब तक सिर्फ छह पनडुब्बियां ही शामिल हो पाई हैं।

तीस वर्षीय योजना में जिक्र था कि जब शिशुमार क्लास (1986-1994) और सिंधुघोष क्लास (1986-2000) पनडुब्बियां सेवानिवृत्त होंगी, तब भारत के पास 24 चालू पनडुब्बियां होंगी लेकिन बेड़े की लगातार कमी के कारण नौसेना ने पुरानी पनडुब्बियों को हटाने के बजाय उन्हें 'अपग्रेड' कर काम चलाने का फैसला किया। फाक्सट्राट क्लास इसका उदाहरण है। आइएनएस खंडेरी 21 साल बाद हटाई गई, आइएनएस कलवरी 29 साल बाद और आइएनएस खुरसुरा 31 साल बाद सेवानिवृत्त हुई। शिशुमार और सिंधुघोष क्लास की पनडुब्बियों में आज के हिसाब से आधुनिक तकनीक नहीं है।

चीन की स्थिति

चीन के पास इस समय दुनिया की सबसे बड़ी नौसेना है और जिसका तेजी से विस्तार भी हो रहा है। इस वक्त चीन के पनडुब्बी बेड़े में 65 और 2035 तक 80 पनडुब्बी होने का अनुमान है। वहीं, भारत अपने सबसे महत्वपूर्ण पनडुब्बी कार्यक्रम पी-75आइ को भी समय से पूरा नहीं कर पा रहा है। 43,000 करोड़ की इस परियोजना के तहत लक्ष्य दूसरे देश की कंपनी के साथ मिलकर बेहतर सेंसर और हथियारों से लैस छह अत्याधुनिक पनडुब्बियों का निर्माण करना है।

स्थिति यह है कि प्रोजेक्ट-75आइ की पहली पनडुब्बी शायद 2034-2035 तक ही नौसेना में शामिल हो पाएगी। तब तक शिशुमार और सिंधुघोष क्लास की सारी पनडुब्बियों की उम्र 35 से 49 साल होगी, यानी सेवानिवृत्ति वाली।

जब पी-75आइ की पहली पनडुब्बी आएगी, तब भारत के पास सिर्फ छह स्कार्पीन क्लास पनडुब्बियां और रूस से लीज पर ली गई चक्रा परमाणु पनडुब्बी (एसएसएन) ही बचेंगी। अगर साल के अंत तक मझगांव डाक लिमिटेड (एमडीएल) और थाइसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स के बीच पी-75आइ का काम शुरू होता है, तो पहले 18 महीने डिजाइन में लगेंगे। फिर लगभग सात साल बनने में लगेंगे। यानी पहली पनडुब्बी करीब 2035 तक तैयार होगी। अभी कोई एसएसएन सेवा में नहीं है और चक्रा-तीन की लीज 2028 तक टली हुई है।

शोध

कमजोर हड्डियां : शरीर के ही खास प्रोटीन से होगा इलाज

जनसत्ता संवाद

उम्र बढ़ने के साथ शरीर की हड्डियां कमजोर होने से 'आस्टियोपोरोसिस' और 'आस्टियोआर्थराइटिस' जैसी बीमारियां घेर लेती हैं। ये दुनिया के सबसे आम और गंभीर हड्डी और जोड़ रोगों में शामिल हैं। निजात दिलाने के लिए वैज्ञानिकों ने शरीर के ही एक खास प्रोटीन से दवा बनाने पर शोध किया है।

'आस्टियोपोरोसिस' और 'आस्टियोआर्थराइटिस' जैसी बीमारियां पुरुषों से ज्यादा महिलाओं को परेशान करती हैं। भारत की वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआइआर) की लखनऊ में स्थित प्रयोगशाला 'सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टीट्यूट' (सीडीआरआइ) के शोधकर्ताओं ने एम्स नई दिल्ली और आइआइटी- खड़गपुर संस्थानों के साथ मिलकर दो छोटी प्रोटीन-आधारित दवाएं विकसित की हैं। प्रयोगशाला और पशु परीक्षणों में यह 'पेप्टाइड थेरेपी' सुरक्षित और प्रभावी साबित हुई है। सीडीआरआइ में कार्यरत रहे नैबेद्य चट्टोपाध्याय इस शोध के प्रमुख वैज्ञानिक हैं। उनके साथ शिवानी शर्मा, चिराग कुलकर्णी समेत कई अन्य वैज्ञानिक शामिल हैं। चट्टोपाध्याय के मुताबिक, ये 'पेप्टाइड' 'आस्टियोपोरोसिस' और 'आस्टियोआर्थराइटिस' के इलाज को काफी आसान बना सकते हैं।

देश की वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआइआर) की लखनऊ में स्थित प्रयोगशाला 'सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टीट्यूट' (सीडीआरआइ) के शोधकर्ताओं ने एम्स - नई दिल्ली और आइआइटी- खड़गपुर, संस्थानों के साथ मिलकर दो छोटी प्रोटीन-आधारित दवाएं विकसित की हैं। प्रयोगशाला और पशु परीक्षणों में यह 'पेप्टाइड थेरेपी' सुरक्षित और प्रभावी साबित हुई है। सीडीआरआइ में कार्यरत नैबेद्य चट्टोपाध्याय इस शोध के प्रमुख वैज्ञानिक हैं।

(फाइल फोटो)

शोधकर्ताओं ने 'स्क्लेरास्टिन' नामक प्राकृतिक प्रोटीन पर शोध किया। यह हड्डी की कोशिकाओं से बनता है। यह उस प्रक्रिया को धीमा करता है, जिससे 'आस्टियोपोरोसिस' में हड्डियां कमजोर पड़ती हैं। दूसरा, हड्डी में होने वाली असामान्य वृद्धि को यह रोकता है और उपास्थि (कार्टिलेज) को बचाता है। इससे 'आस्टियोआर्थराइटिस' की परेशानी कम होती है।

नैबेद्य चट्टोपाध्याय के मुताबिक, 'स्क्लेरास्टिन' के अलग-अलग हिस्से इन प्रभावों के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं। आधुनिक तकनीकों से तीन छोटे पेप्टाइड बनाए गए। इनके नाम एससी-1, एससी-2 और एससी-3 रखा गया। दो 'पेप्टाइड्स' का असर अधिक देखने को मिला। 'आस्टियोपोरोसिस' के लिए 'एससी-1 पेप्टाइड' ज्यादा असरदार रहा। इसने स्क्लेरास्टिन के हानिकारक प्रभावों को रोकने के साथ-साथ हड्डी को बढ़ाने का काम किया। मजबूती को भी बढ़ाया। एक अन्य 'पेप्टाइड एससी-3' का परिणाम 'आस्टियोआर्थराइटिस' के लिए काफी सकारात्मक रहा। नैबेद्य ने बताया कि ये पेप्टाइड स्क्लेरास्टिन के सुरक्षात्मक पहलुओं को सामने लेकर आता है। साथ ही जोड़ों में होने वाले नुकसान को भी कम करता है। 'एससी-2 पेप्टाइड' हड्डी के असामान्य बढ़ाव को रोकते हुए उपास्थि को बचाता है।

'आस्टियोपोरोसिस' में हड्डियां कमजोर और भुरभुरी हो जाती हैं। इससे टूटने का खतरा बढ़ जाता है। ज्यादा उम्र वाली महिलाओं और गुर्दे की बीमारी वाले मरीजों को यह काफी प्रभावित करता है। आंकड़ों की बात करें तो दुनिया में लगभग 20 करोड़ लोग आस्टियोपोरोसिस से ग्रस्त हैं। भारत में 'आस्टियोपोरोसिस' और 'आस्टियोआर्थराइटिस' - दोनों ही रोगों में महिलाओं की संख्या पुरुषों की तुलना में अधिक है। 50 वर्ष की उम्र के बाद 60 से 70 फीसद महिलाओं में 'आस्टियोआर्थराइटिस' के मामले देखने को मिलते हैं, जबकि पुरुषों में ये मामले महज 40 फीसद तक सामने आते हैं। खासकर बुजुर्गों एवं रजोनिवृत्ति के बाद की महिलाओं में इन रोगों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इस कारण मरीजों में विकलांगता होने का खतरा भी बना रहता है।

विश्व परिक्रमा

ओपनएआइ : प्रपत्र से सुरक्षित शब्द हटाया, मुनाफे पर जोर

जनसत्ता संवाद

एआइ चैटबाट बनाने वाली कंपनी ओपनएआइ ने साल 2023 के अपने ध्येय प्रपत्र (मिशन स्टेटमेंट) में कहा था कि उसका लक्ष्य ऐसी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) का विकास करना है, जो मानवता के लिए सुरक्षित और फायदेमंद हो तथा जिसका उद्देश्य केवल आर्थिक लाभ कमाना न हो। हालांकि, अब उसने 'सुरक्षित' शब्द हटा दिया है। नवंबर 2025 में जारी आंतरिक राजस्व घोषणा फार्म में ओपनएआइ ने अन्य बदलावों के साथ-साथ अपने 'मिशन स्टेटमेंट' से सुरक्षित शब्द हटा दिया है।

शब्दों में यह बदलाव ऐसे समय में किया गया है, जब कंपनी एक गैर-लाभकारी संगठन से तेजी से एक ऐसे व्यवसाय में तब्दील हो गई है, जिसका ध्यान मुनाफे पर केंद्रित है।

ओपनएआइ को वर्तमान में अपने उत्पादों की सुरक्षा से संबंधित कई मुकदमों का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए यह बदलाव खबर बनने लायक है। ओपनएआइ ने 'सोरा' नाम के एक वीडियो कृत्रिम मेधा एप का भी निर्माण किया है।

कंपनी की स्थापना 2015 में एक गैर-लाभकारी वैज्ञानिक अनुसंधान प्रयोगशाला के रूप में की गई थी। इसका मूल उद्देश्य धन कमाना नहीं था, बल्कि अपने निष्कर्षों को सार्वजनिक और रायल्टी-मुक्त बनाकर समाज को लाभ पहुंचाना था। अपने एआइ माडल के विकास के लिए आवश्यक धन जुटाने के वास्ते मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सैम आल्टमैन के नेतृत्व में ओपनएआइ ने 2019 में एक लाभ-आधारित सहायक कंपनी बनाई।

माइक्रोसाफ्ट ने शुरू में इस उद्यम में एक अरब अमेरिकी डालर का निवेश किया। 2024 तक यह राशि 13 अरब अमेरिकी डालर से अधिक हो गई। इसके बदले में, माइक्रोसाफ्ट को भविष्य के मुनाफे का एक हिस्सा देने का वादा किया गया था, जो शुरुआती निवेश के 100 गुना तक सीमित था।

जानें-समझें

कृत्रिम मेधा सम्मेलन

भारत के लिए क्यों अहम है यह मौका

जनसत्ता संवाद

यह साल कृत्रिम मेधा के लिए निर्णायक माना जा रहा है। दुनिया तकनीकी बढ़त की नई होड़ में दिख रही है। भारत कृत्रिम मेधा पर वैश्विक सम्मेलन - '2026 एआइ इंपैक्ट समिट' की मेजबानी ऐसे समय में कर रहा है, जब वैश्विक अस्थिरता बढ़ रही है और रणनीतिक प्रतिस्पर्धा भी तेज हो रही है। एआइ आज प्रमुख और तेजी से व्यापक होती जा रही तकनीक है। वर्ष 2029 तक 'डेटा स्टोरेज, कंप्यूटेशनल क्षमता और ऊर्जा आवश्यकताओं समेत इसके लिए जरूरी बुनियादी ढांचे में लगभग तीन ट्रिलियन डालर का निवेश होने का अनुमान है। अलबत्ता, एआइ के सामाजिक-आर्थिक लाभों को लेकर अनिश्चितताएं बनी हुई हैं। भारत में हो रहे सम्मेलन में इनको लेकर रास्ता ढूंढने की कोशिश की जाएगी।

एजीआइ : मिथक या हकीकत

कृत्रिम मेधा की दुनिया में अभूतपूर्व प्रगति के बावजूद 'आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस' (एजीआइ) के जल्द आने के दावे भ्रामक हैं। एजीआइ को एक ऐसी एआइ के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो एक समझदार वयस्क व्यक्ति की प्रतिभा और दक्षता से मेल खाता है। इसमें तर्क, स्मृति और बोध शामिल हैं। कृत्रिम मेधा प्रणालियों का मूल्यांकन करने के लिए उन मापदंडों को इस्तेमाल किया है जो मानवीय तर्क पर भी खरे उतरते हैं। अक्तूबर 2025 में, एरिक स्मिथ और योशुआ बेंगियो सहित विभिन्न क्षेत्रों के 30 से अधिक प्रसिद्ध एआइ विशेषज्ञों ने एजीआइ की सटीक परिभाषा विकसित करने के लिए एक साथ मिलकर काम किया। उन्होंने मानव बुद्धि को दस प्रमुख संज्ञानात्मक क्षेत्रों में विभाजित किया है जिसमें तर्क, स्मृति और बोध शामिल हैं।

बाजार में होड़

विश्व के अग्रणी 'लार्ज लैंग्वेज माडल्स' (एलएलएम) के बीच प्रतिस्पर्धात्मक गतिविधियों पर ध्यान दिया गया है। एलएलएम को शक्ति प्रदान करने के लिए जरूरी संगणन क्षमता की असीमित मांग वर्तमान भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में नवीनतम चुनौती बनकर उभरी है। एआइ संगणन आपूर्ति श्रृंखला में, अंतरराष्ट्रीय बाजार का केंद्रीयकरण बड़ी चुनौती है। उदाहरण के लिए, अमेरिकी कंपनी एनवीडिया की वैश्विक चिप बाजार में लगभग 80-95 फीसद की हिस्सेदारी है। अमेरिकी 'हाइपरस्केल क्लाउड' प्रदाता एनवीडिया के राजस्व का 40 फीसद और वैश्विक 'क्लाउड कंप्यूटिंग' बाजार का 70 फीसद हिस्सा रखते हैं।

(फाइल फोटो)

कृत्रिम मेधा का विकास जन-केंद्रित और समावेशी होना चाहिए। एआइ संसाधनों तक लोकतांत्रिक पहुंच होनी चाहिए। भारत केवल भागीदार नहीं, बल्कि एआइ युग के नियमों, मानकों और अवसरों को आकार देने वाला प्रमुख निर्माता बनना चाहता है।
- एस कृष्णन, सूचना प्रौद्योगिकी (आइटी) सचिव

कृत्रिम मेधा एक जटिल क्षेत्र है, और इसका भविष्य अनिश्चित बना हुआ है। हालांकि, सही मार्गदर्शन के साथ इसमें दुनिया बदलने की क्षमता है। यह सामाजिक और मानवीय प्रगति की अगली पीढ़ी को बढ़ावा देगा, जिसे 'बुद्धिमान प्रगति' कहा जा सकता है।
- राहुल बत्रा, प्रौद्योगिकी मामलों के विशेषज्ञ

सुरक्षा संबंधी चिंताएं

एरिक स्मिथ समेत कई आलोचकों ने लंबे समय से एआइ के संभावित नुकसानों के बारे में भी चेतावनी दी है। एरिक स्मिथ गूगल के पूर्व सीईओ (2001-2011) हैं। उनकी सलाह को एआइ में वैश्विक असमानता के लिहाज से अहम माना जाता है। एरिक स्मिथ अब 'दुष्ट एआइ' से उत्पन्न जोखिमों को प्रबंधित करने के लिए सुरक्षा उपायों की सक्रिय रूप से वकालत करते हैं। स्मिथ के अलावा मांट्रियाल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर योशुआ बेंगियो ने स्वायत्त एआइ एजंटों से संबंधित चिंताओं को उजागर किया है। योशुआ बेंगियो को 'एआइ का गाडफादर' भी कहा जाता है। इन दोनों का कहना है कि उन्नत एआइ माडल गुप्त रूप से गलत लक्ष्यों का पीछा करता है। ये कमजोरी उन एआइ माडल्स में देखी जा रही है, जो चैटबाट और एजंट जैसे उपकरणों का आधार हैं।

भारत की स्थिति

भारत का विशाल और विविध बाजार, किफायती इंजीनियरिंग प्रतिभा, अंग्रेजी में कुशल कार्यबल, डेटा संप्रभुता और डिजिटल ढांचा- एआइ के लिए आकर्षक स्थान बनाता है। सरकार एआइ क्षेत्र में आ रहे बदलावों के हिसाब से नियम बना रही है जो बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए अनुकूल साबित हो सकते हैं। वर्ष 2025 के अंत तक गूगल, माइक्रोसाफ्ट और अमेजन समेत बड़ी अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों ने भारत में 67.5 अरब डालर का निवेश किया है। आम बजट 2026 से पहले पेश किया गया भारत का आर्थिक सर्वेक्षण भी इसी दृष्टिकोण को दोहराता है। हालांकि, इसके साथ ही यह चेतावनी भी देता है कि भारत को 'एप्लिकेशन-आधारित नवाचार, घरेलू डेटा का उत्पादक उपयोग, मानव पूंजी की प्रचुरता और सार्वजनिक संस्थानों के विकेंद्रीकृत प्रयासों के समन्वय की क्षमता' को प्राथमिकता देनी चाहिए।

भारत की 1.2 अरब डालर की कार्ययोजना

सबसे ज्यादा काम उन्नत सेमीकंडक्टर चिप, एआइ संगणन क्षमता और एआइ माडल की तैनाती में किए जाने हैं। भारत का लगभग 1.2 अरब डालर का इंडियाएआइ मिशन उसके गंभीर इरादे का संकेत देता है। ये राशि लगभग उतनी ही है, जितना ओपनएआइ जैसी कोई अमेरिकी कंपनी छह महीने में खर्च करती है। संप्रभु, समावेशी और उपयोग-केंद्रित इकोसिस्टम के उद्देश्य से 12 स्वदेशी माडल के साथ भारत तेजी से प्रगति कर रहा है। इसके बावजूद भारत को अभी भी अपने मूल ऊर्जा और डेटा ढांचे को बढ़ाने की जरूरत है।

व्यक्तित्व

सतेंद्र : कुक जलडमरूमध्य को पार करने वाले पहले एशियाई पैरा तैराक

जनसत्ता संवाद

भारत के सतेंद्र सिंह लोहिया न्यूजीलैंड में कुक जलडमरूमध्य को पार करने वाले एशिया के पहले पैरा तैराक बन गए हैं। मध्य प्रदेश के भिंड जिले के रहने वाले 38 वर्षीय लोहिया को 2024 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

लोहिया ने अपनी कामयाबी को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, 'ऐतिहासिक उपलब्धि। न्यूजीलैंड में कुक जलडमरूमध्य पर जीत। दुनिया के सबसे चुनौतीपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक न्यूजीलैंड के कुक जलडमरूमध्य को अपनी टीम के साथ सफलतापूर्वक पार करने के बाद आज मैं बेहद भावुक और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। पहली बार एशिया के किसी पैरा तैराक ने इसे पार किया है।'

वे जनवरी के तीसरे सप्ताह में न्यूजीलैंड पहुंचे और वहां उन्होंने बेहद ठंडे पानी में कड़ा अभ्यास किया। उन्होंने नौ घंटे और 22 मिनट में 23.6 किलोमीटर तैरकर यह उपलब्धि हासिल की। उनकी कामयाबी को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा, 'पद्मश्री और तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार से सम्मानित मध्य प्रदेश के अंतरराष्ट्रीय पैरा तैराक सतेंद्र एस लोहिया ने दुनिया के सबसे कठिन समुद्री मार्गों में से एक न्यूजीलैंड के कुक जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक पार करके इतिहास रच दिया है।' उन्होंने कहा, 'वह कुक जलडमरूमध्य को पार करने वाले एशिया के पहले पैरा तैराक बन गए हैं। मैं इस असाधारण उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई देता हूं। देश और मध्य प्रदेश के लिए यह गौरवशाली क्षण उनकी अदम्य भावना और अटूट दृढ़ संकल्प को दर्शाता है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।'

डायरिया का उचित इलाज नहीं हो पाने के कारण लोहिया बचपन में ही दिव्यांग हो गए थे। उन्होंने 2017 में समुद्री तैराकी का अपना सफर शुरू किया था। वह इंग्लिश चैनल को भी पार कर चुके हैं। 40 वर्षीय सतेंद्र सिंह लोहिया 70 फीसद दिव्यांग हैं। वर्ष 2018 में उन्होंने इंग्लिश चैनल पार करने वाली भारत की चार पैरा तैराकों की रिले टीम का हिस्सा बनकर यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने यह दूरी 12 घंटे 26 मिनट में पूरी की। इसके बाद उन्होंने 2019 में अमेरिका का कैटलीना चैनल पार किया। इसके बाद मुंबई के 'स्विम सर्किट' को पार किया, जो करीब 33 किलोमीटर लंबा है। उसे पांच घंटे 42 मिनट में पूरा किया। उन्हें वर्ष 2014 में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा राज्य का सर्वोच्च खेल सम्मान विक्रम पुरस्कार प्रदान किया गया। वर्ष 2019 में उन्हें तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार के लिए चुना गया, जो भारत सरकार द्वारा साहसिक कार्यों के लिए प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार उन्हें राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद द्वारा प्रदान किया गया।

चिंतन

भारतीय वायुसेना को नई मजबूती देगी राफेल डील

भारत और फ्रांस के बीच प्रस्तावित 114 राफेल लड़ाकू विमानों की डील केवल एक रक्षा खरीद नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत की सामरिक सोच का संकेत है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा के दौरान जिस 3.60 लाख करोड़ रुपये के संभावित समझौते पर चर्चा हो रही है, वह भारतीय वायुसेना की क्षमताओं में गुणात्मक बढ़ोतरी कर सकता है। दो मोर्चों चीन और पाकिस्तान की चुनौती के बीच यह सौदा रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वर्तमान में भारतीय वायुसेना के पास करीब 29 स्क्वाड्रन ऑपरेशनल हैं, जबकि आधिकारिक मंजूरी 42.5 स्क्वाड्रन की है। यानी लगभग 13 स्क्वाड्रन की कमी पहले से ही चिंता का विषय है। आने वाले दशक में जगुआर, मिग-29 और मिराज-2000 जैसे विमानों के चरणबद्ध सेवानिवृत्त होने से यह अंतर और बढ़ सकता है। ऐसे में नई पीढ़ी के अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों की तत्काल आवश्यकता स्पष्ट है। राफेल पहले ही अपनी उपयोगिता सिद्ध कर चुका है। हालिया अभियानों में इसकी लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइल क्षमता, अत्याधुनिक रडार और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम ने वायुसेना को सामरिक बढ़त दिलाई है। वर्तमान में भारत के पास एफ-3 मानक के राफेल हैं, जो 4.5 जेनरेशन के लड़ाकू विमान माने जाते हैं। प्रस्तावित डील के तहत एफ-4 और बाद में एफ-5 श्रेणी के 'सुपर राफेल' मिलने की संभावना है। यूरोपीय मानकों के अनुसार एफ-5 को छठी पीढ़ी के जेट की श्रेणी में रखा जा रहा है। यदि यह समयसीमा के अनुसार 2030 के बाद मिलते हैं, तो भारत फ्रांस के बाद इन अत्याधुनिक विमानों का प्रमुख ऑपरेटर बन सकता है। इस डील का एक और महत्वपूर्ण पहलू 'मेक इन इंडिया' है। कुल 114 विमानों में से 18 सीधे उड़ान-योग्य अवस्था में मिलेंगे, जबकि 96 का निर्माण भारत में होगा। इनमें लगभग 60 प्रतिशत कलपुर्जों का स्वदेशीकरण प्रस्तावित है। इससे भारतीय एयरोस्पेस उद्योग को नई गति मिलेगी, निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की भागीदारी बढ़ेगी और हजारों रोजगार सृजित होंगे। रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में यह एक निर्णायक कदम साबित हो सकता है। हालांकि, कुछ सवाल भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। चीन पहले ही छठी पीढ़ी के विमानों के विकास में आगे बढ़ चुका है। ऐसे में भारत को केवल प्लेटफॉर्म खरीदने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि स्वदेशी अनुसंधान एवं विकास पर भी समान बल देना होगा। क्या 42.5 स्क्वाड्रन का लक्ष्य अगले दशक में पूरा हो पाएगा? क्या समय पर आपूर्ति और लागत नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सकेगा? ये वे प्रश्न हैं जिन पर सरकार और रक्षा प्रतिष्ठान को पारदर्शिता के साथ काम करना होगा। भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी रक्षा सहयोग से कहीं व्यापक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों के बीच वार्ता केवल विमानों की खरीद तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उभरती प्रौद्योगिकियों, समुद्री सुरक्षा और वैश्विक भू-राजनीति पर भी केंद्रित होगी। कुल मिलाकर 114 राफेल की संभावित डील वायुसेना के लिए 'ऑक्सीजन' साबित हो सकती है, लेकिन इसे दीर्घकालिक सामरिक दृष्टि से जोड़ना आवश्यक है। मजबूत वायुशक्ति केवल युद्ध की तैयारी नहीं, बल्कि शांति और संतुलन की गारंटी भी होती है।

मुद्दा
रोहित माहेश्वरी

अब एआई कंटेंट की होगी बेहतर निगरानी

20 फरवरी से लागू होने जा रहे इन नियमों के तहत अब एआई से तैयार किए गए फोटो और वीडियो पर लेबल लगाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही फेक कंटेंट को हटाने की समय सीमा 36 घंटे से घटाकर तीन घंटे कर दी गई है। अब साइबर अपराधी कंपनियों की तरह संगठित ढांचे में काम कर रहे हैं। इनके पास भर्ती करने वाली टीम, वेतन और प्रमोशन देखने वाले लोग और यहां तक कि रिसर्च एंड डेवलपमेंट यूनिट भी होती है। एआई ने साइबर अपराध को पहले से कहीं ज्यादा संगठित तेज और खतरनाक बना दिया है। वैसे भी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की संख्या और कंटेंट की मात्रा इतनी अधिक है कि केवल नियमों के सहारे नियंत्रण करना आसान नहीं होगा। इसके लिए तकनीकी निगरानी तंत्र को मजबूत, प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही तय करना और उल्लंघन पर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करना आवश्यक है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने जहां दुनिया को तेज और स्मार्ट बनाया है, वहीं इसके दुरुपयोग ने भी गंभीर चिंता पैदा कर रखी है। डीपफेक वीडियो, फर्जी तस्वीरें और एआई जनित भ्रामक सामग्री न केवल लोगों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रही हैं, बल्कि साइबर ठगी और सामाजिक भ्रम का कारण भी बन रही हैं। इन खतरों के मद्देनजर केंद्र सरकार की ओर से सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में किए गए हालिया संशोधन को डिजिटल दुनिया में बढ़ती चुनौतियों के बीच एक महत्वपूर्ण कदम कहा जा सकता है। आगामी 20 फरवरी से लागू होने जा रहे इन नियमों के तहत अब एआई से तैयार किए गए फोटो और वीडियो पर लेबल लगाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही फेक कंटेंट को हटाने की समय सीमा 36 घंटे से घटाकर तीन घंटे कर दी गई है। नए प्रावधानों के तहत एआई कंटेंट में स्थायी मेटाडेटा और डिजिटल पहचान चिह्न जोड़ने की अनिवार्यता भी तय की गई है, ताकि ऐसे कंटेंट की पहचान आसानी से की जा सके। यह बदलाव डिजिटल पारदर्शिता और नागरिक सुरक्षा के लिहाज से बेहद अहम है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारतीय कंपनियों के लिए साइबर सुरक्षा अब सबसे बड़ी चुनौती है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल, जैसे कि चैटजीपीटी की मदद से नकली आधार और पैन कार्ड बनाए जा सकते हैं। इस रिपोर्ट ने एआई के संभावित दुरुपयोग की क्षमता के बारे में नई चिंताएं पैदा कर दी हैं। एक नए सर्वे में 51 फीसदी बिजनेस लीडर्स ने इसे प्राथमिक जोखिम माना। 'फिक्की-ईवाय रिस्क सर्वे 2026' की रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है। इसमें डिजिटल युग के बढ़ते खतरों पर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तकनीकी जोखिम अब सीधे कंपनी के कामकाज से जुड़ गए हैं। सर्वे के अनुसार, 61 फीसदी लोग साइबर हमलों से डरे हुए हैं। डेटा चोरी और धोखाधड़ी को 57 फीसदी ने बड़ा जोखिम माना। लगभग 47 फीसदी कंपनियां इन आधुनिक खतरों से निपटने में नाकाम हैं। साइबर हमलों से कंपनियों की प्रतिष्ठा और वित्त पर असर पड़ता है। डिजिटल बदलाव कंपनियों की प्रतिस्पर्धी स्थिति को प्रभावित कर रहे हैं। यह सर्वे 137 सीईओ और सीनियर डिसीजन-मेकर्स पर आधारित है। इसमें 21 फीसदी प्रतिभागी टेक्नोलॉजी सेक्टर से थे। प्रोफेशनल सर्विसेज दूसरे नंबर पर। साइबर अटैक अब सिर्फ आईटी मुद्दा नहीं। यह ऑपरेशनल कंटिन्यूटी से जुड़ा है। 61 फीसदी लीडर्स मानते हैं कि साइबर हमले वित्तीय और रेपुटेशनल खतरा हैं। तेज टेक्नोलॉजिकल बदलावों को 61 फीसदी कंपनियां प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करने वाला मान रहे हैं। सर्वे के अनुसार, आज के दौर में एआई एक 'दोधारी तलवार' बन गया है। करीब 60 फीसदी विशेषज्ञों का मानना है कि तकनीकी पिछड़ापन घातक है। सही समय पर नई तकनीक न अपनाना नुकसानदेह हो सकता है। वहीं, 54 फीसदी लोग एआई के एथिकल और गवर्नेंस संबंधी जोखिमों से चिंतित हैं। इन जोखिमों का प्रबंधन अभी भी प्रभावी ढंग से नहीं हो रहा है। ग्लोबल साइबरपीस समिट 2026 में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के अनुसार 2024–2025 के दौरान दर्ज साइबर हमलों में एआई और ऑटोमेशन का व्यापक इस्तेमाल देखने को मिला है। अब साइबर अपराधी किसी छोटे गैंग की तरह नहीं, बल्कि कंपनियों की तरह संगठित ढांचे में काम कर रहे हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका, मध्य-पूर्व और भारत के कुछ हिस्सों से संचालित ये नेटवर्क अलग-अलग विभागों में बंटे हुए हैं। इन गिरोहों

के पास भर्ती करने वाली टीम, वेतन और प्रमोशन देखने वाले लोग और यहां तक कि रिसर्च एंड डेवलपमेंट यूनिट भी होती है। ये टीमें टेक्नोलॉजी की कमियों और इंसानी व्यवहार की कमजोरियों को खोजकर उनका फायदा उठाती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में साइबर अपराध से दुनिया को लगभग 10.8 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान होने का अनुमान था, जो इस साल करीब 12 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। कई अंतरराष्ट्रीय थिंक टैंकों का दावा है कि अब लगभग 80 प्रतिशत साइबर हमलों में किसी न किसी रूप में एआई की भूमिका है। एआई का इस्तेमाल अब डीपफेक तकनीक में भी हो रहा है।

डिजिटल अरेस्ट जैसे मामलों में अपराधी किसी प्रसिद्ध पुलिस अधिकारी का चेहरा और आवाज नकली तरीके से दिखाकर पीड़ित को डराते हैं, जिससे वह खुद को असली अधिकारी से बात करते हुए समझता है। साइबर अपराध में अब ट्रिपल एक्सटॉर्शन मॉडल भी सामने आया है। इसमें पहले रैनसमवेयर से डेटा लॉक किया जाता है फिर उसे लीक करने की धमकी देकर पैसे वसूले जाते हैं। इसके अलावा क्राइम-एस-ए-सर्विस का ट्रेंड भी तेजी से बढ़ रहा है। इसमें संगठित गिरोह उन लोगों को भी अपराध की सुविधा देते हैं जिनके पास तकनीकी जानकारी नहीं होती। यानी पैसे दो और तैयार साइबर क्राइम सेवा लो। इस तरह के मामलों में कई वरिष्ठ सरकारी अधिकारी तक ठगी का शिकार हो चुके हैं। साफ है कि एआई ने साइबर अपराध को पहले से कहीं ज्यादा संगठित तेज और खतरनाक बना दिया है। वर्तमान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल के तो कई तरीके मौजूद हैं, लेकिन इन्हें किस हद तक इस्तेमाल में लाया जाना चाहिए, इसके लिए नियम-कानूनों का अभाव है। हमारा देश और दुनिया भी एआई के बढ़ते कदमों और उसके प्रभावों को लेकर गंभीर है। इसी क्रम में दिल्ली के भारत मंडपम में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' का आगाज हो रहा है। 20 फरवरी तक चलने वाले इस महाकुंभ में दुनिया की 300 से ज्यादा कंपनियां भविष्य की तकनीक दिखाएंगी। खेती से लेकर सेहत तक, एआई आपकी जिंदगी को कैसे आसान बनाएगा, इसकी पूरी झलक यहां देखने को मिलेगी। आईटी के नए नियमों का सबसे सकारात्मक पहलू यह है कि अब एआई से बने कंटेंट को छिपाना आसान नहीं रहेगा। लेबलिंग व डिजिटल पहचान चिह्न से आम व्यक्ति यह समझ सकेगा कि उसके सामने मौजूद सामग्री वास्तविक है या तकनीक से तैयार की गई है। इससे सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और भ्रामक अभियानों पर भी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। चुनाव, सामाजिक मुद्दों और संवेदनशील घटनाओं के दौरान यह लोकतांत्रिक व्यवस्था को भी सुरक्षित रखने में सहायक होगी, ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए। इन तमाम बातों के बीच सवाल यह भी है कि सिर्फ नियम-कायदे बनाना ही काफी नहीं, बल्कि इन्हें सख्ती से लागू करना भी जरूरी है। वैसे भी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की संख्या और कंटेंट की मात्रा इतनी अधिक है कि केवल नियमों के सहारे नियंत्रण करना आसान नहीं होगा। इसके लिए तकनीकी निगरानी तंत्र को मजबूत करना, प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही तय करना और उल्लंघन की स्थिति में त्वरित दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करना आवश्यक है। क्योंकि यदि नियमों का पालन ढीला रहा, तो इनका उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। इसके साथ ही नागरिकों में डिजिटल साक्षरता बढ़ाना भी उतना ही जरूरी है।

लोगों को यह समझना होगा कि हर वायरल वीडियो या तस्वीर सत्य नहीं होती। जागरूक उपयोगकर्ता ही फेक कंटेंट की श्रृंखला को तोड़ सकता है। सरकार, सोशल मीडिया कंपनियों और शैक्षणिक संस्थानों को मिलकर इस दिशा में काम करना होगा। भ्रमजाल फैलने से रोकने के लिए सरकार और समाज दोनों के साझा प्रयासों की दरकार है। साझे प्रयासों से ही एआई का सकारात्मक लाभ हम उठा सकते हैं। वरना हमारी सुविधा के लिए बनी तकनीक हमारे लिए बड़ा सिरदर्द बन सकती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

सारा संसार

मसानी अम्मन मंदिर मसानी देवी को समर्पित एक मंदिर है, जिन्हें शक्ति देवी के नाम से भी जाना जाता है। यह कोयंबटूर जिले के अन्नामलाई के पंचायत शहर में स्थित है, इसे अरुलमिगु मसानी अम्मन मंदिर या अन्नामलाई मसानी अम्मान मंदिर भी कहा जाता है। मंदिर बेहद ही आध्यात्मिक है, जिस वजह से लोग यहां खिचे चले आते हैं।

सरोकार
योगेंद्र माथुर

शादी ब्याह में आर्थिक संपन्नता के प्रदर्शन की होड़, अन्न का अपमान

विगत दिनों जब शादी-ब्याह का सिलसिला पुनः चालू हुआ तो मुझे भी एक के बाद एक कई शादियों में शामिल होने का सुअवसर प्राप्त हुआ। शादी-ब्याह की इस धूमधाम में जाहिर है हमेशा की तरह ही ऐश्वर्य और विलासिता के भरपूर दर्शन हुए। 'तेरी कमीज मेरी कमीज से सफेद कैसे?'की तर्ज पर होने वाली होड़ में आयोजक अपनी क्षमता से अधिक पैसा खर्च करते नजर आए। परिणय स्थल यथा- गार्डन, धर्मशाला, लॉज-होटल की चमक बढ़ाने की गरज से टेंट व विद्युत साज-सज्जा पर पैसा पानी की तरह बहता दिखाई दिया। समारोह पांडाल की साज-सज्जा तो ठीक भोजन को भी अपनी सामर्थ्य के प्रदर्शन का माध्यम बना लिया गया हो, ऐसा लगा। भोजन में कुछ नया या नई वैरायटी परोसने की होड़ में निर्मित व्यंजनों का आंकड़ा 56 के भी पार जाता नजर आया। सभी व्यंजनों के नाम तो शायद आयोजक को भी मालूम नहीं होंगे। अब भला खाने वाले 4-5 व्यंजनों से अधिक का स्वाद चख पाएं, न चख पाएं या फिर प्लेट में छोड़ते नजर आएं, आयोजक की आर्थिक संपन्नता का प्रदर्शन तो हो ही गया। कहने या बताने की आवश्यकता नहीं कि ऐसे शादी समारोह में धन के साथ अन्न का भी अपव्यय होना तय है। आप सोचिए, क्या कोई मेहमान चाहकर भी भोजन के अपव्यय को रोक पाएगा? समझदारी दिखाकर वह इतने अधिक पकवानों में से कुछ का स्वाद न भी चखे अथवा प्रत्येक पकवान का एक या आधा टुकड़ा ले तो भी कुछ मात्रा में ही सही भोजन का अपव्यय निश्चित है। हालांकि सभी मेहमानों से इतनी समझदारी की उम्मीद लगाना भी बेमानी ही होगा। हमारे देश में जब से 'बुफे' संस्कृति का विस्तार हुआ है, भोजन का अपव्यय भी बढ़ा है। इसमें बुफे संस्कृति की बुराई जैसी कोई बात नहीं है। कमी हममें ही है क्योंकि इसके सही तौर-तरीकों के पालन के संस्कार हमारे यहां नहीं पनप पाए हैं। प्रायः शादी समारोह में यही देखने में आता है कि लोग प्लेट में खाना लेते समय, बाद में मिलेगा या बचेगा कि नहीं की सोच के चलते अपनी प्लेट में एक साथ अधिकाधिक खाद्य सामग्री रख तो लेते हैं किंतु बाद में अधिकांश लोग 'जूठन' के रूप में छोड़ देते हैं। ऐसी स्थिति में 56 या अधिक पकवान बन जाएं तो भोजन की बर्बादी को कौन रोक सकता है? हमारी संस्कृति में अन्न के एक-एक दाने का महत्व बताया गया है और अन्न को देवतुल्य माना गया है। ऐसी स्थिति में शादी समारोह में भोजन का 'जूठन' के रूप में फिकना क्या अन्न का तिरस्कार या देवता का अपमान नहीं है? जिस देश में बच्चे भुखमरी व कुपोषण का शिकार बन कर असमय दम तोड़ रहे हों, उस देश में अन्न को अपनी सम्पन्नता के प्रदर्शन का माध्यम बनाना कहां तक उचित है? वैवाहिक आयोजनों के माध्यम से दूसरों की अपेक्षा अपने को कहीं अधिक बड़ा, समर्थ, सक्षम व सम्पन्न बताने की यह अंधी होड़ निश्चित ही बेहद खतरनाक है। उधार का घी पीकर अपनी सम्पन्नता दर्शाने की प्रवृत्ति तो निश्चित ही व्यक्ति, परिवार व समाज को पतन की ओर ले जाने वाली है। वर्तमान चार दिन की चकाचौंध भविष्य को गहरे अंधकार में धकेलने वाली है। अंधानुकरण की इस होड़ से हमें समाज को बचाना होगा और यह हम तभी कर पाएंगे या समाज को कोई संदेश दे पाएंगे, जब हम अपने से ही इसकी शुरुआत करेंगे। बेहतर होगा कि हम हमारे घर-परिवार में होने वाले वैवाहिक आयोजन सादगीपूर्ण व गरिमा के साथ आयोजित करें और विवाह समारोह की चकाचौंध पर होने वाले खर्च से 'परिणय-सूत्र' में आबद्ध हो रहे जोड़े के भविष्य को रोशन करें।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

आनंद आपके भीतर है, बाहर खोजने की जरूरत नहीं



संकलित
दर्शन

कल्पना क्या है और सच्चाई क्या है! इसे समझने के लिए आपकी जड़ का मजबूत होना जरूरी है। सारी कल्पनाएं आपके अंदर हैं। यह कल्पना नहीं है, यह सच है। कल्पना में डूबना बड़ा आसान है, सच्चाई को जानना बहुत मुश्किल है। जिसको आप खोज रहे हैं, वह आपके अंदर है। उसे जानिए, पहचानिए, उसके साथ थोड़ा समय बिताइए, क्योंकि उसमें सबकुछ है। जो आपके भीतर है, वह है शांति। किसी चीज का न होना शांति नहीं है। किसी चीज का होना शांति है। जब मनुष्य खुद को जानेगा, खुद को समझेगा, तब उसके जीवन में शांति होगी। जैसे भोजन खा लेने पर भूख खत्म होती है, उसी प्रकार खुद को जान लेने पर तृष्णा मिट जाती है। शांति मिल जाती है। सोचें कि यह शरीर आपको क्यों मिला है? जिन तत्त्वों से शरीर बना है, वे सारे तत्त्व वहीं वापस चले जाएंगे जहां से ये आये थे। जिस तरह पानी, पानी में मिल जाता है। सारी चीजें प्रकृति में घुल जाएंगी। क्या समझते हैं आप कि जब बच्चा पैदा होता है तो इस धरती का वजन बढ़ता है! या जब कोई मर जाता है तो इस धरती का वजन कम होता है! वजन न तो बढ़ता है न कम होता है। क्योंकि जिन चीजों से आप बने हुए हैं वे तो अभी यहीं हैं। परंतु क्या आपने उस चीज को जाना, समझा जो आपके शरीर के अंदर है? इसे जान गए, पहचान गए, फिर आनंद ही आनंद है। आपका नाम आपके शरीर का नाम है। नाम कमाने से क्या होगा। नाम नहीं, ज्ञान कमाइये। आनंद कमाइए। ये आप अपने साथ ले जा सकते हैं। जहां जाएंगे, वहां ले जा सकते हैं।

रावण की वजह से बना बैद्यनाथ मंदिर



संकलित
प्रेरणा

त्रेता युग की घटना है। रावण शिव जी का परम भक्त था। रावण ने हिमालय क्षेत्र में शिवलिंग बनाकर कठोर तप किया था। इस तप से शिव जी प्रसन्न होकर प्रकट हुए। भगवान ने रावण से वरदान मांगने के लिए कहा। रावण ने शिव जी से कहा कि मैं आपका ये शिवलिंग लंका में स्थापित करना चाहता हूं। शिव जी ने रावण की इच्छा पूरी होने का वरदान दिया, लेकिन साथ में ये भी कहा कि रास्ते में तुम ये शिवलिंग जहां रख दोगे, शिवलिंग वहीं स्थापित हो जाएगा। इसके बाद तुम ये शिवलिंग आगे नहीं ले जा पाओगे। रावण ने शिव जी का बात मान ली और शिवलिंग उठाकर लंका की ओर चल दिया। रास्ते में रावण ने गलती से एक जगह शिवलिंग रख दिया। थोड़ी देर बाद वह शिवलिंग फिर से उठाने लगा, लेकिन शिवलिंग वहीं स्थापित हो गया था। बहुत कोशिश करने के बाद भी रावन शिवलिंग को उठा नहीं सका। अंत में हिम्मत हारकर रावण वहां से चला गया। रावण के जाने के बाद सभी देवी-देवता, ऋषि-मुनि और अन्य लोग इस शिवलिंग के पास पहुंचे और शिव पूजा की। सभी की पूजा से भगवान प्रसन्न हुए और प्रकट हुए। सभी भक्तों ने शिव जी से प्रार्थना की कि अब से वे यहीं निवास करें, ताकि भक्त आसानी से दर्शन-पूजन कर सके और उनका कल्याण हो सके। भक्तों की बात सुनकर शिव जी इसी शिवलिंग में ज्योति स्वरूप में विराजित हो गए। बाद ये ज्योतिर्लिंग बैद्यनाथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

अंतर्मन

आज की पाती

स्वतंत्रता का अनुचित प्रयोग

कुछ कथित उच्च शिक्षित, जाहिल, गंवार लोग जब सार्वजनिक रूप से (विशेषकर सोशल मीडिया पर) सड़कछाप व्यवहार करने लगते हैं तो ऐसे मूर्ख लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता उसी क्षण खत्म हो जाती है। कला और विचार प्रकट करने की आजादी के नाम पर किसी को भी देश, समाज में अश्लीलता फैलाने के उपद्रव को दुनिया का कोई भी सभ्य-सुसंस्कृत संविधान कभी कोई स्वतन्त्रता प्रदान नहीं करता। ऐसे सर्वथा अवांछित, अप्रिय, समाज विरोधी कार्य करने वालों का प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन करने वाले सभी आधुनिक मनोरोगी भी उतने ही बड़े अपराधी माने जाने चाहिए। सिर्फ मजाक के नाम पर ही नहीं, कई बार गंभीर मुद्रा में प्रदर्शन करते हुए भी कुछ पॉडकास्ट पर दुर्जन लोग गंदी, अश्लील, अभद्र, अशोभनीय बातें करते हैं। आजादी का अनुचित लाभ नहीं उठाना चाहिए। - संदीप सरकार, बिलासपुर

ट्रेंड

देश तेजी से प्रगति कर रहा

यह हमारे लिए गर्व की बात है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के लिए दुनियाभर से लोग भारत आ रहे हैं। इससे हमारे युवाओं के सामर्थ्य का भी पता चलता है। यह अवसर इस बात का भी प्रमाण है कि हमारा देश विज्ञान और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

दिल्ली की सुरक्षा होगी सुदृढ़

दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था को और भी अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में आज दिल्ली पुलिस के 79वें स्थापना दिवस समारोह में ₹857 करोड़ की लागत से निर्मित 'सेफ सिटी प्रोजेक्ट' का लोकार्पण किया। साथ ही, ₹368 करोड़ की लागत से सोशल सेल के इंटीग्रेटेड हेडक्वार्टर का ई-शिलान्यास किया। -अमित शाह, गृहमंत्री

शंकर से प्रेरणा लेती है सेना

सैनिकों के अंदर की भावना हमारी संस्कृति से, भगवान शिव की प्रेरणा से आती है। डर से समाज लंबे समय तक सुरक्षित नहीं हो सकता। एक निडर समाज ही मजबूत राष्ट्र बना सकता है। निडरता आध्यात्मिकता से आती है। -राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

गिग वर्कर को मिले सुरक्षा

कुछ दिन पहले जनसंसद में गिग वर्कर्स के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात हुई। बातचीत से साफ हुआ कि गिग अर्थव्यवस्था के फायदे मजदूरों तक पहुंचाने के लिए मजबूत और जिम्मेदार सरकारी कार्रवाई जरूरी है। महिला गिग वर्कर दोहरे शोषण का शिकार है, आर्थिक असुरक्षा के साथ-साथ सम्मान और सुरक्षा का अभाव। -राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

करंट अफेयर

महिला के गरिमा को ठोस एनआरआई को मिली जेल

सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उसके खिलाफ आपराधिक बल प्रयोग करने के जुर्म में पांच महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' अखबार में सोमवार को प्रकाशित खबर में यह जानकारी दी गई। खबर के मुताबिक, शुक्रवार को सजा के एलान के दौरान अदालत ने कहा कि 42 वर्षीय ओम कुमार राय ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। खबर में कहा गया है कि अदालती दस्तावेज से पीड़िता का नाम और घटनास्थल का विवरण हटा दिया गया है। इसमें बताया गया है कि राय 22 वर्षीय पीड़िता के पिता का सहकर्मी है और वह 17 जून 2025 को तड़के पीड़िता से मिलने पहुंचा था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, राय पीड़िता को बातचीत के बहाने एक सुनसान जगह पर ले गया और उसके साथ छेड़खानी की। अभियोजन पक्ष ने बताया कि पीड़िता राय को धक्का देकर उसके चंगुल से भागने में सफल रही और अपने माता-पिता को घटना से अवगत कराया, जिसके बाद उन्होंने उसी दिन सुबह नौ बजे पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अभियोजकों ने राय को पांच से छह महीने की जेल की सजा देने का अनुरोध किया था।

ऑफ बीट

नियमित व्यायाम डिमेंशिया से बचाव में है कारगर

जैसे-जैसे डिमेंशिया के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ रही है, वैसे-वैसे रोकथाम के उपाय जानने की दिलचस्पी में भी इजाफा हो रहा है। मीडिया में आई खबरों में नियमित व्यायाम, स्वस्थ खानपान, दिमागी कसरत और सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी को डिमेंशिया के जोखिम में कमी लाने के लिए कारगर बताया गया है। डिमेंशिया तंत्रिका-तंत्र से जुड़ा एक विकार है, जिसमें याददाश्त, सोचने-समझने एवं फैसले लेने की शक्ति और रोजमर्रा के काम करने की क्षमता प्रभावित होती है। अल्जाइमर (मस्तिष्क के अंदर और उसके आसपास की कोशिकाओं में एमिलॉयड नाम के प्रोटीन के थक्के जमने से होने वाला डिमेंशिया) को डिमेंशिया का सबसे आम स्वरूप माना जाता है। इसके अलावा, बड़े पैमाने पर 'वैस्कुलर डिमेंशिया' (मस्तिष्क में खून का प्रवाह धीमा पड़ने के कारण होने वाला डिमेंशिया) और 'लेवी बॉडी डिमेंशिया' (मस्तिष्क में 'लेवी बॉडी' नाम के प्रोटीन के थक्के जमने से होने वाला डिमेंशिया) के मामले भी सामने आते हैं। डिमेंशिया में तंत्रिका-तंत्र की कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, जिससे उनमें संचार की प्रक्रिया प्रभावित होती है और व्यक्ति को भ्रम, भूलने की बीमारी और व्यवहार में बदलाव की शिकायत सता सकती है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

लैंड फॉर जॉब्स घोटाला : लालू समेत 46 पर आरोप तय, 9 मार्च से शुरू होगा रोजाना ट्रायल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बहुचर्चित 'लैंड फॉर जॉब्स' मामले में विशेष सीबीआई अदालत ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव समेत 46 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। सीबीआई की विशेष अदालत ने 9 जनवरी को आदेश पारित करते हुए सभी आरोपियों के विरुद्ध आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, जालसाजी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत आरोप निर्धारित किए थे। अब मामले में 9 मार्च से 28 मार्च तक प्रतिदिन सुनवाई कर अभियोजन साक्ष्य दर्ज किए जाएंगे।

क्या है पूरा मामला

सीबीआई द्वारा दर्ज इस मामले में आरोप है कि लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान रेलवे के विभिन्न जोन में ग्रुप-डी के पदों पर 'सब्स्टीट्यूट' के रूप में नियुक्ति के बदले जमीन या अन्य



संपत्ति ली गई। आरोप है कि यह लेन-देन लालू प्रसाद यादव के परिजनों और सहयोगियों के माध्यम से किया गया। मामले में भारतीय न्याय संहिता के विभिन्न प्रासंगिक धाराओं के तहत आरोप तय किए गए हैं।

पूर्व आईएएस आरके महाजन भी 46 आरोपियों में शामिल

अदालत द्वारा जिन 46 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए गए हैं, उनमें लालू प्रसाद यादव के अलावा उनके परिवार के पांच सदस्य—राबड़ी देवी, मीसा भारती, तेज प्रताप यादव, तेजस्वी यादव और हेमा यादव—शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त तीन करीबी सहयोगी—भोल यादव (तत्कालीन विशेष अधिकारी), आर.के. महाजन (तत्कालीन निजी सचिव) और प्रेम चंद गुप्ता (राज्यसभा सांसद, राजद)—का नाम भी आरोपियों में है। एक निजी कंपनी 'ए.के. इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड', जो वर्तमान में लालू परिवार से संबंधित बताई जा रही है, को भी आरोपी बनाया गया है। इसके अलावा रेलवे के तत्कालीन महाप्रबंधक, सब्स्टीट्यूट अभ्यर्थी और अन्य निजी व्यक्तियों को भी इस मामले में आरोपी बनाया गया है।

कई चार्जशीट दाखिल

सीबीआई ने इस प्रकरण में तीन मुख्य चार्जशीट और दो पूरक चार्जशीट अदालत में दाखिल की थीं। अदालत ने दस्तावेजों और तर्कों पर विचार करने के बाद आरोप तय करने का आदेश दिया।

आरोपियों ने नहीं माना दोष

अदालत ने 1 फरवरी से 28 फरवरी के बीच आरोपियों की व्यक्तिगत उपस्थिति सुनिश्चित करने और आरोप पढ़कर सुनाने की तिथियां तय की थीं। इस दौरान लालू , उनके परिवार के सदस्य और अन्य आरोपी अदालत में पेश हुए और सभी ने स्वयं को निर्दोष बताते हुए आरोपों से इनकार किया। सभी आरोपियों ने दोषी नहीं होने की दलील दी।

9 मार्च से रोजाना सुनवाई

विशेष अदालत ने अब मामले को अभियोजन साक्ष्य के लिए 9 मार्च से 28 मार्च 2026 तक प्रतिदिन सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। इस दौरान सीबीआई अपने गवाह और साक्ष्य अदालत के समक्ष पेश करेगी। राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस मामले पर अब सबकी निगाहें आगामी सुनवाई पर टिकी हैं, जहां अभियोजन पक्ष अपने आरोपों को प्रमाणित करने का प्रयास करेगा।

भूपेन ने अचानक दिया इस्तीफा, 4 घंटे बाद पलटे और लिया वापस

गुवाहाटी । असम की सियासत में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले ऐसा एक बड़ी तमाशाबाजी सामने आई। इसने कांग्रेस और भाजपा दोनों को सुर्खियों में ला दिया। पूर्व असम कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा ने पहले पार्टी से इस्तीफा देकर राजनीतिक हलचल मचा दी और फिर महज 4 घंटे के भीतर यू-टर्न लेते हुए कांग्रेस में ही बने रहने का ऐलान कर दिया। सोमवार सुबह भूपेनने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अपना इस्तीफा भेजा। उन्होंने पार्टी में अनदेखी और उचित सम्मान न मिलने की बात कही। इस्तीफे की खबर बाहर आते ही असम कांग्रेस में खलबली मच गई। बैठकों का दौर चला, फोन कॉल्स हुए और शाम होते-होते बोरा ने इस्तीफा वापस लेने का फैसला कर लिया।

भूपेन ने नेतृत्व पर साइडलाइन करने का लगाया था आरोप

इस्तीफा वापस लेते वक्त भूपेनने कहा कि मैंने अभी इस बारे में अपने परिवार से बात नहीं की है। इसलिए मुझे फैसला लेने के लिए और समय चाहिए। 32 वर्षों तक कांग्रेस की सेवा करने वाले भूपेन ने साइडलाइन करने का आरोप लगाया था। भूपेन ने 2021 से 2025 के बीच असम कांग्रेस संगठन की कमान संभाली थी। पिछले वर्ष पार्टी नेतृत्व ने बदलाव करते हुए उनकी जगह गौरव गोगोई को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। सियासी अनुभव की बात करें तो बोरा असम विधानसभा में दो बार विधायक भी रह चुके हैं।

हाईकमान की दखल बनी निर्णायक

इस पूरे घटनाक्रम में कांग्रेस हाईकमान की भूमिका निर्णायक रही। पार्टी के अनुसार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने खुद भूपेन बोरा से बात की। असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने भी पुष्टि की कि भूपेन बोरा का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया। हाईकमान ने उन्हें संगठन में अहम जिम्मेदारी देने का भरोसा दिलाया, जिसके बाद मामला संभल गया।

एसआईआर की सुनवाई के दौरान सीजेआई ने नाराजगी जताई

याचिकाकर्ता को खूब सुनाया

आर्टिकल 32 का मजाक न बनाएं, हम तय करें कि आपके माता-पिता कौन हैं?

टीएमसी और ईसीआई में तकरार बढ़ी

मोहम्मद नोवाज ने याचिका दाखिल कर लगाई थी सुप्रीम कोर्ट से गुहार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम बंगालएसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण का मुद्दा एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। इस बार याचिका दाखिल कर एसआईआर की प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए हैं। इस पर भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) ने जमकर नाराजगी जताई है। खास बात है कि इस मुद्दे को लेकर पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार और ईसीआई यानी भारत निर्वाचन आयोग में तकरार जारी है। मोहम्मद जिमफरहाद नोवाज ने याचिका दाखिल की थी। उन्होंने पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया में लॉजिकल डिसक्रिपेंसी लिस्ट के इस्तेमाल को चुनौती दी है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि आर्टिकल 32 में आप चाहते हैं कि हम यह तय करें कि आपके पिता, माता और आदि कौन हैं। यह आर्टिकल 32 याचिका का मजाक है।

28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी

28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। अधिकारी ने बताया कि नामों की वर्तनी में हुई गलती और विसंगतियों से संबंधित सुनवाई 27 दिसंबर को शुरू हुई और पूरे राज्य में विद्यालयों, क्लब कक्षों और प्रशासनिक भवनों में स्थापित शिविरों में जारी रही।

ईसीआई ने 7 अधिकारियों को किया निलंबित

ईसीआई ने बंगाल में 7अधिकारियों को गंभीर कदाचार, कर्तव्य में लापरवाही और एसआईआर से जुड़े अधिकारी के के दुरुपयोग के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। ये सभी सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी थे।

मंगलवार तक का दिया समय

ईसी ने बंगाल की मुख्य सचिव को 17 फरवरी तक उसके निर्देशों का पालन करने को कहा है, जिसमें बीएलओ को बढ़ा हुआ मानदेय देना और जारी एसआईआर के दौरान जानबूझकर नियमों का उल्लंघन करने वाले दोषी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करना शामिल है।

सरमा की सुनवाई नहीं की

आप गुवाहाटी हाईकोर्ट क्यों नहीं गए?

सुप्रीम कोर्ट ने कथित हेट स्पीच की घटनाओं को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ पुलिस मामला दर्ज करने और विशेष जांच दल द्वारा जांच का आदेश देने वाली याचिकाओं को

खारिज करते हुए असंतोष जाहिर किया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की बेंच ने याचिकाकर्ताओं को पहले गुवाहाटी हाईकोर्ट जाने का निर्देश दिया। न्यायालय ने साफ किया कि उसे मामले की सीधे सुनवाई करने का अधिकार हासिल है, लेकिन वह उन शॉर्टकट तरीकों के पक्ष में नहीं है जहां याचिकाएं हाईकोर्ट में जाने से पहले ही सुप्रीम कोर्ट में सुनी जाती हैं। सीजेआई कांत ने कहा कि आप तो अभी तक हाई कोर्ट भी नहीं गए हैं। मैं सीधे रास्ते पर चल रहा हूं। एक क्षेत्राधिकार का इस्तेमाल करने की जल्दबाजी में हम दूसरे क्षेत्राधिकार को कमजोर नहीं कर सकते। यह न्यायालय इन सब का खेल मैदान नहीं बन सकता। हाई कोर्ट के क्षेत्राधिकार में आने वाले किसी भी मामले में, हमें विश्वास है कि वह हाई कोर्ट इस पर विचार करके फैसला ले सकता है।

सिंघवी बोले- पूरा देश प्रभावित हो रहा

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अभिषेक मनु सिंहवी ने तर्क दिया कि सरमा की टिप्पणियों से पूरा देश प्रभावित होता है और वह एक आदतन अपराधी हैं, जिससे यह मामला सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के लिए उपयुक्त हो जाता है।

आधार ऐप डाउनलोड्स की संख्या 14 मिलियन के पार

आधार ऐप के जरिए एक मिलियन लोगों ने घर बैठे अपडेट किया मोबाइल नंबर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत सरकार के इलेक्ट्रानिक्स एवं आईटी मंत्रालय ने बताया है कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के नए आधार ऐप को लेकर आम जनता में भारी उत्साह देखा जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार ऐप को अपनाने की यह तेज गति सुरक्षित, डिजिटल और सुविधाजनक आधार सेवाओं के प्रति नागरिकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाती है।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के नए आधार ऐप ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अब तक इसे लगभग 14 मिलियन से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है। यह सफलता देश भर में आधार सेवाओं को अधिक सुलभ, उपयोगकर्ता के अनुकूल और तुरंत उपलब्ध कराने में इस ऐप की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है।

आधार ऐप एक नेक्स्ट-जेनरेशन का मोबाइल एप्लिकेशन है, जिसे आधार संख्या धारकों (एएनएच) को अपनी डिजिटल पहचान रखने, साझा करने, दिखाने और सत्यापित करने के लिए एक सुरक्षित, सुविधाजनक और गोपनीयता-केंद्रित तरीका प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह एंड्रॉइड और एप्पल आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

इलेक्ट्रानिक्स एवं आईटी मंत्रालय की जानकारी के अनुसार 28 जनवरी को राष्ट्र को समर्पित किए गए इस नए ऐप को औसतन प्रतिदिन 1,00,000 से अधिक लोग डाउनलोड कर रहे हैं। इस ऐप की बढ़ती उपयोगिता ने आधार सेवाओं को निवासियों के लिए घर बैठे ही सुलभ बना दिया है। अब तक यह ऐप 1 मिलियन निवासियों को अपना मोबाइल नंबर अपडेट करने में मदद कर चुका है। वहीं 3,57,000 आधार धारकों ने ऐप के जरिए अपने बायोमेट्रिक्स को लॉक या अनलॉक किया है। इसी तरह, लगभग 8,00,000 निवासियों ने नए ऐप का उपयोग करके अपना ई-आधार डाउनलोड किया है। इस ऐप में कई आधुनिक और उन्नत सुविधाएँ शामिल हैं, जैसे प्रेजेंस के प्रूफ के तौर पर फेस वेरिफिकेशन, सिंगल क्लिक में बायोमेट्रिक लॉक/अनलॉक, ऑथेंटिकेशन हिस्ट्री को देखने की सुविधा और कॉन्टैक्ट डिटेल्स को आसानी से साझा करने के लिए QR-आधारित कॉन्टैक्ट कार्ड।

सभी यूजर्स की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया यह आधार ऐप, दैनिक जीवन के कई महत्वपूर्ण कार्यों में सहायक है। इसके माध्यम से होटल में चेक-इन के दौरान ऑफलाइन वेरिफिकेशन सीकिंग एंटिटी (ओवीएसई) क्यूआर कोड स्कैनिंग, उम्र का सत्यापन, अस्पतालों में भर्ती, कार्यक्रमों में प्रवेश और गिग वर्कर्स व सर्विस पार्टनर्स के सत्यापन जैसे कई कार्य सुगम हो गए हैं।

बाबा खतरनाक की याचिका पर बोला सुप्रीम कोर्ट | बाबा जी प्लीज हाई कोर्ट जाएं

सुप्रीम कोर्ट ने बदरवाद वेणुगोपाल उर्फ बाबा खतरनाक की याचिका को खारिज कर दिया। इसमें वाराणसी में गंगा नदी के पानी की बिगड़ती गुणवत्ता को लेकर चिंता जाहिर की गई थी। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता बाबा खतरनाक को संबंधित हाई कोर्ट में जाने की छूट दे दी। सीजेआई की बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा कि बाबा जी प्लीज वहां जाएं और अधिकारियों को अपना प्रतिनिधित्व प्रस्तुत करें। वहां शायद काफी काम हो चुका है। हर कोई बस सुप्रीम कोर्ट ही आना चाहता है। हाई कोर्ट महज दस किलोमीटर दूर है। फिर भी वे यहां पर आना चाहते हैं। मामला ह्यूमन सीवेज से संबंधित है।

जयपुर से शुरू होगी एआई किसान क्रांति,केंद्रीय मंत्री चौहान लांच करेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान 17 फरवरी को राजस्थान प्रवास पर रहेंगे। वे जयपुर में,देशभर के किसानों के लिए नया डिजिटल साथी 'भारत विस्तार' लांच करने जा रहे हैं। कृषि और किसानों को स्मार्ट बनाने यह एआई आधारित प्लेटफॉर्म किसानों को फोन कॉल, चैटबॉट और आगे चलकर ऐप के ज़रिए मौसम, मंडीभाव, कीटरोग, मिट्टी, फसल सलाह और सरकारी योजनाओं की जानकारी एक ही जगह पर देगा। फेज1 में यह सुविधा हिंदी व अंग्रेज़ी में शुरू होगी और महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात सहित कई राज्यों के लाखों किसानों तक पहुंचेगी। इसमें राज्यों के कृषि मंत्री व आईसीएआर, केवीके, कृषि विवि तथा अन्य कृषि संस्थानों के नेटवर्क के माध्यम से लाखों किसान वर्चुअली जुड़ेंगे।

चौहान के साथ बड़ी संख्या में किसानों के अलावा मुख्य रूप से राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी,रामनाथ ठाकुर,राजस्थान के कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा, सांसद, विधायक, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के सचिव डा. देवेश चतुर्वेदी भी होंगे।

मौसम, मंडीभाव, योजनाएं एक कॉल पर: "भारतविस्तार" से किसानों

वॉयसफर्स्ट एआई: साधारण फोन से भी सुविधा

भारत 'विस्तार' को वॉयसफर्स्ट एआई के रूप में तैयार किया गया है, ताकि साधारण फीचर फोन वाला किसान भी लाभ ले सके। इसे टेलीफोनी हेल्पलाइन 155261 को प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है। वॉयस इनपुटआउटपुट, वेबसाइट और मोबाइल साइट चैटबॉट जैसी सुविधाएं भी तैयार हैं, वहीं एंड्रॉयड ऐप भी जारी किया जाएगा।

योजनाओं का एकीकृत समाधान

इसमें आईएमडी से मौसम की जानकारी, मंडीभाव, कीट और बीमारी प्रबंधन, एग्रीस्टैक डेटा और 10 केंद्र सरकार योजनाओं की जानकारी को जोड़ा गया है। योजना की डिटेल, आवेदन की स्थिति, लाभ की ट्रैकिंग और समाधान की स्थिति देखने की सुविधा भी होगी।

डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में 'भारत विस्तार'

भारत विस्तार को कृषि क्षेत्र के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए किसानकेंद्रित, एआईसंचालित डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में डिजाइन किया गया है, जो "प्लगएंडप्ले"मॉडल पर काम करेगा ताकि अलगअलग सरकारी, वैज्ञानिक और बाज़ार संबंधी प्रणालियों को आसानी से जोड़ा जा सके। यह प्लेटफॉर्म सत्यापित एवं सुरक्षित जानकारी पर आधारित है, मल्टीमॉडल और बहुभाषी पहुंच देता है और ऐसा ढांचा प्रदान करता है, जिसे विभिन्न राज्य सरकारें भी अपने स्तर पर अपनाकर बड़े स्तर पर प्रभाव पैदा कर सकती हैं।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कमल शर्मा** पुत्र श्री छोटे लाल शर्मा निवासी मकान नं. डी–82, लक्ष्मी पार्क, नांगलोई, दिल्ली ने ई–प्रथम सूचना रिपोर्ट सं.35392 धारा 379/411 भा.द.स., थाना निहाल विहार, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **कमल शर्मा** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कमल शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि ई–प्रथम सूचना रिपोर्ट सं.35392 धारा 379/411 भा.द.स., थाना निहाल विहार, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **कमल शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **21.04.2026** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री कोमल गर्ग
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03 (पश्चिम)
कमरा नं. 292,
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/2068/OD/2026

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दिनेश, पुत्रः** गुमान, **पताः** 244/90, गली नं.–05, स्कूल ब्लॉक, मंडावली, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 92/2023 U/s 27 NDPS ACT, थानाः मधु विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिनेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिनेश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 92/2023 U/s 27 NDPS ACT, थानाः मधु विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दिनेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री उद्भव कुमार जैन
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–04
कमरा नं. 13, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/17228/ED/2025
(Court Matter)

सुरजेवाला ने उठाए सवाल- भारत आत्मनिर्भर है या अमेरिका-निर्भर

भारतीय किसानों के हितों की बलि दी, ऊर्जा सुरक्षा से खिलवाड़ और देश की संप्रभुता के साथ आत्मनिर्भरता से किया समझौता

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने भारत-अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते पर हमला जारी रखते हुए कहा है कि मोदी सरकार ने देशहित को गिरवी रखकर भारतीय किसानों के हितों की बलि दे दी है, ऊर्जा सुरक्षा से खिलवाड़ के साथ देश की संप्रभुता व आत्मनिर्भरता से समझौता किया गया है। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने समझौते से भारत को होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए कहा कि मोदी सरकार ने अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए भारत में बिना किसी आयात शुल्क के बाजार खोल दिया है। इससे भारत के मक्का, ज्वार, सोयाबीन और फलों के उत्पादक किसानों को बड़ा नुकसान होगा। उन्होंने बताया कि भारत में 2025-26 के दौरान 4.30 करोड़ मीट्रिक टन मक्का, 52 लाख मीट्रिक टन ज्वार का उत्पादन हुआ और 2024-25 में 153 लाख टन सोयाबीन का उत्पादन हुआ। उन्होंने कहा कि अमेरिका में यह फसलें भारत से कहीं ज्यादा उत्पादन होती हैं, अगर वहां से शुल्क रहित मक्का, ज्वार और सोयाबीन भारत के बाजार में बिकेगा, तो भारतीय किसानों की आजीविका संकट में आ जाएगी। उन्होंने सेब, संतरा, चेरी, नाशपाती, स्ट्रॉबेरी जैसे फलों के अमेरिका से आने को भी भारत के किसानों के लिए बेहद नुकसानदायक बताया।

सुरजेवाला ने इस बात पर भी चिंता जताई कि यदि भारत में प्रोसेस्ड मक्का, ज्वार, सोयाबीन व अन्य कृषि उत्पाद आएंगे, तो उनका सीधा प्रभाव भारत की जैविक विविधता और बीज शुद्धता पर भी पड़ेगा। उन्होंने पूछा कि क्या मोदी सरकार ने पिछले दरवाजे से भारत में जेनेटिकली मॉडिफाइड कृषि उत्पादों के आयात की अनुमति दे दी है। उन्होंने आगे बताया कि व्यापार समझौते में नॉन-ट्रेड बैरियर्स को हटाने का सीधा मतलब भारतीय किसान की सब्सिडी को हटाना व जीएम क्राप्स के आयात को मंजूरी देना है। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपने किसानों को सालाना 1.45 लाख करोड़ रुपये की सब्सिडी देता है। इसके विपरीत भारतीय किसानों को सीमित सहायता मिलती है, ऐसे में सुरक्षा उपायों में किसी भी प्रकार की और कमी उनके लिए हानिकारक होगी। उन्होंने पूछा कि अमेरिका से भारत आने वाले अतिरिक्त उत्पाद कौन से हैं, जिनका अभी खुलासा नहीं किया गया है?

सुरजेवाला ने समझौते को भारत के कपास उत्पादक किसानों और टेक्सटाइल उद्योग के लिए भी खतरा बताया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश-अमेरिका व्यापार व्यवस्था के तहत बांग्लादेश अमेरिकी कपास व धागा आयात कर जो कपड़ा अमेरिका को निर्यात करेगा, उस पर अमेरिका में शून्य प्रतिशत शुल्क लगेगा। इसके उलट अमेरिका में भारत के निर्यात पर 18 प्रतिशत शुल्क लगेगा। उन्होंने कहा कि इसका प्रतिकूल असर भारत के कपड़ा उद्योग पर पड़ेगा।

उन्होंने बताया कि भारत से बांग्लादेश को सालाना 24,550 करोड़ रुपए का कपास व धागा निर्यात होता है। जब बांग्लादेश अमेरिका से कपास व धागा मंगवाने लगेगा, तो भारत के कपास उत्पादक किसान व कपड़ा बनाने वाले कारखाने तबाह हो जाएंगे। उन्होंने वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के बयान का हवाला देकर कहा कि अब अमेरिकी कपास के भारत में निशुल्क आयात का दरवाजा भी खोल दिया गया है, जो किसान पर दोहरी मार की तरह है।

तेल खरीदी पर लिया आड़े हाथ

रूस से तेल न खरीदने की अमेरिकी शर्त पर मोदी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कांग्रेस नेता ने बताया कि भारत अपनी जरूरत का लगभग 40 प्रतिशत तेल रूस आयात करता रहा है, सस्ती दरों के चलते फरवरी 2022 से जनवरी 2026 के बीच भारत को लगभग 1.81 लाख करोड़ रुपए की बचत हुई थी। अब मोदी सरकार अमेरिका और वेनेजुएला से कच्चा तेल खरीदेगी, लेकिन व्यापार समझौते में कम कीमतों का कोई आश्वासन नहीं है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति के उस आदेश का भी हवाला दिया, जिसके अनुसार अब अमेरिका निगरानी करेगा।

ईरान से नहीं ले रहे तेल

उन्होंने याद दिलाया कि पहले ही अमेरिका के कहने पर मोदी सरकार ईरान से कच्चा तेल नहीं खरीद रही है। उन्होंने सवाल किया कि क्या यह भारत की संप्रभुता और आत्मनिर्भरता से समझौता नहीं है? सुरजेवाला ने आंकड़ों के हवाले से कहा कि साल 2024 में भारत ने अमेरिका को 81 बिलियन अमेरिकी डॉलर का सामान निर्यात किया और 43 बिलियन अमेरिकी डॉलर का सामान आयात किया।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर पालिका जुलाना	एम.सी. जुलाना के कार्यालय भवन की मरम्मत + 7 कार्य।	12.02.2026 19.07.2026	रु.1,85,43,224/-	https://etenders.hry.nic.in	7206353677 secmcjulana@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/43038/I/88/7 दि. 16.02.26

Please Support me by Joining my Private channel

YOU WILL RECIEVE NEWSPAPERS EARLIER THAN ANYONE OUT THERE.🙏

📚Indian Newspapers:

1) Times of India
2) Hindustan Times
3) Business line
4) The Indian Express
5) Economic Times
6) The Hindu
7) Live Mint
8) Financial Express
9) Business standard
+All Editorial PDFs

Uploding starts from 5AM

🎈Access to all this In Just 19 Rupees [lifetime Validity]

Click below to

Join

📚International Newspapers Channel

📚 Magazine Channel (National & International)